वाराणसी, शुक्रवार, 16 दिसम्बर, 2022

पौष मास, कृष्ण पक्ष 8, वर्ष 11, अंक 308, पृष्ठ 16, मूल्य: 5.00

# जनसंदेश टाइम्स

परख सच की

वाराणसी, लखनऊ, कानपुर, गोरखपुर एवं प्रयागराज से प्रकाशित

नगर/डाक संस्करण

E-paper : www.jansandeshtimes.net | Portal : www.jansandeshtimes.news



अंदर - तवांग में चीन को मिला जवाब

अंदर- विराट कोहली जानते हैं कि कब आक्रामक होना है और कब खेल पर दबदबा बनाना : राहुल द्रविड़



# संसद में उठा जहरीली शराब का मुद्दा

## बिहार में जहरीली शराब से हुई 37 मौतों पर भाजपा सांसदों ने की केंद्र से सरकार के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग

**नई दिल्ली।** भाजपा के लोकसभा सदस्यों ने गुरुवार को जहरीली शराब से बिहार में हुई मौतों का मुद्दा उठाया और इसे सामूहिक हत्या करार दिया। भाजपा सांसदों ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली बिहार सरकार को इस घटना के लिए जिम्मेदार ठहराते हुए केंद्र से तत्काल कार्रवाई करने का आग्रह किया।

भाजपा के पश्चिम चंपारण सांसद संजय जायसवाल ने शून्यकाल के दौरान दावा किया कि बिहार में शराबबंदी के बावजूद पुलिस अधिकारियों के संरक्षण में नकली शराब की बिक्री फल-फूल रही है। लेकिन मुख्यमंत्री ने उनमें से किसी के भी खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की। भाजपा सांसद संजय जायसवाल ने कहा कि नीतीश कह रहे जो पिएगा, वो मरेगा, लेकिन वो शराब बेचने वाले लोगों को टिकट दे देते हैं। बिहार के

**हंगामा**

### 40 मिनट के अंदर राज्यसभा तीन बार स्थगित, भाजपा सांसदों ने जहरीली शराब से मौतों के लिए नीतीश सरकार को ठहराया जिम्मेदार

छपरा जिले में जहरीली शराब से मौत का मुद्दा लोकसभा में भी गूंजा। भाजपा सांसदों ने नीतीश सरकार को घेरते हुए कहा कि बिहार सरकार सामूहिक हत्याएं करा रही है। उन्होंने कहा कि इन मौतों की जिम्मेदार नीतीश सरकार ही है। एक तरफ लोग मर रहे हैं, दूसरी ओर नीतीश कुमार विधानसभा में आपा खो रहे हैं।

वहीं भाजपा के औरंगाबाद सांसद सुशील कुमार सिंह ने जहरीली शराब से हुई मौतों को सामूहिक हत्या करार दिया है इसके लिए बिहार सरकार को जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने यह भी कहा कि बिहार सरकार से कोई उम्मीद नहीं है। जायसवाल ने आरोप लगाया कि 37 लोगों की मौत हुई है। यह बिहार सरकार द्वारा प्रायोजित हत्या है। राज्य में शराबबंदी के बावजूद पुलिस की मदद और सुरक्षा से हर घर में नकली शराब की आपूर्ति की जाती है। सारण के



जिला मजिस्ट्रेट राजेश मीणा के मुताबिक, जहरीली शराब से मरने वालों की संख्या बुधवार रात तक 21 से बढ़कर 26 हो गई। संसद के शीतकालीन सत्र की कार्यवाही गुरुवार को भी विपक्ष के हंगामे से शुरू हुई। राज्यसभा को 3 बार स्थगित करना पड़ा। सारण से भाजपा सांसद राजीव प्रताप रूडी ने इस जहरीली शराब के मुद्दे पर बिहार सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने मांग की कि इस मामले पर केंद्रीय गृह मंत्रालय राज्य में जमीनी हालात का जायजा लेने के लिए बिना किसी देरी के एक केंद्रीय टीम भेजे। उन्होंने यह भी मांगी की कि इस मामले पर गृह मंत्रालय राज्य सरकार से इस पर एक रिपोर्ट की भी मांग करे।

### जहरीली शराब से 46 की मौत, 30 का चल रहा इलाज

**पटना।** बिहार के छपरा में जहरीली शराब से अब तक 46 लोगों की मौतें हो चुकी हैं। 30 मरीजों का इलाज चल रहा है, जिनकी हालत गंभीर है। यानी मौतें और बढ़ सकती हैं। जिस मशरक इलाके में घटना हुई है, वहां थानेदार रितेश मिश्रा समेत 2 लोगों को सस्पेंड किया गया है। उत्पाद विभाग की 7 टीमें छापेमारी कर रही हैं। मशरक के अलग-अलग इलाके से 600 लीटर अवैध शराब बरामद हुआ है। अब तक 48 घंटे में 150 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। उधर सीएम नीतीश कुमार ने कहा है कि जहरीली शराब से शुरू से लोग मरते हैं। सबको अलर्ट रहना चाहिए, क्योंकि जब शराब बंदी है तो खराब शराब मिलेगी ही। शराब बंदी के बीच शराब से जो मौतें हुईं उसमें कई लोगों ने दाह संस्कार कर दिया था। पोस्टमार्टम केवल 22 का हुआ है। लोगों के चेहरे पर एक खौफ दिखा। शराब पर सवाल करने पर कुछ ने कहा- पुलिस को सब पता था। सप्लायर की सेटिंग की वजह से वह सब नजरअंदाज करती थी। स्वास्थ्य केंद्र के कर्मचारी ने बताया कि जो मोहल्लों में शराब बांट रहा था, उसकी मौत खुद शराब पीने से हुई।

## जिस थिएटर में पठान फिल्म लगे, उसे फूंक दो

**प्रयागराज।** शाहरुख खान और दीपिका पादुकोण अभिनीत फिल्म पठान का अयोध्या का संत समाज भी विरोध कर रहा है। हनुमानगढ़ी के वरिष्ठ पुजारी राजूदास ने कहा कि जिस थिएटर में यह फिल्म लगे उसे फूंक दो। दुष्टों के साथ दुष्टता का आचरण ही करना चाहिए। दरअसल, इस फिल्म के गाने बेशरम रंग में दीपिका भगवा रंग की बिकिनी पहने हुए हैं। इसमें शाहरुख और दीपिका ने बोल्ड सीन दिए हैं। दीपिका के भगवा रंग की बोल्ड ड्रेस पहनने पर ही विवाद हो रहा है। राजूदास ने कहा, बॉलीवुड-हॉलीवुड लगातार इस प्रयास में रहता है कि किसी प्रकार से सनातन धर्म, संस्कृति का मजाक उड़ाए। हिंदू देवी-देवताओं का अपमान किया जाए। साधु-संतों का रंग, राष्ट्र का रंग, देश का रंग, सनातन संस्कृति का रंग भगवे का जिस तरह से पठान मूवी में अपमान किया गया है। यह बहुत दुखद है। उन्होंने पठान फिल्म का बहिष्कार करने की अपील की है। एजेंसी






## वाराणसी में तेज धमाके के साथ गिरी मकान की छत

**वाराणसी।** वाराणसी के दशाश्वमेघ थाना क्षेत्र के जंगमबाड़ी मोहल्ले में गुरुवार देर शाम तेज धमाके के साथ एक मकान की छत गिर गई। घटना में घर का सारा सामान और मौजूद लोग मलबे में दब गए। धमाके की आवाज सुनकर पड़ोसी मौके पर पहुंचे। पुलिस को सूचना देकर आननफानन राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया। मलबे में से तीन लोगों को सुरक्षित निकाला गया। उनलोगों को हल्की चोटें आईं हैं। एक बुजुर्ग महिला लापता है। मलबे में दबे होने की आशंका है। पुलिस एवं फायर ब्रिगेड की टीम रेस्क्यू कार्य में जुटी है। मौके पर चीखपुकार की स्थिति है। पड़ोसियों के मुताबिक,धमाका इतना तेज था कि लगा जैसे कोई बम फटा हो। घटनास्थल पर काफी गहमागहमी है। जिस मकान में यह हादसा वो काफी पुराना है। मकान में कुल 17 लोग रहते थे। हादसे के वक्त घर में चार लोग ही मौजूद थे। घटना का कारण साफ नहीं है। सिलिंडर में धमाके के कारण हादसे की आशंका है।

**हादसा**

### महिला लापता, मौके पर भारी पुलिस बल मौजूद



## अग्नि-5 बैलिस्टिक मिसाइल का सफल परीक्षण



**नई दिल्ली।** भारत ने गुरुवार को जमीन से जमीन पर मार करने की क्षमता वाली परमाणु संपन्न बैलिस्टिक मिसाइल अग्नि-5 का रात्रि परीक्षण सफलतापूर्वक किया। रक्षा सूत्रों ने इस परीक्षण के बारे में जानकारी दी। इस मिसाइल में तीन स्टेज में संचालित होने वाला सॉलिड फ्यूल इंजन लगाया गया है। अग्नि-5 पांच हजार किलोमीटर तक सटीक मार करने की क्षमता रखती है। रक्षा सूत्रों ने यह भी बताया कि मिसाइल पर लगाई गई नई तकनीकों और उपकरणों के परीक्षण के लिए इसकी टेस्टिंग की गई थी। यह मिसाइल अब पहले से हल्की हो गई है। इतना ही नहीं, जरूरत पड़ने पर अग्नि-5 मिसाइल की रेंज बढ़ाने की क्षमता भी विकसित की गई है।

**5000 किमी तक मार करने में सक्षम**

## चार महिला सिपाहियों ने 'पतली कमरिया' पर बनाई रील, लाइन हाजिर

**अयोध्या।** अयोध्या में राम जन्मभूमि की सुरक्षा में तैनात चार महिला सिपाहियों की रील वायरल होने के बाद उन्हें लाइन हाजिर कर दिया गया है। चारों सिपाहियों ने ड्यूटी के दौरान भोजपुरी गाने 'पतली कमरिया मोरी... हाय हाय हाय' गाने पर रील बनाई थी जो कि वायरल हो गई। इस दौरान एक सिपाही डांस कर रही थी जबकि दो उसे प्रोत्साहित कर रही थीं और एक वीडियो बना रही थी। मामले की जानकारी होते ही अयोध्या के एसएसपी मुनिराज ने उन्हें लाइन हाजिर कर दिया। जिन महिला सिपाहियों को लाइन हाजिर किया गया है उनमें कविता पटेल, कामिनी कुशवाहा, कशिश साहनी व संध्या सिंह हैं। अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण तीव्र गति से किया जा रहा है जिसे देखते हुए सुरक्षा के बेहद कड़े प्रबंध किए गए हैं। यहां पर हर समय भारी संख्या में पुलिस बल तैनात रहता है। इन सिपाहियों का हंसी मजाक बड़ी लापरवाही माना जा रहा है। चारों महिला सिपाहियों को लाइन हाजिर कर दिया गया है। अभी छह दिसंबर को नगर के चप्पे-चप्पे पर पुलिसकर्मी तैनात थे। हालांकि, यहां पर अब हालात बिल्कुल शांत हैं। नगर में आनेजाने वाले वाहनों पर कड़ी नजर रखी जाती है। वहीं, क्रिसमस और न्यू ईयर को देखते हुए पुलिसकर्मियों को अलर्ट पर रखा गया है।

## भारत की एकात्मता व अखंडता के प्रतीक हैं सरदार पटेल

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गुरुवार को लौहपुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 72वीं पुण्यतिथि पर उन्हें नमन किया। सरदार वल्लभ भाई पटेल स्मृति समारोह समिति की ओर से आयोजित कार्यक्रम में सीएम ने लौहपुरुष की प्रतिमा पर पुष्पार्चन किया। सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि भारत माता के महान सपूत लौहपुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल आज के ही दिन 1950 में धराधाम से विदा हुए थे। उन्होंने देश के सामने भावी पीढ़ी के लिए महान आदर्श रखा था।

वल्लभ भाई पटेल महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी थे। आजादी के बाद संविधान निर्माण में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका थी। स्वतंत्र भारत का स्वरूप कैसा होना चाहिए। लौहपुरुष को लोग वर्तमान भारत के शिल्पी के रूप में श्रद्धा व सम्मान से स्मरण करते हैं।

**आयोजन**

### लौहपुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 72वीं पुण्यतिथि पर सीएम योगी ने दी श्रद्धांजलि

### बोले-नए भारत के निर्माण में उनकी बड़ी भूमिका

इस मौके पर मुख्यमंत्री योगी ने ट्वीट कर कहा कि राष्ट्र की अखंडता व एकात्मता के प्रतीक, वंचितों और अशक्तों के सशक्त स्वर, 'लौह पुरुष' सरदार वल्लभभाई पटेल की पुण्यतिथि पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि। उन्होंने दर्जनों रियासतों को राष्ट्रीय भाव के एकात्म सूत्र में पिरोकर 'एक भारत-श्रेष्ठ भारत' की रचना का महान कार्य किया था।

उन्होंने दर्जनों रियासतों को राष्ट्रीय भाव के एकात्म सूत्र में पिरोकर 'एक भारत-श्रेष्ठ भारत' की रचना का महान कार्य किया था। सीएम ने कहा कि 563 से अधिक रियासतों का एकीकरण करके भारत गणराज्य का हिस्सा बनाना चुनौतीपूर्ण कार्य था। इनमें कई रियासतें विचलन की स्थिति में थीं। जूनागढ़ व हैदराबाद रियासत की हरकतों से सभी अवगत हैं, लेकिन सरदार पटेल की दूरदर्शिता व इच्छाशक्ति के आगे इनकी एक न चली और सभी रियासतों ने शांतिपूर्ण ढंग से भारत का हिस्सा बनकर वर्तमान भारत के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन किया। इसका सामाजिक श्रेय केवल भारत रत्न सरदार पटेल को जाता है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि नए भारत के निर्माण में उनकी बड़ी भूमिका है। आजादी के तत्काल बाद शिक्षा, पशुधन, कृषि, किसानों के जीवन में परिवर्तन लाने के साथ ही सरदार पटेल ने इसे आगे बढ़ाने का आह्वान किया था। उनके द्वारा आजादी की लड़ाई व इसके बाद की भूमिका आज भी प्रासंगिक व प्रेरणादायी है। उनकी स्मृतियों को नमन करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं।


सीएम ने कहा कि संकल्प लें कि भारत की एकता और अखंडता के लिए उनके किए गए योगदान से वर्तमान व भावी पीढ़ी को प्रेरित करते रहेंगे। इस दौरान अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे।



## नीरव के भारत आने की राह आसान

### यूके सुप्रीम कोर्ट में अपील का रास्ता भी हुआ बंद

**लंदन।** भगोड़े हीरा कारोबारी नीरव मोदी को यूके के हाईकोर्ट से तगड़ा झटका लगा है। उसकी अपील को कोर्ट ने ठुकरा दिया गया है। इसके बाद वो प्रत्यर्पण के फैसले के खिलाफ यूके के सुप्रीम कोर्ट में अपील नहीं कर सकेगा। पिछले माह नीरव को भारत प्रत्यर्पित करने के मामले में लंदन हाईकोर्ट ने एक अहम फैसला दिया था। नीरव ने हाईकोर्ट में दायर याचिका में कहा था कि भारत में जेलों की हालत बेहद खराब है और वहां उसे जान का खतरा भी हो सकता है। लेकिन अदालत ने कहा- नीरव को भारत के हवाले करने का लोअर कोर्ट का फैसला गलत नहीं है।



**निराशा**

### हाईकोर्ट ने खारिज कर दी थी याचिका, नीरव मोदी ने कहा मेरी मानसिक स्थिति ठीक नहीं

हाईकोर्ट में अपील खारिज होने के बाद नीरव मोदी सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल कर सकता था। लेकिन सुप्रीम कोर्ट में कोई अपील तभी दायर की जा सकती है जब हाईकोर्ट यह कह दे कि मौजूदा केस आम लोगों के लिए अहम है। लेकिन आज की सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट ने साफ कहा कि उसे नहीं लगता कि इस केस की कोई अहमियत लोगों के लिए है। नीरव अब यूरोपीयन कोर्ट ऑफ ह्यूमन राइट्स के रूल 39 के तहत अपील दायर कर सकता है। इसमें उसे राहत मिल सकती है। ये उसके लिए आखिरी विकल्प होगा। इसमें पेंच है कि रूल 39 तभी लागू हो सकता है जब मामले में बहुत जल्दी और बड़े नुकसान की संभावना हो। यानी अगर अपील करने वाले व्यक्ति की जिदंगी को खतरा हो या उसके साथ अमानवीय बर्ताव किए जाने की आशंका हो तभी यूरोपीयन कोर्ट ऑफ ह्यूमन राइट्स प्रत्यर्पण को रोक सकता है। फिलहाल नीरव लंदन के वॉन्ड्सवर्थ जेल में कैद है। वो यहां मार्च 2019 से कैद है। नीरव ने अपनी अपील में कहा था कि भारत की जेलों की हालत बदतर है। उसकी मानसिक स्थिति ठीक नहीं है। वो खुदकुशी जैसा कदम भी उठा सकता है अगर उसे भारत भेजा गया तो। हाईकोर्ट ने सुनवाई के बाद कहा कि उसकी हालत दुरुस्त है।

## तवांग में वायुसेना का बड़ा युद्धाभ्यास

**नई दिल्ली।** तवांग सेक्टर में वास्तविक नियंत्रण रेखा एलएसी पर चीनी सैनिकों के साथ झड़प से पैदा हुए हालात के बीच भारतीय वायुसेना ने अरुणाचल प्रदेश समेत पूर्वोत्तर के इलाके में गुरुवार से दो दिन का बड़ा युद्धाभ्यास शुरू किया।

इस अभ्यास में अत्याधुनिक लड़ाकू जेट राफेल और सुखोई समेत भारतीय वायुसेना के लगभग सभी फ्रंट लाइन लड़ाकू विमान हिस्सा ले रहे हैं। पीएलए के साथ झड़प से बने तनाव की स्थिति के बीच युद्धाभ्यास के पहले दिन वायुसेना ने अरुणाचल प्रदेश में एलएसी के समीप से लेकर समूचे पूर्वोत्तर क्षेत्र को कवर करते अपनी सैन्य क्षमताओं को परखा। हालांकि वायुसेना ने यह जरूर साफ कर दिया कि यह युद्धाभ्यास किसी भी तरह तवांग सेक्टर में हुई घटना से जुड़ा नहीं है और यह अभ्यास पहले से तय था।

वायुसेना से जुड़े अधिकारी ने साफ किया कि युद्धाभ्यास की योजना काफी पहले बनाई गई थी और तवांग क्षेत्र में हाल के घटनाक्रमों से इसका कोई सरोकार नहीं है। इस अभ्यास का मकसद वायुसेना के उड़ान दल के दस्तों के प्रशिक्षण की निरंतरता को बनाए रखना है। सभी फ्रंट लाइन लड़ाकू विमानों के अलावा ग्राउंड से जुड़े कई तरह के सैन्य संसाधनों को भी अभ्यास में शामिल किया गया है। अधिकारियों ने बताया कि किसी भी तरह की चुनौतियों से निपटने के लिए वायुसेना की तैयारियों को परखना भी इस अभ्यास का लक्ष्य है। राफेल और सुखोई के अलावा सभी फ्रंटलाइन फाइटर जेट शुक्रवार को भी अपने युद्धाभ्यास को जारी रखते हुए पूरा करेंगे। वैसे तवांग में एलएसी पर पीएलए के साथ झड़प के बाद वायुसेना ने अपनी सतर्कता बढ़ा दी है।

**चौकसी**

### दुश्मनों को दिखाई ताकत, काफी पहले बनाई गई थी योजना

# मुख्तार अंसारी को दस साल की सजा

## 26 साल पुराने मामले के गैंगस्टर ऐक्ट में कोर्ट का फैसला, अजय राय की मजबूत गवाही रंग लायी

जनसंदेश न्यूज

**गाजीपुर।** माफिया डॉन मुख्तार अंसारी और उसके कारखास भीम सिंह को गैंगस्टर एक्ट में 10 साल की सजा सुनाई गई है। साथ ही दोनों पर पांच-पांच लाख का जुर्माना भी लगाया गया है। एमपीएमएलए कोर्ट ने दोनो को सजा सुनाई है। जज दुर्गेश ने 1996 में दर्ज गैंगस्टर के मुकदमे में मुख्तार अंसारी को दोषी माना है।

दरअसल, मुख्तार अंसारी और उसके साथियों ने तीन अगस्त, 1991 में बनारस में पूर्व एमएलए अजय राय के भाई अवधेश राय का मर्डर कर दिया था। इस मामले की विवेचना के दौरान 1996 में गाजीपुर की पुलिस ने गैंगस्टर का केस दर्ज किया था। इसमें मुख्तार अंसारी को गैंगस्टर एक्ट से जुड़े मामले में एमपीएमएलए कोर्ट ने 10 साल की सजा सुनाई है। सहयोगी भीम सिंह को भी 10 साल की सजा सुनाई गई है। कोर्ट ने दोनों पर पांच-पांच लाख का जुर्माना भी लगाया। इस पूरे मामले में पूर्व विधायक अजय राय की गवाही और जोरदार पैरवी ने दुर्दान्त अपराधी मुख्तार अंसारी व भीम सिंह को सलाखों के पीछे पहुंचाया।

मुख्तार अंसारी के खिलाफ 1996 में गैंगस्टर का मामला दर्ज किया गया था। लंबे समय से ट्रायल नहीं होने से मामला टलता रहा। मुख्तार और साथियों पर तीन अगस्त, 1991 में बनारस में पूर्व विधायक अजय राय के भाई अवधेश राय की हत्या करने का आरोप था। सितंबर माह में गैंगस्टर में अंसारी को 5 साल की सजा और 50 हजार जुर्माना लग चुका है। मुख्तार के खिलाफ यूपी, दिल्ली, पंजाब के विभिन्न थानों में 40 से अधिक मुकदमे दर्ज हैं।

**माफिया को सजा**

### कोर्ट ने सजा के अलावा पांच पांच लाख का जुर्माना भी लगाया

### कारखास भीम सिंह को गैंगस्टर ऐक्ट में 10 साल की सजा



स्व. अवधेश राय (फाइल फोटो)

### वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए पेश हुए मुख्तार


गुरुवार को मुख्तार अंसारी की पेशी प्रवर्तन निदेशालय ऑफिस में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए हुई। कोर्ट ने मुख्तार अंसारी और भीम सिंह को दोषी करार दिया था। सजा सुनाए जाने के दौरान भीम सिंह कोर्ट में पेश हुए जबकि अंसारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से पेश हुए। इस मामले में पिछले ही दिनों 12 दिसंबर सुनवाई पूरी हुई थी और कोर्ट ने अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था।



### ईडी ने भी मुख्तार पर कसा था शिकंजा

माफिया मुख्तार अंसारी पर ईडी ने भी शिकंजा कस चुका है। ईडी बड़े भाई बसपा सांसद अफजाल अंसारी से पूछताछ कर चुकी है। विधायक बेटे अब्बास अंसारी और रिश्तेदार आतिफ रजा को भी गिरफ्तार की था। मुख्तार की पत्नी अफसां अंसारी के खिलाफ लुकआउट सर्कुलर भी जारी कराया था। मुख्तार अंसारी के खिलाफ धन शोधन का मामला उत्तर प्रदेश पुलिस द्वारा दर्ज कई प्राथमिकियों से निकला है।

### अजय राय ने कहा सत्यमेवजयते




मुख्तार अंसारी को सजा होने के बाद पूर्व विधायक अजय राय ने न्यायपालिका का आभार जताया। कहा कि मुख्तार जैसे दुर्दांत अपराधी और भीम सिंह को सजा मिलना जरूरी था। 26 साल के इंतजार का सुखद अंत है। इस मामले में हमने मजबूती के साथ गवाही और कोर्ट में केस की पैरवी की। सत्य मेव जयते



# गंगा में डूबे युवक के दो साथियों पर मुकदमा

जनसंदेश न्यूज

**चौबेपुर।** चौबेपुर थाना क्षेत्र के कैथी गांव स्थित गंगा नदी ने शनिवार को चहनियां और प्रभुपुर चन्दौली से आये तीन युवक में एक गंगा में डूब गया। जबकि उसके साथ दो अन्य साथी बिना किसी सूचना के डूबे युवक के परिजनों को मामले की जानकारी दिये बिना बिहार भाग गये। पुलिस ने दोनों को हिरासत में लेकर पूछताछ में जुट गयी है।



मृतक की फाइल फोटो

चौबेपुर थानाध्यक्ष राजेश सिंह ने बताया कि छह दिन हो गये खोजबीन जारी है लेकिन डूबे युवक का कुछ पता नहीं चला। चहनियां निवासी नीतीश रस्तोगी दोस्त प्रिंस खरवार उर्फ गोलू और प्रिंस के साथ शनिवार को कैथी गांव स्थित गंगा नदी में स्नान करने आया था। इसके बाद नीतीश का कुछ पता नहीं चला। खोजबीन परिजनों ने शुरु की और मामले से पुलिस को अवगत कराया।

पुलिस ने नीतीश के दोनों साथी का मोबाइल ट्रेस किया तो पता चला कि दोनों बिहार के मोहनिया में हैं। पुलिस ने बिहार पुलिस से संपर्क कर दोनों को हिरासत में लिया।

पूछताछ में दोनों ने बताया कि स्नान के दौरान जेटी के पास डूब गया। 20 मिनट तक दिखाई नही दिया तो हमलोग मारे डर अपने रिश्तेदार में भाग गए थे। पुलिस की माने तो मामला संदिग्ध है जांच पड़ताल जारी है।

# मुख्तार के लिए बनी गले की फांस 2017 के बाद दुर्भाग्य हावी हो गया

अवधेश राय हत्याकांड

जनसंदेश न्यूज

**वाराणसी।** माफिया मुख्तार अंसारी ने कुछ ऐसी वारदात को अंजाम दिया, जिसने ना केवल पूर्वांचल हिलाकर रख दिया था बल्कि राजधानी भी सकते में थी। उन्हीं में शामिल है अवधेश राय हत्याकांड। साल 1991 में वाराणसी के चेतगंज इलाके में अवधेश राय की हत्या कर दी गयी। जिसका इल्जाम भी मुख्तार पर था और इसी मामले में गाजीपुर की एमपी एमएलए कोर्ट ने दस साल सजा सुनाई और पांच लाख जुर्माना भी लगाया। देखा जाए तो उत्तर प्रदेश में मुख्तार अंसारी के खिलाफ 52 से ज्यादा मुकदमे हैं। कुछ मामलों में बरी हुए जबकि बड़े मामलों में अभी राहत नहीं मिली है।

### तीन अगस्त, हल्की बारिश और गोलियों की बौछार

अवधेश राय हत्याकांड, पूर्व विधायक अजय राय ने बताया कि तीन अगस्त 1991 को हल्की बारिश के उनके घर के पास एक मारुति वैन आई, जिसमें मुख्तार अंसारी के साथ और भी लोग थे। सभी ने कार से उतरकर गोलियों की बौछार कर दी और उनके बड़े भाई अवधेश राय की वहीं मौत हो गयी। इस मामले में मुख्तार, भीम सिंह समेत करीब आधा दर्जन के खिलाफ मुकदमा दर्ज हुआ था।

### भाजपा की सरकार आयी और बदहाली शुरू



एक वो भी वक्त था जब मऊ, गाजीपुर, आजमगढ़ और वाराणसी में मुख्तार की तूती बोलती थी। क्योंकि सत्ता का संरक्षण और सफेदी उनके साथ थी। यहीं वजह रही कि उस समय गोरखपुर के सांसद रहे योगी आदित्य नाथ जो वर्तमान में सूबे के सीएम हैं, उन्हें चैलेंज किया। आज भी खुले मंच से योगी आजमगढ़ में उनके काफिले पर हुए हमले का दोषी मुख्तार को मानते हैं। लेकिन समय का काल चक्र ऐसा चला कि सूबे में जिस सांसद के काफिले पर हमला हुआ, वहीं मुख्यमंत्री बना और मुख्तार के दिन कम होने लगे।

### साल 2017 के बाद ढहने लगा साम्राज्य

साल 2017 से मुख्तार के दिन बिगड़ने शुरु हो गये। कानूनी शिकंजा और अपराध से अर्जित संपत्तियों पर ताबड़तोड़ कार्रवाई ने इस बात के संकेत दे दिया कि अब मुख्तार के अच्छे दिन जाने वाले हैं। माफिया की अवैध संपत्ति पर प्रदेश सरकार ने नजर तरेरी और जमींदोज करने की कार्रवाई शुरु की। यूपी पुलिस ने अब तक मुख्तार की 289 करोड़, 93 लाख, 49 हजार रुपए से अधिक की संपत्ति जब्त की है, जबकि 282 करोड़, 90 लाख, 16 हजार रुपये से ज्यादा अवैध संपत्ति पर बुलडोजर चला है।

## संक्षेप

### डंपर में घुसी कार, तीन घायल



**कछवांरोड।** मिर्जामुराद थाना क्षेत्र अंगर्तत रूपापुर (खोचवा) गांव के सामने हाइवे पर गुरुवार शाम चार बजे इनोवा कार पीछे से डंपर में जा घूसी। इस हादसे में कार सवार तीन लोग घायल हो गये। जानकारी के अनुसार कार प्रयागराज की तरफ से आ रही थी। घायल होने वालों में प्रयागराज रामबाग थाना बहरिया गांव रामगढ़ कोठारी निवासी सुशील शुक्ला, विशाल शुक्ला और विकास मिश्रा हैं, सभी को पुलिस ने ट्रामा सेंटर इलाज के लिए भिजवाया। सुशील शुक्ला ने बताया की चाचा और साले के साथ वाराणसी जिला जेल में बंद छोटे भाई को छुड़वाने के लिए सभी वाराणसी आ रहे थे।

### शादी में गया परिवार, चोरों ने खंगाला घर

**बड़ागांव।** बड़ागांव थाना क्षेत्र के दीनापुर (फुलवरिया) गांव में चोर ने घर को निशाना बनाया। चोरी उस वक्त हुई जब परिवार के लोग शादी समारोह में शामिल होने गये थे। मेन गेट का कुंडी तोड़ चोर घर से नकदी समेत आभूषण पर हाथ साफ किया। जानकारी के अनुसार कुसुम दुबे के पति राकेश दुबे मुंबई में काम करते हैं घर पर मां बेटी अकेले रहते हैं। 30 नवंबर को दोनों एक वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए गुजरात गये और 13 दिसंबर को घर वापस लौटने पर पाया की मेन गेट के कुंडी का ताला टूटा था अंदर प्रवेश करने पर देखा कि अलमारी का ताला तोड़कर उसमें रखें सोने की सिकड़ी, एक जोड़ी झाला, चांदी का पायल,गुल्लक में रखे चार हजार रुपए नगद सहित रंगीन टीवी चोर उठा ले गये। पीड़ित ने बड़ागांव थाने में रपट दर्ज करायी।

### बेटे-बहू की मौत में मां-बाप को पांच साल की सजा

**वाराणसी।** अपर सत्र न्यायाधीश पंचम मनोज कुमार तिवारी की अदालत ने मां बाप की प्रताड़ना से छुब्ध होकर बहू बेटे द्वारा आत्महत्या करने के मामले में घोड़हा निवासी अभियुक्त पिता राधेश्याम और माता इंद्रावती को कोर्ट ने पांच साल की सजा सुनाई। एडीजीसी ओंकार नाथ तिवारी के मुताबिक पहले अभियुक्त राधेश्याम ने 30 दिसम्बर 2012 को पुलिस को जानकारी दी कि उक्त रात खाने के बाद सभी लोग कमरे में चले गए, सुबह कमरे में बेटा कृष्णमोहन प्रजापति व बहू चंदा एक ही पंखे के फंदे में लटकते मिले। मृतका की मां सीता ने 2 जनवरी 2012 को इस मामले में रपट दर्ज करायी। आरोप लगाया कि बेटी से एक लाख नकद व बाइक की मांग की जा रही थी। जबकि पति बेटी के साथ था और इस मांग का विरोध कर रहा था। लेकिन आरोपी दोनों ने इस कदर प्रताड़ित किया कि दोनों ने फांसी लगाकर जान दे दी।

### दस हजार नकदी समेत सामान चोरी

**हरहुआ।** बड़ागांव थाना क्षेत्र के हरहुआ पुलिस चौकी अंतर्गत ग्राम सभा हरहुआ में मकान से चोरों ने 10 हजार नगदी सहित हजारों रुपये के जेवरात चोरी हुआ। जानकारी के अनुसार गया प्रसाद चौरसिया मूल निवासी रायबरेली ग्राम सभा हरहुआ में रविंद्र जायसवाल के बाउंड्री वाल की देखरेख करता है। बाउंड्री के अंदर ही बने दो कमरे में अपने परिवार सहित रहता है। छह दिसंबर को अपने गांव रायबरेली शादी समारोह में गया था 13 दिसंबर को वापस लौटा तो देखा की दोनो कमरे में लगे ताले टूटे हैं। अंदर जाकर देखा तो चोरी हुई है। गया चौरसिया ने चोरी की तत्काल लिखित सूचना हरहुआ पुलिस को दी।

### मारपीट में तीन पर मुकदमा

**जंसा।** जंसा थाना क्षेत्र के खड़ौरा निवासी इंद्रजीत पुत्र अंबिका प्रसाद ने गुरुवार को जंसा पुलिस को तीन के खिलाफ मारपीट की तहरीर दी। आरोप है कि पड़ोस गांव के मुनीर, विशाल, पवन, दीपक ने घर में घूसकर गाली गलौज और मारपीट की। जंसा पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा पंजीकृत कर कार्रवाई में जुट गई है।


सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत ककरद विकास खण्ड पटेहरा कलां,मीरजापुर में प्राथमिक पाठशाला से शंकर कोल के घर तक इण्टरलाकिंग में निकले निष्क्रिय ईट की नीलामी ग्राम पंचायत के पंचायत भवन पर दिनांक 19.12.2022 को समय 11:30 बजे किया जायेगा जिस व्यक्ति को निलामी में उपस्थित होना है। सादर आमंत्रित है।

ग्राम प्रधान/सचिव


# पारिवारिक कलह में लगा ली फांसी

दुखद

### पत्नी ने मायके में रहने की जिद पकड़ ली थी



मृतक की फाइल फोटो

जनसंदेश न्यूज

**लोहता।** लोहता थाना क्षेत्र अंतर्गत एक बुनकर ने ट्रेन के सामने कूद कर जान दे दी। तीन बच्चों के पिता की आत्महत्या की वजह पारिवारिक कलह बताई गई है। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भिजवाया है।

जानकारी के अनुसार महमूदपुर गांव में बुनकर रियाजुद्दीन (38) अपने परिवार के साथ रहता था। सुबह अपने घर से चंद कदम की दूरी पर स्थित रेलवे फाटक के पास प्रतापगढ़ जा रही पैसेंजर ट्रेन के सामने कूद गया।

मौत की वजह पारिवारिक कलह की वजह से रियाजुद्दीन ने आत्महत्या की है। क्योंकि पत्नी साजो बानो ससुराल में नहीं रहना चाहती थी। वो बार-बार अपने मायके ही रहने की जिद करती थी।

इससे परेशान होकर रियाजुद्दीन ने आत्मघाती कदम उठाया है। उसकी दो बेटियां और एक बेटा है।

### संविदा कर्मी ने फांसी लगाकर जान दी

**वाराणसी।** चंदुआ छित्तूपुर निवासी सतीश राजभर (26) गुरुवार को अपने कमरे में पंखे के सहारे फंदे से लटका हुआ मिला। सूचना पाकर सिगरा थाने की पुलिस ने शव को फंदे से उतरवा कर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। गाजीपुर के मूल निवासी राधेश्याम राजभर रेलवे में ड्राइवर के पद पर तैनात हैं। राधेश्याम के भाई जयराम राजभर ने बताया कि उनके भाई अपने परिवार के साथ चंदुआ छित्तूपुर में रहते हैं। उनके दो बेटों में छोटा सतीश एक महीने पहले ही रेलवे में पंडित दीनदयाल उपाध्याय नगर में संविदा पर काम करना शुरू किया था। सतीश काम से बुधवार की रात वापस घर आया और गुरुवार उसके कमरे का दरवाजा ही नहीं खुला। शंका होने पर उसकी चचेरी बहन जाकर दरवाजा खटखटाई तो अंदर से कोई आवाज नहीं आई। परिजनों और आसपास के लोगों ने दरवाजा तोड़ा तो सतीश पंखे के सहारे फंदे से लटका हुआ था।

### पत्नी नहीं आ रही थी ससुराल, पति ने दी जान

**वाराणसी।** चोलापुर के गोपपुर गांव निवासी हरिराम ने पत्नी वियोग में फांसी लगाकर जान दे दी। रामचंद्र प्रजापति के तीन बेटों में सबसे छोटा हरिराम प्रजापति (25) टाइल्स से संबंधित काम करता था। हरिराम का विवाह करीब चार साल पहले रोहनिया क्षेत्र की रहने वाली गुड़िया देवी से हुआ था। शुरूआत में सब कुछ ठीक था। मगर, शादी के कुछ समय बाद पति से अनबन होने के कारण गुड़िया अपने मायके जाकर रहने लगी। हरिराम और उसके परिजन कई बार गुड़िया की विदाई कराने का प्रयास किए। लेकिन बात नहीं बन सकी। इससे दुखी हरिराम गुरुवार की शाम अपने कमरे में जाकर गमछे के फंदे से लटक कर जान दे दिया। हरिराम काफी देर तक अपने कमरे से बाहर नहीं निकला तो परिजनों ने दरवाजा खटखटाया। अंदर से आवाज न आने पर परिजनों ने खिड़की से झांक कर देखा तो हरिराम को फंदे से लटके देख सन्न रह गए। परिजनों की सूचना पर आई पुलिस ने शव को फंदे से नीचे उतारा और पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।

# वाद स्थानांतरण की सुनवाई टली

जनसंदेश न्यूज

**वाराणसी।** ज्ञानवापी परिसर सौंपने और पूजा के अधिकार के वाद को सिविल जज सीनियर डिवीजन की कोर्ट से स्थानांतरण के लिए जिला जज की अदालत में दाखिल अर्जी पर सुनवाई गुरुवार को पत्रवाली पेश नहीं होने से टल गई। अदालत ने मामले की अगली तिथि 20 दिसम्बर तय की है।



शृंगार गोरी प्रकरण के चार वादी लक्ष्मी देवी, सीता साहू, मंजू व्यास और रेखा पाठक की ओर से जिला जज डॉ. कृष्ण विश्वेश की अदालत में गुहार लगाई गई है कि किरण सिंह की ओर से विल जज सीनियर डिवीजन की अदालत में दाखिल वाद को वह खुद सुनें। उनका तर्क है कि वाद से सम्बंधित प्रकरण पर सुनवाई जिला जज की अदालत में पहले से चल रही है। अर्जी पर वादी किरन सिंह की ओर से अधिवक्ता ने आपत्रि दाखिल की है। कहा कि जिस जिस वाद को स्थानांतरण की मांग की जा रही है, उसमें ये लोग पक्षकार नहीं है। वादी अधिवक्ता ने कहा कि केवल मुकदमे को प्रभावित करने के लिए अर्जी दाखिल की गयी है जो खारिज होने योग्य है। इस मामले में चार वादी महिलाओं की ओर से बहस की जानी थी।

### ऑटो में छूटा मोबाइल वापस दिलाया

**मंडुवाडीह।** पुणे (महाराष्ट्र) निवासी कुणाल कोटावडे का मोबाइल फोन गुरुवार की शाम ऑटो में मंडुवाडीह चौराहे पर छूट गया, जिसकी सूचना उन्होंने थाना प्रभारी मंडुवाडीह राजीव कुमार सिंह को दी जिस पर थानाप्रभारी द्वारा तत्काल इसकी सूचना क्राइम टीम के कॉन्स्टेबल सूर्यभान सिंह को दी। कॉन्स्टेबल सूर्यभान सिंह ने कमांड सेंटर सिगरा पर जाकर उक्त पर्यटक (यात्री) के साथ ऑटो की शिनाख्त कर उनका मोबाइल बरामद कर उनकी सुपुर्दगी में दिया। कुणाल द्वारा मंडुवाडीह पुलिस को धन्यवाद दिया गया।

# तमिलनाडु के प्रसिद्ध गायक इल्लयाराजा ने शिव भजनों से झुमाया

**वाराणसी।** काशी विश्वनाथ धाम के मंदिर चौक प्रांगण में गुरुवार को सायंकाल तमिलनाडु के मशहूर गायक इल्लाया राजा का गायन हुआ। उन्होंने संस्कृत, तमिल, मराठी व हिंदी में भजनों की प्रस्तुति कर सभी को भावविभोर कर दिया। उनका गायन भगवान शिव पर आधारित था। उन्होंने 16 शिव गीतों का गायन करके वहां मौजूद सभी लोगों को भावविभोर कर दिया। मंदिर परिसर में उनका गायन सुनने के लिए लोगों की भीड़ जमा थी। जो भी श्रद्धालु वहां पर दर्शन करने आये थे वह भजन सुनने के लिए पहुंचे। कार्यक्रम में तमिलनाडु के राज्यपाल व उनकी धर्मपत्नी ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस मौके पर जिलाधिकारी एस राज लिंगम, मुख्य कार्यपालक अधिकारी सुनील कुमार वर्मा, पीआरओ पीयूष तिवारी समेत काफी लोग मौजूद थे। काशी विश्वनाथ धाम में गुरुवार को तमिलनाडु का एक दल पहुंचा था। दल के सदस्यों ने मंदिर परिसर में सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति की।




जनसंदेश टाइम्स

वर्गीकृत

सूचना

मेरा हाईस्कूल वर्ष 2019 अनुक्रमांक 2650606 व इण्टरमीडिएट वर्ष 2021 अनुक्रमांक 217134529 का अंक पत्र सह प्रमाण पत्र खो गया है। सोनू केशरी पुत्र कमलेश केशरी, सिकन्दरपुर जमालपुर, मीरजापुर, पिन कोड-231302

मै हर्षित श्रीवास्तव पुत्र अनिल कुमार श्रीवास्तव निवासी सा 13/1 एटी, सारनाथ एनक्लेव कालोनी फेस 1, मुगदपुर, सारनाथ, वाराणसी बया करता हुँ कि मेरे कुछ दस्तावेज में मेरा नाम हर्षित हो गया है जबकि मेरा सही नाम हर्षित श्रीवास्तव है।

आवश्यकता

आवश्यकता है

निर्मल मूलचानी फार्मेसी कालेज नसीरपुर, हंसराजपुर गाजीपुर में एम0 फार्मा प्राचार्य एक पद (अनुभव पांच वर्ष) एम0 फार्मा उप प्राचार्य एक पद (अनुभव तीन वर्ष) एवं बी0 फार्मा प्रवक्ता तीन पद (अनुभव तीन वर्ष) की आवश्यकता है। योग्यता एवं वेतनमान पी0 सी0 आई0 के मानक के अनुसार। योग्य अभ्यर्थी अपने शैक्षिक प्रमाण पत्र एवं अनुभव प्रमाण पत्र के साथ विज्ञापन प्रकाशन के तीन दिन के अंदर अपना आवेदन करें।

प्रबन्धक
मो0-9451753866

आवश्यकता है

दूधनाथ फार्मेसी कालेज मोलनापुर, जखनिया, गाजीपुर में एम0 फार्मा प्राचार्य एक पद (अनुभव पांच वर्ष) एम0 फार्मा उप प्राचार्य एक पद (अनुभव तीन वर्ष) एवं बी0 फार्मा प्रवक्ता तीन पद (अनुभव तीन वर्ष) की आवश्यकता है। योग्यता एवं वेतनमान पी0 सी0 आई0 के मानक के अनुसार। योग्य अभ्यर्थी अपने शैक्षिक प्रमाण पत्र एवं अनुभव प्रमाण पत्र के साथ विज्ञापन प्रकाशन के तीन दिन के अंदर अपना आवेदन करें।

प्रबन्धक
मो0-8574168972


# राष्ट्रीय एकता को पुष्ट करता काशी तमिल संगमम

कार्यक्रम

### तमिलनाडु के राज्यपाल संगमम पहुंचे

**वाराणसी।** काशी तमिल संगमम में गुरुवार को मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे तमिलनाडु के राज्यपाल आरएन रवि ने कहा कि काशी तमिल संगमम के माध्यम से हम भारत की एकता व एकात्मता को महसूस कर रहे हैं। उत्तर से लेकर दक्षिण तक, पूर्व से लेकर पश्चिम तक भारत एक है। कार्यक्रम में लंदन स्थित नेहरू केंद्र के निदेशक व प्रख्यात लेखक अमीष त्रिपाठी की गरिमामयी उपस्थिति रही। विशिष्ट अतिथि के रूप में तमिलनाडु शासन के मुख्य सचिव आनंद राव पाटिल उपस्थित रहे।

सांस्कृतिक संध्या में अतिथि के रूप में शक्ति पेरुमल एवं आर. मुकुंथन की भी उपस्थिति रही। सांस्कृतिक संध्या की शुरूआत काशी हिंदू विश्वविद्यालय के केंद्रीय विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा समूह गायन एवं सामूहिक पोंगल नृत्य की प्रस्तुति से हुई। विद्यालय की संगीत शिक्षिका श्रीमती नीलम वर्मा के निर्देशन में छात्रों ने यह प्रस्तुति दी। कार्यक्रम की दूसरी कड़ी में काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के संगीत एवं मंच कला संकाय के छात्र-छात्राओं द्वारा भरतनाट्यम की प्रस्तुति दी गई। सांस्कृतिक संध्या की तृतीय कड़ी में सुभाषचंद्र बोस एवं उनके समूह द्वारा लोक गीत का गायन किया गया। लोकगीत के पश्चात एस. मुथूकुमार एवं उनके समूह ने पच्चकली प्रस्तुत किया। तमिलनाडु से आए डॉ. डी. कुमार एवं समूह ने रामायण के प्रसंगों पर आधारित थेरीकुट्टू की प्रस्तुति दी। यह तमिलनाडु का स्ट्रीट नाट्य है। आकर्षक एवं रंग-बिरंगे वेशभूषा में तमिलनाडु से आए कलाकारों ने रामायण के प्रसंगों को जीवंत कर दिया। इसके बाद आर. एम. सेंथिलकुमार एवं समूह ने वीरपंडिया कट्टाबोम्मन की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का समापन कोवलम ड्रामा से हुआ। यह मंचन भक्त मार्कण्डेय की कथा पर आधारित था।



### निक्षय दिवस पर टीबी के मरीजों को किया जागरूक

**चिरईगांव।** प्रधानमंत्री क्षय रोग मुक्त भारत अभियान एवं राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के अन्तर्गत गुरुवार को नरपतपुर सी एच सी पर निक्षय दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष एवं पी सी यू के निदेशक रामप्रकाश दूबे ने उपस्थित क्षय रोगियों एवं स्वास्थ कर्मियों को संबोधित करते हुए कहा कि स्वास्थ कार्यकर्त्ता गांवों में लोगों से मिल कर प्रधानमंत्री के संकल्प के अनुसार लोगों को जागरूक करें । कार्यक्रम की जानकारी देते हुए वरिष्ठ उपचार पर्यवेक्षक माधव कृष्ण मालवीय ने क्षय रोगियों एवं उनके साथ आए परिजनों को विभाग की ओर से चलाए जा रहे विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। मुख्य अतिथि ने नरपतपुर की शीला देवी, नेवादा की काजल कुमारी,भट्ठा मजदूर संजय बनवासी सहित आधा दर्जन क्षय रोगियों को पोषण पोटली भी प्रदान की।


कार्यालय ग्राम पंचायत शोभी, वि0 ख0 पटेहरा कलां, मीरजापुर

अल्पकालिक निविदा सूचना

ग्राम पंचायत शोभी,विकास खण्ड पटेहरा कलां मीरजापुर द्वारा वर्ष 2022-23 में पंचम राज्य वित्त/केन्द्रीय वित्त व मनरेगा योजनान्तर्गत निम्नांकित कार्यो को कराये जाने हेतु वाणिज्यकर में पंजीकृत फर्मो दिनांक 22.12.2022 को 2 बजे अपराह्न तक नीचे दिये गये विवरण के अनुसार आपूर्ति हेतु सामग्री का दर आमंत्रित किया जाता है। उसी दिन निविदा गठित समिति द्वारा 3 बजे अपराह्न खोला जायेगा। इच्छुक फर्म सामग्री दर (कार्यस्थल तक आपूर्ति एवं अनुमन्य कर आदि सहित) बन्द लिफाफे में पंजीयन प्रमाण पत्र स्वहस्ताक्षरित छायाप्रति के साथ नियत तिथि को टेण्डर खोला जायेगा। निविदा प्रपत्र कार्यालय के किसी भी कार्यदिवस में मूल्य 100 रुपया मात्र में प्राप्त किया जा सकता है। टेण्डर के समय सामग्री अंश का 2 प्रतिशत अर्नेस्ट मनी की धनराशि एन0एस0सी0 या एफ0 डी0 जो ग्राम विकास अधिकारी के पक्ष में बंधक होगा उसे जमा करना होगा। टेण्डर खोलते समय टेण्डर दाता जो उपस्थित रहना चाहते हो वो रह सकते है।जिसका टेण्डर न्यूनतम होगा उसी का टेण्डर स्वीकृत किया जायेगा। कार्यादेश के पश्चात 3 प्रतिशत जमानती धनराशि के रूप में एफ0डी/ एन0एस0सी0 जमा करना होगा तथा बिना कारण बताये निविदा अस्वीकृत/ निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा। बिल के साथ विभाग के रूप पत्र एम0 एम0 11 सलंग्न करना अनिवार्य होगा।

**कार्य का नाम** – ग्राम पंचायत शोभी के राजस्व ग्राम परसौना में मनरेगा पार्क/खेल मैदान का निर्माण।

**सामग्री** – सीमेन्ट, कोर सेन्ड, फाइन सेन्ड, पत्थर गिट्टी 40 एम एम, डाला गिट्टी 20 एम एम,पत्थर,ईंट प्रथम श्रेणी,प्लास्टिक पेंट, स्टील, जीएसबी, इण्टरलाकिंग ईंट, लोकल बालू, जीआई पाईप 32 एम एम, माइल्ड स्टील आयरन वर्क/ऐंगल, लोहा जाली, पेंट ब्रश व थिनर, गेट, सिटिंग बेन्च, ओपेन जिम मैटेरियल, किड्स पार्क टूल्स साईन बोर्ड।

सचिव
राजेश कुमार गौतम

ग्राम प्रधान
लालबहादुर सिंह


# अधिवक्ताओं ने युवक को पीटा

जनसंदेश न्यूज

**वाराणसी।** बाइक की टक्कर को लेकर अधिवक्ताओं ने युवक को पीटा। इतना ही नहीं कचहरी पुलिस चौकी में भी युवक की पिटाई की जिसका एक वीडियो वायरल हो रहा है। वीडियो में युवक हाथ जोड़ कर छोड़ने की बात कह रहा है लेकिन अधिवक्ता सुनने को तैयार नहीं। हालांकि पुलिस ने किसी तरह बीच बचाव कर मामला शांत कराया। इस मामले में कोई तहरीर नहीं पड़ी है।

जानकारी के अनुसार हुकुलगंज में दो लोगों की बाइक की टक्कर हुई थी। बाइक टकराने के विवाद में कहासुनी के बाद दोनों पक्षों में मारपीट हुई थी। उनमें से एक युवक एक वकील का भतीजा था और दूसरा युवक राहुल सेठ था। बुधवार की शाम राहुल सेठ उन्हीं वकील और उनके साथियों को कचहरी चौराहे पर दिख गया। इसके बाद वकील और उनके साथी राहुल सेठ को घेर कर पिटाई करने लगे। पुलिस युवक को बचा कर कचहरी पुलिस चौकी के अंदर ले गई तो यहां भी वकील पहुंच गए और गलत बर्ताव किया।

# वैकल्पिक इंतजाम कराएंगे : कमिश्नर

ट्रांसपोर्टर्स को आश्वासन

### ट्रकों की पार्किंग की व्यवस्था न होने पर ट्रांसपोर्टरों ने लगाई गुहार

**वाराणसी।** लहरतारा-मोहनसराय मार्ग को सिक्स लेन करने से हुई समस्या दूर करने के लिए लहरतारा, चांदपुर व महेशपुर के ट्रांसपोर्टरों का प्रतिनिधिमंडल गुरुवार को कमिश्नर कौशल राज शर्मा से उनके कार्यालय में मिला। ट्रांसपोर्टरों ने कमिश्नर को बताया कि पूर्व में प्रस्तावित ट्रांसपोर्ट नगर तो अब तक प्रशासन की तरफ से स्थापित नहीं किया जा सका और न ही ट्रांसपोर्टरों के लिए अब तक कहीं वैकल्पिक व्यवस्था ही की जा सकी है। बावजूद इसके ट्रांसपोर्टरों की अनदेखी करते हुए बिना किसी ठोस योजना के शुरू हुए सिक्स लेन सड़क निर्माण कार्य के कारण ट्रकों के पार्किंग में समस्या आ रही है। साथ ही ट्रांसपोर्ट व्यवसाय भी चौपट हो रहा है।

कमिश्नर ने प्रतिनिधिमंडल की बात को सुनने के बाद एक महीने के अंद कहीं ना कहीं वैकल्पिक व्यवस्था कराने की बात का आश्वासन दिया। इसके बाद प्रतिनिधिमंडल ने वीडीए वीसी अभिषेक गोयल, एडीएम सिटी गुलाब चंद्र व एडीसीपी यातायात से भी मुलाकात कर अपनी समस्या बताई। द बनारस गुड्स ट्रांसपोर्ट एशोसिएशन के कार्यकारी अध्यक्ष अश्वनी दुबे ने दावा किया कि कमिश्नर ने ट्रांसपोर्टरों को समुचित समस्या के समाधान का आश्वासन दिया है। साथ ही ट्रांसपोर्टरों के लिए वैकल्पिक व्यवस्था होने तक एरिया में चल रही सिक्स लेन की खुदाई का कार्य एक महीने तक रुकवाने का भी भरोसा दिया है। प्रतिनिधिमंडल में सुरेश चंद्र तिवारी, राजिद यादव, सूर्यमणि तिवारी, सुनील कपूर, अरुण अग्रवाल, महेंद्र पांडेय आदि शामिल रहे।

### राज्य कर विभाग : आंतरिक समस्या दूर करेगी कमेटी

**वाराणसी।** राज्य विभाग में आंतरिक समस्याओं को दूर करने के लिए कमेटी गठित की गयी है। राज्य कर अधिकारी (प्रशिक्षण संस्थान) लखनऊ के अपर निदेशक अरविंद कुमार की तरफ से जारी निर्देश के अनुसार, ज्वाइंट कमिश्नर सुविद्या गुप्ता को कमेटी का अध्यक्ष बनाया गया हे। जबकि डिप्टी कमिश्नर मधुबाला, शांभवी शुक्ला व जीएन राय के अलावा राज्य कर अधिकारी हरिश्चंद्र श्रीवास्तव, वरिष्ठ सहायक सुमति वर्मा व प्रोग्राम ऑफिसर मनीषा भाटिया को कमेटी का सदस्य बनाया गया है।

### केंद्र व राज्य के बीच समन्वय स्थापित करेंगे नोडल अफसर

**वाराणसी।** राज्य कर विभाग ने चालू वित्तीय वर्ष में एक अक्टूबर से 30 नवम्बर के बीच दाखिल टीआरएएन-1/2 के आवेदनों के सत्यापन के लिए केंद्र एवं राज्य कर अधिकारियों के बीच समन्वय स्थापित करने को नोडल अफसरों की तैनात की गयी है। आयुक्त के अनुसार, वाराणसी जोन प्रथम के उपायुक्त (गाजीपुर) सुनील कुमार, सहायक आयुक्त (वाराणसी) रणंजय यादव व सहायक आयुक्त (चंदौली) मनोज कुमार मिश्रा, वाराणसी जोन द्वितीय के उपायुक्त (आजमगढ़) विजय कुमार व उपायुक्त (वाराणसी) उदय प्रताप सिंह को भी नोडल अफसर बनाया गया है। इसी प्रकार, प्रदेश के सभी जोन में भी नोडल अफसरों की तैनाती हुई है। ये नोडल अफसर सीजीएसटी के नोडल अधिकारियों से समन्वय स्थापित करते हुए निर्धारित समय अवधि में दाखिल टीआरएएन 1/2 के सत्यापन से संबंधित रिपोर्ट/टिप्पणियों के साथ प्राप्ति तथा प्रेषण कार्य समयबद्ध तरीके से निष्पादित करना सुनिश्चित करेंगे।


कार्यालय नगर पंचायत चोपन, सोनभद्र

पत्रांक: 220/न0पं0चो0/2022-23

दिनांक: 15.12.2022

ई-टेण्डरिंग सूचना

नगर पंचायत चोपन, सोनभद्र में समस्त इच्छुक व्यक्ति/ठेकेदारों/फर्मों क सूचित किया जाता है कि नगरीय जल निकासी योजनान्तर्गत के प्राप्त धनराशि से कराये जाने वाले कार्य के लिए दिनांक 17.12.2022 को दोपहर 12:00 बजे से वेबसाईट http://etender.up.nic.in पर ई-निविदायें आमंत्रित की जाती है। ई-निविदा की समस्त अभिलेख एवं शर्तें वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर दिनांक 17.12.2022 से दिनांक 27.12.2022 को समय 11:00 बजे तक उपलब्ध रहेगी तथा टेक्निकल दिनांक 28.12.2022 को दोपहर 12:00 बजे से ई-निविदा खोली जायेगी। निविदा के साथ अनुमानित धनराशि पर धरोहर धनराशि 02 प्रतिशत ई-टेण्डर डालते समय व 08 प्रतिशत टेण्डर स्वीकृत होने के पश्चात एफ0डी0आर0/एन0एस0सी0 जो अधिशासी अधिकारी के पक्ष में बन्धक हो संलग्न करना अनिवार्य होगा एवं निविदा मूल्य नगर पंचायत चोपन, सोनभद्र यूको बैंक के खाता सं0-06510200041134 IFSC Code-UCBA0000651 नगर पंचायत चोपन के नाम से जमा किया जाए। किसी एक या सम्पूर्ण निविदा की स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी निहित होगा, कार्य के विवरण को कार्यालय के समय व दिवस में देख समझा जा सकता है। किसी कारणवस अवकाश होने पर निविदा तिथि अगला कार्य दिवस मानी जायेगी।

(महेन्द्र कुमार सिंह)
अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत चोपन, सोनभद्र

(फरीदा बेगम)
अध्यक्ष
नगर पंचायत चोपन, सोनभद्र



# वाराणसी भारत



# समापन समारोह में आज शामिल होंगे गृहमंत्री

**काशी-तमिल संगमम**

**प्रशासनिक अफसरों के साथ भाजपा पदाधिकारियों ने कार्यक्रम स्थल पर तैयारियों का लिया जायजा**

**वाराणसी।** काशी-तमिल संगमम के समापन समारोह में शामिल होने के लिए गृहमंत्री अमित शाह 16 दिसम्बर को काशी आएंगे। गृहमंत्री के आगमन को देखते हुए कमिश्नर कौशल राज शर्मा, जिलाधिकारी एस. राजलिंगम के साथ भाजपा पदाधिकारियों ने कार्यक्रम स्थल बीएचयू के एम्पीथियेटर पर चली रही तैयारियों का गुरुवार को जायजा लिया।कार्यक्रम स्थल पर बैठक कर क्षेत्रीय अध्यक्ष महेश चंद ने कहा कि कार्यक्रम के समापन समारोह में आ रहे गृहमंत्री अमित शाह का स्वागत काशी की गरिमा के अनुरूप हो। जिसको भी यहां के व्यवस्था की जिम्मेदारी सौंपी गयी है, वे पूरी निष्ठा के साथ निभाएं। समापन समारोह में आने वाले अतिथियों को किसी प्रकार की कोई तकलीफ न हो, इसका विशेष ध्यान रखें। उन्होंने कार्यकर्ताओं का आह्वान किया कि असुविधा से बचने के लिए समापन समारोह स्थल पर अपराह्न साढ़े तीन तक स्थान ग्रहण कर लें। महानगर अध्यक्ष विद्यासागर राय ने बताया कि कार्यक्रम स्थल पर तमिलनाडु के अतिथियों, अति विशिष्ट, मीडिया, महिलाओं, कार्यकर्ताओं आदि के लिए आठ ब्लॉक बनाए गए हैं। जिलाध्यक्ष हंसराज विश्वकर्मा ने बताया कि प्रत्येक बूथ से पांच-पांच कार्यकर्ता समारोह में पहुंचेंगे। मीडिया प्रभारी नवरतन राठी ने बताया कि समापन समारोह में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान, तमिलनाडु के राज्यपाल रविन्द्र नारायण रवि, केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री जी. किशन रेड्डी, केंद्रीय मंत्री डॉ. एल. मुरुगन, प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी, प्रदेश संगठन महामंत्री धर्मपाल सिंह आदि उपस्थित रहेंगे।



तैयारियों को लेकर भाजपाजनों ने की बैठक

### इन रास्तों पर रहेगा डायवर्जन

वाराणसी। गृहमंत्री अमित शाह और सूबे के सीएम योगी आदित्य नाथ आज शहर में होंगे। तमिल संगमम में भाग लेने बीएचयू जायेंगे। ऐसे में सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर और आमजन को कोई परेशानी हो प्रशासन बीएचयू की तरफ आने वाले वाहनों के लिए डायवर्जन लागू किया गया। यातायात विभाग की माने तो अधिक वाहनों के आवागमन से यातायात का दबाव बढ़ेगा। एडीसीपी ट्रैफिक डीके पुरी ने बताया कि बीएचयू कार्यक्रम में आगमन और प्रस्थान तक डायवर्जन लागू रहेगा। ऐसे में बीएचयू की तरफ आने वाले सभी मार्गो के वाहनों को डायर्वट कर वैकल्पिक मार्ग की तरफ मोड़ दिया जायेगा। वहीं आजमन से भी वैकल्पिक मार्ग का सहारा लेने का अनुरोध किया गया।

### यहां होगी वीवीआईपी पार्किंग

- सर सुन्दर लाल अस्पताल तिराहा न्यू इमरजेंसी के पास पार्किंग
- कबीर नगर कॉलोनी पार्किंग नबंर एक (हैण्डसेट के साथ)
- कबीर नगर कॉलोनी पार्किंग नंबर दो
- रविन्द्रपुरी कालोनी रोड के दोनो तरफ

# स्वास्थ्य परीक्षण में छात्र के दिल में मिला छेद



**चिरईगांव।** चिरईगांव ब्लाक के प्राथमिक विद्यालय तोफापुर में गुरुवार को राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य गारंटी कार्यक्रम के चिकित्सकों की टीम की ओर से सभी छात्र छात्राओं के स्वास्थ परीक्षण का कार्यक्रम चल रहा था कि इसी बीच कक्षा 2 की छात्रा साक्षी यादव उम्र 8 वर्ष चिकित्सक के पास आई। मेडिकल टीम के नोडल अधिकारी डॉ मनोज कुमार ने बताया कि जब साक्षी का चेकअप किया गया तो उसके दिल में छेद पाया गया। इसकी जानकारी उसके पिता विजय यादव व माता बबिता यादव निवासी तोफापुर को देने के उनको बताया गया कि ऐसे बच्चों का निःशुल्क आपरेशन आरबीएसके(राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम) के अन्तर्गत किया जाता है। उसके बाद उसे उचित उपचार के लिए हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया गया। ? बताया कि स्कूल में कुल 182 छात्र छात्राओं का मेडिकल चेकअप किया गया। स्वास्थ परीक्षण में प्रमुख रूप से डा मनोज कुमार, डा पी के यादव, गुंजा एवं रामपाल यादव उपस्थित रहे।

# चुनाव में विलम्ब से जेब हो रही ढीली

राघवेन्द्र केशरी

**निकाय चुनाव**

**अधिसूचना जारी होने में हो रही देरी, उत्साहित उम्मीदवारों की कोर्ट पर टिकी निगाह**





**वाराणसी।** निकाय चुनाव में देरी अब उम्मीदवारों की जेब पर भारी पड़ने लगी है। जैसे-जैसे दिन बीत रहे हैं वैसे-वैसे इनका खर्च भी बढ़ता जा रहा है। उधर आरक्षण का मामला कोर्ट में जाने के बाद अधिसूचना जारी होने में संशय की स्थिति भी बनी हुई है। जिसे चुनाव की तारीखों पर सस्पेंस बना हुआ है।चुनाव चाहे किसी भी पद के लिए हो उम्मीदवारों की जेब तो ढीली होनी ही है। लेकिन चुनाव समय पर न होने से उम्मीदवारों का खर्च बढ़ जाता है। वैसे ही इस बार के निकाय चुनाव की स्थिति बनी हुई है। जहां चुनाव की अधिसूचना दिसंबर के पहले सप्ताह में जारी होने के कयास लगाए जा रहे थे। जिसपर आरक्षण का ग्रहण लग गया। मामला हाई कोर्ट तक पहुंचने के बाद उम्मीदवारों की उत्सुकता भी जवाब देने लगी। उम्मीदवार जो अपने-अपने वार्डों में पार्षद और नगर पंचायत सदस्य पद की तैयारी में जुटे थे उनके खर्च दिन प्रतिदिन बढ़ते जा रहे हैं। कई संभावित प्रत्याशियों से बात करने पर पता चला कि चुनाव की आहट से लेकर अब तक उनके दिन का न्यूनतम खर्च दो से तीन हजार प्रतिदिन हो गया है। लोगों से मिलने और चाय-पान कराने में ही जेब खाली हो जा रही है। ऐसे में चुनाव का मामला कोर्ट में जाने से कईयों की उम्मीद भी जवाब देने लगी है। इनमें कई ऐसे उम्मीदवार हैं जो इन दिनों क्षेत्र में खर्च बचाने के लिए नहीं निकल रहे। उधर राजनीतिक दल भी अब कोर्ट की ओर टकटकी लगाए बैठे हैं।

### लग्न में खर्चा और भी बढ़ गया

लग्न का सीजन चल रहा है। अपनी दावेदारी मजबूत करने के लिए उम्मीदवारों को क्षेत्र के सभी आमंत्रणों में मौजूद होना पड़ रहा है। जिसमें उनको अपनी जेब भी ढीली हो करनी पड़ रही है। कुछ उम्मीदवारों से बातचीत में पता चला कि उनको प्रति आमंत्रण एक से दस हजार तक का व्यवहार करना पड़ रहा है। वहीं कुछ का कहना है कि विवाह में सामान और गिफ्ट देने में काफी खर्च बढ़ गए हैं।

### समर्थकों का भी बढ़ रहा बोझ

चुनाव कैसा भी हो बिना समर्थक के कोई भी उम्मीदवार अपनी मजबूत दावेदारी पेश करने में नाकाम हो जाता है। ऐसे में क्षेत्र के प्रचार-प्रसार और नारे लगाने वालों पर भी खर्च का बोझ रहता है। यहां तक की राजनीतिक पार्टियों व पदाधिकारियों के पास पहुंचने वाले उम्मीदवारों को मजबूती दिखाने के लिए साथ समर्थक लेकर जाना होता है। जिनकी वजह से चुनाव से पहले का खर्च भारी पड़ रहा है।

### विजिटिंग कार्ड और पोस्टर भी पड़ रहे भारी

नई सदी में पेंटरों द्वारा लिखावटी कपड़े के बैनर बंद हो गए। जिसकी जगह बाद अब विजीटिंग कार्ड और फोर कलर पोस्टर और फ्लेक्स ने ले लिए हैं। जिनका खर्च लिखावटी बैनरों से काफी ज्यादा है। चुनाव की लेट लतिफि की वजह से उम्मीदवारों पर विजिटिंग कार्ड और बैनरों का भी खर्च भारी पड़ रहा है। क्षेत्र के दिवारों और खंभों पर लगे नवरात्रि और दीपावली की शुभकामनाओं की जगह अब प्रिंटिंग कंपनियों को नववर्ष और मकर संक्राति के नए बैनर छपने के आर्डर दिए जा रहे हैं।

### दस इलेक्ट्रिक ई-बस चालक सम्मानित

**मिर्जामुराद।** क्षेत्र स्थित इलेक्ट्रिक ई-बस चार्जिंग डिपो में गुरुवार को एक दिवसीय कार्यालय का आयोजन कर नवंबर माह में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए चालकों व स्टाफ को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य अतिथि क्षेत्रीय प्रबंधक रीडवेज गौरव वर्मा ने दस बस चालकों में मनोज कुमार पाठक, भाई लाल पाल, ओमप्रकाश, जय सिंह, सुभाष, सुशील, संजय कुमार, श्याम नारायण व कमलेश सहित 10 लोगो को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस दौरान पांच अन्य कर्मचारियों को भी पुरस्कार दे सम्मानित किया गया। क्षेत्रीय प्रबंधक गौरव वर्मा ने कहा कि चालकों को ट्रैफिक नियमों का पालन करते हुए निर्धारित पोशाक पहनकर अपनी सीट बेल्ट को लगाकर सुरक्षा के साथ ड्यूटी करना चाहिए। ड्यूटी के दौरान यात्रियों से नम्रता से पेश आएं जिससे कि इलेक्ट्रिक बस सेवा व राज्य परिवहन विभाग का मान बढ़े। इस दौरान डिपो मैनेजर संजीत सिंह व सेफ्टी मैनेजर आशीष यादव व विवेक सिंह सहित अन्य चालकगण व स्टॉफ मौजूद रहे।

# कैंट विधायक सौरभ ने उठाई झाड़ू, की साफ-सफाई

**स्वच्छता अभियान**

**बबुआ पांडेय घाट पर उपस्थित लोगों ने लिया काशी को स्वच्छ रखने का संकल्प**

**वाराणसी।** कैंट विधायक सौरभ श्रीवास्तव ने भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ बबुआ पांडेय घाट पर गुरुवार को वृहद स्वच्छता अभियान चलाया। इस अभियान में आम जनमानस ने भी सहभागिता की। विधायक सौरभ ने खुद घंटों तक झाड़ू से साफ-सफाई की।

विधायक सौरभ ने घाट की एक-एक सीढ़ी का कूड़ा साफ किया। सीढ़ियों पर जमा काई भी साफ की गई। पूरे घाट में झाड़ू लगाकर और हाथों से बिनकर एक-एक कूड़ा निकाल बाहर किया गया। कीटनाशक दवा और चूने आदि का छिड़काव भी किया गया। कार्यक्रम की समाप्ति के बाद सभी ने काशी को स्वच्छ रखने का संकल्प भी लिया। विधायक सौरभ श्रीवास्तव ने लोगों से घाट पर पान की पीक थूकने और गुटखे के पाउच न फेंकने की अपील की।

सौरभ श्रीवास्तव ने कहा कि नगर निगम की तरफ से सभी घाटों पर बहुत ही अच्छी सफाई की व्यवस्था की गई है, लेकिन बबुआ पांडेय घाट पर सीधी ढलान होने के कारण सफाईकर्मी गिर जाने के डर से नियमित सफाई नहीं करते। बंगाली टोला के पार्षद चंद्रनाथ मुखर्जी के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं ने इस खड़ी चढ़ाई के घाट पर स्वच्छता अभियान चलाया और इस घाट को भी पूरी तरह से स्वच्छ कर दिया। विधायक ने लोगों से घाट पर स्थान-स्थान पर लगे कूड़ेदानों का प्रयोग करने की अपील भी की। अभियान में उनके साथ पार्षद चंद्रनाथ मुखर्जी, बाली कन्नौजिया, दीनू यादव, दंगल यादव, कार्तिक नंदी, सोमनाथ यादव, विकास यादव, उत्तम चटर्जी, राजू कन्नौजिया, उत्तम चटर्जी, अनुज नाग, यजुवेंद्र, विष्णु आदि थे।



बबुआ पांडेय घाट पर झाड़ू लगाकर साफ-सफाई करते विधायक सौरभ श्रीवास्तव

### जनसंपर्क कार्यालय में की जनसुनवाई



कैंट विधानसभा जनसम्पर्क कार्यालय में जनसुनवाई करते विधायक सौरभ श्रीवास्तव

**वाराणसी।** शिवाजी नगर स्थित कैंट विधानसभा जनसम्पर्क कार्यालय में विधायक सौरभ श्रीवास्तव ने गुरुवार को जनसुनवाई कर जनसमस्याओं का निस्तारण किया। विधानसभा जनसंपर्क कार्यालय में विधायक सौरभ श्रीवास्तव ने पूर्वाह्न नौ बजे से अपराह्न दो बजे तक लगातार जनसुनवाई की। जनसुनवाई के दौरान विभिन्न तरह की समस्याओं मसलन पानी, सीवर, बिजली, सड़क, भूमि अधिग्रहण, भूमि विवाद, चिकित्सा, पेंशन, आवास आदि की शिकायतें आयीं। इन शिकायतों का जल्द से जल्द निस्तारण के लिए विधायक ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया। इस दौरान कुशाग्र श्रीवास्तव, अभिषेक आदि भी उपस्थित थे।

# डुप्लीकेसी रोकने को ग्राम्य विकास में पंचायती राज का विलय जरूरी

जनसंदेश न्यूज

**मनरेगा में समस्याओं की पड़ताल**

**चार दिनी दौरे पर पहुंची भारत सरकार की सात सदस्यीय हाई पावर कमेटी**

**पहले दिन बैठक कर कई बिंदुओं पर किया मंथन, गांवों में लगायी चौपाल**

**वाराणसी।** भारत सरकार की सात सदस्यीय हाई पावर कमेटी ने चार दिनी दौरे पर गुरुवार को पहुंची। पहले ही दिन उन्होंने मनरेगा के कार्यों का जायजा लिया। दल में शामिल अधिकारियों ने पहले विकास भवन सभागार में बैठक कर मनरेगा की प्रगति और उसके संचालन में आने वाली समस्याओं एवं सुझावों के बारे में विस्तार से चर्चा की। इस मौके पर विभिन्न विभागों से एक ही प्रकृति के कार्य कराये जाने की समस्या पर भी विचार किया गया। मीटिंग में सीडीओ हिमांशु नागपाल, डीडीओ विजय कुमार, उपायुक्त श्रम रोजगार करुणाकर अदीब, डीसी एनआरएलएम दिलीप कुमार सोनकर, आदि समेत सभी खंड विकास अधिकारी शामिल रहे।

विकास भवन में हुई मीटिंग में पहला मौका था कि प्रधानमंत्री कार्यालय की ओर से मनरेगा स्कीम के क्रियान्वयन और संचालन में उत्पन्न समस्याओं पर समीक्षा के लिए गठित कमेटी ने कठिनाइयों के बारे में वृस्तृत जानकारी ली। मनरेगा योजना सन 2006 से चल रही है। इस स्कीम को बेहतर ढंग से संचालित कराने के लिए गठित हाई पावर कमेटी से वाराणसी से अपने दौरे की शुरुआत की है। बैठक में उभर कर आये कुछ बिंदुओं में मनरेगा में संबंधित कार्य को वित्तीय वर्ष के श्रम बजट शामिल करने की जरूरत है। ग्राम पंचायतों में कराये जाने वाले सभी संबंधित कार्य मनरेगा कंवर्जेंस के जरिये कराए जाएं। इसी प्रकार विचार किया गया कि कार्यों में डुप्लिकेसी रोकने के लिए ग्राम्य विकास विभाग और पंचायती राज विभाग को एक ही में मर्ज करना चाहिए। सिंचाई, लघु सिंचाई, नमामि गंगे, वन, पंचायती राज, युवा कल्याण, कृषि, मत्स्य, उद्यान विभाग एवं पीडब्ल्यूडी आदि महकमों के माध्यम से मनरेगा कंवर्जेंस के लिए लक्ष्य आवंटित किया जाय। इसी प्रकार कई अन्य बिंदु निर्धारित किये गये। मीटिंग के बाद टीम के अफसरों ने आराजी लाइन ब्लॉक के चौबड़ी और नागेपुर का स्थलीय मौका-मुआयना किया। ग्रामीणों से फीडबैक लिया। मनरेगा के जॉबकार्ड धारकों से बातचीत की। साथ ही अमृत सरोवर तथा आंगनबाड़ी केंद्रों समेत चक मार्गों पर कराए गये मनरेगा के कार्यों का जायजा लिया। साथ ही गांव में चौपाल भी लगायी। टीम में अमरजीत सिन्हा, डॉ. शेखर बोनू, प्रो. अशोक पंकज, प्रो. सोनाल्डे देसाई, प्रवीण महतो, डॉ. चंद्रशेखर कुमार और प्रो. ज्योतिस सत्यापालन आदि रहे।



चार दिनी दौरे पर गुरुवार को वाराणसी पहुंची भारत सरकार की हाई पावर कमेटी ने गांव में चौपाल लगायी

### घूस लेने में सोनभद्र डिपो का लिपिक निलंबित

वाराणसी। बीस रुपया घूस लेने का कथित वीडियो वॉयरल होने पर रोडवेज के क्षेत्रीय प्रबंधक (वाराणसी परिक्षेत्र) गौरव वर्मा ने सोनभद्र डिपो के कनिष्ठ लिपिक को निलंबित कर दिया। ईटीएम काउंटर पर बतौर कनिष्ठ लिपिक तैनात शम्भू यादव का गुरुवार को एक कथित वीडियो वॉयरल हुआ था। इसमें शम्भू एक कंडक्टर से बीस रुपये लेते दिख रहे हैं। चंद मिनटों में इंटरनेट मीडिया के माध्यम से यह वीडियो वॉयरल हो गया। मामला संज्ञान में आने पर आरएम गौरव वर्मा ने वीडियो की सत्यता की जांच कराई। इसके बाद देर शाम लिपिक को निलम्बित कर दिया गया।

### बहादुर आदमी पार्टी मेयर समेत सौ वार्डों में चुनाव लड़ेगी

वाराणसी। बहादुर आदमी पार्टी मेयर समेत सौ वार्डों में चुनाव लड़ेगी। यह जानकारी गुरुवार को चौकाघाट स्थित पार्टी कार्यालय पर राष्ट्रीय अध्यक्ष मदन कुमार मिश्र एडवोकेट के निर्देश पर पार्टी के प्रवक्ता राजेन्द्र गांधी कुशवाहा ने पत्रकारों से वार्ता के दौरान दी। बताया कि पार्टी अपने पांच सूत्रीय वादों के साथ वाराणसी नगर निगम चुनाव में महापौर सहित सौ वार्डों में पार्षद पद के लिए चुनाव लड़ेगी।

# इस दफ्तर में हेल्पर संभाल रहा आईजीआरएस की शिकायतें

जनसंदेश न्यूज

**एक ऑफिस ऐसा भी**

**जल निगम ग्रामीण के दफ्तर का औचक मुआयना करने पहुंचे सीडीओ हुए अवाक**

**निरीक्षण के दौरान प्रशासनिक अधिकारी समेत गैरहाजिर 14 से स्पष्टीकरण तलब**

**वाराणसी।** वरुणापुल क्षेत्र में ग्रामीण क्षेत्र के लिए संचालित अधिशासी अभियंता उत्तर प्रदेश जल निगम कार्यालय का गुरुवार से पहले कब मौका-मुआयना किया गया था, यह कर्मचारियों को भी याद नहीं। उसी का नतीजा है कि इस दफ्तर का नजारा आज भी पुराने दौर के किसी सरकारी ऑफिस की तरह दिखता है। सीडीओ हिमांशु नागपाल गुरुवार को औचक मुआयने पर यहां पहुंचे तो कुछ ऐसा ही दृश्य था। उन्होंने कार्यालय के प्रशासनिक अधिकारी समेत गैरहाजिर 14 लोगों ने स्पष्टीकरण तलब किया है। वहीं, परिसर की तस्वीर बेहतर बनाने के लिए सात दिन की मोहलत दी है।

मुख्य विकास अधिकारी दिन में 11 बजे इस दफ्तर में पहुंचे। मौके पर अधिशासी अभियंता राजीव कुमार, सहायक अभियंता अमित कुमार वगैरह मौजूद थे। कार्यालय में गंदगी थी। साफ-सफाई पर ध्यान नहीं दिया जाता। पत्रावलियां बेतरतीब ढंग से आलमारी के ऊपर रखी दिखीं। पत्रावलियों एवं अभिलेखों का रख-रखाव सही नहीं था। किसी भी कर्मचारी के टेबल पर उसका नेमप्लेट नहीं लगाया गया है। इस पर श्री नागपाल ने अधिशासी अभियंता को निर्देश दिया कि निष्प्रयोज्य अभिलेखों की नियमानुसार बीडिंग करायी जाए ताकि ऑफिस में अनावश्यक रूप से फाइलों, अभिलेखों और पत्रावलियों का ढेर न लग सके। उन्होंने आलमारियों के बाहरी हिस्से पर संबंधित पत्रावलियों का इंडेक्स बनाकर चस्पा कराने को कहा। साथ ही प्रत्येक टेबल पर संबंधित कर्मचारी का नेमप्लेट तत्काल लगवाया जाय। दफ्तर के निरीक्षण के दौरान यह खुलासा भी हुआ कि मुख्यमंत्री की निगरानी में संचालित आईजीआरएस/ शिकायत पटल की जिम्मेदारी हेल्पर संभाल रहा है। वहीं, कार्यालय में आने वाली प्राप्त शिकायतों का रजिस्टर बनाया ही नहीं गया है। इस पर मुख्य विकास अधिकारी ने सख्त नाराजगी जताते हुए कहा कि यह उचित नहीं है। उन्होंने निर्देश दिया कि आईजीआरएस का दायित्व किसी वरिष्ठ या कनिष्ठ सहायक को तत्काल सौंपते हुए तुरंत ही शिकायत रजिस्टर बनवाएं। आईजीआरएस में प्राप्त शिकायतों का अधिशासी अभियंता प्रतिदिन स्वयं अनुश्रवण कर गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण कराएं। सीडीओ एक सप्ताह का अल्टीमेटम देते हुए चेताया कि सात दिन बाद दोबारा मुआयना होगा और उस दौरान यदि संबंधित खामियां दूर नहीं की गईं तो अधिशासी अभियंता के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।



सीडीओ हिमांशु नागपाल ने गुरुवार को वरुणापुल क्षेत्र स्थित उत्तर प्रदेश जल निगम ग्रामीण कार्यालय का आकस्मिक निरीक्षण किया

### इनसे मांगा स्पष्टीकरण

जयदीप जायसवाल प्रशासनिक अधिकारी, हरिओम सिंह प्रधान सहायक, महेश कुमार मिश्र वरिष्ठ सहायक, विजय कुमार द्विवेदी कनिष्ठ सहायक, संध्या पत्रवाहक, सुनीता पत्रवाहक, काशीनाथ डाकसर, सुधीर देवी हेल्पर, मीना देवी चौकीदार, नीलम श्रीवास्तव ट.आर., रीतेश कुमार पाल चौकीदार, नवनीत कुमार श्रीवास्तव हेल्पर, राजेंद्र प्रसाद वर्क एजेंट, राजेश रंजन डाटा इंट्री ऑपरेटर।

# मानवता की सेवा के लिए जीवन समर्पित

**वाराणसी।** अन्नपूर्णा मंदिर व मठ के महंत एवं पीठाधीश्वर शंकरपुरी महराज का गुरुवार को 51वां जन्मदिन मनाया गया। इस मौके पर हवन व पूजन का कार्यक्रम हुआ जिसमें भारी संख्या में लोगों ने भागीदारी की। कार्यक्रम की शुरुआत देवी अन्नपूर्णा के पूजन से हुआ। इसके साथ ही बटुकों ने 51 दीप प्रज्वलित किये। इस मौके पर भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें भारी संख्या में भक्तों ने भाग लेकर प्रसाद ग्रहण किया। इसके साथ ही फल व वस्त्र का भी वितरण किया गया। अन्नपूर्णा मंदिर के प्रबंधक काशी मिश्र ने कहा कि महंत शंकरपुरी सनातन धर्म व संस्कृति के संरक्षण तथा सामाजिक सेवा व शिक्षा क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान कर रहे हैं। जो सभी के लिए प्रेरणास्रोत हैं। उनका कहना है कि समाज कल्याण व मानवता की सेवा के लिए मेरा जीवन समर्पित रहेगा। उनके द्वारा गरीब, असहाय, जरूरतमंदों की सेवा के लिए संचालित विभिन्न सेवा प्रकल्प सभी को प्रेरणा देते हैं। इस मौके पर मुख्य रूप से प्रदीप श्रीवास्तव,धीरेंद्र सिंह, राकेश तोमर, अम्बिका शुक्ला समेत संत समाज व भक्त मौजूद रहे।




रिटेल डायरेक्टरी



# वाराणसी व चंदौली में लगेंगी नयी औद्योगिक इकाईयां

**तैयारी**

**यूपीसीडा की इंवेस्टर्स समिट एवं संगोष्ठी में उद्यमियों को दी गयी जानकारी**

**वाराणसी क्षेत्र से अब तक 2500 करोड़ के निवेश के लिए एमओयू साइन**

**वाराणसी।** यूपीसीडा के क्षेत्रीय प्रबंधक आशीष नाथ ने बताया कि वाराणसी और चंदौली में कई औद्योगिक इकाईयां स्थापित होगी। जिसमें खाद्य प्रसंस्करण, इंजीनियरिंग, बायो फ्यूल्स आदि की इकाई लगायी जाएगी। इसके लिए उद्यमियों ने काफी रूचि दिखाई है। ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट (जीआईएस)-2023 के लिए यूपीसीडा ने वाराणसी क्षेत्र से अब तक 2500 करोड़ के निवेश के लिए एमओयू साइन किया है। उन्होंने यह जानकारी रामनगर औद्योगिक एसोसिएशन के सभागार (ओंकार भवन-राजेंद्र बिहार कॉलोनी) में गुरुवार को आयोजित इंवेस्टर्स समिट एवं उद्यमी संगोष्ठी में दी।

क्षेत्रीय प्रबंधक ने कहा कि औद्योगिक क्षेत्रों में बेहतर अवस्थापना सुविधाओं को प्रदान करते हुए औद्योगिक विकास के लिए बेहतर वातावरण प्रदान किया जा रहा है। उन्होंने उद्यमियों व निवेशकों से अधिक से अधिक निवेश करने का अनुरोध किया। यूपीसीडा के महाप्रबंधक (अभियंण) एके अरोड़ा ने औद्योगिक क्षेत्र रामनगर एवं एग्रो पार्क करखियांव के उद्यमियों की सुविधा एवं मांग के अनुरूप उपलब्ध करायी गयी सुविधाओं मसलन रोड, नाली के उच्चीकरण, स्ट्रीट लाइटों व हाई मास्ट, सामुदायिक शौचालय आदि की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सभी औद्योगिक क्षेत्रों में बेहतर सुविधाएं प्रदान करने के लिए संस्था प्रतिबद्ध है। वरिष्ठ प्रबंधक (सिविल) आरके चौहान ने बताया कि रामनगर फेज-वन में 300 लाख की लागत से रोड निर्माण कराया जा चुका है। जबकि एक हजार लाख की लागत से आरसीसी ड्रेन, 20 लाख की लागत से सामुदायिक शौचालय एवं 50 लाख की लागत से सीएफसी बिल्डिंग के रिन्यूवेशन कार्य कराया जाना प्रस्तावित है। जबकि रामनगर फेज-टू में 18 लाख की लागत से सामुदायिक शौचालय, 43 लाख से सीएफसी बिल्डिंग, 468 लाख से फायर स्टेशन व 422 लाख से आरसीसी ड्रेन कार्य प्रस्तावित है। इसी प्रकार, एग्रो पार्क करखियांव में 472 लाख से आरसीसी ड्रेन, 20 लाख से सामुदायिक शौचालय व 28 लाख से रोड फर्नीचर का कार्य होगा। वरिष्ठ प्रबंधक (विद्युत) डीके जैन ने बताया कि रामनगर फेज-वन, टू व करखियांव में प्रकाश मार्ग व्यवस्था के लिए 44 लाख का वार्षिक अनुरक्षण अनुबंध किया जा रहा है। इसके अलावा रामनगर फेज वन व टू में 33 लाख व करखियांव में 34 लाख की लागत से स्ट्रीट लाइटों व हाई मास्ट के उच्चीकरण का कार्य कराया जा रहा है। अध्यक्ष देव भट्टाचार्य ने उद्यमियों से अधिक से अधिक निवेश करने की अपील की।

बैठक में मनोज मद्धेशिया, हरिवंश सिंह, सतीश गुप्ता, अमित गुप्ता, पंकज बिजलानी, राकेश अग्रवाल, अजय राय, भरत जोतवानी, परेश सिंह, वीरेंद्र यादव, श्याम अग्रवाल, राजेश जैसवाल, संजय लखमानी आदि उपस्थित थे।



रामनगर औद्योगिक एसोसिएशन की संगोष्ठी में बोलते यूपीसीडा के अधिकारी

# मोटे अनाज के प्रति लोगों को करेंगे जागरूक

जनसंदेश न्यूज

**वाराणसी।** मोटा अनाज यानि मिलेट्स को आमलोगों के बीच लोकप्रिय बनाने और उसका अधिक से अधिक उपयोग करने की प्रेरणा देने के उद्देश्य से यूनाइटेड नेशंस जनरल असेंबली ने आगामी 2023 का वर्ष 'इंटरनेशनल मिलेट ईयर' के तौर पर मनाने का फैसला लिया है। उसी क्रम में 17 दिसंबर को पूर्वाह्न दस बजे यूपी कॉलेज मैदान में 'ईट राईट मिलेट मेला' लगेगा। सहायक आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं अभिहित अधिकारी संजय प्रपात सिंह ने यह जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि मिलेट्स की उपयोगिता लगातार सर्वमान्य होती जा रही है। वर्तमान में गेहूं, चावल जैसे प्रचलित अनाज के प्रयोग से उच्च रक्तचाप, मधुमेह आदि बीमारियां आम हो गयी हैं वहीं मोटे ज्वार, बाजरा, कोदो, कंगनी, मंडुआ, रागी, भांगर आदि मोटे अनाज का प्रयोग स्वास्थ्यवर्धक साबित हो रहा है। श्री सिंह के मुताबिक भारतीय खाद्य संरक्षा एवं मानक प्राधिकरण भारत सरकार की ओर से मिलेट के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए 'ईट राईट मिलेट मेला' के आयोजन किये जा रहे हैं। आगामी शनिवार को

**कवायद**

**यूपी कॉलेज में कल आयोजित होगा 'ईट राइट मिलेट मेला'**

आयोजित मेले में नुक्कड़ नाटक व क्विज आदि की होंगे। वहीं, मोटे अनाज से तैयार स्वादिष्ट व्यंजन तय रेट पर पेश किये जाएंगे। मौके पर खाद्य पदार्थों में मिलावट की जांच की सुविधा भी उपलब्ध रहेगी।

## प्रो. अनुराग मानविकी के संकायाध्यक्ष

वाराणसी। महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ प्रशासन ने हिंदी एवं अन्य भारतीय भाषा विभाग के प्रो. अनुराग कुमार को मानविकी संकाय का संकायाध्यक्ष नियुक्त किया है। जो 19 दिसंबर के अपराहन से तीन वर्ष के लिए संकाय के संकायाध्यक्ष पद पर रहेंगे।

मानविकी संकाय के संकायाध्यक्ष प्रो. योगेंद्र सिंह के 19 दिसंबर से सेवा निवृत्त होने पर विश्वविद्यालय प्रशासन की ओर से यह जिम्मेदारी प्रो. अनुराग को दी गई। उक्त जानकारी जनसंपर्क अधिकारी डॉ. नवरत्न सिंह ने दी है।

# कैंपस प्लेसमेंट में 23 छात्रों का हुआ चयन

**वाराणसी।** काशी विद्यापीठ में गुरुवार को विश्वविद्यालय के 23 छात्रों को कैंपस प्लेसमेंट के तहत चयनित किया गया। चयनित छात्र ब्रांच ऑपरेशन मैनेजर व असिस्टेंट ब्रांच ऑपरेशन मैनेजर के पद पर काम करेंगे। प्रबंधशास्त्र अध्ययन संस्थान के निदेशक प्रो. अशोक कुमार मिश्र ने बताया कि उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक द्वारा कैंपस प्लेसमेंट का आयोजन किया गया था, जिसमें 23 छात्र-छात्राओं का चयन ब्रांच ऑपरेशन मैनेजर एवं असिस्टेंट ब्रांच मैनेजर के पद पर हुआ है। बताया कि गत वर्ष (2021-22) में एमबीए के लगभग 85 प्रतिशत से अधिक छात्र-छात्राओं को कैंपस सेलेक्शन के माध्यम से रोजगार मिला। इस सत्र की शुरूआत में ही 23 छात्रों का चयन हो गया है। इसी बैच के तीन और छात्रों का चयन हाइक एजुकेशन में असिस्टेंट मैनेजर के पद पर हो चुका है। अभी कई कंपनियां प्लेसमेंट के लिए आने वाली हैं, आशा है कि इस वर्ष भी 85 प्रतिशत से अधिक छात्रों का चयन विभिन्न कंपनियों में हो जाएगा। इसमें संस्थान के सभी अध्यापकों डॉ. रीना शुक्ला, विवेक कुमार श्रीवास्तव और डॉ. चित्रसेन गौतम ने अपना योगदान दिया। इसमें डॉ. दीलीप कुमार सिंह एवं डॉ. अभिषेक कुमार सिंह का विशेष योगदान रहा। कुलपति प्रो. आनंद कुमार त्यागी ने छात्र-छात्राओं के चयन पर हर्ष व्यक्त करते हुए उनके सुनहरे भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी।

# पालिका परिसर में कूड़ा डंप होने से आक्रोश

**लोग गुस्से में**

**अधिसाशी अधिकारी को पत्र न सौंप पाने पर जताई नाराजगी, दी चेतावनी**

**रामनगर।** पालिका प्रशासन द्वारा पालिका परिसर के अंदर भारी संख्या में गंदा कूड़ा डंप करने से लोगों और रजिस्ट्री ऑफिस के कर्मचारियों में भारी आक्रोश है। इसे लेकर गुरुवार को पालिका के अधिशासी अधिकारी शिकायत पत्र सौंपने पहुंचे लोगों ने उनकी अनुपस्थिति पर नाराजगी जताई और आंदोलन की चेतावनी दी।

पालिका के चारों ओर भारी आबादी और ठीक बगल में रजिस्टार ऑफिस होने के बावजूद पालिका प्रशासन द्वारा लोगों के जिंदगी के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। जिससे रजिस्ट्री ऑफिस के कर्मचारियों में पालिका प्रशासन के खिलाफ भारी आक्रोश है। लोगों का कहना है कि पालिका प्रशासन इन दिनों रजिस्ट्री ऑफिस के ठीक बगल में पालिका बाउंड्री के अंदर भारी संख्या में कूड़ा डंप कर रहा है, जिससे रजिस्ट्री ऑफिस में आने वाले लोगों को दुर्गंध के कारण जीना दुश्वार हो गया है। गुरुवार को दर्जनों लोगों ने रामकुमार यादव एडवोकेट के नेतृत्व में पालिका के अधिशासी अधिकारी से मिलकर शिकायत की, लेकिन उनसे मुलाकात नहीं होने से सभी ने नाराजगी जताई। इस दौरान चेतावनी देते हुए कहा कि अगर कूड़ा डंप ऐसे ही होता रहा तो संक्रमण फैलने से बीमारी फैल जाएगी। सभी सड़क पर उतरने के लिए बाध्य होंगे। मौके पर रामकुमार यादव राजु, रामचंद्र मौर्या, पप्पू यादव, सहित दर्जनों लोग मौजूद रहे।



फैला बेतरतीब कूड़ा

## ढाका में किसान मेला आज

**चौबेपुर।** नमामि गंगे योजना के तहत गंगातट पर स्थित ढाका गांव में शुक्रवार को जैविक किसान मेला लगेगा। आयोजन में स्थानीय समेत मोलनापुर, कैथी, चंद्रावती एवं गौरा उपरवार के किसान हिस्सा लेंगे। कार्यक्रम के तहत कृषि वैज्ञानिक कृषकों को जैविक खेती की नयी तकनीकों की जानकारी बी देंगे। एडीओ कृषि कैलाश मौर्य ने यह जानकारी दी।

# खुद को असहाय न समझें एफपीओ के किसान

जनसंदेश न्यूज

**कार्यशाला**

**कृषक उत्पादन संगठनों की मंडल स्तरीय एकदिनी ट्रेनिंग वर्कशॉप में विशेषज्ञों ने दिया प्रशिक्षण**

**एफपीओ के जरिये किसान गुणवत्तायुक्त उत्पादन कर बढ़ा सकते हैं अपनी आय : कौशल राज**

**वाराणसी।** कमिश्नर कौशल राज शर्मा ने कहा है कि कृषक उत्पादन संगठन यानि एफपीओ के जरिये किसान जैविक खेती कर गुणवत्तायुक्त उत्पादन स्थानीय बाजारों समेत देश-विदेश में निर्यात कर अपनी आय बढ़ा सकते हैं। उन्हें बाजार की मांग के अनुसार खेती करने की विधियों की जानकारी देनी चाहिए। साथ ही मार्केटिंग, एक्सपोर्ट, बैंक लोन व पूंजी लगाने आदि के बारे में बताने की जरूरत है। तभी एफपीओ की सार्थकता सिद्ध होगी।

आयुक्त सभागार में गुरुवार को एफपीओ के लिए आयोजित मंडल स्तरीय एकदिनी प्रशिक्षण कार्याशाला को श्री शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित कर रहे थे। लखनऊ मैनेजमेंट एसोसिएशन की ओर से इवोक इंडिया फाउंडेशन के सहयोग से यह कार्यक्रम था। कमिश्नर ने कहा कि उत्तर प्रदेश देश का पहला ऐसा राज्य है जहां एफपीओ शक्ति पोर्टल लॉन्च किया गया है और जनपदस्तर पर मुख्य चुनौतियों को देखते कई विषयों के विशेषज्ञ शामिल किये गये हैं। एफपीओ के तहत बिचौलियों को दरकिनार कर छोटे किसानों को संगठित कर अधिक से अधिक कृषकों को लाभ पहुंचाने का प्रयास है।

इस मौके पर विशेषज्ञों ने बताया कि सभी एफपीओ प्रोफेशनल ढंग से कार्य करना होगा। किसान स्वयं को असहाय न समझें। जितना ज्यादा जोखिम लेंगे उतना ही अधिक आर्थिक लाभ मिलेगा। प्रतिदिन के आय-व्यय को नोट करें। स्वयं के प्रयास से गठित एफपीओ में शेयर होल्डर्स को लाभ देना बेहद जरूरी है। एफपीओ बनाने से पहले बोर्ड के सदस्यों के आर्थिक लेन-देन की स्थिति अवश्य देखनी चाहिए। यदि बोर्ड मेंबर्स के लेन-देन का रिकॉर्ड सही नहीं है तो किसी भी स्थिति में कहीं से भी आर्थिक सहयोग नहीं मिलेगा। उन्होंने बताया कि तय कार्यों के अनुपालन में देरी होने पर नुकसान की आशंका रहेगी। उत्पादन उच्च कोटि का और भरोसेमंद होना चाहिए। प्रत्येक एफपीओ को अपनी वेबसाइट बना लेनी चाहिए। आयोजन में कई अन्य बिंदुओं पर भी प्रशिक्षण दिया गया। जिला कृषि अधिकारी संगम सिंह मौर्य के संचालन में इस मौके पर एवोक इंडिया फाउंडेशन के अध्यक्ष एवं संस्थापक प्रवीण कुमार द्विवेदी, पराग डेयरी के आलोक प्रताप सिंह, अंबरीष श्रीवास्तव, संयुक्त निदेशक कृषि आदि ने भी जानकारी दी। उप निदेशक कृषि अखिलेश कुमार सिंह ने आभार व्यक्त किया।



आयुक्त सभागार में गुरुवार को कृषक उत्पादन संगठनों की मंडल स्तरीय कार्यशाला में कमिश्नर कौशल राज शर्मा की मुख्य उपस्थिति रही

# उड़ीसा की शैक्षिक टीम ने किया एक्सपोजर विजिट

**कछवांरोड।** सेवापुरी ब्लाक के ठठरा गांव स्थित पूर्व माध्यमिक विद्यालय एवं कम्पोजिट विद्यालय चित्रसेनपुर का गुरुवार को उड़ीसा के नायगढ़, खोरढा व रायगढ़ जिले के दो दर्जन शैक्षिक अधिकारियों ने एक्स्पोजर विजिट किया। इनका नेतृत्व राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद उड़ीसा के उप निदेशक मनोरंजन महापात्र कर रहे थे। उनके साथ डायट रायगढ़ के प्राचार्य डॉ. सुभाष चंद्र दास, डायट खोरढा के प्राचार्य डॉ. तपन कुमार आदि भी है। उप निदेशक ने ठठरा विद्यालय के विजिटर रजिस्टर पर लिखा-सुसज्जित इन्फ्रा संरचना, स्मार्ट क्लास और स्वच्छ वातावरण वाला उत्कृष्ट स्कूल। खण्ड शिक्षा अधिकारी सेवापुरी संजय कुमार यादव के साथ राजीव सिंह, अखिलेश्वर प्रसाद गुप्ता, एआरपी डॉ. आलोक त्रिपाठी ने टीम को विद्यालयों का अवलोकन कराया। इस दौरान टीम ने बच्चों से भी बातचीत की व सवाल भी पूछे। इस दौरान प्रधानाध्यापक चंद्रबली पटेल व रितेश कुमार, रचना सिन्हा, वंदिता पांडेय, कृष्णा कपिल पांडेय, अनीता राय, डॉ. उमाशंकर वर्मा आदि उपस्थित थे।





काशी तमिल संगमम में करतब दिखाता कलाकार

# अमेरिका में ऑनलाइन संस्कृत शिक्षा केंद्र होगा स्थापित

**प्लान**

**संपूर्णानंद कार्यपरिषद की बैठक में लिया गया फैसला, अध्यापकों के चयन के लिए गाइडलाइन भी स्वीकृत**

**वाराणसी।** संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. हरेराम त्रिपाठी की अध्यक्षता में गुरुवार को कार्यपरिषद की बैठक आयोजित हुई। जिसमें संस्कृत महाविद्यालयों के नियुक्तियों में पारदर्शिता और अमेरिका में ऑनलाइन संस्कृत शिक्षण केंद्र की स्थापना पर फैसला लिया गया।

संस्कृत महाविद्यालयों में अध्यापकों के नियुक्तियों के संबंध में दो चरणों में चयन प्रक्रिया करने से पारदर्शिता होगी, जिसमें प्रथम चरण-परीक्षा नियंत्रक के द्वारा कुलपति के निर्देशन में नेशनल टेस्टिंग एजेंसी भारत सरकार,न ई दिल्ली से कराया जाय। जिसका अंक 100 बहुविकल्पीय प्रश्न हो और इसके मेरिट के आधार पर प्रत्येक महाविद्यालय में पदों के हिसाब से साक्षात्कार की प्रक्रिया की जाए। वहीं संस्कृत के व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए अमेरिका में ऑनलाइन संस्कृत शिक्षण केंद्र खोलने पर कार्यपरिषद ने स्वीकृति दी। इसके अलावा तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी के पदों के सापेक्ष तकनिकी पदों पर आउटसोर्शिग से नियुक्त करने पर सहमति व्यक्त की गई। बैठक में स्वामी रामभद्राचार्य दिव्यांग विश्वविद्यालय,चित्रकूट के कुलपति प्रो. योगेश चंद्र दुबे, राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज की कुलपति प्रो. सीमा सिंह के अलावा डॉ. अरुण कुमार राय, वित्तअधिकारी जेपी पांडेय, कुलसचिव केशलाल, प्रो. रमेश प्रसाद, प्रो. राजनाथ, डॉ. दिनेश गर्ग, डॉ. दिव्य चेतन ब्रह्मचारी आदि मौजूद रहे।



बैठक में वीसी प्रो. हरेराम त्रिपाठी ने मातहतों संग लिया भाग

## दो एसोसिएट प्रो. प्रोन्नत

संपूर्णानंद के डॉ. विजय कुमार पांडेय एवं डॉ. दिनेश कुमार गर्ग को कैरियर एडवांसमेंट योजनांतर्गत एसोसिएट प्रोफेसर से प्रोफेसर और डॉ. विशाखा शुक्ला को प्रोन्नति वेतनमान में प्रोन्नत किया गया। साथ ही उत्तर प्रदेश के अंदर आठ संस्कृत महाविद्यालय और प्रदेश के बाहर तीन संस्कृत महाविद्यालयों को नई मान्यता देने की स्वीकृति दी गई।

## संक्षेप

### महापौर ने 37 लाख के विकास कार्यों का किया शिलान्यास



वाराणसी। महापौर मृदुला जायसवाल ने 15 वे वित्त निगम और स्वच्छ भारत मिशन निधि से गुरुवार को तीन कार्य का शिलान्यास किया। कार्यों की कुल लागत लगभग 37 लाख रुपए है। जिसमें वार्ड नंबर 21 में चौकाघाट लकड़ी मंडी के पास 200 मीटर सीवर लाइन बिछाने के कार्य, नगर निगम निधि से वार्ड नंबर 4 शिवपुरवा में चौका निर्माण, स्वच्छ भारत मिशन योजना अंतर्गत सिगरा स्थित शहीद उद्यान पार्क में पिंक टॉयलेट का शिलान्यास किया गया। कार्यक्रम में पार्षद शशि कला सोनकर, गोपाल जायसवाल, राकेश जायसवाल, संजय जायसवाल, पार्षद प्रतिनिधि रोहित मौर्या, अजय गुप्ता, सिंधु सोनकर, पुन्नूलाल बिंद एवं भाजपा के कैंट मंडल अध्यक्ष अभिषेक वर्मा व बागेश्वरी देवी मंडल अध्यक्ष सिद्धनाथ शर्मा, पदाधिकारी नंदलाल वर्मा, गोपाल मौर्य, संतोष मौर्य और दीपक गुप्ता आदि मौजूद रहे।

### यातायात में बाधक बने सेल्फी प्वाइंट को हटवाया

वाराणसी। नगर निगम प्रवर्तन दल द्वारा अस्सी घाट पर अवैध रूप से मूर्ति लगाकर सेल्फी प्वाइंट बनाकर यातायात बाधित करने वालों पर गुरुवार को कार्रवाई की गई। जिसमें अतिक्रमण निरीक्षक संजय श्रीवास्तव ने टीम के साथ अवैध रूप से बनाए गए सेल्फी प्वाइंट को हटवा दिया। वहीं रवींद्र पुरी क्षेत्र से क्रसेंट विला के पास सड़क किनारे अवैध रूप से रखा हुआ काउंटर व अन्य सामान जब्त किया, नगर स्वस्थ अधिकारी डॉ. एनपी सिंह द्वारा प्राप्त निर्देश का अनुपालन करते हुए वीआईपी आगमन के दृष्टिगत लंका क्षेत्र में सभी वेंडरों को दोपहर तक वेंडिंग जोन खाली करने के लिए निर्देशित किया गया, सुंदरपुर क्षेत्र में सभी वेंडरों को मार्ग हटवा कर व्यवस्थित करवाया गया। साथ ही वीआईपी आगमन के दृष्टिगत सभी दुकानदारों और वेंडरों को साफ सफाई रखने के लिए निर्देशित भी किया गया।



### मास्टर ट्रेनरों को किया प्रशिक्षित



वाराणसी। आगामी नगर निकाय निर्वाचन के लिए चयनित मास्टर ट्रेनरों को गुरुवार को प्रशिक्षण दिया गया। विकास भवन सभागार में यह आयोजन दो सत्रों में था। इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी विजय कुमार, प्राचार्य डायट उमेश शुक्ल और जिला प्रशिक्षण अधिकारी विमल सिंह 84 सामान्य मास्टर ट्रेनरों को प्रशिक्षित किया। उसके बाद कार्यदेशक नित्यानंद कौशिक एवं आईटीआई करौंदी के अनुदेशक मातादयाल श्रीवास्तव ने 83 ईवीएम मास्टर ट्रेनरों को प्रशिक्षण दिया।

### वीडीए ने 10 बीघे अवैध प्लाटिंग कराया ध्वस्त



वाराणसी। विकास प्राधिकरण (वीडीए) की प्रवर्तन टीम ने गुरुवार को 10 बीघा अवैध प्लाटिंग के विरुद्ध ध्वस्तिकरण की कार्यवाही की। जिसमें नगवां वार्ड के अंतर्गत आलोक सिंह कालोनाइजर द्वारा ग्राम बच्छाव पर बिना ले-आउट स्वीकृत कराये लगभग 10 बीघा में अवैध प्लाटिंग विकसित की गई थी। अवैध प्लाटिंग के विरुद्ध प्रवर्तन टीम द्वारा ध्वस्तिकरण की कार्रवाई की गई। इस दौरान प्रवर्तन टीम के साथ जोनल अधिकारी चंद्रभानु और क्षेत्रीय अवर अभियंता जय प्रकाश गुप्ता मौजूद रहे।

### एसडीएम ने असहायों में बांटे कंबल

पिंडरा। स्थानीय तहसील क्षेत्र की एसडीएम अंशिका दीक्षित ने गुरुवार की रात में गांवों और कस्बों का दौरा कर जरूरतमंदों को कंबल वितरित किया। वह पिंडरा कस्बा स्थित मलिन बस्ती समेत सड़क के किनारे झुग्गी-झोपड़ियों और टेंट लगाकर रह रहे खानबदोश परिवारों को कंबुल उपलब्ध कराया। उन्होंने बीते बुधवार को बाबतपुर क्षेत्र में भी यह अभियान चलाया था। एथाडीएम ने बताया कि लेखपालों को इलाके के विभिन्न गांवों में असहायों और गरीब तबके के लोगों को कंबल मुहैया कराने के निर्देश दिया गया है।



### पेंशनर्स दिवस कल आयुक्त सभागार में

वाराणसी। आगामी 17 दिसंबर को कमिश्नरी सभागार में दिन में 11.30 बजे 'पेंशनर्स दिवस' का आयोजन होगा। उसमें जनपद के सभी कार्यालयाध्यक्ष या उनकी ओर से नामित राजपत्रित अधिकारी हिस्सा लेकर पेंशनर्स की समस्याओं का त्वरित निस्तारण करेंगे। मुख्य कोषाधिकारी एसके गौतम ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जिलाधिकारी एस. राजलिंगम ने प्रत्येक कार्यालय अध्यक्षों को आगामी शनिवार को आयोजित होने वाले पेंशनर्स दिवस में अनिवार्य रूप से शामिल होने का निर्देश दिया है। कार्यक्रम में जनपद के सभी पेंशनर्स संगठनों के पदाधिकारी भी सम्मिलित होंगे।

### लापरवाह सचिवों का दिसंबर का वेतन रोका

काशी विद्यापीठ। स्थानीय ब्लॉक की खंड विकास अधिकारी डॉ. रक्षिता सिंह ने गुरुवार को एक समीक्षा बैठक के दौरान लापरवाह सचिवों का इस माह का वेतन रोक दिया। मीटिंग में वह ग्राम सचिवों और पंचायत सहायकों के कार्यों की प्रगति की जानकारी ले रही थीं। इस दौरान ग्राम पंचायतों का ओआरएस खाता खोलने में सचिवों के स्तर पर सुस्ती पायी गयी। इस बारे में सचिवों को पूर्व में चेतावनी दी जा चुकी थी। बीडीओ ने बैठक में गैरहाजिर अलाउद्दीनपुर, बच्छांव, भरथरा, डाफी, धन्नीपुर, हरिहरपुर, केसरीपुर, महमूदपुर समेत 17 गांवों के पंचायत सहायकों का एक दिन का मानदेय भी रोक दिया। उन्होंने आयुष्मान गोल्डेन कार्ड बनाने की प्रगति शून्य पाए जाने पर बखरिया, घमहापुर, कोटवां समेत आठ गांवों के पंचायत सहायकों का मानदेय आगामी आदेश तक रोकने का फैसला लिया।

### स्वामित्व योजना के लिए ड्रोन से किया सर्वे

चौबेपुर। राजस्व विभाग की टीम ने गुरुवार को 'स्वामित्व योजना' के तहत स्थानीय क्षेत्र के कैथी गांव में ड्रोन कैमरे से आबादी की भूमि का घरौनी तैयार करने के लिए सर्वेक्षण किया। इसी क्रम में इलाके के कई अन्य गांवों में भी सर्वे हुआ। टीम का यह कार्य ग्रामीणों के लिए उत्सुकता का विषय रहा। ड्रोन कैमरा देखने के लिए भीड़ जुट गयी। टीम के सदस्यों ने बताया कि घरौनी में संपत्ति के स्वामी का जिला, तहसील, ब्लॉक, थाना, ग्राम पंचायत का नाम दर्ज होगा। उसमें प्रत्येक भूखंड का 13 अंकों का यूनिक आईडी नंबर दर्ज करेंगे। सर्वे के दौरान ड्रोन कैमरे से गांव के मकान आदि कैद किये गये। राजस्व एवं ड्रोन टीम ने 120 मीटर ऊपर से दो किमी की दूरी तक ड्रोन उड़ाकर आंकलन किया। उनमें देवेंद्र यादव आदि रहे।

### एलएलबी प्रवेश परीक्षा निरस्त

वाराणसी। महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ में सत्र 2022-23 के लिए आयोजित हुई प्रवेश परीक्षा में कुछ छात्रों की ओर से सामूहिक नकल का आरोप लगाया गया था। मामला हाई कार्ट गया और मामले में सुनवाई करते हुए गुरुवार को न्यायमूर्ति सलिल कुमार राय ने प्रवेश परीक्षा में नकल के लिए विश्वविद्यालय प्रशासन को जिम्मदार करार दिया और परीक्षा निरस्त कर दी। सामूहिक नकल मामले के याचिकाकर्ता अधिवक्ता अरुण कुमार त्रिपाठी ने पक्ष रखा और याचिका दाखिल करने वालों में आकाश राय और श्रेयश मिश्रा सहित 16 छात्र रहे।

# नदी में समाहित भूमि का नहीं मिल रहा आंकड़ा

**यह है हाल**

राजस्व विभाग ने 2014-15 तक ही दर्ज की है स्थिति

जनसंदेश न्यूज

**बैरिया।** बरसात के दिनों में गंगा एवं सरयू नदी तटवर्ती किसानों के लिए कहर बन जाती है। केवल सरकारी आकड़ों पर ही गौर करें तो वर्ष 2008-09 से वर्ष 2014-15 तक ही तहसील प्रशासन के राजस्व विभाग ने पड़ताल कर स्थिति दर्ज किया है। वर्ष 2014-15 के बाद भी सैकड़ों किसानों का हजारों एकड़ उपजाऊ भूमि सरयू व गंगा नदी में धराशाई हो गयी है, लेकिन तहसील प्रशासन के रिकार्ड में यह आंकड़ा दर्ज नही किया गया है।

ऐसे में तहसील प्रशासन ने वर्ष 2008-09 से 2014-15 तक जो आंकड़ा दर्ज किया है, उसके मुताबिक बीते पांच वर्षों में ही 58.896 हेक्टेयर कृषि योग्य भूमि गंगा व सरयू में विलीन हुआ है। यह तो सरकारी आंकड़ा है, लेकिन हकीकत में हर वर्ष ही सैकड़ों हेक्टेयर जमीन गंगा व सरयू में समा जाती है। बहुत से किसान जानकारी के अभाव में सहायता राशि से वंचित रह जाते हैं। कटान के कारण तहसील क्षेत्र के तटवर्ती लोग बेघर होकर दर-दर की ठोकर खा रहे हैं। उपजाऊ भूमि कटने से किसानों की कमर टूटती जा रही है। वहीं, शासन-प्रशासन की लापरवाही साफ झलक रही है। वैसे तो हर साल तकरीबन सौ हेक्टेयर उपजाऊ जमीन नदियों में समा जाती हैं, लेकिन प्रशासन इसे कागजों पर नहीं दर्शाता। तहसील का क्षेत्रफल लगातार सिमटता जा रहा है। बैरिया तहसील का क्षेत्रफल 42 हजार 213 वर्ग हेक्टेयर है। सिंचित भूमि 17 हजार 363 हेक्टेयर एवं असिंचित भूमि 12 हजार 913 हेक्टेयर है। 34 हजार 76 हेक्टेयर में आबादी है। इसी तरह अनुपयोगी भूमि आठ हजार 461 हेक्टेयर है।

## वर्षवार नदी में समाहित भूमि

**बैरिया।** सरकारी आंकड़ों के मुताबिक वर्ष 2008-09 में 11.212 हेक्टेयर, वर्ष 2009-10 में 05.50 हेक्टेयर, वर्ष 2011 में 21.30 हेक्टेयर व 2011-12 में 9.128 हेक्टेयर भूमि घाघरा तथा गंगा में समा गया है। वर्ष 2012-13 में बहुआरा मौजा का 1.756 हेक्टेयर भूमि गंगा नदी की भेंट चढ़ गई। वर्ष 2014-15 में करीब 10 हेक्टेयर से ऊपर जमीन गंगा नदी की भेंट चढ़ गई।

## किसानों को नहीं मिला मुआवजा

**बैरिया।** तहसील प्रशासन ने ऊंट के मुंह में जीरा के समान घरभसी वाले लोगों को सहायता राशि दिया, जबकि इस वर्ष के दर्जनों लोगों के आशियाने गंगा नदी में समा गया। अभी तक उन्हें फूटी कौड़ी नहीं मिली। जिन किसानों की भूमि को गंगा व घाघरा नदी निगल गई है, उन किसानों को मुआवजा देना उचित नहीं समझा। आज तक किसानों को एक भी रुपया नसीब नहीं हुआ। वहीं, न ही लेखपालों ने कितनी भूमि कटान की भेंट चढ़ी? इसका पड़ताल ही किया।

## प्रशासन को नहीं पता कि कहां-कहां हो रहा कटान

**बैरिया।** स्थानीय तहसील प्रशासन को अभी भी अंदाजा नहीं है कि कटान कहां-कहां हो रहा है। कुल कितनी भूमि घाघरा एवं गंगा की लहरों की भेंट चढ़ चुकी है। नियमानुसार तहसील के लेखपाल और कानूनगो को इलाके की जमीन की पड़ताल करनी चाहिए, लेकिन उनकी रुचि इस काम में अब तक नहीं दिखी। कई वर्षों से लगातार माझा, गोपाल नगर टाड़ी, अधिसिझुआ, भुसौला, जगदीशपुर, इब्राहिमाबाद नौबरार में जबरदस्त कटान हो रहा है। सैकड़ों एकड़ परवल का खेत नदी में विलीन हो चुका है, लेकिन जानकारी के अभाव में किसान अनुदान के लिए उप जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र नहीं देते हैं। अभी भी दर्जनों परिवारों के आशियानों पर घाघरा व गंगा नदी का खतरा मंडरा रहा है। इसकी सुधि लेने के लिए अब तक कोई जनप्रतिनिधि और प्रशासनिक अधिकारी नहीं पहुंचा है।

> गगां व सरयू नदी में जिन-जिन किसानों की भूमि समाहित हुई है, उन्हें अनुदान मिलेगा। कटान वाले इलाकों का पड़ताल करने के बाद काश्तकारों को अनुदान दिया जायेगा। काश्तकार भी आवेदन पत्र दे कर पड़ताल करा सकते है, ताकि किसानों को आर्थिक मदद दिलाया जा सके।
>
> आत्रेय मिश्र, उप जिलाधिकारी बैरिया

# नाच के दौरान मारपीट, चार बाराती घायल

**मझौवां।** बैरिया थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत दयाछपरा में बुधवार की रात्रि आई बारात में नाच देखने वालों एवं बारातियों के बीच जमकर मारपीट हो गई। इसमें बारात पक्ष के चार युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों को सीएचसी सोनबरसा पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के दौरान हालत गंभीर होने पर उनको जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। पुलिस ने मारपीट करने वालों में तीन को गिरफ्तार कर लिया। वहीं, विवाह मंडप से उठकर भाग गए दूल्हे को पुलिस ने लाकर विवाह संपन्न कराया। जानकारी के अनुसार सहतवार थाना क्षेत्र के नैना गांव से पप्पू पासवान पुत्र घुरुल पासवान की बारात दया छपरा गांव निवासी हरेराम पासवान के यहां आई हुई थी। शुरुआत में ही पहले बारातियों ने आपस में तू-तू, मैं-मैं कर झगड़ा शुरू किया। आधे बाराती द्वार पूजा के बाद ही गांव भाग निकले। फिर रात्रि 12:00 बजे के करीब जब दूल्हा मंडप में विवाह के लिए चला गया। उसी समय नाच देखने वाले मनबढ़ो व बारातियों के बीच जमकर मारपीट हो गई। नाच देखने वालों ने दर्जनों कुर्सियां तोड़ डाली और बारात में आए दूल्हे के बड़े भाई प्रधान पति लोकनाथ पासवान (35), अजय पासवान (25), करण पासवान (20), मनोज पासवान (35) निवासीगण नैना को मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिए। घटना की सूचना जब कन्या पक्ष को हुई तो दूल्हा मंडप से भाग निकला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया। पुलिस ने तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। वहीं, दूल्हे को लाकर विवाह संपन्न कराया गया।

# अध्यापक को मारपीट कर किया घायल



अस्पताल पहुंचे घायल अध्यापक

**सिकन्दरपुर।** स्थानीय थाना क्षेत्र के डूंहा गांव में गैस एजेंसी के समीप हमलावरों के हमले से 32 वर्षीय अध्यापक गंभीर रूप से घायल हो गये। सीएचसी सिकंदरपुर में प्राथमिक उपचार के दौरान हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने उनको जिला चिकित्सालय के लिए रेफर कर दिया।

भीमपुरा थाना क्षेत्र के रामपुर उधरन गांव निवासी पुष्पराज सिंह पुत्र भरत सिंह शिक्षा क्षेत्र नवानगर अंतर्गत कन्या प्राथमिक विद्यालय डुहां में रोजाना की भांति अपने गांव से बाइक द्वारा विद्यालय आ रहे थे। वह जैसे ही डूंहा गांव स्थित एचपी गैस एजेंसी के समीप पहुंचे कि पहले से घात लगाकर बैठे तीन-चार की संख्या में हमलावरों द्वारा उनके ऊपर लाठी-डंडों से हमला कर दिया गया। जब तक आस-पास के खेतों में काम कर रहे लोग कुछ समझ पाते, तब तक हमलावर वहां से फरार हो गए। घटना में पुष्पराज सिंह घायल हो गए। घायलवस्था में ही उन्हें थाने पर ले जाया गया, जहां से उन्हें इलाज हेतु सीएचसी सिकंदरपुर पहुंचाया गया। चिकित्सकों द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद स्थिति गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। सूचना पर पहुंचे अध्यापक के भाई पुष्पेंद्र सिंह ने अपने ही गांव के दो नामजद व अज्ञात लोगों के खिलाफ थाने में तहरीर दी। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक दिनेश ने बताया कि लिखित सूचना प्राप्त हुई है। पुलिस द्वारा आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

**दबंगई**

पीड़ित के भाई की तहरीर पर दो नामजद व अज्ञात पर केस

## आशा कार्यकर्त्रियों ने सीएमओ को सौंपा पत्रक

**बलिया।** सीएचसी रसड़ा के आशा कार्यकत्रियों ने अधीक्षक एवं बीसीपीएम पर उत्पीड़न, अवैध धनउगाही, विगत् तीन वर्ष से जननी सुरक्षा का भुगतान न करने एवं लाभार्थियों को एक पैसा भी नहीं दिये जाने को लेकर सीएमओ को पत्रक सौंपा। अधीक्षक व बीसीपीएम आयेदिन आशा कार्यकत्रियों को अपशब्दों का प्रयोग कर अपमानित करते हैं। मौके पर रागिनी, आशा देवी, फूलमनी, आशा, रिंकू, रेनू, राजकुमारी, संगीता, होशिला, इंदू सिंह, सुनीता सिंह, रीना देवी, गीता देवी, इंदू देवी, कालिंदी देवी, ममता देवी, निशा मौर्या, सुमन सिंह, माधुरी आदि मौजूद रहे।

# कटान पीड़ितों को आवास देने के लिए होगा सर्वे

**बैरिया।** विकास खंड मुरली छपरा के ग्राम पंचायत बहुआरा तथा चांद दियर के गंगा एवं घाघरा नदी के कटान से पीड़ित परिवारों को मुख्यमंत्री आवास योजना अंतर्गत आवास आवंटित करने के लिए जिला पंचायत सदस्य श्रीमती गीता सिंह ने आयुक्त ग्राम विकास उप्र गौरीशंकर प्रियदर्शी को पत्र भेजा था। अनुरोध की थी कि प्रदेश सरकार की मंशा के अनुरूप दैवीय आपदा से पीड़ित परिवारों को मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत आवास आवंटित किया जाय।

ग्राम सभा बहुआरा में 58 कटान पीड़ित परिवारों को उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा भूमि क्रय कर वर्ष 2020 में बसाया गया है। वही, ग्राम सभा चांद दियर में ग्राम समाज की भूमि पर इब्राहिमाबाद नौबरार के 152 पीड़ित परिवारों को बसाने हेतु पट्टा दिया गया है, जिनमें 16 पीड़ित परिवारों को अब तक कब्जा दिलाया गया है। उन्हें नियमानुसार मुख्यमंत्री आवास मिलना है। पत्र को संज्ञान में लेते हुए आयुक्त ग्राम विकास उत्तर प्रदेश जीएस प्रियदर्शी ने मुख्य विकास अधिकारी प्रवीण वर्मा को आदेशित किया है कि कटान पीड़ित परिवारों को मुख्यमंत्री आवास योजना से लाभान्वित करने हेतु सर्वे कराकर आयुक्त ग्राम विकास कार्यालय को प्रस्ताव प्रेषित किया जाए, ताकि नियमानुसार इन पीड़ित परिवारों को मुख्यमंत्री आवास योजना से आच्छादित किया जा सके। इस प्रकार 74 परिवारों को मुख्यमंत्री आवास योजना से लाभ मिल सकेगा।

**सीडीओ से किया है अनुरोधः बैरिया।** इस संबंध में कांग्रेस नेता विनोद सिंह का कहना है कि ग्राम सभा केहरपुर व गोपालपुर के कटान पीड़ित परिवारों को भी जिन्हें दया छपरा की ग्राम समाज की भूमि में पट्टा आवंटित किया गया है, उन्हें भी मुख्यमंत्री आवास योजना का लाभ दिए जाने हेतु मुख्य विकास अधिकारी प्रवीण वर्मा से अनुरोध किया गया है।

# भूमि रजिस्ट्री करने वाले काश्तकारों का स्वागत

**बैरिया।** ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस-वे के लिए भूमि रजिस्ट्री का काम शुरू हो गया है। गुरुवार को भी क्षेत्र के तीन लोगों ने अपने भूमि की रजिस्ट्री की। तीनों रजिस्ट्री करने वाले काश्तकारों का उपजिलाधिकारी आत्रेय मिश्र, तहसीलदार संजय कुमार सिंह एवं नायब तहसीलदार अजय कुमार सिंह ने स्वागत किया और उनके भूमि का पंजीकरण कराने में सहयोग किया। उप जिलाधिकारी ने बताया कि बैरिया तहसील के 16 राजस्व ग्रामों से ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस-वे गुजर रहा है। इसके लिए रजिस्ट्री का काम प्रगति पर है। उन्होंने लेखपालों व राजस्व निरीक्षकों को आदेशित किया गया है कि जब तक रजिस्ट्री का काम संपन्न नहीं होता है, तब तक लेखपाल और राजस्व निरीक्षक तहसील नहीं छोड़ेंगे। दिन में दस बजे से लेकर साढ़े चार बजे तक तहसील पर ही उपस्थित रहेंगे। अन्य कोई कार्य करने के लिए क्षेत्र में नहीं जाएंगे। यह कार्य जनहित में आवश्यक है। इसके लिए उन्होंने पत्र भी जारी किया है।

# ब्लॉक कर्मियों ने बीडीओ को सौंपा ज्ञापन

**बेल्थरारोड।** सीयर ब्लाक के कर्मचारियों ने बुधवार की देर शाम बीडीओ मधुछंदा सिंह को ज्ञापन सौंपा। उन्होंने ग्राम पंचायत तिरनई खिजिरपुर के सचिव संजय कुमार के ऊपर ग्राम प्रधान पति, उनके पुत्र एवं अज्ञात द्वारा किए गए हमले तथा सरकारी काम में बाधा पहुंचाने के मामले में नामजद एफआईआर दर्ज होने के बाद भी गिरफ्तारी न होने पर रोष जताया। साथ ही कार्य बहिष्कार करने की चेतावनी दी।

उभांव थाने में दर्ज प्राथमिकी के अनुसार सचिव संजय कुमार ग्राम पंचायत तिरनई खिजिरपुर में बीते 12 दिसम्बर को आवास के लाभार्थियों की जांच करने पहुंचे थे। आरोप है कि ग्राम के चट्टी पर प्रधान पति तथा पुत्र मिल गए और इस जांच को लेकर उलझ गए। यह भी आरोप है कि ग्राम के कुछ अन्य लोगों के साथ मारा-पीटा, जिससे सरकारी काम काज प्रभावित हो गया। इस अवसर पर सहायक विकास अधिकारी पंचायत राजेश यादव, एडीओ आईएसबी मृत्युंजय राय, वरिष्ठ सहायक दयाशंकर राय, सचिव संजय कुमार, हरिकेश, दीपचंद, उपेंद्र कुमार, अविनाश, विनोद गुप्ता, राजकुमार, चंदेश्वर, सविता देवी, श्याम प्रसाद, संतोष कुमार यादव आदि मौजूद रहे।



बीडीओ को ज्ञापन देते ब्लॉक कर्मी

## पूर्व फौजी के बेटे ने मदद को लगायी गुहार

**बलिया।** जिले के रामपुरचित गांव निवासी सुरेन्द्र सिंह पुत्र रामनाथ सिंह सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गये। वह गिरीडीह से बलिया आने के क्रम में सड़क हादसे का शिकार हो गये। उनका इलाज जेपी हास्पिटल धनबाद में चल रहा है। परिवार आर्थिक रूप से कमजोर है। इनके उपचार हेतु आर्थिक सहायता की जरूरत है। परिजनों ने आर्थिक सहायत की गुहार लगायी है। वहीं, घायल सुरेंद्र सिंह के भाई ने बताया कि हालत गंभीर है और इलाज के लिये पैसे नहीं है। आर्थिक मदद के लिये घायल के भाई शशिभूषण सिंह ने अपना एकाउंट साझा किया है।

# गंगा किनारे के नाविकों के भी बहुरेंगे दिन

जनसंदेश न्यूज

**बोले दयाशंकर सिंह**

सुरहा की तर्ज पर स्थानीय नाविकों को रोजगार के दिए जाएंगे अवसर



**बलिया।** परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने कहा कि सुरहा क्षेत्र की तरह गंगा किनारे के नाविकों के भी दिन जल्द बहुरेंगे। जिस तरह सुरहा ताल में पर्यटन को पंख दिया गया है, वैसे ही गंगा किनारे के नाविकों को भी रोजगार के भरपूर अवसर दिए जाएंगे। इसकी रुपरेखा तय की जा रही है। श्री सिंह ने बुधवार को जिले में प्रवास के दौरान कहा कि जनपद को देश के पर्यटन के मानचित्र पर लाना प्राथमिकता पर है। इसके लिए हरसंभव प्रयास होगा। पर्यटन के लिहाज से यहां अपार संभावनाएं हैं, जिसे विकसित करने का काम शुरू कर दिया गया है।

श्री सिंह ने कहा कि भृगु कारिडोर यहां पर्यटन का मुख्य केंद्र बनेगा। जल परिवहन के क्षेत्र में बलिया हर मामले में अव्वल रहेगा। इसमें स्थानीय नाविकों व निषाद जाति के लोगों को रोजगार से जोड़ना प्रमुख लक्ष्य है। सुरहा में पर्यटन के शुरू हो जाने से स्थानीय नाविकों व अन्य लोगों को रोजगार के काफी अवसर मिलेंगे। इसी तरह गंगा नदी में जलमार्ग के विकसित होने के बाद स्थानीय नाविकों को भी इसका लाभ मिलने लगेगा। इसमें आगे कटहल नाला के रास्ते गंगा नदी को सीधे सुरहा से जोड़ने का काम किया जाएगा। इसके लिए गंगा किनारे के नाविकों की सारी जानकारी जुटाने के निर्देश दे दिए गए हैं। प्रशासन से इसका भी प्रस्ताव बनाकर शासन में भेजने को कहा जाएगा। श्री सिंह ने कहा कि आने वाले समय में अपना जनपद किसी भी बड़े शहरों से कम नहीं रहेगा। कहा इसके अलावा शहर में नाली निर्माण, सीवरेज व्यवस्था आदि को भी जल्द दुरुस्त कराया जाएगा।

## दहेज हत्या का वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**बलिया।** हल्दी पुलिस ने दहेज हत्या से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। पुलिस ने अभियुक्त के खिलाफ सुसंगत धारा के तहत मुकदमा दर्ज कर न्यायालय चालान कर दिया। जानकारी के अनुसार पुलिस अधीक्षक राजकरन नय्यर द्वारा चलाये जा रहे धरपकड़ के सघन अभियान के तहत गुरूवार को थानाध्यक्ष सुनील कुमार सिंह मय फोर्स के साथ चेंकिंग तलाश व दबिश वांछित अभियुक्त में मामूर थे। इसी बीच मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर पुलिस ने दहेज हत्या से संबंधित वाछित अभियुक्त अभय यादव उर्फ सीताराम यादव पुत्र स्व. श्रीराम यादव निवासी जगछपरा, थाना हल्दी को ग्राम बेलहरी में दबिश के दौरान गिरफ्तार किया। पुलिस ने अभियुक्त के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर न्यायालय चालान कर दिया।

# ठंड में नवजात शिशुओं व बच्चों का रखें ख्याल

**बलिया।** ठंड के मौसम में नवजात शिशुओं और बच्चों के बीमार होने की आशंका बढ़ जाती है। मौसम में अचानक हो रहे उतार-चढ़ाव के बीच किसी भी तरह की लापरवाही जानलेवा साबित हो सकती है। ऐसे में अभिभावकों को नवजात शिशु एवं बच्चों का विशेष ख्याल रखने की जरूरत है। यह जानकारी जिला महिला अस्पताल प्रांगण स्थित प्रश्नोत्तर केंद्र पर तैनात वरिष्ठ नवजात शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ डा. सिद्धार्थ मणि दुबे ने दी।

कहा कि ठंड के मौसम में नवजात बच्चों एवं शिशुओं में खांसी, जुकाम, बुखार, उल्टी, पेट दर्द, दस्त जैसी बीमारियों का असर तेजी से देखने को मिल रहा है। इस मौसम में बच्चों में निमोनिया व कोल्ड डायरिया का प्रकोप बढ़ गया है।

बच्चों को ठंड से बचाने के लिए उन्हें गर्म कपड़े में लपेट कर रखें। हाथों में दस्ताने, पैरों में मोजे, सिर पर टोपी अवश्य पहनाए। जन्म से 6 माह तक के बच्चों को माताएं सिर्फ स्तनपान कराएं। कमजोर बच्चों (जिनका जन्म के समय वजन ढाई किलो से कम हो) को ज्यादा से ज्यादा समय तक मां के स्पर्श में रखें।

इससे नवजात शिशु को मां के शरीर से गर्माहट एवं उसका आहार भी मिलता रहेगा। डा. दूबे ने बताया कि शिशुओं में निमोनिया और कोल्ड डायरिया का असर बढ़ गया है।

# किशोरी से दुष्कर्म, आरोपी व उसकी मां गिरफ्तार

**बैरिया।** किशोरी के साथ दुष्कर्म करने के बाद गर्भवती होने पर दुष्कर्मी की मां द्वारा डरा-धमका कर जबरन गर्भपात कराने के मामले में रेवती पुलिस ने पीड़िता के पिता की तहरीर पर सुरेमनपुर दियरांचल के गोपालनगर निवासी आरोपित युवक तथा उसकी मां के खिलाफ बुधवार की देर रात धारा 376 (3), 313, 5/6, 16/17 आईपीसी का मुकदमा दर्ज किया है। साथ ही पुलिस ने दोनो आरोपियों को गिरफ्तार कर चालान न्यायालय कर दिया। एसएचओ रेवती हरेन्द्र सिंह के अनुसार पीड़िता के पिता बिहार के डोरीगंज में मछली पकड़ने का काम करता है और हाथ से विकलांग है। इसकी पत्नी का पहले ही निधन हो चुका है। पीड़िता घर में अकेले रहती थी। उसको बहला-फुसलाकर आरोपी युवक ने कई बार दुष्कर्म किया। पीड़िता किशोरी के गर्भवती होने पर दुष्कर्मी की माता ने धमका कर बैरिया के एक एक चिकित्सालय में ले जाकर जबरन गर्भपात करवा दिया। किशोरी की हालत बिगड़ने पर अगल-बगल के लोगों को घटना की जानकारी हुई। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गयी। मौके पर एसडीएम बैरिया आत्रेय मिश्र, चौकी इंचार्ज बैरिया अतुल कुमार मिश्रा पहुंचे और मामले की जांच की। इलाज के लिए पीड़िता को जिला महिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। वही, किशोरी का गर्भपात करने वाले अस्पताल के खिलाफ किसी तरह का मामला दर्ज नही किया जाना क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है। इधर, जबरन गर्भपात कराने वाली दुष्कर्मी की मां और दुष्कर्म के आरोपी को रेवती पुलिस ने हिरासत में लेकर चालान न्यायालय कर दिया।

# बिहार में खप रहा उत्तर प्रदेश का दूध

जनसंदेश न्यूज

**बैरिया।** उप्र का दूध बिहार में खप रहा है। इससे पशुपालकों को मुनाफा हो रहा है। उत्तर प्रदेश सरकार की उदासीनता के चलते जिला मुख्यालय अंतर्गत पराग डेयरी की जगह बिहार सरकार का सुधा डेयरी बैरिया तहसील क्षेत्र के करीब तीन दर्जन समितियों पर छा गयी है। पशुपालकों को यूपी की तुलना में बिहार से दूध का अच्छा रेट भी दिया जा रहा है।

जिला मुख्यालय अंतर्गत हनुमानगंज में स्थापित पराग डेयरी करीब एक दशक पहले तक बैरिया तहसील क्षेत्रों से दूध लिया। पशुपालक पराग की समितियों पर दूध देते थे। उन्हें समितियों के माध्यम से दूध की कीमत मिल जाती थी, लेकिन यूपी सरकार की उदासीनता की वजह से पराग की समितियां बन्द हो गयी। उसकी जगह अब बिहार सरकार के सुधा डेयरी ने क्षेत्र के झरकटहा, नवकागांव, नरायनगढ़, हनुमानगंज, चितविसाव, तिलापुर, दतहां, आसमानपुर, लमुही, गोबरही, भोजछपरा, मुराडीह, परमात्मानन्द के डेरा, दलन छपरा, टोला शिवन राय, जयप्रकाश नगर, दोकटी आदि करीब तीन दर्जन समितियों का गठन कर लिया है। हनुमानगंज सुधा समिति के सचिव अमरजीत कुमार यादव की माने तो तहसील क्षेत्र के करीब तीन दर्जन समितियों पर 10 हजार पशुपालक प्रतिदिन दोनो टाइम का करीब 200 कुंतल दूध दे रहे है। सुधा डेयरी की पिकअप से समितियों का दूध बिहार पहुंचता है। नरायनगढ़ सुधा समिति के सचिव राजेन्द्र यादव ने बताया कि पशुपालकों के दूध का पैसा हर दसवें दिन सुधा डेयरी अपने समिति के सचिव के एकाउन्ट में भेज देती है। सचिव दूध का कीमत पशुपालकों में वितरण कर देते है।

## पशुपालकों को बेचा जा रहा सुधा दाना

**बैरिया।** बिहार सरकार का सुधा डेयरी अपने समितियों के माध्यम से पशुओं के दूध में बढ़ोत्तरी के लिए सुधा दाना पशुपालकों को बेच रही है। पशुपालकों का कहना है कि सुधा दाना से दूध में बढ़ोत्तरी हो रहा है। एक दशक पहले तक यूपी सरकार अपने समितियों के माध्यम से पशुपालकों में पशु पराग बेचते थे, लेकिन अब सुधा डेयरी ने पशुओं के निवाले पर भी अपना पैर जमा लिया है।

## फैट के अनुसार मिल रही कीमत

**बैरिया।** सुधा डेयरी के सचिवों की माने तो पशुपालकों द्वारा समिति पर दिए गए दूध की फैट मापी जाती है। सुधा डेयरी से दूध का कीमत करीब 35 रुपये से 45 रुपये तक दिए जाते है। सचिव बताते है कि पश्चिम में जहां पराग का डेयरी आज भी संचालित होता है, वहां दूध की कीमत 30 रुपये से अधिक नही मिल पाती है।

## सुधा डेयरी का बिक रहा प्रोडक्ट

**बैरिया।** बिहार के सुधा डेयरी ने अपना प्रोडक्ट भी यूपी में बेचना शुरू कर दिया है। सुरेमनपुर रेलवे स्टेशन पर सुधा डेयरी का स्टाल लगा हुआ है। सुधा दूध, दही, लस्सी, मक्खन व मिठाईयों के अलावे सुधा का पानी भी बेचा जा रहा है। सुधा स्टाल के संचालक ने बताया कि गर्मी के मौसम में सुधा की लस्सी, जूस व पानी की बिक्री खूब हो रही है।

**लोगों को भा रहा यूपी का दूध :बैरिया।** गंगा व सरयू नदी के दियरा इलाके से दर्जनों दूधिया बालटा में दूध लेकर बिहार के माझी, बकुल्हा, रिबिलगंज, गौतमस्थान व छपरा, सारण तक दूध पहुंचाते है।

## संक्षेप

### पूर्व मंत्री ने किया नगर भ्रमण



**रतसर।** नव सृजित नगर रतसर कलां में गुरुवार को पूर्व मंत्री उपेन्द्र तिवारी ने भ्रमण किया। तत्पश्चात एक मैरेज हाल में बैठक करके मजबूती के साथ निकाय चुनाव लड़ने का आह्वान किया। कहा कि भाजपा जिसे प्रत्याशी बनायेगी, उसे सभी लोग मिलकर जीताने की कोशिश करेंगे। इस मौके पर सच्चिदानन्द सिंह, उपेन्द्र पाण्डेय, पूर्व प्रमुख विजय गुप्ता, पूर्व प्रधान स्मृति सिंह, मदन राजभर, राणा उदय प्रताप सिंह, नथुनी सिंह, उमेश सिंह आदि मौजूद रहे।

### शिक्षा शिरोमणि डॉ.अरविंद का भव्य स्वागत

**बलिया।** श्री मौन तीर्थ हिंदी विद्यापीठ उज्जैन द्वारा संगीत प्रवक्ता डा. अरविंद कुमार उपाध्याय को शिक्षा शिरोमणि सारस्वत सम्मान प्रदान किया गया है। गृह जनपद बलिया आने पर शिक्षकों, साहित्यकारों, कला प्रेमियों, संगीतकारों आदि ने रेलवे स्टेशन पर भव्य स्वागत किया। उक्त सम्मान श्री मौन तीर्थ हिंदी विद्यापीठ उज्जैन के द्वितीय अंतर्राष्ट्रीय अधिवेशन में दिया गया। इसमें कुल 15 राज्यों को शामिल किया गया था, जिसमें बलिया जिले से टीडी कालेज के संगीत प्रवक्ता डा. अरविंद उपाध्याय का चयन किया गया था। इस उपलब्धि पर डा. जनार्दन राय, डा. फतेहचंद बेचैन, शिवकुमार कौशिकेय, डा. शशि प्रेमदेव, डा. नवचंद तिवारी, शिवजी पांडेय, डा.संतोष प्रसाद गुप्ता, एडवोकेट विष्णुदत्त पांडेय, गुलशन प्रजापति, श्याम वर्मा, आनंद वर्मा, जगदीश वर्मा आदि ने बधाई दी है।

### सन फ्लावर सीसे में मोसब जमील का सम्मान



**रसड़ा।** सन फ्लावर सीनियर सेकेंडरी स्कूल के प्रांगण में गुरुवार को विद्यालय के छात्र मोसब जमील के एमबीबीएस प्रवेश परीक्षा में चयनित होने पर प्रबंधक एवं प्रधानाचार्य ने अंगवस्त्रम से सम्मानित किया। प्रबंधक ने कहा कि जमील ने कक्षा नर्सरी से बारहवीं की तक विद्यालय में पढ़ाई की है। उन्होंने विद्यालय परिवार का नाम रोशन किया है। विद्यालय परिवार उनका ऋणी है। प्रधानाचार्य नीरज सिंह ने कहा कि जमील ने विद्यालय परिवार का नाम स्वर्ण अक्षरों में दर्ज करा दिया है। मैं उनके पिता डा. जमील अहमद को बधाई देता हूं। इस मौके पर राजीव पांडे आदि मौजूद रहे।

### तीन खिलाड़ियों को दिया चेक



**बेल्थरारोड।** स्थानीय तहसील क्षेत्र की ग्राम सोनाडीह निवासिनी अंडर-17 वर्ष की क्रमशः नीतू पांडेय, आंचल तथा निगम को जिलाधिकारी सौम्या अग्रवाल के कैम्प कार्यालय द्वारा 10-10 हजार रुपए के चेक से सम्मानित किया गया है। कोच रामप्रकाश यादव की माने तो ये बच्चियां गुवाहाटी (असम) से नेशनल स्तर पर फुटबाल प्रतियोगिता में खेल कर वापस लौटी थी, जिनकी प्रतिभा को देखते हुए युवा भारती ट्रस्ट की ओर से डीएम ने उन्हें सम्मानित किया गया है। चेक प्राप्त करने के बाद तीनों बच्चियों ने बीडीओ मधु छंदा सिंह से मिलकर आशीर्वाद प्राप्त किया।

### अवैध शराब की भट्ठियों को पुलिस ने तोड़ा

**बलिया।** मनियर थाने के नवागत प्रभारी निरीक्षक प्रवीण कुमार सिंह ने अवैध रूप से संचालित दारू की भट्ठियों पर तोड़फोड़ की और काफी मात्रा में लहन नष्ट किया। यह कार्रवाई मनियर थाना क्षेत्र के मनियर दियरा टुकड़ा नंबर दो, घाघरा नदी के तटवर्ती इलाके दियारे में बन रही शराब की अवैध भट्ठियों पर की गई। हालांकि पुलिस की भनक पाकर शराब बनाने वाले अवैध शराब व्यवसाई भागने में सफल रहे। पुलिस ने काफी मात्रा में लहन तथा दारू बनाने के उपकरण लहन नष्ट किया। पुलिस की इस कार्रवाई से शराब तस्करों में हड़कम्प की स्थिति रही। इस कार्रवाई में मनियर थाने के नवागत एसएचओ प्रवीण कुमार सिंह, उप निरीक्षक अरुण कुमार सिंह, उपनिरीक्षक बीरबल यादव, कांस्टेबल पतिराम चौरसिया, कांस्टेबल संजीवन लाल यादव, कांस्टेबल शैलेंद्र सिंह, कांस्टेबल संजय कुशवाहा आदि मौजूद रहे।

### लोगों ने की नीलामी निरस्त करने की मांग



**बलिया।** स्थानीय थाना कोतवाली में नियम विरूद्ध गाड़ियों की नीलामी की गई। इससे नीलामी में आये लोगों में आक्रोश देखा गया। नीलामी में दो चक्का एवं चार चक्का गाड़ियों की नीलामी हुई। जानकारी के अनुसार सरकार की मंशा के अनुरूप कमेटी बनाई गई है। इस कमेटी में एक मजिस्ट्रेट, एआरटीओ, क्षेत्राधिकारी नगर शामिल है। क्षेत्राधिकारी बलिया की उपस्थिति में नालामी होनी थी। लेकिन बिना मजिस्ट्रेट की वाहनों की नीलामी की गयी। इससे मौके पर मौजूद लोगो में रोष देखा गया। लोगों ने बताया कि क्षेत्राधिकारी नगर की देखरेख में गाड़ियों की नीलामी हुई, जो नियम विरूद्ध है। नगर क्षेत्र के लोगों ने जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक से नीलमी निरस्त करने की मांग की है।

### पशुपालकों को दी गयी आवश्यक टिप्स



**मझौवां।** बेलहरी ब्लाक के प्राथमिक विद्यालय रेपुरा के पास गुरुवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय पशु आरोग्य मेला शिविर का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि ग्राम प्रधान मोती लाल चौधरी एवं विशिष्ट अतिथि कमलेश कुमार राय ने गौ-पूजन पूजन करके मेला का शुभारंभ किया। वक्ताओं ने कहा कि सूदूर ग्रामीण क्षेत्रों में ऐसे कैम्प बहुत लाभकारी है। मेले में पशुपालकों को पशुपालन के विभिन्न आयामों से संबंधित जानकारी दिया गया। उप मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी बैरिया डा. महेंद्र प्रताप सिंह चन्देल ने पशुओं में संक्रामक रोगों से बचाव हेतु टीका लगवाने, विभागीय योजनाओं जैसे गोकुल मिशन, पशुधन बीमा, कृत्रिम गर्भाधान की विस्तृत जानकारी दी। डा. ओमप्रकाश प्रजापति पशुचिकित्साधिकारी रेवती ने पशुपालक व किसानों को संबोधित करते हुए बिंदुवार टिप्स दिए। इस दौरान डा. अग्रेश सिंह यादव, डा. लालजी सिंह यादव, डा. ओमप्रकाश प्रजापति ने 427 पशुओं का इलाज कर दवा वितरण किया। इस मौके पर महेंद्र प्रताप सिंह, विनय कुमार श्रीवास्तव, ऋषि प्रकाश, अरविंद श्रीवास्तव, बालेश्वर प्रसाद, अजीत कुमार राय, अर्जुन कुमार चौधरी, प्रकाश कुमार, विनोद कुमार, कमलेश तिवारी, संजीत राय, शहबान अंसारी, शमुदीन अंसारी आदि मौजूद रहे। संचालन डा. ओमप्रकाश प्रजापति ने किया।

### गोंगपा का आठवें दिन भी जारी रहा धरना



**बलिया।** निकाय चुनाव-2022 में अनुसूचित जनजाति हेतु वार्ड सदस्य/सभासद की सीटें आरक्षित करने की मांग को लेकर गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के तत्वावधान में मॉडल तहसील के समीप जारी धरना गुरुवार को आठवें दिन भी जारी रहा। संजय गोंड ने कहा कि 2017 के निकाय चुनाव में बलिया जिले में अनुसूचित जनजाति (एसटी) हेतु कई सीटें आरक्षित की गयी थी। उसी तर्ज पर 2022 के निकाय चुनाव में भी जनजाति (एसटी) हेतु सीटे आरक्षित करना न्याय संगत होगा। अरविन्द गोंडवाना ने कहा कि उप्र निकाय चुनाव में अनुसूचित जनजाति हेतु सीटें आरक्षित करने के मुद्दे को असम कोकराझार के निर्दल आदिवासी लोकसभा सांसद नाबा कुमार सरनिया द्वारा भी संसद में प्रमुखता से उठाया गया है। गोपाल जी खरवार ने निकाय चुनाव सम्बन्धित मामले को उच्च न्यायालय द्वारा संज्ञान में लिये जाने पर धन्यवाद ज्ञापित किया। मौके पर सुमेर गोंड, परशुराम खरवार, दादा अलगू, रामनरायन, शिवसागर, दुर्गविजय, रामसेवक, मनोज, चन्द्रशेखर , अश्वनी कुमार गोंड, ओमप्रकाश, शिवशंकर, भूवनेश्वर प्रसाद, अखिलेश प्रसाद खरवार, सुरेश शाह आदि मौजूद रहे।

# धड़ल्ले से चल रहे अवैध नर्सिंगहोम

**मनमानी**

## बिना पंजीकरण व चिकित्सक के हो रहा संचालन

**बैरिया।** क्षेत्र में बिना चिकित्सक के कुकुरमुत्ते की तरह चल रहे नर्सिंग होम लोगों की जान से खिलवाड़ कर रहे हैं। इन नर्सिंगहोम में गर्भपात और भ्रूण हत्या के अलावा और कुछ भी नहीं हो रहा है। आखिर ये नर्सिंग होम किसके बलबूते पर संचालित हैं? यह लोगों में चर्चा का विषय बना हुआ है। इसकी जांच कौन करेगा और इन पर कब नकेल कसी जाएगी?

बता दें कि बैरिया, टोला शिवन राय, लालगंज, रानीगंज में अवैध नर्सिंग होम की बाढ़ आ गई है। हकीकत यह है कि इन नर्सिंग होम में कोई चिकित्सक तैनात नहीं है। बिना चिकित्सक के ही इन बाजारों में नर्सिंग होम संचालित हैं। इनका पंजीकरण भी नही है। इन नर्सिंग होम में पहुंचने वाले लोगों का शारीरिक, आर्थिक और मानसिक दोहन किया जा रहा है। इन नर्सिंग होम में कुछ संगिनी और आशाएं कमीशन की लालच में कम पढ़ी-लिखी महिलाओं को ले जाकर भर्ती करा रही हैं। वही, इन नर्सिंग होम पर दलाल भी तैनात किए गए हैं, जो दूर-दराज और ग्रामीण अंचलों से लोगों को भर्ती कराते हैं। उन्हें नर्सिंग होम द्वारा अच्छा कमीशन दिया जाता है। आखिर इस जानलेवा नर्सिंग होम के धंधे की जांच कौन करेगा? इन पर कार्रवाई कब होगा? यह लोगों की समझ में नहीं आ रहा है। जागरूक लोगों ने डीएम का ध्यान आकृष्ट कराते हुए जनहित में स्वास्थ्य विभाग एवं प्रशासन की संयुक्त टीम बनाकर अभियान के तहत सभी नर्सिंग होम की जांच कराते हुए गड़बड़ पाये जाने वाले नर्सिंगहोम पर गम्भीर कार्रवाई की मांग की है।

### नर्सिंगहोम पर क्यों नहीं हुई कार्रवाई?

**बैरिया।** स्थानीय बाजार में संचालित एक नर्सिंगहोम में नाबालिक किशोरी को डरा-धमका कर सिजेरियन आपरेशन कर भ्रूण हत्या का मामला बुधवार को प्रकाश में आया था। घटना के बाद संचालक नर्सिंग होम में ताला बंद कर फरार हैं। पीड़िता के पिता की तहरीर पर रेवती पुलिस ने दुष्कर्मी और उसकी माता पर प्राथमिकी तो दर्ज की है, लेकिन उसमें नर्सिंगहोम संचालक को छोड़ दिया गया है। यह चर्चा का विषय बना हुआ है। आखिर नर्सिंगहोम संचालक और उसमें कार्य करने वाले स्टाफ को क्लीन चिट क्यो दी गयी? यह बहुत बड़ा प्रश्न है। लोग इसे पचा नहीं पा रहे हैं। अगर नर्सिंगहोम संचालक और उसमें काम करने वाले स्टाफ को बख्श दिया गया तो अन्य नर्सिंगहोम के संचालकों का हौसला और बुलंद हो जाएगा।

### डीएम को लिखा है पत्र

**बैरिया।** स्थानीय बाजार स्थित एक चिकित्सालय में नाबालिग किशोरी का सिजेरियन आपरेशन कर गर्भपात के मामले में उप जिलाधिकारी अत्रेय मिश्र ने बताया कि शीघ्र ही क्षेत्र के सभी नर्सिंग होम की जांच होगी। प्रथम दृष्टया उक्त नर्सिंग होम को बख्शा नहीं जाएगा। शेष नर्सिंगहोम की जांच के लिए डीएम को पत्र लिखा हूं। स्वास्थ्य विभाग एवं प्रशासन की संयुक्त टीम गठित होते ही सभी नर्सिंग होम की जांच गंभीरता से की जाएगी और कठोर कार्रवाई की जाएगी।

> हम नर्सिंगहोम की जांच नहीं कर सकते हैं। इसके लिए एडिशनल सीएमओ डा. विजय यादव अधिकृत है।
>
> डा. आशीष श्रीवास्तव, अधीक्षक, सीएचसी सोनबरसा

## रिवैंप योजना के तहत 130 करोड़ से बदलेंगे जर्जर तार

**बलिया।** जिले में 130 करोड़ से जर्जर तारों को बदलने का कार्य किया जाएगा। जिले में रिवैंप योजना के तहत बिजली आपूर्ति व्यवस्थाओं में सुधार को लेकर कार्य कराए जाएंगे। इसके लिए शासन ने आजमगढ़ जोन के लिए करीब 500 करोड़ की स्वीकृति दी है। शासन ने इसके लिए कार्यदायी एजेंसी भी नामित कर दिया है। जनपद के कई ऐसे इलाके हैं, जहां विद्युत उपकेंद्र से लंबी दूरी तक बिजली की आपूर्ति करनी पड़ती है। लंबी दूरी होने के कारण किसी तरह का फाल्ट होने पर उसे दुरुस्त करने में अधिक समय लग जाता है। इसके अलावा तारों की लंबाई अधिक होने के कारण लाइनलास भी अधिक होता है। इसके चलते इन इलाकों में आए दिन बिजली की आपूर्ति बाधित होती है। इस कमी को दूर करने के लिए बिजली विभाग ने तैयारी तेज कर दी है। रिवैंप योजना में जिले को शामिल किया गया है। रिवैंप योजना के प्रथम चरण में जर्जर तारों को बदलने के लिए शासन ने जिले के लिए 130 करोड़ से अधिक की धनराशि स्वीकृत की है। रिवैंप योजना के तहत वर्ष 2022-26 के लिए कार्ययोजना बनी है। इन पांच वर्षों में योजना के लिए अलग-अलग कार्य किए जाएंगे। कुल परियोजना करीब 700 करोड़ की है। जिले के अलग-अलग क्षेत्रों के कुल 3291 किमी लंबाई के एबी केबल बदले जाएंगे। इसके अलावा 33 केवी के कुल 149 किमी लंबाई के तारों को बदला जाएगा। इसी क्रम में 11 केवी के 609 किमी लंबाई के जर्जर तारों को बदला जाएगा।

# एक क्लिक से आंगनबाड़ी केंद्रों का मिलेगा ब्योरा

जनसंदेश न्यूज

**बलिया।** जनपद के एक-एक आंगनबाड़ी के कार्य करने का ब्योरा अब सहयोग एप में दर्ज होगा। कहीं से भी एक क्लिक करने पर बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग की गतिविधियों का ब्योरा सामने आ जाएगा। सहयोग एप पर चार दिवसीय प्रशिक्षण उत्तर प्रदेश तकनीकी सहयोग इकाई (यूपीटीएसयू) की मदद से राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन कार्यालय में बुधवार से शुरू हुआ। इस क्रम में सहयोगात्मक पर्यवेक्षण के लिए सहयोग एप का क्रियान्वयन शुरू होने वाला है।

इस एप से आंगनबाड़ी केंद्रों की समस्त जानकारी आनलाइन उपलब्ध हो सकेगी और कहीं से भी एक क्लिक करने पर जनपद के समस्त केंद्रों में संपादित होने वाली गतिविधियों के बारे में जानकारी मिल सकेगी। इस एप को सीडीपीओ एवं मुख्य सेविका गूगल प्ले स्टोर पर जाकर डाउनलोड करेंगी। डाउनलोड करने के बाद अपना मोबाइल नंबर डालकर लाग इन करेंगी। लागइन करने के बाद उनके मोबाइल नंबर पर एक ओटीपी आएगा, जिसके बाद सहयोग एप का उपयोग शुरू किया जा सकेगा।

इस एप पर असाइन कार्यकर्ता, मासिक योजना, जब एड, मेरा परफार्मेंस फीडबैक मैकेनिजम, डाटाबेस की सूचना में सुधार, इनबिल्ट चेकलिस्ट जैसे फीचर हैं।

**पहल**

### प्रशिक्षण के तहत दी जा रही है जानकारी, होंगे सुधार

### इस ऐप से कार्यप्रणाली में होगा सुधार

**बलिया।** इस संबंध में जिला कार्यक्रम अधिकारी केएम पांडेय ने बताया कि इस एप को बाल विकास परियोजना अधिकारियों एवं सुपरवाइजर की मदद के लिए विकसित किया गया है। एप सरल, उपयोग में आसान, मोबाइल आधारित यूजर फ्रेंडली है। इस एप के जरिए विभाग की सेवाओं की गुणवत्ता और कार्यप्रणाली में सुधार के लिए आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का सहयोग किया जा सकेगा। सभी बाल विकास परियोजना अधिकारी व मुख्य सेविकाओं को प्रशिक्षण के पहले दिन मास्टर ट्रेनर के रूप में प्रशिक्षित यूपीटीएसयू के डीएससीओ अभिषेक आनन्द एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी अमरनाथ चौरसिया ने एप से जुड़ी बारीकियों के बारे में जानकारी दी।

## संक्षेप

### पैथालॉजी लैब के लिए किया स्थलीय निरीक्षण



**बेल्थरारोड।** अब सीएचसी सीयर से मरीजों को किसी भी प्रकार की पैथोलजी जांच कराने के लिए बाहर नहीं जाना पड़ेगा। इसकी सुविधा स्थानीय स्तर पर अति शीघ्र शुरू होगी। अस्पताल में गुरुवार को राज्य कार्यक्रम प्रबंधन इकाई के राज्य प्रतिनिधि डा. दानिश खान ने एडिशनल सीएमओ के साथ ब्लाक पब्लिक हैल्थ यूनिट बनाने हेतु 1200 स्क्वायर फीट पैथोलाजी लैब के लिए स्थलीय निरीक्षण किया। यह लगभग तीन माह में बनकर तैयार हो जायेगा। इसके लिए लगभग 50 लाख रुपए स्वीकृत हो चुका है। डा. दानिश ने बताया कि इस पैथोलाजी लैब के लिए सरकार द्वारा धन स्वीकृत हो गया है। इंजीनियर द्वारा दो मंजिला पैथोलाजी लैब का नक्शा बन चुका है। यह तीन माह में बनकर तैयार हो जाएगा। लखनऊ से पहुंची टीम ने जन्म से कटे होठ और तालू के इलाज हेतु 11 बच्चों का रजिस्ट्रेशन किया। एडिशनल सीएमओ डा. एसके तिवारी ने कहा कि अब बचपन नहीं खोएगा। इस मौके पर डा. आरबी यादव, इंजीनियर आरके यादव, अधीक्षक डा. राकेश कुमार सिंह आदि मौजूद रहे।

### डीएम ने खिलाड़ियों को पुरस्कृत कर किया उत्साहवर्धन

**बलिया।** बेल्थरारोड क्षेत्र के ग्राम सोनाडीह की तीन राष्ट्रीय फुटबॉल खिलाड़ियों निगम, आंचल और नीतू को जिलाधिकारी बलिया सौम्या अग्रवाल के द्वारा प्रोत्साहन स्वरूप प्रत्येक को रुपए 10000 का चेक प्रदान किया गया। बता दें कि ये तीनों ही खिलाड़ी गरीब परिवार की वह बेटियां है जिन्होंने जनपद स्तर से लेकर और राष्ट्रीय स्तर तक फुटबॉल में जनपद बलिया का गौरव बढ़ाया है। वैसे यह धनराशि पूर्व पीएम चंद्रशेखर के राजनैतिक सलाहकार एचएन शर्मा ने दी है और जिलाधिकारी के माध्यम से यह प्रोत्साहन राशि खिलाड़ियों तक पहुंची डीएम ने श्री शर्मा इस कार्य के लिए बधाई भी दी। इनके गांव के ही शारीरिक शिक्षा अनुदेशक राम प्रकाश यादव, प्रेमचंद और शिक्षक अरुण कुमार के द्वारा इनको जूनियर हाई स्कूल सोनाडीह के खेल मैदान पर प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है और उनको आवश्यक मदद की जाती है। समय-समय पर जिला स्काउट शिक्षक और सचिव जिला फुटबॉल एसोसिएशन बलिया अरविंद कुमार सिंह के द्वारा उनको फुटबॉल के टिप्स दिए जाते हैं और उच्च स्तर पर फुटबॉल के आयोजनों में प्रतिभाग कराने हेतु सहयोग प्रदान किया जाता है। इसी गांव की 10 और खिलाड़ियों के बदौलत आजमगढ़ मंडल की फुटबॉल टीम ने हाल ही में बाराबंकी में आयोजित जूनियर बालिका फुटबॉल प्रतियोगिता में स्टेट चैंपियनशिप होने का गौरव प्राप्त किया और गोंडा में दीनदयाल उपाध्याय स्मृति राज्य स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता में दूसरा स्थान प्राप्त किया। बनारस के काशी हिंदू विश्वविद्यालय अवस्थित एंफी थियेटर खेल मैदान पर काशी तमिल संगमम के अंतर्गत इन छह खिलाड़ियों को लेकर यूपी एलेवन की टीम में खिलाया गया जहां तमिलनाडु की टीम को 5-1 से पराजित किया।

### गली खोदकर भूल गया जल निगम, मुहल्लेवासियों को परेशानी

**बारा।** बिहार सीमा पर स्थित बारा गांव में कई गली को खोदकर जल निगम भूल गया है। दो वर्ष पूर्व पाइप लाइन पड़ चुकी है, लेकिन सड़क की मरम्मत नहीं कराई गई है। सड़कों पर जगह-जगह गड्ढे हो गए हैं। लोगों को आवागमन में परेशानी हो रही है। जामा मस्जिद पूर्वी-अंजान शहीद बाबा मजार गली में दर्जनों परिवार निवास कर रहे हैं। दो पहिया वाहनों के अलावा बुजुर्ग और बच्चे गड्ढे में गिरकर घायल हो रहे हैं। शिकायतों के बाद भी समस्या का समाधान नहीं हो रहा। करीब दो वर्ष पूर्व गांव में जल निगम ने पाइप लाइन का विस्तार किया था। मोहल्ला पूरब वार्ड नंबर एक में भी पाइप लाइन डाली गई थी। कार्य के दौरान गली की आरसीसी सड़क खोद दी गई। जल निगम ने तब से अब तक सड़क की मरम्मत नहीं कराई है। इससे लोगों को परेशानी हो रही है। आवागमन सुगम नहीं हो पा रहा। दर्जन से अधिक परिवार यहां निवास करते हैं। बच्चे, बुजुर्ग इस मार्ग से होकर गुजरते हैं। सड़क के बीच में हुए गड्ढे परेशानी पैदा कर रहे हैं। बच्चे, बुजुर्ग गड्ढे में गिरकर घायल भी हो रहे हैं। समस्या के संबंध में शिकायतें की गई हैं। विभाग एवं किसी भी जनप्रतिनिधि ने निराकरण की पहल नहीं की है। ग्रामीण सदरेआलम खां दीवान, एजाज अंसारी, अलीनवाज खां, नसीम खां, गोपाल निषाद आदि ने कहा कि दो वर्ष से गली की आरसीसी सड़क खुदी पड़ी है। जल निगम द्वारा इसकी मरम्मत नहीं कराई जा रही है। इससे लोगों को परेशानी हो रही है।

# पुलिस लाइन में स्थापित हुआ साइबर थाना

**अच्छी खबर**

## एक प्रभारी और चार कांस्टेबल की हुई तैनाती

**बलिया।** साइबर अपराध की घटनाएं दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। इससे निपटने के लिये पुलिस लाइन में साइबर थाने की स्थापना की गयी है। इससे साइबर अपराध की घटनाओं पर रोक लगाने में काफी हद तक मदद मिलेगी। साइबर थाने में प्रभारी समेत अन्य स्टाफ की तैनाती कर दी गयी है।

इंस्पेक्टर वीरेंद्र कुमार मिश्र को साइबर थाने का पहला प्रभारी बनाया गया है। उनके साथ चार सिपाहियों की भी पोस्टिंग की गयी है। पुलिस लाइन में स्थापित हो रहा साइबर थाना दो-चार दिनों में विधिवत कार्य करने लगेगा। बढ़ते साइबर अपराध के चलते कुछ साल पहले साइबर सेल का गठन किया गया था। इसका संचालन पुलिस लाइन के एक कमरे में हो रहा था। अधिकांश मामलों को साइबर सेल की मदद से हल किया जाता था। हालांकि सबसे अधिक परेशानी दूसरे राज्यों से साइबर अपराधियों को पकड़कर लाने और उनके बैंक खातों से धनराशि रिकवर करने के दौरान हो रहा था। इसके लिए साइबर थाने की स्थापना पुलिस लाइन में किया गया है। फिलहाल दो कमरों में संचालित होने वाले साइबर थाना केलिए संसाधन आदि का इंतजाम किया जा रहा है। दो-चार दिनों में थाने का संचालन शुरु होने की उम्मीद है।

# शॉर्ट-सर्किट से लगी झोपड़ी में लगी आग सामान जलकर खाक

**रेवती।** स्थानीय थाना क्षेत्र के हरिहां कला ग्राम सभा के लंगटू बाबा की समाधि नामक गांव में शार्ट सर्किट से लगी आग में एक टिन शेड की झोपड़ी के साथ उसमें रखे दैनिक उपयोग के समान जल कर बर्बाद हो गये। लंगटू बाबा की समाधि निवासी संतोष यादव तथा परिवार के अन्य सदस्य गुरुवार को दिन में खेत की तरफ गये हुए थे। इस बीच अपराह्न करीब दो बजे शार्ट सर्किट की चिनगारी के चलते उनके टिन शेड की रिहायशी झोपड़ी में आग लग गयी। सूचना पाकर परिवारी जन पहुंचते इस बीच आस-पास के लोग आग बुझाने में लग गए थे। सब के प्रयास से आग पर काबू पा लिया गया तब तक तख्त, वस्त्र, अनाज बिछौने सहित घर में रखे उपयोग के लगभग सभी सामान जल कर बर्बाद हो गये।

# लघु उद्योग क्षेत्र में किसानों को आगे बढ़ने की जरूरत

**बोलीं सौम्या अग्रवाल**

## जिलाधिकारी ने किसानों में वितरण किया रेंगर मशीन



**बलिया।** प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना-पीएम एफएमई के अंतर्गत जिला उद्यान विभाग में गुरुवार को डीएम सौम्या अग्रवाल ने फीता काटकर शुभारंभ किया। उन्होंने ग्रामीण क्षेत्र से आए किसान भाईयों को विभिन्न योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी। कहा कि इस योजना के अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्र के 144 किसानों का रजिस्टेशन हो चुका है, जिसमें 139 किसानों को लाभान्वित किया जाएगा।

जिलाधिकारी ने कहा कि उन्नत कृषक बनना है तो कृषि अच्छी तरीके से किया जाए। जिले में बिंदी उद्योग और ओडीपी उद्योग बनाने की अपेक्षा की गई है। इसमें बलिया का चना सत्तू मशहूर उद्योग है। उसी तरह उद्योग के क्षेत्र में बलिया पांचवे स्थान पर स्थापित है। कहा कि प्रत्येक ग्राम प्रधानों को निर्देशित किया गया है कि विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों में एक छोटा उद्योग स्थापित किया जाए, ताकि किसान उसका लाभ ले सके।

लघु उद्योग क्षेत्र में किसानों को आगे बढ़ने की जरूरत है। उद्योग स्थापित करने के लिए बैंक से लोन ले सकते हैं। इसमें किसी प्रकार की परेशानी नहीं होगी। साथ ही समस्त किसानों को निर्देश दिया कि पराग डेयरी में किसानों का जो बकाया धनराशि है, वह एक माह के अंदर मिल जाएगी। दूध उत्पादन क्षेत्र में अच्छा कार्य करें, ताकि उसका अच्छा लाभ मिल सके। साथ ही लाभान्वित किसानों को रेंगर मशीन का भी वितरण किया। इस कार्यक्रम में जिला विकास अधिकारी राजित राम मिश्र, उप निदेशक आजमगढ़, प्रबन्धक जिला अग्रणी बैंक, जिला उद्यान अधिकारी शीतल प्रसाद वर्मा आदि मौजूद रहे।

## संक्षेप

### जनपद न्यायाधीश, जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक की संयुक्त टीम ने जिला कारागार का किया निरीक्षण



**मऊ।** गुरूवार को जिला कारागार का संयुक्त आकस्मिक निरीक्षण जनपद न्यायाधीश रामेश्वर, जिलाधिकारी अरुण कुमार एवं एसपी अविनाश पांडेय द्वारा किया गया। इस दौरान जेल परिसर स्थित रसोईघर के अलावा पुरुष एवं महिला बैरकों तथा अस्पताल का भी निरीक्षण संयुक्त टीम द्वारा किया गया। निरीक्षण के समय संयुक्त टीम द्वारा बन्दियो के आपराधिक रिकार्ड, सजा की स्थिति तथा जमानत की स्थिति के बारे में भी जानकारी प्राप्त की गयी। इस दौरान डीएम ने जेल अधीक्षक को ऐसे बंदियों को चिन्हित करने, जिनके पास वकील या जमानतदार नहीं है, उन्हें यथाशीघ्र यह सुविधा उपलब्ध कराने को कहा। पाकशाला के निरीक्षण के दौरान पाकशाला साफ सुथरा पाया गया एवं बंदियों हेतु शाम को मिलने वाले भोजन को तैयार किया जा रहा था।जेल अधीक्षक ने बताया कि पाकशाला में पर्याप्त संख्या में बंदियों की ड्यूटी लगायी गई है। समय से भोजन मीन्यू के अनुसार तैयार कर बंदियों को दिया जाता है। इसके उपरांत संयुक्त टीम द्वारा पुरुष एवं महिला बैरक का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान संयुक्त टीम द्वारा बंदियों से उनकी समस्याओं के साथ ही शासन द्वारा उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं के बारे में जानकारी ली गई। जिला कारागार के चिकित्सालय के निरीक्षण के दौरान चिकित्सालय में भर्ती मरीजों से दवा, इलाज के बारे में पूछ ताछ किया गया एवं संयुक्त टीम द्वारा कारागार के चिकित्सक को निर्देशित किया गया कि बन्दियों का समय-समय पर स्वास्थ्य परीक्षण करते रहे।

### प्रधानमंत्री शहरी आवास हेतु करें आवेदन

**मऊ।** परियोजना अधिकारी डूडा डॉ. ददन कुमार ने बताया कि जनपद मऊ में सीमा विस्तार हुए क्षेत्र में प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के अन्तर्गत कैम्प के माध्यम से आवेदन लिया जा रहा है। केवल सीमा विस्तार क्षेत्र के इच्छुक आवेदक आवेदन कर सकते है। आवेदन हेतु जरूरी दस्तावेज आधार कार्ड, बैंक पासबुक, जमीन का पेपर अनिवार्य है। उन्होंने यह भी बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के अन्तर्गत किसी भी प्रकार की कोई धनराशि की मांग नहीं की जाती है। यह योजना पूर्णतया निःशुल्क है।

### बेकाबू ट्रक ने ट्रैक्टर को मारी टक्कर दो जख्मी

**दोहरीघाट, मऊ।** कस्बा में बुधवार की रात को बेकाबू ट्रक ने ट्रैक्टर को टक्कर मार दी जिससे ट्रैक्टर पलट गया बगल के दुकान के कर्मचारी शालू पुत्र मंगरु उम्र 24 वर्ष निवासी कस्बा दोहरीघाट और दूसरा संजय पुत्र शोभा प्रजापति उम्र 18 वर्ष निवासी अंजान शहीद जनपद आजमगढ़ बुरी तरह से घायल हो गए घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। जहां से उनकी हालत नाजुक देखकर जिला अस्पताल को रेफर कर दिया गया। जिसमें संजय प्रजापत की हालत गंभीर बताई जाती है पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### ट्रेनों में लगेगी फाग सेफ डिवाइस कोहरे में बरती जाएगी सतर्कता

**बारा।** ठंड के मौसम में संभावित कोहरे को देखते हुए पूर्व मध्य रेल द्वारा संरक्षित ट्रेन परिचालन की दिशा में कई कदम उठाए जा रहे हैं। सभी ट्रेनों में फाग सेफ डिवाइस लगाई जाएंगी। फाग सेफ डिवाइस जीपीएस आधारित उपकरण है, जो लोको पायलट को आगे आने वाले सिग्नल की चेतावनी देता है। इससे लोको पायलट ट्रेनों की स्पीड को नियंत्रित करते हैं। इसके अतिरिक्त फाग मैन भी तैनात किए जा रहे हैं जो कोहरे के दौरान रेल लाइन पर सिग्नल की स्थिति की निगरानी करेंगे। रेल फ्रैक्चर से बचाव एवं समय पर इसकी पहचान के लिए उच्चधिकारीयों की निगरानी में रेल कर्मियों द्वारा निरंतर पेट्रोलिंग की जा रही है। इससे एक ओर जहां संरक्षा में वृद्धि होगी वहीं कोहरे के बावजूद समय पालन करने में मदद मिलेगी। लाइनमैन एवं पेट्रोलमैन कर्मचारियों को भी जीपीएस उपलब्ध कराया जा रहा है ताकि उनकी खुद की भी सुरक्षा हो सके। पूर्व मध्य रेल के मुख्य जन संपर्क अधिकारी वीरेंद्र कुमार ने बताया कि सिग्नलों की दृश्यता को बढ़ाने के लिए साइटिंग बोर्ड, फाग सिग्नल पोस्ट, ज्यादा व्यस्त समपार के लिफ्टिंग बैरियर आदि को एक विशेष रंग काले एवं पीले से रंगकर उसे चमकीला बनाया गया है।

# अव्यवस्थाओं को लेकर नवोदय के विद्यार्थियों ने किया हंगामा

**आक्रोश**

## छात्रावास भवन के गेट का ताला बंद कर किया प्रदर्शन



**कोपागंज, मऊ।** जवाहर नवोदय विद्यालय कसारा महुआर के विद्यार्थियों ने गुरुवार की सुबह समस्याओं को लेकर हंगामा शुरू कर दिया। छात्रावास भवन के गेट पर सैकड़ों विद्यार्थी जामा हो गए। वह प्राचार्य के प्रति नाराजगी जताने के साथ शिक्षा व्यवस्था खराब होने व स्कूल में हो रही असुविधा को लेकर नारेबाजी करने लगे। मामले की जानकारी के बाद डीएम व एसपी, एसडीएम सदर मौके पर पहुंचे।

उन्होंने छात्रों की समस्या सुनी और निराकरण का आश्वासन दिया। इसके बाद विद्यार्थी छात्रवास के गेट का ताला खोला। जवाहर नवोदय विद्यालय कसारा महुआर के विद्यार्थियों ने गुरुवार की सुबह 4 बजे से समस्याओं को लेकर हंगामा शुरू कर दिया। कक्षा 9 से लेकर 12वीं तक के लगभग सैकड़ों की संख्या में विद्यार्थी विद्यालय बालक छात्रावास में ताला लगाकर हंगामा कर दिए। छात्रों का आरोप है कि उनकी समस्याओं को सुनने के बजाया प्राचार्य नजर अंदाज करते हैं। छात्रों ने बताया कि छह महीने पहले 160 टैबलेट आया था लेकिन किसी को वितरण नहीं किया गया। यहां एक सब्जेक्ट चलता है एडिशनल सब्जेक्ट इसके लिए एक अलग से शिक्षक होते हैं लेकिन अब तक इनकी नियुक्ति नहीं हुई। इसकी किताबें भी नहीं मिल रही हैं लाइब्रेरी से। खाना भी अच्छा नहीं मिलता है छात्रों ने सुबह 4 बजे से बिना कुछ खाए पीये प्रदर्शन शुरू कर दिया है। बच्चे विभागीय अधिकारियों व डीएम को बुलाने की जिद पर अड़े हैं। बालक छात्रावास गेट पर प्रिंसिपल के विरुद्ध धरने के दौरान छात्र नारेबाजी भी कर रहे हैं। छात्रों के आक्रोश को देखते हुए विद्यालय के गेट पर पुलिस तैनात कर दी गई है। विद्यार्थियों ने व्यवस्थाओं को लेकर नारेबाजी करते हुए अपना विरोध जताया। इसकी जानकारी जैसे ही जिला प्रशासन को हुई तो डीएम अरूण कुमार व एसपी अविनाश कुमार पाण्डेय मौके पर पहुंचे। उन्होंने विद्यार्थियों से वार्ता की। उनकी समस्याएं सुनी और जल्द निस्तारण का आश्वासन दिया। इसके बाद विद्यार्थी 12 बजे मान गए। दोपहर बाद से विद्यालय पूर्व की तरह संचालित होने लगा। इस मौके पर थाना अध्यक्ष कोपागंज अमित, लाल साहब सहित प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे।

## खाद्यान वितरण की तिथि 15 से 19 दिसंबर तक

**मऊ।** जिला पूर्ति आधिकारी विकास गौतम ने बताया कि जनपद के अन्त्योदय एवं पात्र गृहस्थी कार्डधारकों को राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम-2013 के अन्तर्गत माह अक्टूबर, 2022 के सापेक्ष आवंटित खाद्यान्न का 05 दिसम्बर से 14 दिसम्बर के मध्य वितरण कराये जाने के सम्बन्ध में निर्देशित दिये गये थे। जनपद में उचित दर विक्रेताओं को खाद्यान्न का निर्गमन न होने के कारण, उपरोक्त वस्तुओं के वितरण का कार्य 15 दिसम्बर से 19 दिसम्बर तक विस्तारित किये जाने का निर्णय लिया गया है। उन्होंने बताया कि माह अक्टूबर, 2022 के सापेक्ष होने वाले राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम-2013 के अन्तर्गत खाद्यान्न का वितरण अन्त्योदय कार्डधारकों को 14 किग्रा. गेहूं व 21 किग्रा चावल (कुल 35 किग्रा०) प्रति कार्ड तथा पात्र गृहस्थी कार्डधारकों को उनके कार्ड से सम्बद्ध प्रत्येक यूनिट पर 02 किगा. गेहूं व 03 किग्रा चावल (कुल 05 किग्रा. प्रति यूनिट) निर्धारित दरों पर वितरण लाभार्थियों में 19 दिसम्बर तक किया जायेगा। समस्त संबंधित उचित दर विक्रेतागण अपने-अपने दुकान के उक्त आशय की सूचना, सूचना पट्ट पर प्रदर्शित करेंगे। जनपद के समस्त अन्त्योदय एवं पात्र गृहस्थी लाभार्थी उक्त दिवस पर अपने उचित दर विक्रेता के यहां से उपरोक्तानुसार आवश्यक वस्तुएं प्राप्त कर सकते हैं।

# इंदारा रेलवे स्टेशन पर खुल गया मोटरसाइकिल स्टैंड



जनसंदेश न्यूज

**कोपागंज, मऊ।** रेल यात्रियों के लिए राहत भरी खबर है। स्टेशन प्रबंधन ने लोगों की सुविधा के लिए साइकिल और मोटर साइकिल स्टैंड खोल दिया है। अब कोई भी व्यक्ति स्टैंड में साइकिल और मोटर साइकिल जमा कर अपनी यात्रा पूरी कर सकता है। इंदारा रेलवे स्टेशन पर मोटरसाइकिल स्टैंड न होने से दूर से आए यात्रियों को तमाम तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ता था।

ऐसे में स्टेशन प्रबंधन ने यहां साईकिल स्टैंड खोलकर यात्रियों को राहत दिया गया। वृहस्पतिवार को इंदारा रेलवे स्टेशन परिसर में स्टेशन अधीक्षक मुरली मनोहर सिंह ने फिता काटकर स्टैंड का उद्धघाटन किया। लोगों को बताया कि स्टैंड न होने से आए दिन मोटर साइकिल चोरी की घटनाएं हो रही थी।अब स्टैंड होने से मोटर साइकिल जमा कर यात्रि अपनी यात्रा आसानी से कर सकेंगे। इंदारा रेलवे स्टेशन पर क्षेत्र के मधुबन, मझवारा, सेमरी, दुबारा सहित क्षेत्र के दर्जनों गांवों के लोग यहा से यात्रा करने आते हैं पर यहा मोटरसाइकिल स्टैंड न होने से अपनी बाइक रखने में तमाम तरह की परेशानियों का सामना उन्हें करना पड़ता था। यात्री मोटर साइकिल स्टैंड में अब अपनी बाइक जमा कर अपनी यात्रा आसानी से कर सकेंगे। इस अवसर पर आरपीएफ चैकी प्रभारी हृदयानंद तिवारी राजीव सिंह, शिवजी सिंह,राजन सिंह, जुबैर अहमद, विजय बहादुर सिंह, असलम, अरविंद सिंह, धनंजय सिंह, राजेन्द्र सिंह, वृजबिहारी सिंह सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

# फरार अभियुक्त के घर पुलिस ने चस्पा की 82 की नोटिस

**मुहम्मदाबाद गोहना, मऊ।** मुहम्मदाबाद गोहना कोतवाली क्षेत्र के टिपक्काबाद गांव निवासी अभियुक्त 25 आर्म्स एक्ट के अन्तर्गत वांछित वारंटी रामदुलारे पुत्र अलगू यादव कोर्ट में हाजिर न होने पर वारंटी के घर पहुंच कर धारा 82 की नोटिस चस्पा की। साथ ही गांव में डुग्गी मुनादी भी कराई गई। मुहम्मदाबाद कोतवाली सब इंस्पेटर विनोद कुमार सरोज ने बताया कि न्यायालय के आदेश पर गिरफ्तारी के लिए कई बार दबिश दी गई, लेकिन वह हाथ नहीं लग सका। वारंट के बाद फरार चल रहे वारंटी के घर व उसके संभावित ठिकानों पर कई बार पुलिस ने दबिश दिया। धारा 82 का नोटिस चस्पा होने के बाद भी अभियुक्त ने सरेंडर नहीं किया तो धारा 83 के तहत संपत्ति कुर्क करने की कार्रवाई की जाएगी। मौके पर सब इंस्पेक्टर विनोद कुमार सरोज, कांस्टेबल प्रेमनाथ यादव व कॉन्स्टेबल रोहित यादव मौजूद रहे।



# 10 लाख की अवैध अंग्रेजी शराब बरामद





**कामयाबी**

## दो अन्तरराज्यीय तस्कर गिरफ्तार, ट्रैक्टर ट्राली में पुआल के नीचे छुपा कर रखी गई थी 105 पेटी अवैध शराब

**मऊ।** बुधवार रात्रि को थाना सरायलखंसी पुलिस द्वारा दो तष्करो के पास से लगभग 10 लाख की अवैध अग्रेजी शराब बरामद की गई। प्रेसवार्ता में जानकारी देते हुए सीओ सिटी धनंजय मिश्रा ने बताया कि देखभाल क्षेत्र व चेकिंग के दौरान जरिये मुखबिर की सूचना पर अहिलाद ग्राम के निकट पूर्वांचल एक्सप्रेस वे पुलिया के नीचे से घेरा बन्दी कर दो शराब तस्करों को गिरफ्तार किया गया तथा उनके कब्जे से एक ट्रैक्टर ट्राली में पुवाल के नीचे छुपा कर रखा हुआ 105 कार्टून में कुल 1680 शीशी (945 लीटर) हरियाणा माडल अवैध अग्रेजी शराब जिसमें कुछ 375 एमएल तथा कुछ 750 एमएल की थी जिसपर रायल ग्रीन तथा रायल स्टेज का लेबल लगा था बरामद किया गया।

पूछताछ में उक्त गिरफ्तार अभियुक्तों द्वारा अपना नाम निक्की घानुक पुत्र जय भगवान निवासी मुई उड्डा, जनपद सोनीपत हरियाणा तथा दूसरा अपना नाम सावन पुत्र रमेश निवासी रिठाल नवाड़ जनपद रोहतक हरियाणा बताया जब बरामद शराब के बारे में पूछा गया तो उक्त गिरफ्तार अभियुक्तों द्वारा बताया गया कि यह शराब हम लोग हरियाणा के रोहतक से लाकर बिहार में पहुचाते है जहा पर शराब बन्दी होने के वजह से हमे अच्छा लाभ होता है। जब बरामद उक्त ट्रैक्टर ट्राली के बारे में पूछताछ किया गया तो दानों व्यक्ति कुछ नही बोल पाये जब वाहन को चेक किया गया तो उपरोक्त वाहन का नम्बर किसी दूसरे कार का निकला। इस सम्बन्ध में उक्त अभियुक्तों के विरूद्ध थाना स्थानीय पर मुअसं 588/22 धारा 66(1),63 आबकारी अधिनियम व धारा 420,467,468,471 भादवि का अभियोग पंजीकृत कर चालान न्यायालय किया गया तथा बरामद ट्रैक्टर ट्राली वाहन का अन्तर्गत धारा 207 एमवी एक्ट सीज किया गया।

# अनियंत्रित ट्रक ने दम्पति को रौंदा, पत्नी की मौत

दुखद

## ग्रामीणों ने घेराबंदी कर ट्रक सहित चालक को पकड़ा

जनसंदेश न्यूज



महिला की मौत के बाद रोते-बिलखते परिजन।

**कासिमाबाद।** कोतवाली क्षेत्र के वेद बिहारी पोखरा से भड़सर जाने वाले मार्ग के पर स्कूल के पास गुरुवार को अनियंत्रित ट्रक के चपेट में आने से बाइक सवार अधेड़ महिला (45) वर्ष की मौत हो गई और उसके पति को हल्के चोट लगने से बाल बाल बच गया। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेजा।

मृतका के पति के तहरीर पर पुलिस ने वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। चालक को वाहन समेत पृथ्वीपुर गांव के पास से ग्रामीणों की मदद से धर दबोच लिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के इमामुदिन पुर निवासी राम बदन राम अपनी पत्नी भूखी देवी के साथ बाइक से अपने सास की तबीयत खराब होने की सूचना मिलने पर जंगीपुर थाना क्षेत्र के डाड़ी गांव जा रहे थे। जैसे ही बेदविहारी पोखरा से भड़सर सड़क मार्ग पर स्कूल के पास पहुंचे तभी पीछे से आ रही ट्रक ने टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार रामबदन राम सड़क के बाएं तरफ गिर गए तो वही भूखी देवी सड़क पर गिरने से ट्रक का पिछला पहिया के चपेट में आने से मौत हो गई।

ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेजा। घटना के बाद भाग रहे ट्रक चालक को ग्रामीणों ने पृथ्वीपुर गांव के पास घेराबंदी कर ली वहीं पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से ट्रक चालक को गिरफ्तार कर लिया। मृतक महिला का पति राम बदन राम वाराणसी में होमगार्ड जवान है। मृतक महिला के सात पुत्री व एक छोटा पुत्र प्रताप कुमार हैं। बहनों में कविता, अमृता ,अंशिका की शादी नहीं हुई है। वहीं मृतक के परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। कासिमाबाद कोतवाली प्रभारी निरीक्षक कमलेश पाल ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया गया है। परिजनों के तहरीर पर वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

# कार्यरत दीवान की बिगड़ी तबीयत, मौत

जनसंदेश न्यूज

**नन्दगंज।** स्थानीय थाने में 112 नम्बर में ड्यूटीरत दीवान जितेन्द्र सिंह की गुरुवार की रात अचानक तबियत खराब होने पर वाराणसी ले जाते समय रास्ते में ही मौत हो गई। जानकारी के आनुसार नन्दगंज थाने में 112 नम्बर के दीवान जितेंद्र सिंह (50) निवासी ग्राम भौसवाड़ा थाना सिशुवन बिहार की गुरुवार की मध्य रात में अचानक तबियत खराब होने पर उन्हें वारणसी ले जाते समय रास्ते में ही मौत हो गई। मृतक जितेन्द्र सिंह 92 बैच में पुलिस सेवा में आये थे।



जितेंद्र सिंह (फाइल फोटो)

उन्हें नन्दगंज थाना पर 112 नम्बर में अगस्त 2022 में नियक्त थे। बताया जाता है कि उनको नवम्बर माह में डेंगू हो गया था। वह करीब तीन चार दिन वाराणसी के एक अस्पताल में इलाज हेतु भर्ती हुए थे। वहाँ से ठीक होकर डीस्चार्ज होने पर नंदगंज थाना में रिजर्व के रुप में थे। किसी के छुट्टी जाने पर उनकी ड्यूटी लगती थी। इधर सभी की छुट्टियां बन्द होने से वह आराम ही कर रहें थे। मृतक दिवान का परिवार वारणसी के सारनाथ में रहता है। मृतक अपने पीछे पत्नी सुनीता देवी एक पुत्र अविनाश और दो पुत्रियाँ अनामिका और सिमरन है।अभी तीनो अविवाहित है। थानाध्यक्ष महेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि मृतक दिवान के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। उनके परिवार के साथ सगे-संबंधी भी आ गये है। पोस्टमार्टम के बाद गाजीपुर में शव को सशस्त्र सलामी दी जायेगी।

# तंमचा के साथ वीडियो वायरल करने वाला युवक गिरफ्तार

जनसंदेश न्यूज

**जंगीपुर।** बीते दिनों हाथों में तंमचा लेकर डांस करने वाले युवक को गुरुवार को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजने का दावा किया है। जंगीपुर थानाध्यक्ष अशोक कुमार मिश्रा के बताया कि बुधवार को एक वीडियो वायरल हुआ था जिसमें एक युवक हाथों में तंमचा लेकर डांस कर रहा है। उच्चाधिकारियों के निर्देश पर उसकी तस्वीर बनवाकर शिनाख्त कराई गई। शिनाख्त के दौरान युवक का नाम गांधी यादव उर्फ करन यादव पुत्र हवलदार यादव निवासी सोहवलिया थाना जंगीपुर के रूप में पहचान की गई। युवक की गिरफ्तारी के बाद पूछताछ में उसने अपने घर से एक अदद तंमचा एक जिंदा कारतूस बरामद किया गया। गिरफ्तार युवक को विभिन्न धाराओं में जेल भेजा गया। गिरफ्तार करने वाली टीम में एसओ अशोक कुमार मिश्रा, कृष्ण कुमार उपाध्याय, जितेन्द्र, मो० तनवीर, अतहर, रंजना, मुंशी लाल मौजूद रहे।

# पूर्व प्रमुख प्रतिनिधि और ग्राम प्रधानों के बीच बवाल

## कई थानों की फोर्स ने संभाला मोर्चा, तनावपूर्ण बना माहौल

विवाद

### जमकर कुर्सियां उछाली गई दोनों पक्ष के सदस्यों में धक्का मुक्की तक की नौबत आ गई

जनसंदेश न्यूज



पूर्व ब्लॉक प्रमुख पति योगेंद्र सिंह से जानकारी लेते सीओ सिटी गौरव कुमार सिंह।

**मनिहारी।** मनिहारी ब्लाक भ्रष्टाचार को लेकर लगातार सुर्खियों में है। वहीं गुरुवार को ब्लाक परिसर में पूर्व प्रमुख प्रतिनिधि और ग्राम प्रधानों में जमकर बवाल हुआ है। सूचना पर पहुंची कई थानों की फोर्स ने मोर्चा संभाल मामला ठंडा किया है। विकास खंड में क्षेत्र पंचायत सदस्य एवं प्रदेश सदस्य ग्राम प्रधानों की मौजूदगी में गुरुवार को ब्लाक प्रमुख मुन्नी लाल की अध्यक्षता में बैठक शुरू हुई। इस बीच पूर्व ब्लाक प्रमुख पति एवं वर्तमान निर्माण कार्य समिति अध्यक्ष योगेंद्र सिंह भी ब्लाक प्रमुख एवं खण्ड विकास अधिकारी के साथ बैठक में बैठे थे।

इस पर ग्राम प्रधान संघ अध्यक्ष राकेश सिंह अंशु के साथ कई क्षेत्र पंचायत सदस्यों एवं ग्राम प्रधानों ने ऊपर बैठने को लेकर विरोध करना शुरू कर दिया।

वाद-विवाद बढ़ता गया तथा समूचा सदन अखाड़े में बदल गया। जमकर कुर्सियां उछाली गई तथा दोनों पक्ष के सदस्यों में धक्का-मुक्की तक की नौबत आ गई। हंगामा बढ़ते देख सीओ सिटी गौरव कुमार सिंह,सीओ शेखर सेंगर, सहित शादियाबाद, दुल्लहपुर, भुड़कुड़ा एवं कई थानों की पुलिस फोर्स मौके पर पहुंची। विवाद में बाहर से आए लोगों को खदेड़ कर बाहर निकाला। इसके बाद ग्राम प्रधान एवं क्षेत्र पंचायत प्रतिनिधियों को बैठक हाल से बाहर निकाल कर शुरू कराई। क्षेत्र पंचायत सदस्यों ने ब्लाक प्रमुख मुन्नी लाल से एक वर्ष का लेखा जोखा प्रस्तुत करने को कहा।

जिस पर ब्लाक प्रमुख ने अपनी तबीयत ठीक नहीं होने का हवाला देकर कुछ भी बताने से इंकार कर दिया।

तनावपूर्ण माहौल के कारण निर्धारित बैठक के एजेंडा पर कोई विचार विमर्श नहीं हो सका। बैठक में खण्ड विकास अधिकारी अरविंद यादव,जेई अमरेन्द्र चौहान,एपीओ बिरेंद्र यादव,एडीओ पंचायत दिनानाथ, पूर्व ब्लाक प्रमुख आजाद कनौजिया, नन्दलाल रवि, ग्राम प्रधान जेपी यादव आदि क्षेत्र पंचायत सदस्य एवं ग्राम प्रधान उपस्थित रहे।

### जांच में मिले दोषियों पर होगी कार्रवाईः सीडीओ

दरअसल, मनिहारी ब्लाक में मनरेगा योजना में भ्रष्टाचार और केंद्र वित्त तथा राज्य वित्त में घोटाले की जांच को लेकर ब्लाक में गहमागहमी का माहौल पहले से बना हुआ है। ब्लाक में पूर्व प्रमुख योगेन्द्र सिंह और प्रधान संघ अध्यक्ष अंशु सिंह के समर्थकों के बीच आपसी खींचतान चल रही है। फिलहाल विकास खंड की जांच में कार्रवाई भी होना तय हो गया है। जांच टीम ने अपनी रिपोर्ट उच्च अधिकारियों को सौंप दिया है। सीडीओ श्रीप्रकाश गुप्ता ने बताया कि मनिहारी और करंडा विकास खंड की सरकारी योजनाओं में अनियमिता की जांच मिल चुकी है। रिपोर्ट के आधार पर संबंधित के खिलाफ कार्रवाई तय हो गई है।

निर्माण कार्य समिति के अध्यक्ष योगेंद्र सिंह ने कहा कि हमेशा से सदस्यों के प्रतिनिधि सदन में मौजूद रहते थे। इस प्रकार का शासनादेश भी है। सदन को सुचारु ढंग से चलाने की पूर्ण जिम्मेदारी अध्यक्ष की होती है, लेकिन यहां तो अराजकता का माहौल बनाया जा रहा है जिससे विकास कार्य प्रभावित होगा।

ग्राम प्रधान संघ अध्यक्ष राकेश सिंह अंशु ने कहा कि यहां विवाद का कारण ब्लाक प्रमुख मुन्नीलाल राम की कुर्सी पर योगेन्द्र सिंह को बैठने को लेकर है। क्षेत्र पंचायत सदस्य एवं ग्राम प्रधान योगेन्द्र सिंह की अध्यक्षता क्षेत्र पंचायत की बैठक का विरोध करते रहेंगे।

# सिवान में लगी आग से सैकड़ों बीघा धान की फसल स्वाहा

## फायर बिग्रेड पहुंचने में विलम्ब से विकराल हुई आग

जनसंदेश न्यूज



सेवराई गांव के सिवान में खेत में लगी आग के बाद मुआयना करते राजस्व कर्मचारी।

**सेवराई।** गहमर थाना क्षेत्र के स्थानीय सेवराई गांव के सिवान में अज्ञात कारणों से लगी आग में दर्जनों किसानों के सैकड़ों बीघा खेत में खड़ी धान की फसल जलकर राख हो गई। जब तक फायर ब्रिगेड पहुंचती तब तक सैकड़ों बीघा धान की खड़ी फसल जलकर राख हो चुकी थी। किसानों द्वारा सूचना के बाद मौके पर पहुंचे कानूनगो व लेखपाल जले हुए खेत की पैमाइश पर कानूनी कार्रवाई में जुट गए। जानकारी के अनुसार सेवराई गांव के सिवान में गुरुवार को दोपहर बाद अज्ञात कारणों से धान की खड़ी फसल में आग लगने की सूचना के बाद भारी संख्या में ग्रामीण पहुंचकर आग बुझाने का प्रयास किए । लेकिन तेज पछुआ हवा के कारण आग की लपटें इतनी तेज थी कि किसान आग पर काबू नहीं पा सके । आग की लपटें इतना विकराल रूप धारण कर चुकी थी कि किसानों के लाख प्रयास करने के बावजूद यह आग मनिया गांव के सिवान तक जा पहुंची और वहां भी भारी मात्रा में धान की फसल को जलाकर राख कर दिया। किसानों ने बताया कि सेवराई गांव के वशिष्ट सिंह, अरविंद सिंह ,महेंद्र सिंह ,रामप्रताप सिंह, हरिवंश सिंह ,कमलेश सिंह, रामएकबाल सिंह, संतोष सिंह, रामनारायण कुशवाहा,भानुप्रताप सिंह, अवध बिहारी सिंह, रीमा सिंह, अभिमन्यु सिंह, सुरेंद्र सिंह ,अमित सिंह, वीरेंद्र सिंह ,राजगृही सिंह सहित दर्जनों किसानों के सैकड़ों बीघा धान की फसल जलकर राख हो गई। किसानों ने बताया कि फायर ब्रिगेड को सूचना देने के बाद लगभग दो घंटे बाद पहुंची फायर ब्रिगेड तब तक खेत में लगी धान की खड़ी फसल को बुझा पाती तब तक पूरी फसल जलकर राख हो चुकी थी । किसानों के सूचना के बाद संबंधित मौजे के कानूनगो व लेखपाल मौके पर पहुंचकर जली हुई फसल का पैमाइश करके कानूनी प्रक्रिया में जुट गए।

# धान का बोझ जलकर खाक

**दिलदारनगर।** थाना क्षेत्र के ग्राम सभा पचोखर के पश्चिमी छोर पर गांव निवासी किसान आशुतोष राय का खलिहान में रखा लगभग तीन सौ बोझ धान की फसल जलकर खाक हो गई। आगलगी की घटना बुधवार के देर रात की बताई जाती है। मिली जानकारी के अनुसार गांव निवासी किसान आशुतोष गांव के पश्चिम खेत के बगल स्थित पोखरे के पास खलिहान में धान के बोझ को मड़ाई के लिए रखे थे।आज्ञात कारणों से लगी आगलगी की घटना में सारा फसल जल कर खाक हो गया। किसान को जानकारी होने पर इसकी जानकारी मुकामी पुलिस सहित अग्निशमन विभाग को भी दिया गया जब तक प्रशासन के लोग पहुंचते हैं तब तक खलिहान में रखा पूरा फसल जलकर राख में तब्दील हो चुका था। इस घटना की जानकारी होने पर हल्का लेखपाल फिरोज अहमद द्वारा भी मौके पर पहुंचे आगलगी की घटना का पड़ताल किया गया साथ ही आग लगी की घटना में हुई क्षति का आकलन कर रिपोर्ट शासन को देने का आश्वासन दिया गया।

# स्वास्थ्य केंद्र पर मनाया गया निक्षय दिवस

जनसंदेश न्यूज

**मरदह।** प्रधानमंत्री टीवी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत प्रदेश के सभी चिकित्सालयों में प्रत्येक माह की गुरूवार को निःक्षय दिवस मनाने का निर्णय लिया गया है। इसके अंतर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मरदह पर भी निःक्षय दिवस मनाया गया। इसके अंतर्गत एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें उपस्थित सभी आशा,ए. एन. एम.और सी.एच.ओ. और अन्य कर्मचारियों को संबोधित करते हुए प्रभारी चिकित्साधिकारी डा. अशोक कुमार सिंह ने बताया कि हमें टीवी के रोगियों की पहचान कर आधुनिक तरीके से संपूर्ण इलाज कराना सुनिश्चित करना है। किसी भी व्यक्ति के अंदर लगातार दो सप्ताह से खांसी आना, बुखार होना,भूख ना लगना, और वजन में लगातार गिरावट और रात में पसीना आना यह सब टीवी के लक्षण हो सकते हैं ऐसे व्यक्तियों को अस्पताल पर लाकर आवश्यक जांच और उचित उपचार कराने की आवश्यकता है। टीवी रोगियों के लिए सरकार द्वारा प्रतिमाह पोषण हेतु 500 आर्थिक सहायता भी दी जाती है। गोष्ठी में ब्लाक कार्यक्रम प्रबंधक प्रेमप्रकाश राय, डा.मलिक इमरान, फार्मासिस्ट अरुण सिंह, आर. पी. चौधरी, प्रशांत सिंह, आदिल अख्तर, अतेन्द्र सिंह, अरविंद कुमार, रामज्ञानी राम,आर. एफ. गोप, रियाज सुल्तान, शैल कुमारी रानी,शिखा सिंह,बिंदु राय,पूनम भारती, नीलम कुमारी अन्य सभी कर्मचारी आशा ए.एन.एम. उपस्थित थे।



प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मरदह पर आयोजित कार्यशाला में उपस्थित स्वास्थ्य कर्मी।

# सरदार वल्लभ भाई पटेल की मनी पुण्यतिथि

**गाजीपुर।** देश के प्रथम उप प्रधानमंत्री, पुर्व केन्द्रीय गृहमंत्री सरदार वल्लभ भाई पटेल की 72वीं पुण्यतिथि गुरुवार को भाजपा जिलाध्यक्ष भानुप्रताप सिंह के नेतृत्व मे भाजपा जिला कार्यालय पर सरदार वल्लभ भाई के प्रतिमा पर फूल माला अर्पित कर श्रद्धांजलि देकर मनाई गई।

इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष ने कहा कि देश की एकता, अखंडता के प्रति उनके समर्पित योगदान का परिणाम है कि आज हमारा राष्ट्र मजबूत है।उन्होंने कहा कि पुरे राष्ट्र को एकता के सूत्र मे पिरोने मे महत्वपूर्ण भूमिका रही है। जिला महामंत्री प्रवीण सिंह ने कहा कि बारदोली का किसान आंदोलन के नायक सरदार बल्लभ भाई राष्ट्रीय एकता के प्रतीक है। इस अवसर पर भाजपा कार्यकताओं ने सरदार पटेल के राष्ट्र के प्रति योगदान की सराहना करते हुए उनके सम्मान मे नारे लगाए तथा उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य अभय प्रकाश सिंह,संकठा प्रसाद मिश्रा, सुरेश बिंद, जिला मीडिया प्रभारी शशिकान्त शर्मा, दुर्गेश सिंह, रासबिहारी राय,मन्नू राजभर,दीलिप गुप्ता,काशी चौहान, अशोक मौर्य, मंगल कुशवाहा,प्रदीप राजभर सहित आदि अन्य लोग उपस्थित थे।



छावनी लाईन भाजपा कार्यालय पर सरदार वल्लभ भाई पटेल की पुण्यतिथि पर कार्यर्त्ता।

# सीवरेज लाइन निर्माण में लापरवाही राहगीरों की बढ़ा रही दुश्वारियां

## जनता के लिए कराए जा रहे विकास कार्य बन रहे परेशानी का सबब

जनसंदेश न्यूज

**गाजीपुर।** सरकार और जिला प्रशासन द्वारा आम जनता को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए शहर के चारों ओर अनेक विकास कार्य कराए जा रहे हैं, लेकिन निर्माणकर्ता कंपनी के जिम्मेदारों की लापरवाही के कारण जनता के लिए कराए जा रहे विकास कार्य जनता के लिए ही परेशानी का सबब बन गए हैं। शहर में बिछाई जा रही सीवरेज पाइप लाइन का कार्य सुस्त गति से चल रहा है। साथ ही ठेकेदार द्वार पाइप लाइन बिछाने के लिए शहर के वार्डों में खोदी गई सड़कों को बिना मरम्मत किये ही छोड़ दिया जाता है।

इन गड्ढों के कारण सड़कों पर कीचड़ व फिसलन हो रही है जिसके कारण आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं। ऐसा ही कुछ हाल कचहरी मार्ग से जिलाधिकारी आवास मार्ग का है। यहां पर पाइप लाइन बिछाने के लिए सड़क खोदी गई थी, लेकिन पाइप लाइन बिछाने के बाद खोद गए गड्ढे को सिर्फ मिट्टी डालकर भर दिया गया। दलदलनुमा इन गड्ढों में यहां से गुजरने वाले चार पहिया व तीन पहिया वाहन फंस जाते हैं।



कचहरी-जिलाधिकारी आवास मार्ग पर सीवरेज लाइन निर्माण के बाद दलदल में फंसे वाहन।

इसके साथ ही यहां से गुजरने वाले दोपहिया वाहन चालक एवं पैदल राहगीर भी इन गड्ढों में गिरने से चोटिल हो रहे हैं। यहां पड़े इस आधे-अधूरे काम को पूरा करने की जहमत न तो जिला प्रशासन उठा रहा है और संबंधित ठेकेदार। आवागमन में हो रही परेशानियों के कारण स्थानीय निवासियों में प्रशासन के खिलाफ खासा आक्रोश पनप रहा है। शहर में चल रहे विभिन्न निर्माण कार्यों के कारण शहर के लगभग सभी वार्डों की सड़कें बदहाल अवस्था में पड़ी हुई हैं। गड्ढों के कारण स्थानीय निवासियों सहित राहगीरों को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं जिम्मेदार अधिकारी आम जनता की इस परेशानी को हल करने के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठा रहे हैं। शहर की अन्य सड़कों के साथ-साथ गाजीपुर वाराणसी हाईवे स्थित बंसीबजार मोहल्ले के पास मुख्य सड़क के किनारे सीवर पाइप लाइन के लिए की गई खुदाई जानलेवा गड्ढों में तब्दील हो गई है। पिछले दो वर्ष से अधिक समय से शहर के लोग मुख्य मार्गों पर धूल मिट्टी फांक रहे हैं। इन समस्याओं से सबसे ज्यादा दुकानदार परेशान हैं। स्थानीय दुकानदारों ने बताया कि शहर के लोग विकास के नाम पर वर्ष 2017 से आज तक परेशानियों का सामना कर रहे हैं। खुदी पड़ी सड़कों पर उड़ने वाली धूल मिट्टी से सभी का बुराहाल हो रहा है। दुकानदारों का कहना है कि हमारा व्यापार भी प्रभावित हो रहा है। वही बडीबाग के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ राजीव कुमार राय ने बताया कि शहर में उड़ रही धूल-मिट्टी से नेत्र रोगी बढ़ रहे हैं। धूल से हो रही एलर्जी के मरीज प्रतिदिन आ रहे हैं। जिनको परीक्षण करने के उपरांत उपचार देने का कार्य किया जा रहा है।

## संक्षेप

### अतिसंवेदन बूथों का एसडीएम ने किया निरीक्षण



**दिलदारनगर।** नगर निकाय के होने वाले चुनाव को देखते हुए दिलदारनगर नगर पंचायत के संवेदन शील व अतिसंवेदन बूथों का उपजिलाधिकारी सेवराई राजेश प्रसाद के साथ नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी मनोज कुमार पांडये चुनाव के मद्देनजर 11 वार्डों में भ्रमण कर 6 केंद्र व 19 बूथों का निरीक्षक किए। नगर पंचायत के सामान्य निर्वाचन 2022 की तैयारी को लेकर गुरुवार को एसडीएम तथा नगर पंचायत ईओ के साथ कोतवाली प्रभारी अशेषनाथ सिंह संवेदनशील अतिसंवेदनशील बूथों के बारे में जानने के लिये बूथों पर पहुंचकर जाना वहां के बारे में निकाय चुनाव को शांतिपूर्ण सम्पन्न कराने के लिये बूथों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि शासन के मंशानुसार जिले के उच्चाधिकारियों के निर्देश पर चुनाव को शांतिपूर्ण शांति पूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के लिये बूथों का निरीक्षण किया गया।

### विवाहिता की मौत मामले में पांच पर मुकदमा

**गहमर/बारा।** गहमर थाना क्षेत्र के बसुका गांव में संदिग्ध परिस्तिथियों में हुई विवाहिता की मौत के मामले में पुलिस ने मृतका के पति की तहरीर पर ग्राम प्रधान के भाई सहित पांच के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। बीते 13 दिसंबर की शाम बसूका गांव में विवाहिता शगुफ्ता बेगम (32) की संदिग्ध परिस्तिथियों में मौत हो गई थी। वहीं परिजनों के द्वारा गांव के ही एक युवक पर अश्लील विडिओ वायरल करने के नाम पर हत्या की आशंका जाहिर की गई है। मृतका के गले में कपड़े का फंदा लगा हुआ था जबकि घर का मुख्य दरवाजा बाहर से बंद था। फॉरेंसिक टीम ने कमरे से इंजेक्शन एवं अन्य साक्ष्य एकत्र किए थे। मृतका के पति हसनैन ने गांव के प्रधान के भाई सहित पांच के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक पवन कुमार उपाध्याय ने बताया कि मृतका के पति द्वारा दी गई नामजद तहरीर के आधार पर पांच आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई की जा रही है।

### डिग्गी से 66 हजार रुपया गायब

**जमानिया।** नगर स्थित भारतीय स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की शाखा से गुरुवार की सुबह करीब 11:30 बजे 66 हजार रुपये निकाल कर डिग्गी में रखा। जिसे उच्चकों ने चुरा लिया। घटना की सूचना कोतवाली में दी गई पुलिस मामले की जांच में चुटी है। क्षेत्र के करजही गांव निवासी राम प्रकाश शर्मा स्टेट बैंक से 66 हजार रुपये निकाल कर तहसील के पास स्थित एक फोटो स्टेट की दुकान के सामने खड़ा कर कुछ काम करने लगा। जब वापस पहुंचा तो डिग्गा खुली हुई थी। जिस पर शोर मचाते हुए पैसा खोजने लगा। उन्होंने बताया कि डिग्गी में पैसा के साथ बैंक का दो पासबुक, दो चेकबुक आदि कागजात था। घटना की सूचना पुलिस को दी गई है। पुलिस ने घटनास्थल का मौका मुआयना किया और मामले की जांच कर रही है। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक वंदना सिंह ने बताया कि प्रार्थना पत्र प्राप्त हुआ है जांच की जा रही है।

### मंदिर की जमीन पर दबंगों का कब्जा, डीएम से की शिकायत

**मुहम्मदाबाद।** स्थानीय तहसील अंतर्गत यूसुफपुर माता महाकाली मंदिर के पूरब और पश्चिम की तरफ दबंगों द्वारा मंदिर की भूमि पर अतिक्रमण को हटाने के संबंध में स्थानीय समाज सेविका मीरा राय ने गुरूवार को जिलाधिकारी को पत्रक सौंपा। समाज सेविका ने जिलाधिकारी को पत्र के माध्यम से यह बताया कि दबंगों ने माता महाकाली मंदिर के पूर्वी और पश्चिमी दीवाल पर एक दीवार अलग से खड़ी करके अतिक्रमण कर रखा है। जिससे लाखों श्रद्धालुओं के आस्था पर ठेस लग रही है। विगत 10 वर्षों से इस संबंध में लड़ाई लड़ी जा रही है ,लेकिन यह दुख का विषय है कि प्राचीन माता महाकाली मंदिर लाखों श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र होने के बावजूद अतिक्रमण को हटाने को लेकर अधिकारियों द्वारा आश्वासन दिया जा रहा है। अधिकारियों ने आज तक इस ओर कोई कार्रवाई नहीं की। समाज सेविका ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधिकारियों व कर्मचारियों की लापरवाही की तरफ भी ध्यान आकृष्ट कराया। स्वास्थ्य केंद्र के समस्याओं की ओर ध्यान देने के लिए पत्र सौंपा। कई वर्षों से एक्स-रे मशीन खराब पड़ी हुई है ।आज तक नई मशीन आकर नहीं लगी। नेत्र परीक्षण व नेत्र संबंधी रोगों की जांच के लिए भी मशीन कई वर्षों से खराब पड़ी है। मुख्यमंत्री के द्वारा जनता की भलाई के लिए कोरोड़ों की लागत से ट्रामा सेंटर का निर्माण हुआ ।लेकिन अभी तक यहां चिकित्सक उपलब्ध नहीं है। ट्रामा सेंटर मात्र शोपीस बनकर रह गया है।

### निकाय चुनाव में माहौल खराब करने वालों की खैर नहीं:श्याम बहादुर

**मुहम्मदाबाद।** स्थानीय क्षेत्र में नगर निकाय चुनाव को लेकर पुलिस बल के साथ गुरूवार को क्षेत्राधिकारी श्याम बहादुर सिंह ने मतदान स्थलों का निरीक्षण किया। क्षेत्राधिकारी श्याम बहादुर सिंह ने मतदान स्थलों का निरीक्षण किया ।साथ ही मतदान के लिए लगाए गए पुलिस बल के ठहरने के स्थानों का भी निरीक्षण किया। क्षेत्राधिकारी ने बताया कि यहां कुल 25 वार्ड है। सभी वार्डों को ध्यान में रखकर कुल 13 मतदान स्थल बनाए गए हैं। इन मतदान स्थलों पर कुल 37 मतदान बूथ है। मतदान के दौरान पीएससी के ठहरने का स्थान का भी निरीक्षण किया गया। क्षेत्राधिकारी ने बताया कि जहां पुलिस को ठहरना है वहां खानपान-जलापूर्ति व विद्युत आपूर्ति की भी जांच की गई। मतदान करने के लिए किसी कठिनाई का सामना ना करना पड़े। क्षेत्राधिकारी के अनुसार मतदान को लेकर स्थानीय नगर क्षेत्र में पैदल रूट मार्च भी किया जाएगा ताकि नगर के सभी नागरिक मतदान कर सकें। मतदान के समय किसी तरह असामाजिक कार्यवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। पुलिस नगर निकाय के चुनाव को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने के लिए कटिबद्ध है। भ्रमण के दौरान कोतवाली के पुलिस बल तथा पीएससी वाहिनी साथ-साथ चल रही थी।

### अराजकतत्वों ने सामुदायिक शौचालय को किया क्षतिग्रस्त

**सुहवल।** स्थानीय थाना क्षेत्र के रणवीर राय ग्राम सभा में ढढनी मलसा मार्ग पर पंचायत के द्वारा निर्मित सामुदायिक शौचालय लगे दरवाजा व ताले को अराजकतत्वों ने बीते रात्रि को ईंट पत्थर से क्षतिग्रस्त कर दिया। इसकी जानकारी लोगों को सुबह उस समय हुई जब लोग रोज की तरह शौच के लिए मौके पर पहुंचे,देखा तो लोगों के होश उड गये। लोगों ने इसकी सूचना तुरंत ग्राम प्रधान विमला देवी को दिया। सूचना मिलते ही मौके पर खुद ग्राम प्रधान व ग्रामीण मौके पर पहुंच गये ।ग्राम प्रधान ने इस मामलें में थाने में अज्ञात लोगों के खिलाफ तहरीर दी है,वहीं पुलिस के द्वारा अभी तक मुकदमा न लिखे जाने व अराजकतत्वों के खिलाफ कोई कार्यवाई न किए जाने से रोष व्याप्त है। लोगों ने पुलिस पर आरोप लगाया कि जिस तरह से पुलिस कार्यवाई को लेकर उदासीन बनी हुई है,निश्चित ही उसकी लापरवाह कार्यशैली को दशार्ता है,वहीं ग्रामीणों ने चेताया कि अगर जल्द इसका खुलासा नहीं हुआ तो लोग सडक पर उतरने को विवश होगें ,जिसकी जिम्मेदारी पुलिस प्रशासन की होगी।इस संम्बध में प्रभारी निरीक्षक तारावती यादव ने बताया कि घटना संज्ञान में है,मगर अभी तक किसी तरह की तहरीर नहीं मिली हैं।

### सपाइयों ने लौह पुरुष की मनायी पुण्यतिथि

**गाजीपुर।** समाजवादी पार्टी के तत्वावधान में जिलाध्यक्ष रामधारी यादव की अध्यक्षता में पार्टी कार्यालय समता भवन पर देश के पूर्व गृह मंत्री/उपप्रधानमंत्री लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की पुण्यतिथि पर माल्यार्पण कार्यक्रम एवं विचार गोष्ठी आयोजित हुई। गोष्ठी आरंभ होने के पूर्व पार्टी के सभी कार्यकर्ताओं ने सरदार वल्लभ भाई पटेल के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए देश की एकता और अखंडता की रक्षा करने का संकल्प लिया। इस गोष्ठी में मुख्य रूप से पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ नन्हकू यादव , गोपाल यादव, तहसीन अहमद,अरुण कुमार श्रीवास्तव, दिनेश यादव, आमिर अली, अमित ठाकुर,चन्द्रिका यादव ,सिंकदर कन्नौजिया, अनिल यादव, नरसिंह यादव,नफीसा बेगम, रतन पाल आदि उपस्थित थे। गोष्ठी का संचालन जिला महामंत्री अशोक कुमार बिंद ने किया ।

### किसानों की गर्जना से थर्रायेगी सरकार

**गाजीपुर।** लागत के आधार पर लाभकारी मूल्य की मांग को लेकर दिल्ली के रामलीला मैदान में भारतीय किसान संघ की किसान गर्जना रैली में लगभग दो लाख किसानों के पहुंचने की सम्भावना है। बेसक देश की सरकारों द्वारा किसानों के लिए आज और कल की स्थिति को एमएसपी पर 50 प्रतिशत तक लाभकारी मूल्य देकर आत्मनिर्भर बनाना है। आज भी उत्तम खेती करने वाला किसान गरीबी में है। इसका मुख्य विषय है कि कृषि उत्पादो के मूल्य नीति लाभकारी नही है। यानि एमएसपी (न्यूनतम लाभकारी मूल्य) जो कि तर्क संगत नही है। एमएसपी में कार्यशील पूंजी उसपर ब्याज कृषि यंत्रों का किराया एक कुशल श्रेणी प्रबन्धक किसान का वेतन सम्मिलित नही है और न ही एमएसपी घोषित फसलों को खरीदा जाता है। भारतीय किसान संघ प्रारम्भ से ही मुख्य मुद्दा किसान को लागत के आधार पर लाभकारी मूल्य दिलाना रहा है। उक्त बाते भारतीय किसान संघ के जिलाध्यक्ष अमित कुमार सिंह ने 15 दिसम्बर को संघ कार्यालय पर आयोजित गोष्ठी में पत्रकारवार्ता कर बताई। प्रान्त के जैविक प्रमुख श्यामसुन्दर ने कहा कि किसान संघ की प्रमुख मांगो को लेकर किसान हित में मांग करता है। इस अवसर पर अखिलेश, श्यामसुन्दर, विनय कुशवाहा, संतोष खरवार, हिमालय जायसवाल, उपाध्यक्ष रविकान्त पाण्डेय सहित उपस्थित कार्यकर्ता रहे।

## जनसंपादकीय

# तवांग में चीन को मिला जवाब

अरुणाचल प्रदेश में भारत और चीन की सेना के बीच हिंसक झड़प हुई है, जिसमें भारतीय सेना के 6 से 8 जवानों को चोटें आईं हैं जबकि दूसरी तरफ चीन के सैनिक इससे कहीं ज्यादा बड़ी संख्या में हताहत हुए हैं, और सूत्रों की मानें तो उनके कुछ सैनिकों की हड्डियां तक टूटी हैं कइससे पहले अरुणाचल प्रदेश में आखिरी बार ऐसा हिंसक संघर्ष 47 साल पहले वर्ष 1975 में हुआ था, जिसमें भारतीय सेना के 4 जवान शहीद हुए थे कबड़ी बात ये है कि पिछले ढाई साल में लाइन ऑफ एक्चुअल कण्ट्रोल यानि कि एलएसी पर इस तरह की ये दूसरी घटना है कजिसकी वजह से चीन से लगी सीमा पर स्थिति अब और भी तनावपूर्ण हो सकती है कइससे पहले 15 जून 2020 को लद्दाख के गलवान में हिंसक झड़प हुई थी, जिसमें भारतीय सेना के 20 जवान शहीद हुए थे और अब गलवान की घटना के पूरे 907 दिन बाद ये संघर्ष हुआ है कदरअसल ये झड़प 9 दिसंबर को अरुणाचल प्रदेश के पश्चिमी भाग में तवांग से करीब 35 किलोमीटर उत्तर पूर्व में यांग्त्से क्षेत्र में एलएसी के विवादित हिस्से पर हुई थी कजिसमें करीब 300 चीनी सैनिक तवांग के यांग्त्से की 17000 फुट की ऊंचाई पर भारतीय पोस्ट को हटाने एवं घुसपैठ की कोशिश कर रहे थे कचीनी सैनिक कटीले लाठी डंडे और इलेक्ट्रिक हथियारों से लैश थे कभारतीय सेना ने भी इस बार पूरी तैयारी के साथ कंटीले लाठी डंडों से उनको मुहतोड़ जवाब दिया है, और वहाँ से उनको खदेड़ भगाया है कतवांग को अरुणाचल प्रदेश का सबसे संवेदनशील जिला माना जाता है क्यूंकि इसकी सीमाएं भूटान से लगी हैं और ये चीन की सीमा से भी लगा हुआ है यानि कि तवांग के एक तरफ भूटान है और दूसरी तरफ चीन है इसलिए ये बहुत ही संवेदनशील इलाका है, और चीन की हमेशा इस इलाके पर नजर रही है और इस बार भी जिस जगह पर यह हिंसक झड़प हुई है वो इलाका पूर्वी तवांग में लाइन ऑफ एक्चुअल कण्ट्रोल के बहुत पास है, और इस पर चीन की सेना पहले से ही अपना दावा करती रही है, और कहती रही है कि ये उसका इलाका है क जबकि इससे पहले भी यहां दोनों देशों की सेनाओं के बीच मामूली टकराव होते रहे हैं, और पिछले कुछ महीनों से इस इलाके में तनाव पहले से ही काफी बढ़ा हुआ था कदरअसल पिछले साल अक्टूबर 2021 में भी पीएलए के सैनिकों ने इस इलाके पर घुसपैठ की कोशिश की थी कजिसके बाद चीन के कुछ सैनिकों को भारतीय सेना ने हिरासत में ले लिया था, और दोनों देशों की सेनाओं के बीच तब काफी समय तक टकराव की स्थिति बनी रही थी कहालांकि उस समय दोनों देशों की सेनाओं में हिंसक संघर्ष नहीं हुआ था, और मामले को बातचीत से ही सुलझाने की कोशिश की गयी थी कलेकिन इस बार 9 दिसंबर को नौबत हिंसक संघर्ष तक पहुँच गयी थी कबड़ी बात ये है कि इस संघर्ष में ज्यादा बड़े हथियारों का इस्तेमाल नहीं हुआ है, इसलिए दोनों ही तरफ से कोई बड़ी हानि नहीं हुई है, और यही कारण है कि दोनों तरफ के सैनिकों को मामूली चोटें आईं हैं कदरअसल चीन का मकसद यांग्त्से की 17000 फुट ऊंची चोटी पर चढ़ना और वहां कब्जा करना है, क्यूंकि इस चोटी से एलएसी के दोनों ओर का कमांडिंग व्यू मिलता है कइससे बॉर्डर के दोनों तरफ निगरानी करना आसान हो जाता है, और किसी भी गतिविधि या आवागमन पर नजर रखी जा सकती है क फिलहाल चोटी और उस तक पहुँचाने वाले रास्तों पर भारत का अपनी तरफ से पूरा नियंत्रण है कसाथ ही राजनीतिक रूप से भी ये चोटी बेहद अहम है, जिसके परिणामस्वरूप चीन की नजर इस 17000 फुट की ऊंची चोटी पर है, जिस पर कब्जे का वो बार बार प्रयास कर रहा है क यांग्त्से क्षेत्र में हुई इस झड़प में भी कुछ ऐसा ही प्रयास था कतवांग सेक्टर में लाइन ऑफ एक्चुअल कण्ट्रोल के पास कुछ इलाके ऐसे हैं जिन्हे लेकर भारत और चीन के बीच लगातार विवाद रहा है, और फिलहाल जिस जगह पर ये हिंसक झड़प हुई है ये क्षेत्र उन्ही इलाकों में आता है वर्ष 2006 से ही दोनों देशों की सेनाएं इन इलाकों में उस जगह तक पेट्रोलिंग करती आ रही थी, जहाँ तक वो अपना दावा करती है कऔर सूत्रों के मुताबिक इस बार भी ये हिंसक झड़प पेट्रोलिंग के दौरान ही हुई है कलेकिन एक अच्छी बात ये है कि इस संघर्ष के बाद भारत और चीन के सैनिक लाइन ऑफ एक्चुअल कण्ट्रोल पर स्थित इस जगह से पीछे हट गए हैं और दोनों ही देशों की सेनाओं के बीच विवाद को सुलझाने के लिए कमांडर स्तर की बातचीत चल रही है क कमांडर स्तर की बातचीत तब होती है जब सीमा पर स्थिति काफी गम्भीर बन जाती है कजैसे गलवान की हिंसक झड़प के बाद दोनों देशों के बीच सबसे पहले कमांडर स्तर की बातचीत ही हुई थी कझड़प के बाद भारतीय कमांडर ने चीनी कमांडर के साथ फ्लैग मीटिंग की जिसमें शांति बहाली को लेकर चर्चा हुई चीन के बीच झड़प का मामला संसद में भी गूंजा रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा है कि भारतीय सेना ने चीन के अतिक्रमण की कोशिश को नाकाम कर दिया है कनोट करने वाली बात ये भी है कि चीन पिछले काफी समय से अरुणाचल प्रदेश के मुद्दे पर भारत को उकसाने की कोशिश कर रहा था, और पिछले साल दिसंबर में उसने अरुणाचल प्रदेश में स्थित 15 स्थानों के नाम ये कहते हुए बदल दिए थे कि अरुणाचल प्रदेश उसका इलाका है, और वो अपने इलाके में जिस भी क्षेत्र या जगह का जो चाहे नाम रख सकता है और उसने 15 स्थानों के नाम अपने हिसाब से बदल भी दिए कएक रिपोर्ट के मुताबिक 2017 से 2021 के बीच अरुणाचल प्रदेश में स्थित कुल 22 स्थानों के नाम चीन ने बदले हैं कजिस पर भारत की तरफ से कड़ी आपत्ति हर बार जताई गयी है कलेकिन चीन का विदेश मंत्रालय हर बार यही कहता रहा है, कि अरुणाचल प्रदेश उसका है और वो जैसे चाहे वैसे वहां के स्थानों का नाम अपने हिसाब से एवं अपनी भाषा में रखेगा क


कतवांग को अरुणाचल प्रदेश का सबसे संवेदनशील जिला माना जाता है क्यूंकि इसकी सीमाएं भूटान से लगी हैं और ये चीन की सीमा से भी लगा हुआ है यानि कि तवांग के एक तरफ भूटान है और दूसरी तरफ चीन है इसलिए ये बहुत ही संवेदनशील इलाका है



**ऋषभ मिश्रा**
**सहायक प्रोफेसर, कानपुर इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, संपर्क 9648189659**

## गरीबों के संग कोई रहता नहीं है

गरीबों की बस्ती उजाड़ी है तुमने/ मगर क्यों उजाड़ी है ये तो बताओ?
अगर ये जमीं सारी सरकार की है / तो जाओ अमीरों के घर भी गिराओ।
हमारी सभी झोपड़ी तोड़ डालीं / चलो अब अमीरों की बिल्डिंग गिराओ,
जो वर्दी पहन कर डराया है हमको / उसी से चलो अब इन्हें भी डराओ।
परेशाँ किया है गरीबों को तुमने / परेशाँ अमीरों को करके दिखाओ,
बिना बात के ही हमें पीट डाला / चलो अब अमीरों के थप्पड़ लगाओ।
किया जुर्म दोनों ने है एक जैसा / सजा क्यों अलग इनको दी जा रही है,
गरीबों को बेघर किया जा रहा है / जमीं ये अमीरों को दी जा रही है।
हमीं पर चलाते हैं सब जोर अपना / अमीरों से कुछ कोई कहता नहीं है,
अमीरों का सब साथ देते हैं लेकिन/ गरीबों के संग कोई रहता नहीं है।



**– राजा सिंह काबिल**
**छात्र, राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, खैर, अलीगढ़। संपर्क 78188 64898**

# समग्र स्वास्थ्य की देखभाल जरूरी है

**स्वास्थ्य**



**गिरीश्वर मिश्र**

स्वस्थ्य रहते हुए ही मनुष्य निजी और सार्वजनिक हर तरह के कार्य कर पाता है सबको मालूम है परंतु इसका महत्व तभी समझ में आता है जब जीवन में व्यवधान का सामना करना पड़ता है। तब हम स्वास्थ्य को लेकर सचेत हो जाते हैं। कोविड महामारी के दौर में यह बात सबने अनुभव की थी । स्वास्थ्य और अस्वास्थ्य की उलझन नई नहीं है और स्वास्थ्य रक्षा के उपायों को लेकर प्रत्येक समाज उपचार या चिकित्सा के समाधान ढूँढता रहा है। इस तथ्य के बावजूद कि ऐतिहासिक रूप से विभिन्न ज्ञान परम्पराओं और भिन्न-भिन्न सांस्कृतिक संदर्भों में पनपने वाली विभिन्न उपचार प्रणालियों का सुदीर्घ काल से समानांतर अस्तित्व रहा है, आज वैज्ञानिक दृष्टिकोण को अपनाने वाली जैव चिकित्सा (बायोमेडिसिन) या एलोपैथी का उपयोग प्रमुखता से स्वीकृत और प्रधान हो चुकी है। यह स्थिति चिकित्सकीय ज्ञान की वास्तविकता को खंडित रूप से देखती और प्रस्तुत करती है। आधुनिक चिकित्सा पद्धति रोगी और स्वास्थ्य-सेवा मुहैया करने वाले एजेंटों के बीच की दूरी के कारण एक गम्भीर कि स्म के आंतरिक तनाव को दशार्ती है। इसमें व्यक्ति का स्वास्थ्य तो व्यक्तिगत रहता है परंतु स्वास्थ्य की देखभाल करना एक पेशेवर या व्यावसायिक मामला बन गया है। स्वास्थ्य को समझने के लिए पश्चिमी परम्परा में स्वीकृत मूल्य जैसे अहंकार पर बल, मन और शरीर का द्वैत और सारी प्रक्रिया में संस्कृति की भूमिका को नजर अन्दाज करना स्वास्थ्य के बारे में एक खास कि स्म नजरिया हैं। यह अत्यधिक विशेषज्ञता( सुपर स्पेशलिटी) पर जोर देता है। इसके विपरीत, समग्रता पर विचार करने की प्रवृत्ति स्थानीय पर्यावरण-सांस्कृतिक संदर्भों में स्थित होती है और उन तक आम आदमी की पहुंच आसान थी। ज्यादातर मामलों में स्वास्थ्य संबंधी प्रक्रियाओं को हर कोई आसानी से समझ सकता था । कहना न होगा कि उपचार की प्रक्रियाओं में रोगी के जीवन के व्यक्तिगत, सामाजिक, मनोवैज्ञानिक और आध्यात्मिक सभी पहलू शामिल रहते हैं। इस पृष्ठभूमि में भारत में प्रचलित दृष्टिकोणों और संबंधित प्रथाएं स्वास्थ्य और स्वास्थ्य देखभाल की घटना को एक समग्रता में ग्रहण करती हैं। हिपोक्रेटिक शपथ में भी कहा गया है कि 'मनुष्य की भलाई हवा, पानी, भोजन, हवा और भूमि की स्थलाकृति (टोपोलोजी) से प्रभावित होती है। एक प्राणी एक जीवित प्रणाली होता है । ऐसे ही ग्रीक दार्शनिक सुकरात ने टिप्पणी की थी कि जब तक समग्र (होल) ठीक नहीं होगा, तब तक हमारे लिए कोई भी भाग (पार्ट) अच्छा नहीं हो सकता। हेल्थ और होलिज्म के शब्दार्थ एक-दूसरे से बहुत निकट से जुड़े हुए हैं। ग्रीक शब्द होलोस का अर्थ पूर्णता होता है। एक ही मूल से होल, हेल और होली शब्द बनते हैं। इस तरह समग्र की प्रधानता वाले दृष्टिकोण की जड़ें बड़ी प्राचीन हैं। भारत की स्वदेशी चिकित्सा प्रणाली (जैसे- आयुर्वेद, योग, सिद्ध), तथा तिब्बती, चीनी और अफ्रीकी परम्पराओं में ध्यान और पारंपरिक चिकित्सा की विभिन्न प्रथाओं का उद्देश्य स्पष्ट रूप से रोग की रोकथाम, स्वास्थ्य संवर्धन, मनोदैहिक और पुरानी रोग-स्थितियों का प्रबंधन और समग्र रूप से प्रतिरक्षा कार्यप्रणाली (इम्यून व्यवस्था) को अधिकाधिक समर्थ बनाने की है। पंच महाभूत (अर्थात पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु, आकाश/आकाश) मानव शरीर सहित हर चीज के भौतिक अस्तित्व का निर्माण करने वाले मूल (सामान्य) तत्व हैं। आयुर्वेद तीन दोष (यानी वात, पित्त और कफ) और तीन गुण (सत्व-प्रकाश, रजस-गत्यात्मकता और तमस-निष्क्रियता) पर निर्भर करता है। ये सब एक सक्रिय समग्र इकाई बनाते हैं। आयुर्वेद के अनुसार रोगी, परिचारक, औषधि और चिकित्सक उपचार के चार स्तंभ हैं जिन पर स्वास्थ टिका होता है और साम्यावस्था की गत्यात्मक स्थिति पर कई तरह से जोर दिया जाता है। जैसा कि महान शल्य चिकित्सक आचार्य सुश्रुत ने कहा था आत्म या स्व (आत्मा), इंद्रियों और मन की प्रसन्नता संयुक्त रूप से मिल कर स्वास्थ्य का निर्माण करते हैं : प्रसन्नात्मेंद्रियमनः स्वस्थमित्यभिधीयते । आचार्य चरक के अनुसार शारीरिक कार्यप्रणाली के सभी पहलुओं में साम्य की स्थिति को स्वास्थ्य का लक्षण कहते है(समदोषः समाग्निश्च समधातुमलक्रिया)। भगवद्गीता में भी कहा गया है कि मन की समता या समत्व को योग कहा गया है । साथ ही, उपयुक्तता पर विशेष जोर दिया गया है। जीवन के सभी पहलुओं में युक्त होना चाहिए। गीता का कहना है कि 'योग उसके लिए दुखों का नाश करने वाला होता है, जो भोजन करने और मनोरंजन में संयमित है, जो अपने कार्यों के दौरान अपने परिश्रम में मध्यम है, जो सोने और जागने में मध्यम है' (गीता, 6/17)। महर्षि पतंजलि के योग सूत्र (2/3) में जीवन के कष्टों (क्लेश) में पाँच प्रमुख समस्याएं हैं : अविद्या (अज्ञान), अस्मिता (अहंकार), राग, (आसक्ति), द्वेष (घृणा) और अभिनिवेश (जीवन से चिपटने की इच्छा) हैं। इसके समाफधान के लिए राज योग, भक्ति योग और कर्म योग सहित योग की विभिन्न प्रणालियाँ प्रस्तावित हैं। इस प्रकार हम पाते हैं कि निदान और चिकित्सा में जैव-मनोवैज्ञानिक-सामाजिक और आध्यात्मिक आदि सभी कारकों को ध्यान में रखा गया है। अब यह बात साफ हो चली है कि शारीर और मन का भेद करना और शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य/अस्वास्थ्य को अलग अलग देखना दोषपूर्ण है। स्वास्थ्य का एक समग्र नजरिया अपनाना जरूरी है।

चिकित्सा की स्वदेशी प्रणाली यह मानती है कि जीवित शरीर में खुद को ठीक करने की जन्मजात क्षमता होती है और इस दृष्टि से समग्र/संपूर्ण अपने विभिन्न भागों के योगफल से अधिक होता है। अब यह धीरे-धीरे महसूस किया जा रहा है कि मन और शरीर के बीच अलगाव की बात ठीक नहीं है । अब 'साइकोन्यूरोइम्यूनोलॉजी' जैसे चिकित्सावैज्ञानिक अध्ययनविषय का उदय हो रहा है । भारतीय दृष्टि में प्राण की ऊर्जा ब्रह्मांड में सभी जीवन को जोड़ती है। मनुष्य होना वस्तुतः आध्यात्मिक होना है। वास्तव में पारंपरिक दवाएं दिखा रही हैं कि व्यवस्था की सीमाएं धुंधली हैं, और अब स्वदेशी हर्बल (जड़ी बूटी) औषधि के रूप में नए अवतार में आ गया है।

समग्र स्वास्थ्य की दृष्टि से देखभाल करने में व्यक्ति या जन-केंद्रित देखभाल प्रणाली शामिल होती है जो मन, शरीर और आत्मा को संबोधित करने वाली तरकीबों को भलीभाँति एकीकृत करती है। संपूर्ण व्यक्ति और भागीदारी इसमें प्रमुख नियामक होते हैं। इसका तात्पर्य स्वास्थ्य और बीमारी की एक प्रकार की गतिशील समझ से है। समानता, प्रभावशालिता , सुरक्षा, नैतिकता, किफायती लागत, पारस्परिक संवेदनशीलता, तथा सामाजिक दुनिया के साथ संबंध जैसे मानदंडों को पूरा करने के लिए स्वास्थ्य का देखभाल करने वाली प्रणाली स्थापित करना बड़ी चुनौती है। संपूर्णता के रूप में स्वास्थ्य को शरीर तक सीमित नहीं किया जा सकता। इसके लिए अध्ययन विषयों की सीमाओं को पार करने और जन-केंद्रित दृष्टिकोणों की ओर बढ़ने की आवश्यकता होगी। इस तरह का एक एकीकृत दृष्टिकोण भारत की राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीति-2017, राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 और राष्ट्रीय डिजिटल स्वास्थ्य मिशन-2020 और वैश्विक स्तर पर स्वीकृत किए गए सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) के अनुरूप है। यह खुशी की बात है कि 2014 में भारत सरकार ने आयुर्वेद, योग, यूनानी, सिद्ध और होम्योपैथी प्रणालियों की जरूरतों को पूरा करने के लिए आयुष मंत्रालय की स्थापना की और इन चिकित्सा प्रणालियों को बढ़ावा देने के प्रयास किए जा रहे हैं।

समग्र स्वास्थ्य वाली देखभाल सही और प्रभावी रोकथाम के तरीकों और रोगी-केंद्रित चिकित्सा की मांग करती है। हमें बीमारी के दौरान सही और गरिमापूर्ण पुनर्वास और सहायता स्थापित करने की भी आवश्यकता है ताकि शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक आवश्यकताओं को ठीक से संबोधित किया जा सके। स्वास्थ्य के लिए समग्र एकीकृत देखभाल में व्यायाम, समाजीकरण, सुरक्षित आवास और पर्याप्त साधनों का प्रावधान शामिल है ताकि स्वास्थ्य से समझौता करने वाले प्रतिबंधों को हटाया जा सके।

प्रासंगिक कानून के माध्यम से कमजोर, सामाजिक-आर्थिक रूप से वंचित और बुजुर्ग लोगों की सहायता के लिए सामाजिक देखभाल और समर्थन और गतिशील संगठनात्मक स्थितियों और सेवा-वितरण की आवश्यकता होगी। दुर्भाग्य से, समग्रता का उपयोग ग्राहकों को भर्ती करने के लिए एक आकर्षक लेबल के रूप में किया जाता है जो भ्रामक हो सकता है यदि जीवनविरोधी खतरनाक स्थितियों पर ठीक से ध्यान न दिया जाय । चूंकि समग्र दृष्टि से स्वास्थ्य की देखभाल करना ( होलिस्टिक हेल्थ केयर) सांस्कृतिक रूप से स्वीकार्य, प्रभावी और व्यावहारिक है इस दिशा में आगे बढ़ने के लिए गंभीर प्रयास की आवश्यकता है। इससे स्वास्थ्यविषयक असमानता कम होगी, सामाजिक न्याय भी सुनिश्चित होगा और स्वास्थ्य के लिए उभरते संकटों का भी समाधान हो सकेगा ।

**( लेखक वर्धा विवि के कुलपति रहे हैं, संपर्क 9922399666)**

आधुनिक चिकित्सा पद्धति रोगी और स्वास्थ्य-सेवा मुहैया करने वाले एजेंटों के बीच की दूरी के कारण एक गम्भीर कि स्म के आंतरिक तनाव को दशार्ती है। इसमें व्यक्ति का स्वास्थ्य तो व्यक्तिगत रहता है परंतु स्वास्थ्य की देखभाल करना एक पेशेवर या व्यावसायिक मामला बन गया है। स्वास्थ्य को समझने के लिए पश्चिमी परम्परा में स्वीकृत मूल्य जैसे अहंकार पर बल, मन और शरीर का द्वैत और सारी प्रक्रिया में संस्कृति की भूमिका को नजर अन्दाज करना स्वास्थ्य के बारे में एक खास कि स्म नजरिया हैं। यह अत्यधिक विशेषज्ञता( सुपर स्पेशलिटी) पर जोर देता है। इसके विपरीत, समग्रता पर विचार करने की प्रवृत्ति स्थानीय पर्यावरण-सांस्कृतिक संदर्भों में स्थित होती है और उन तक आम आदमी की पहुंच आसान थी। ज्यादातर मामलों में स्वास्थ्य संबंधी प्रक्रियाओं को हर कोई आसानी से समझ सकता था । कहना न होगा कि उपचार की प्रक्रियाओं में रोगी के जीवन के व्यक्तिगत, सामाजिक, मनोवैज्ञानिक और आध्यात्मिक सभी पहलू शामिल रहते हैं।

# कार्बन डाईऑक्साइड उत्सर्जन से संकट में दुनिया

**पर्यावरण**



**अरविंद जयतिलक**

मिश्र में संयुक्त राष्ट्र जलवायु सम्मेलन के मौके पर जारी रिपोर्ट बेहद चिंताजनक है कि पूरी दुनिया में 2022 में वातावरण में 40.6 अरब टन कार्बन डाई ऑक्साइड का उत्सर्जन हो सकता है। अगर यह अनुमान सच हुआ तो फिर वैश्विक तापमान वृद्धि तय है जिसे अभी 1.5 डिग्री सेल्सियस तक रखने का लक्ष्य रखा गया है। रिपोर्ट के अनुसार 2021 में दुनिया का आधे से अधिक कार्बन डाई ऑक्साइड उत्सर्जन तीन देशों चीन (31 प्रतिशत), अमेरिका (14 प्रतिशत) और यूरोपीय संघ (8 प्रतिशत) था। भारत की बात करें तो 2022 में उत्सर्जन 6 प्रतिशत बढ़ने का अनुमान है, जिसमें सर्वाधिक 5 प्रतिशत वृद्धि कोयले से होने वाले उत्सर्जन से हो सकती है। गत वर्ष ब्रिटेन में मौसम विभाग के कार्यालय और एक्जेटर विश्वविद्यालय के अनुसंधानकताओं ने भी अपने शोध में पाया था कि हवाई स्थित मौना लोआ वेधशाला में वायुमंडल में कार्बन डाईऑक्साइड की सघनता में 1958 से करीब 30 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी हुई है। इसके लिए मुख्य रुप से जीवाश्म ईंधनों, वनों की कटाई और सीमेंट उत्पादन को जिम्मेदार ठहराया गया है। एक आंकड़ें के मुताबिक अब तक वायुमण्डल में 36 लाख टन कार्बन डाइऑक्साइड की वृद्धि हो चुकी है और वायुमण्डल से 24 लाख टन ऑक्सीजन समाप्त हो चुकी है। अगर यही स्थिति रही तो 2050 तक पृथ्वी के तापक्रम में लगभग 4 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि तय है। वैज्ञानिकों की मानें तो बढ़ते तापमान के लिए मुख्यतः ग्लोबल वार्मिंग है और इससे निपटने की त्वरित कोशिश नहीं हुई तो आने वाले वर्षों में धरती का खौलते कुंड में परिवर्तित होना तय है। अमेरिकी वैज्ञानिकों की मानें तो वैश्विक औसत तापमान पिछले सवा सौ सालों में अपने उच्चतम स्तर पर है। औद्योगिकरण की शुरूआत से लेकर अब तक तापमान में 1.25 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि हो चुकी है। आंकड़ों के मुताबिक 45 वर्षों से हर दशक में तापमान में 0.18 डिग्री सेल्सियस का इजाफा हुआ है। आइपीसीसी के आंकलन के मुताबिक 21 सवीं सदी में पृथ्वी के सतह के औसत तापमान में 1.1 से 2.9 डिग्री सेल्सियस की बढ़ोत्तरी होने की आशंका है। अमेरिकी वैज्ञानिकों ने वायु में मौजूद ऑक्सीजन और कार्बन डाईऑक्साइड के अनुपात पर एक शोध में पाया है कि बढ़ते तापमान के कारण वातावरण से ऑक्सीजन की मात्रा तेजी से कम हो रही है। पिछले आठ सालों में वातारवरण से ऑक्सीजन काफी रफ्तार से घटी है। वैज्ञानिकों का कहना है कि पृथ्वी का तापमान जिस तेजी से बढ़ रहा है उस पर काबू नहीं पाया गया तो अगली सदी में तापमान 60 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है। वैज्ञानिकों के मुताबिक अगर पृथ्वी के तापमान में मात्र 3.6 डिग्री सेल्सियस तक वृद्धि होती है तो आर्कटिक के साथ-साथ अण्टाकर्टिका के विशाल हिमखण्ड पिघल जाएंगे। देखा भी जा रहा है कि बढ़ते तापमान के कारण उत्तरी व दक्षिणी ध्रुव की बर्फ चिंताजनक रुप से पिघल रही है। वर्ष 2007 की इंटरगवर्नमेंटल पैनल की रिपोर्ट के मुताबिक बढ़ते तापमान के कारण दुनिया भर के करीब 30 पर्वतीय ग्लेशियरों की मोटाई अब आधे मीटर से कम रह गयी है। हिमालय क्षेत्र में पिछले पांच दशकों में माउंट एवरेस्ट के ग्लेशियर 2 से 5 किलोमीटर सिकुड़ गए हैं। 76 फीसद ग्लेशियर चिंताजनक गति से सिकुड़ रहे हैं। कश्मीर और नेपाल के बीच गंगोत्री ग्लेशियर भी तेजी से सिकुड़ रहा है। अनुमानित भूमंडलीय तापन से जीवों का भौगोलिक वितरण भी प्रभावित हो सकता है। कई जातियां धीरे-धीरे ध्रुवीय दिशा या उच्च पर्वतों की ओर विस्थापित हो जाएंगी। जातियों के वितरण में इन परिवर्तनों का जाति विविधता तथा पारिस्थितिकी अभिक्रियाओं इत्यादि पर गहरा असर पड़ेगा। यहां ध्यान रखना होगा कि पृथ्वी पर करीब 12 करोड़ वर्षों तक राज करने वाले डायनासोर नामक दैत्याकार जीवों के समाप्त होने का कारण भूमंडलीय तापन ही था। बढ़ते तापमान पर नियंत्रण के लिए भारत एवं वैश्विक समुदाय को कमर कसना होगा। पर्यावरणविदों की मानें तो बढ़ते तापमान के लिए मुख्यतः ग्रीन हाउस गैस, वनों की कटाई और जीवाश्म ईंधन का दहन है। तापमान में कमी तभी आएगी जब वैश्विक कार्बन उत्सर्जन में कमी होगी। आंकड़ों पर गौर करें तो 2000 से 2010 तक वैश्विक कार्बन उत्सर्जन की दर प्रतिवर्ष 3 प्रतिशत रही जबकि भारत के कार्बन उत्सर्जन में यह वृद्धि 5 प्रतिशत रही। कार्बन उत्सर्जन के लिए सर्वाधिक रुप से कोयला जिम्मेदार है। भारत की बात करें तो उसकी कुल आबादी का एक बड़ा हिस्सा आज भी कोयले पर निर्भर है। अच्छी बात यह है कि भारत ने गत वर्ष पहले पेरिस जलवायु समझौते को अंगीकार करने के बाद क्योटो प्रोटाकाल के दूसरे लक्ष्य को अंगीकार करने की मंजूरी दे दी है। इसके तहत देशों को 1990 की तुलना में ग्रीन हाउस गैसों के उत्सर्जन को 18 प्रतिशत तक घटाना होगा। भारत के इस कदम से अन्य देश भी इसे अंगीकार करने के लिए आगे आएंगे। उल्लेखनीय है कि उद्योगों से निकलने वाली ग्रीन हाउस गैसों के उत्सर्जन को कम करने के लिए 11 दिसंबर, 1997 को जापान के क्योटो शहर में संयुक्त राष्ट्र के नेतृत्व में 192 देशों के बीच यह संधि हुई। 16 फरवरी, 2005 को यह प्रभावी हुई। विकसित देशों द्वारा विकासशील देशों को लक्ष्य पूरा करने के लिए आर्थिक और तकनीकी मदद उपलब्ध कराना भी इसका हिस्सा है। गौरतलब है कि संधि का पहला लक्ष्य 2008-12 के लिए तय हुआ था। इसमें औद्योगिक अर्थव्यवस्था वाले 52 देशों ने चार ग्रीन हाउस गैसों (कार्बन डाई ऑक्साइड, मीथेन, नाइट्रस ऑक्साइड और सल्फर हेक्साफ्लोराइड) का उत्सर्जन 1990 की तुलना में 5 प्रतिशत तक घटाने का लक्ष्य रखा था। अन्य देशों ने भी इसके लिए अपने-अपने लक्ष्य रखे थे। गौर करें तो पेरिस जलवायु समझौते पर भी भारत ने दुनिया को राह दिखायी है। उल्लेखनीय है कि 2020 से कार्बन उत्सर्जन को घटाने संबंधित प्रयास शुरू करने के लिए दिसंबर, 2015 को यह संधि हुई। इस संधि पर 192 देशों ने हस्ताक्षर किए। 126 देश इसे अंगीकार कर चुके हैं। भारत ने 2 अक्टुबर, 2016 को इसे अंगीकार करके अन्य देशों को भी अंगीकार करने की राह दिखायी। फिर कुछ अन्य देशों द्वारा इसे अंगीकार किए जाने पर 4 नवंबर, 2016 को यह प्रभावी हुआ। इसके तहत बढ़ते वैश्विक औसत तापमान को दो डिग्री सेल्सियस पर ही रोकने का लक्ष्य तय है। पृथ्वी के तापमान को स्थिर रखने और कार्बन उत्सर्जन के प्रभाव को कम करने के लिए कंक्रीट के जंगल का विस्तार और अंधाधुंध पर्यावरण दोहन पर लगाम कसना होगा। जंगल और वृक्षों का दायरा बढ़ाना होगा। पेड़ और हरियाली ही धरती पर जीवन के मूलाधार हैं। वनों को धरती का फेफड़ा कहा जाता है। धरती पर प्राणवायु ऑक्सीजन से लेकर जरुरी भोजन मुहैया कराने के लिए यही वृद्ध जिम्मेदार हैं। वृक्षों और जंगलों का विस्तार होने से धरती के तापमान में कमी आएगी। लेकिन विडंबना है कि वृक्षों और जंगलों का ध्यान नहीं रखा जा रहा है। संयुक्त राष्ट्र की ह्यग्लोबल फॉरेस्ट रिसोर्स एसेसमेंटह्न (जीएफआरए) की रिपोर्ट में कहा गया है कि 1990 से 2015 के बीच कुल वन क्षेत्र तीन फीसद घटा है और 102,000 लाख एकड़ से अधिक का क्षेत्र 98,810 लाख एकड़ तक सिमट गया है। यानी 3,190 लाख एकड़ वनक्षेत्र में कमी आयी है। गौर करें तो यह क्षेत्र दक्षिण अफ्रीका के आकार के बराबर है। रिपोर्ट में कहा गया है कि प्राकृतिक वन क्षेत्र में कुल वैश्विक क्षेत्र की दोगुनी अर्थात छः फीसद की कमी आयी है। उष्णकटिबंधीय वन क्षेत्रों की स्थिति और भी दयनीय है। यहां सबसे अधिक 10 प्रतिशत की दर से वन क्षेत्र का नुकसान हुआ है। वनों के विनाश से वातावरण जहरीला हुआ है और प्रतिवर्ष 2 अरब टन अतिरिक्त कार्बन-डाइऑक्साइड वायुमण्डल में घुल-मिल रहा है। इससे जीवन का सुरक्षा कवच मानी जाने वाली ओजोन परत को नुकसान पहुंच रहा है। ओजोन को पृथ्वी का सुरक्षा कवच कहा जाता है क्योंकि यह जीवों की सूर्य की पराबैगनी किरणों से रक्षा करता है। बेहतर होगा कि वैश्विक समुदाय बढ़ते तापमान से निपटने के लिए कार्बन डाईऑक्साइड के उत्सर्जन पर नियंत्रण का कोई ठोस प्रभावी उपाय ढुढ़ें।

**( लेखक स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं)**

कई जातियां धीरे-धीरे ध्रुवीय दिशा या उच्च पर्वतों की ओर विस्थापित हो जाएंगी। जातियों के वितरण में इन परिवर्तनों का जाति विविधता तथा पारिस्थितिकी अभिक्रियाओं इत्यादि पर गहरा असर पड़ेगा। यहां ध्यान रखना होगा कि पृथ्वी पर करीब 12 करोड़ वर्षों तक राज करने वाले डायनासोर नामक दैत्याकार जीवों के समाप्त होने का कारण भूमंडलीय तापन ही था। बढ़ते तापमान पर नियंत्रण के लिए भारत एवं वैश्विक समुदाय को कमर कसना होगा। पर्यावरणविदों की मानें तो बढ़ते तापमान के लिए मुख्यतः ग्रीन हाउस गैस, वनों की कटाई और जीवाश्म ईंधन का दहन है।

**व्यंग्य**



## अंग्रेजी, दिल में आती है ... दिमाग में नहीं

**जवाहर चौधरी**

चाय की दुकान पर हिंदी वाले सर डीडी अनोखे टकरा गए । सबको पता है ज्यादा समय वे यहाँ मौजूद मिलते हैं, जिस किसी का मन होता है टकराने का तो आ कर इनसे टकरा सकता है । उनसे टकराने का अपना मजा है । कुछ लोग हैं जिन्हें आदत पड़ गयी है उनसे टकराने की । बड़ा घंटा जैसे एक बार ठोक देने से बहुत देर तक गूंजता रहता है वैसे ही सही टक्कर लग जाये तो डीडी अनोखे भी देर तक गूंजते रहते हैं । अनोखे आज भी गूंज रहे हैं झ देखिये भई हिंदी अपनी जगह है और बच्चों का भविष्य अपनी जगह । हिंदी और दूसरी देसी भाषाओं की व्यवस्था हमारे आपके लिए है । आम आदमी हमेशा आम आदमी होता है यों समझिये पोल्ट्री प्रोडक्ट, ब्रायलर पब्लिक । देश में हर दिन पचास हजार से ज्यादा बच्चे पैदा हो रहे हैं । हिंदी के भविष्य से उनका भविष्य जुड़ा हुआ है । लेकिन ऊँचे लोग, ऊँची पसंद, ऊँचे सपने, ऊँचे काम, ऊँचे मुकाम । जो ऊपर से संस्कृत के हिमायती हैं वो भी अन्दर से अंग्रेजी पर लट्टू हैं । देश में शायद ही कोई नेता, अधिकारी, व्यापारी मिले जिसके बच्चे हिंदी मीडियम में पढ़ रहे हों । वो देश, वो दुनिया अलग है जहाँ बच्चे सिजेरियन से, अपनी पसंद के मुहूर्त में पैदा होते हैं और माँ के पेट में पहला कट अंग्रेजी का लगवा कर बाहर आते हैं । और मजे की बात, इस तरह के बच्चे भी आजकल गोरे पैदा होते हैं। गोरे बच्चे जब अंग्रेजी बोलते हैं तो लगता है पूरे दो सौ साल की हुकूमत आंगन में उछलकूद कर रही है । बच्चे पैदा हों तो एक्सपोर्ट क्वालिटी के हों वरना क्या फायदा ! फर-फर झर-झर अंग्रेजी उसके बाद सीधे अमेरिका, आस्ट्रेलिया, लन्दन । ये बात हिंदी के व्याख्याता अनोखे कर रहे हैं जो हिंदी नहीं पढ़ाने का छठा वेतनमान ले रहे हैं । उनका संकल्प है कि जिस दिन सातवाँ उनके खाते में आएगा तब पढ़ा देंगे । नाम उजागर नहीं करने की शर्त पर वे कह देते हैं कि झ हिंदी भी कोई पढ़ने की चीज है ! जो भाषा गरीब-गुरबों नंग-धडंग बच्चों तक को आती है उसे क्या पढ़ना और क्यों पढ़ना । पढ़ने पढ़ाने की चीज तो अंग्रेजी है जो अंग्रेजी टीचर को भी ठीक से नहीं आती है । खुद अनोखे जी ने भी बरसों तक ट्राई किया पर नहीं आई । अंग्रेजी कमबख्त दिल में आती है दिमाग में नहीं । आखिर विश्वविद्यालय ने हिंदी की डिग्री दे कर इनसे पिंड छुड़ाया । अनोखे भी भागती भाषा की लंगोटी भली यह सोच कर हिंदी से लिपट गए लेकिन अंग्रेजी से प्रेम छुपाए नहीं छुपता है । जैसे गाँव कस्बे वाला अपनी रामप्यारी से फेरे ले तो लेता है लेकिन शहर वाली एनी और लिली को नहीं भूलता है ।
आप पढ़ाओगे ही नहीं तो फिर हिंदी मजबूत कैसे होगी सर ! एक ने टोक दिया ।
अनोखे बोले - हमारे पढ़ाने से क्या होगा यार ! देश दो भागों में बंटता जा रहा है, अमीर-गरीब, हिन्दू-मुसलमान, राष्ट्रवादी-प्रगतिशील, हिंदी वाले - अंग्रेजी वाले ! जब तक ऊँचे तबके में हिंदी नहीं अपनाई जाएगी तब तक मुश्किल बनी रहेगी । लेकिन हो ये रहा है कि जिन बापों ने अंग्रेजी बोलने पर बच्चों की पीठ ठोकी थी वही बड़े हो कर बाप के हिंदी बोलने पर घूरते हैं ! बहू अपने बच्चों को दादा-दादी के पास इसलिए नहीं छोड़ना चाहती है वे उनकी भाषा बिगाड़ देंगे ! तो हिंदी बेल की चलेगी कैसे ?
अनोखे हिंदी नहीं पढ़ाएंगे । बहाने कई हैं उनके पास । सच यह है कि अंग्रेजी उन्हें आई नहीं, हिंदी उन्होंने पढ़ी नहीं । वे त्रिशंकु पीढ़ी के सरदार हैं ।

**(लेखक व्यंग्यकार हैं)**

रचनाएं हमें ई-मेल से भी भेज सकते हैं-
<raisubhash953@gmail.com>

# मंदुरी हवाई पट्टी के विस्तारीकरण के विरोध में उतरे ग्रामीण

**आक्रोश**

### किया प्रदर्शन, राष्ट्रपति प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री और राज्यपाल को भेजा ज्ञापन

**जनसंदेश न्यूज**



कलेक्ट्रेट के पास प्रदर्शन करते ग्रामीण।

**आजमगढ़।** प्रशासन द्वारा नये सर्वे के अनुसार कुल 8 ग्रामों के लगभग 4000 घरों को तोड़कर मन्दुरी हवाई पट्टी का विस्तार करके अन्तर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा बनाये जाने के विरोध में ग्रामसभा गदनपुर हिच्छनपट्टी, जमुआं हरिराम जमुआं जोलहा, जिगिना, मन्दुरी, जेहरा पिपरी, हसनपुर व कादीपुर, तहसील सगड़ी, जनपद आजमगढ़ के ग्रामवासियों ने आशियाना बचाओ ग्रामवासी मोर्चा बनाकर कलेक्ट्रेट स्थित रिक्शा स्टैण्ड पर जनसभा कर धरना दिया। जनसभा के बाद ग्रामीणों ने जिलाधिकारी एवं कमिश्नर से मिलकर मुख्यमंत्री, राज्यपाल, उड्डयन मंत्रालय एवं राष्ट्रपति सहित प्रधानमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन सौंपा।

वक्ताओं ने कहा कि इसके पूर्व भी मोर्चा द्वारा 2 नवम्बर को कलेक्ट्रेट पर धरना देकर शासन को सम्बोधित ज्ञापन सौंपा गया था। जनपद के विधायकों ने इस मुद्दे को सदन में उठाया था। विधायकगण द्वारा सदन में उठाये गये उपरोक्त प्रश्न का जवाब देते हुये प्रदेश सरकार के संसदीय कार्यमंत्री द्वारा यह कहकर मामले को टाल दिया गया कि उन्हें आशियाना उजाड़ने की जानकारी नहीं है। इसके लिये जिलाधिकारी से वे बाद में बात करेगें। संसदीय कार्यमंत्री का यह कथन बेहद ही गैर जिम्मेदाराना एवं जनविरोधी है। वक्ताओं ने कहा कि शासन के स्पष्ट निर्देश हैं कि किसी भी योजना के लिये घनी आबादी क्षेत्र को प्रभावित न किया जाय, क्योंकि लोगों को आबादी क्षेत्र का अधिक मुआवजा देना पड़ेगा और साथ ही उनके पुनर्वासन एवं पुनर्व्यस्थापन करने पर भी सरकारी खजाने पर अतिरिक्त व्यय भार पड़ेगा। इसके बाद भी प्रशासन अपनी मनमानी कर रहा है और खाली परती पड़ी अनुपजाऊ जमीनें होते हुये भी उन्हें छोड़कर 8 गांवों की घनी आबादी उजाड़ने की योजना बना लिया है तथा ग्रामीणों के साथ-साथ सरकारी खजाने को भी चूना लगाने पर आमादा हैं। सभा को ज्ञानराम, शिवप्रकाश यादव, ओमहरी प्रजापति, शिवबचन, ओमप्रकाश सिंह, जीतनरायन यादव, केदार वर्मा, नीरज राय, संगीता व सुभावती ने भी सम्बोधित किया। अध्यक्षता डा.राधेश्याम व संचालन श्याम नरायन सिंह ने किया।

## ठेकमा बाजार से लिए गये चार नमूने

**जनसंदेश न्यूज**


ठेकमा बाजार स्थित एक दुकान से नमूना लेता अधिकारी।

**आजमगढ़।** जिलाधिकारी के निर्देशन में मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी दीपक कुमार श्रीवास्तव के नेतृत्व में शिकायत के आधार पर ठेकमा बाजार में विशेष अभियान चलाकर संदेह के आधार पर 4 नमूने जांच हेतु भेजे गये।

टीम सर्वप्रथम ठेकमा बाजार पहुंची तथा वहां संदेह के आधार पर नन्द स्वीट्स से छेने की मिठाई का नमूना लिया। खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने मौके पर व्याप्त गंदगी हेतु अविलम्ब सुधार हेतु निर्देशित किया। तदोपरान्त जांच दल पूजा स्वीट्स से बेसन का लड्डू जांच हेतु लिया। मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने खाद्य विक्रेता को प्रदर्शित मिठाईयों पर ब्यूज बाई डेटह्न अंकित करने का आदेश दिया। टीम के अन्य सदस्य ठेकमा बाजार के गंगा जलपान गृह पहुंची तथा वहां खाद्य पदार्थ खुले प्रदर्शित करने पर असंतोष व्यक्त करते हुए स्थिति में सुधार करने के लिए आदेशित किया। भौतिक परीक्षण में वहां उपलब्ध कलाकन्द के अपमिश्रित होने के संदेह के आधार पर उसका नमूना संग्रहित कर जांच हेतु प्रयोगशाला प्रेषित किया गया।

तत्पश्चात टीम रानी की सराय बाजार पहुंची तथा वहां मिठाईवाला खाद्य प्रतिष्ठान का लाइसेंस दिखाने को कहा, जिस पर दुकानदार खाद्य लाइसेंस नहीं दिखा सका। दुकान में जांच करने पर उपलब्ध पनीर में मिलावट की आशंका हुई, जिसपर पनीर का नमूना लेकर प्रयोगशाला भेजा गया। उक्त बाजार में खाद्य कारोबारकताओं को पंजीकरण, अनुज्ञप्ति बनवाने हेतु जागरूक किया गया। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के उपरान्त अग्रिम कार्यवाही की जायेगी। छापेमार दल में खाद्य सुरक्षा अधिकारी राकेश कुमार शुक्ला, राम बुझावन चैहान, कीर्ति आनन्द, रामचन्द्र यादव, संजय कुमार सिंह एवं अंकित कुमार सिंह शामिल रहें।

## विज्ञान प्रदर्शनी में छात्रों ने हुनर का मनवाया लोहा

**मोहम्मदपुर (आजमगढ़)।** अमजद अली इंटरमीडिएट कॉलेज मोहम्मदपुर में समग्र शिक्षा के अंतर्गत माध्यमिक शिक्षा स्तर के विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी दो वर्गों में विभाजित जूनियर वर्ग कक्षा 9 और 10 तथा सीनियर वर्ग कक्षा 11 और 12। प्रदर्शनी में अनेकों छात्रों ने अपने मॉडल को प्रस्तुत किया और अपने विचारों को विभिन्न विषयों पर प्रस्तुत किया।


विज्ञान प्रदर्शनी का अवलोकन करते लोग।

अनुराग चौहान और किशन यादव ने पर्यावरण संबंधी मुद्दे के अंतर्गत जलवायु परिवर्तन के कारण और परिणाम पर अपने बातों को रखा। वही मोहम्मद आसिफ और सुजीत प्रजापति ने सूचना संचार एवं परिवहन प्रौद्योगिकी के बारे में अपने प्रोजेक्ट के माध्यम से लोगों को बताया। अंकित कुमार ने गणित, भौतिकी खेल के विषय में अपने विचारों को प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के प्रोजेक्ट का निर्देशन लुकमान अहमद, सोहराब अहमद, मोहम्मद आजम, तौफीक अहमद, मो.तारिक एवं विपुल श्रीवास्तव के निर्देशन में संपन्न हुआ।

विज्ञान प्रदर्शनी के संयोजक लुकमान अहमद ने बताया कि प्रतियोगिता में प्रथम व द्वितीय स्थान प्राप्त किए छात्र-छात्राएं अपनी टीम के साथ शुक्रवार को जिला स्तर पर होने वाली प्रतियोगिता में विद्यालय का प्रतिनिधित्व करेंगे। इस अवसर पर जफर आलम, हकीमुद्दीन, अखिलेश कुमार द्विवेदी अनवर, राम दरस ,ओम प्रकाश मिश्रा , एजाज अहमद अली शब्बर आदि लोगों ने बच्चों का हौसला अफजाई किए। संचालन आलोक कुमार श्रीवास्तव ने किया।

## भैरव धाम पोखरे में डूबने से अज्ञात महिला की मौत


शव की पहचान कराती स्थानीय पुलिस।

**जनसंदेश न्यूज**


**महराजगंज (आजमगढ़)।** महाराजगंज थाना क्षेत्र स्थित भैरव धाम परिसर के पोखरे में एक 65 वर्षीय अज्ञात महिला की डूबने से मौत हो गयी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शिनाख्त कराने की कोशिश की मगर शिनाख्त नहीं हो सकी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर अन्त्य परीक्षण के लिए भेज दिया।

भैरव धाम परिसर में लगे सीसीटीवी फुटेज के आधार पर महिला बुधवार की रात मंदिर परिसर से होते हुए पोखरे के किनारे गई जहां वह शरीर पर ओढ़े हुए शाल, चप्पल और चार्जिंग लाइट को किनारे पर रख पोखरे में उतर गई जहां उसकी डूबने से मौत हो गयी। गुरूवार की सुबह जब आसपास के लोग टहलते हुए पोखरे के पास पहुंचे तो महिला का शव पानी में तैरता दिखाई दिया।

इसकी सूचना तत्काल लोगों ने ग्राम प्रधान राकेश यादव व स्थानीय पुलिस को दिया तथा पानी में उतर कर महिला का शव बाहर निकाला। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गयी और शव को कब्जे में ले लिया तथा पहचान कराने में जुट गयी। आसपास के लोगों द्वारा पहचान न हो की दशा में पुलिस ने विधिक कार्रवाई कर शव को मर्चरी हाउस भेज दिया।

### मार्ग दुर्घटना में घायल युवक की मौत

**लालगंज (आजमगढ़)।** देवगांव कोतवाली क्षेत्र के बुढऊ बाबा स्थान के पास नेशनल हाइवे पर मार्ग दुर्घटना में घायल 22 वर्षीय आशीष चौहान की उपचार के दौरान मौत हो गयी। मौत की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। देवगांव क्षेत्र के बुढ़ऊ बाबा स्थान के पास नेशनल हाईवे-233 पर स्कार्पियो की चपेट में आकर बाइक सवार बघरवां उर्फ मोलनापुर के 22 वर्षीय आशीष चौहान उर्फ राहुल पुत्र प्रवीण कुमार चैहान गंभीर रूप से घायल हो गया था। आनन-फानन में उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लालगंज ले जाने के बाद चिकित्सकों ने ट्रामा सेंटर के लिए रेफर कर दिया था। परिजन लेकर उसे ट्रामा सेंटर वाराणसी चले गए थे। जहां जीवन और मौत के बीच संघर्ष कर रहे आशीष चौहान की उपचार के दौरान मौत हो गयी। मौत की खबर मिलने ही परिजनों में कोहराम मच गया और मां संगीता चैहान समेत परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।



### बाइक के धक्के से साइकिल सवार की मौत

**आजमगढ़।** अनियंत्रित बाइक सवार ने साइकिल सवार को टक्कर मार दी जिससे साइकिल सवार वृद्ध की मौत हो गयी। मौत की सूचना पर परिवार में कोहराम मच गया। थाना गंभीरपुर निवासी देवी गौड़ 60 वर्ष पुत्र कौड़ीराम सायकिल से बाजार से अपने घर जा रहा था। हुसेपुर गांव से अपने मौसा उमा यादव के घर से प्रियांशु यादव 25 वर्ष पुत्र संतोष यादव ग्राम कटारपुर ठेकमा थाना बरदह लौट कर अपने घर जा रहा था। जैसे ही वह गंभीरपुर बाजार में स्थित प्राथमिक विद्यालय के पास पहुंचा सामने से आ रहे साइकिल सवार देवी गोंड़ से टकरा गया जिससे वह गंभीर घायल हो गया। वहीं बाइक सवार भी घायल हो गया। स्थानीय लोगों द्वारा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया जहां डाक्टरों ने देवी गोंड़ को मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची गंभीरपुर पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## संक्षेप

### अज्ञात कारणों से दुकान में लगी आग



**अतरौलिया (आजमगढ़)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के थिरइपट्टी ईंट भट्ठे के पास एक होटल संचालित होता था। बुधवार की रात रात अज्ञात कारणों से होटल की मंडई में आग लग गई। होटल के ठीक सामने ही एक अन्य मंडई में भी आग लग गयी जिसमें सारा सामान जलकर खाक हो गया। होटल संचालक शंभू पुत्र मुन्नर निवासी कंतालपुर ने आरोप लगाया कि मेरी थिरई पट्टी ईंट भट्ठे के बगल में मीट होटल की दुकान है जिस पर भोजन बनाकर मेरे द्वारा अपना व परिवार का जीवन यापन किया जाता था। 13 दिसंबर को सायं सिपाल पट्टी गांव निवासी मनबढ़ द्वारा उधार पैसे मांगने को लेखर वाद विवाद हुआ जिसमें मनबढ़ों ने मंडई जला देने तथा सामान उठा ले जाने की धमकी दी थी। बुधवार की देर रात होटल की मंडई में आग लग गई जिसके कारण मंडई में रखा होटल का सारा सामान जलकर खाक हो गया और दुकान में रखा बर्तन उठा ले गए। पीड़ित द्वारा स्थानीय थाने पर तहरीर दे दी गई है। थाना प्रभारी प्रमेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि पीड़ित की तहरीर के आधार पर अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया गया है। मुकदमा पंजीकृत कर आवश्यक कार्यवाही की जा रही है।

तमंचे के साथ पशु तस्कर गिरफ्तार

### पशु तस्करी का आरोपी गिरफ्तार



**अंजान शहीद (आजमगढ़)।** पशु तस्करों की गिरफ्तारी के लिए जीयनपुर पुलिस क्षेत्र भ्रमण पर थी। इसी दौरान पुलिस ने तमंचे के साथ एक पशु तस्कर को मुबारकपुर तिराहा से गिरफ्तार कर संबंधित धाराओं में चालान कर दिया। गिरफ्तार अभियुक्त पूर्व में स्कॉर्पियो से पशु तस्करी करने का आरोपी था। तरौका-मोहम्मदपुर मार्ग पर स्कॉर्पियो से बीते 2 अक्टूबर की रात पशु लादकर ले जाते समय लाटघाट चैकी पुलिस ने फैयाज पुत्र बदरुद्दीन को गिरफ्तार किया था। वहीं जावेद पुत्र मुख्तार निवासी कुरैश नगर फरार था। जीयनपुर पुलिस गोवध निवारण अधिनियम व पशु क्रूरता के तहत मुकदमा पंजीकृत कर तलाश कर रही थी। मुखबिर की सूचना पर जीयनपुर कोतवाल ने पुलिस टीम के साथ मुबारकपुर तिराहे से गुरुवार की सुबह फरार आरोपी जावेद पुत्र मुख्तार निवासी कुरैश नगर को तमंचा व जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

### एसपी ने किया दो सब इंस्पेक्टर व पांच आरक्षियों को निलम्बित

**आजमगढ़।** पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य ने सख्त कार्रवाई करते हुए दो उपनिरीक्षक और पांच आरक्षियों को जन शिकायत में लापरवाही बरतने पर एक चैकी प्रभारी, अनाधिकृत रूप से ड्यूटी से अनुपस्थित एक उप निरीक्षक, 3 आरक्षी, सहकर्मी से दुर्व्यवहार के आरोप में एक आरक्षी तथा संदिग्ध कार्यप्रणाली के आरोप में एक आरक्षी को निलंबित कर दिया। पुलिस अधीक्षक द्वारा की गई इस कड़ी कार्रवाई से महकमे में हड़कंप मच गया है। पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य द्वारा उपनिरीक्षक प्रदीप कुमार राही चैकी प्रभारी पल्हना रहते हुए जन शिकायत में लापरवाही बरतने, उप-निरीक्षक सतीश कुमार यादव को पुलिस लाइन आजमगढ़ से अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित रहने, आरक्षी अभिनन्दन शर्मा, थाना बिलरियागंज को सहकर्मी से दुर्व्यवहार करने, आरक्षी हरीश दत्त पाण्डेय पुलिस लाईन्स को पुलिस लाइन से अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित रहने, आरक्षी प्रदीप कुमार सिंह थाना मेहनाजपुर को संदिग्ध कार्यप्रणाली के सम्बन्ध में, आरक्षी विनीत कुमार दूबे पुलिस लाइन को अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित रहने तथा आरक्षी शशि कुमार यादव पुलिस लाइन को अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित रहने के सम्बन्ध में निलंबित किया गया है।

### एकीकरण समिति की बैठक 21 को

आजमगढ़। मुख्य विकास अधिकारी, सदस्य, सचिव जिला एकीकरण समिति आनन्द कुमार शुक्ला ने बताया कि अध्यक्ष, जिला पंचायत आजमगढ़ की अनुमति के क्रम में राष्ट्रीय एकीकरण योजना के अन्तर्गत जिला एकीकरण समिति की बैठक आगामी 21 दिसम्बर को विकास भवन के सभाकक्ष में अध्यक्ष जिला पंचायत आजमगढ़, जिला एकीकरण समिति की अध्यक्षता में आयोजित की गयी है। बैठक में राष्ट्रीय एकता, भाई-चारा, धर्म निरपेक्षता एवं लोकतन्त्र की भावना बढ़ाने तथा साम्प्रदायिक एकता एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण को निरन्तर कायम रखने के सम्बन्ध में तथा महान विभूतियों के जन्म दिवस मनाये जाने पर विचार-विमर्श किया जायेगा।

## लंबित पत्रावलियों का शीघ्र करें निस्तारण: जिलाधिकारी

**जनसंदेश न्यूज**


बैठक को सम्बोधित करते जिलाधिकारी।

**आजमगढ़।** जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में राजस्व कार्यों स्टाफ मीटिंग की समीक्षा बैठक संपन्न हुई।

समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने समस्त एसडीएम को निर्देश दिया कि आपके संबंधित कोर्ट में 5 वर्षों से ज्यादा के लंबित केस, पत्रावलियों को जल्द से जल्द निस्तारित करें। निस्तारण के समय दोनों पक्षों को सुनकर ही निर्णय दें एवं जो पत्रावलियाँ 5 वर्षों से ज्यादा की हो, उसमें लाल फ्लैग अवश्य लगवा दें। देय की वसूली (भू-राजस्व, विद्युत, वाणिज्य कर) में जिलाधिकारी ने समस्त उप जिलाधिकारियों को निर्देश दिए कि निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष वसूली कराएं। इसी के साथ ही उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि लेखपालों द्वारा जो विवाद रजिस्टर बनाए गए हैं, उसकी मानिटरिंग करते रहे। जिलाधिकारी ने समस्त उप जिलाधिकारियों को निर्देश दिए कि तहसीलों में जो ऑडिट आपत्तियां का निस्तारण कराया जाना है, उसे तत्काल करायें। इसी के साथ ही उन्होंने कहा कि अभी तक जितने भी अंश निर्धारण नहीं हुए हैं, उसको अंश निर्धारण अपडेट खतौनी के साथ एक सप्ताह में पूर्ण कराएं। इसी के साथ ही तहसीलों में जो निर्विवाद वरासत के प्रकरण लंबित है, उसे तत्काल निस्तारित कराएं। जिलाधिकारी ने कहा कि लेखपालों द्वारा आय, जाति एवं निवास प्रमाण पत्र बनाने में मानदेय दिया जाता है, उसमें नवंबर माह तक के लंबित मानदेय का भुगतान संबंधित लेखपालों को कराएं एवं उनके मानदेय का भुगतान प्रत्येक माह में 7 तारीख तक अवश्य करा दें। जिलाधिकारी ने समस्त एसडीएम को निर्देश दिए कि पारिवारिक लाभ योजना एवं दुर्घटना बीमा योजना के लाभार्थियों के लंबित प्रकरणों को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित कराएं। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी आनंद कुमार शुक्ला, मुख्य राजस्व अधिकारी जेपी सिंह, अपर जिलाधिकारी प्रशासन अनिल कुमार मिश्र, आईएस (प्रशिक्षु) प्रखर कुमार सिंह सहित समस्त उपजिलाधिकारी व तहसीलदार उपस्थित रहे।

## नन्दिनी शाह ने ग्रहण किया एसडीएम न्यायिक पद का कार्यभार


नन्दिनी शाह।

**लालगंज (आजमगढ़)।** स्थानीय तहसील के उपजिलाधिकारी न्यायिक पद पर वृहस्पतिवार को नन्दिनी शाह ने कार्यभार ग्रहण कर लिया। उप जिलाधिकारी न्यायिक नरेन्द्र गंगवार का उपजिलाधिकारी फूलपुर के पद पर स्थानातरण हो जाने के कारण उपजिलाधिकारी न्यायिक का पद डेढ़ माह से खाली पड़ा था। वृहस्पतिवार को अतिरिक्त मजिस्ट्रेट आजमगढ़ के पद से स्थानांतरित हो कर आयी नन्दिनी शाह ने कार्यभार ग्रहण कर लिया। उन्होंने बताया कि वे 2018 बैच की पीसीएस हैं। आम लोगों को त्वरित व निष्पक्ष न्याय देने का प्रयास किया जाएगा।

## पुलिसिया कार्रवाई से अधिवक्ताओं में आक्रोश, एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**बूढ़नपुर (आजमगढ़)।** स्थानीय तहसील बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं ने गुरुवार को उप जिलाधिकारी नवीन प्रसाद को मागों को लेकर ज्ञापन सौंपा।

सौंपे गये ज्ञापन में अधिवक्ताओं ने कहा कि बूढ़नपुर बार एसोसिएशन के उपाध्यक्ष अरुण सिंह सोमवार की दोपहर जिला मुख्यालय से अपने घर हिसामुद्दीनपुर थाना कप्तानगंज जा रहे थे। बीच रास्ते में ही गांव के समीप बाइक सवार युवक ने अधिवक्ता अरुण सिंह को पीट कर घायल कर दिया। अरुण सिंह सड़क किनारे अचेत हालत में पड़े रहे जिनको ग्रामीणों की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रानीपुर भेजा गया जहां उनका इलाज किया गया। तत्पश्चात उन्होंने थाना कप्तानगंज में अज्ञात युवक के खिलाफ तहरीर दी लेकिन पुलिस द्वारा अभी तक कोई कार्यवाही नहीं की गयी। इसे लेकर अधिवक्ताओं ने तहसील में प्रदर्शन किया। साथ ही उपजिलाधिकारी से न्याय की गुहार लगायी। अध्यक्ष राज कुमार सिंह ने कहा कि हम सभी अधिवक्तासंघ के लोग चेतावनी देते है कि अगर पुलिस द्वारा शिथिलता बरती गई तो विशाल धरना प्रदर्शन को बाध्य होंगे। इतना ही नहीं हम न्यायिक कार्य से विरत भी रहेंगे। उपजिलाधिकारी नवीन प्रसाद ने अधिवक्ताओं को आश्वासन दिया कि थाना अध्यक्ष को निर्देशित कर दिया गया है। जांच कर दोषियों के विरुद्ध सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी।


एसडीएम को ज्ञापन सौंपते अधिवक्ता।

इस मौके पर योगेंद्र यादव, सूर्य प्रकाश यादव, जगत नारायण तिवारी, सुभाष चतुवेर्दी, अजय श्रीवास्तव, पंकज श्रीवास्तव, अनिल गौड़, निर्मल लाल श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

## रंगोली प्रतियोगिता में कृष्णा ग्रुप ने मारी बाजी

**जनसंदेश न्यूज**

**आजमगढ़।** शिवालिक महोत्सव के अन्तर्गत शिवालिक आयुर्वेदिक मेडिकल कालेज बिजरवां, बनकट में रंगोली व मेंहदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि सीओ सगड़ी सौम्या सिंह थी। अध्यक्षता डा.अशोक सिंह ने किया।


रंगोली का अवलोकन करती क्षेत्राधिकारी सौम्या सिंह डा.अशोक सिंह व अन्य।

कार्यक्रम की शुरूआत में सर्वप्रथम डा.अशोक सिंह ने क्षेत्राधिकारी सौम्या सिंह को बुके देकर स्वागत किया। छात्र-छात्राओं को सम्बोधित करते हुए सौम्या सिंह ने कहा कि यहां आकर मुझे बहुत खुशी हुयी है तथा यहां का अनुशासित वातावरण भविष्य में अच्छे चिकित्सक निकलेगें।

उनका स्वागत करते हुये डा.अशोक सिंह ने कहा कि यहां पर नारी शक्ति कार्यक्रम के तहत आज सौम्या सिंह व डा.अलका सिंह को बुलाया गया व उनका स्वागत किया। रंगोली प्रतियोगिता में कृष्णा ग्रुप प्रथम, रंगोली ग्रुप द्वितीय मेहदी में अंसारी अतीफा प्रथम कुमारी अदिती द्वितीय और बेस्ट आफ आउट आफ वेस्ट में रोहित कुमार शर्मा प्रथम सुम्बुल द्वितीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम में संस्था की ट्रस्टी बीना सिंह, आईएमए के जिला अध्यक्ष डा.एके सिंह, डीन रामजी सिंह, डा.वेदप्रकाश आदि उपस्थित थे।

### कृषि महाविद्यालय में परीक्षा आज से

**रानीकीसराय (आजमगढ़)।** कृषि महाविद्यालय कोटवा में कृषि स्नातक की द्वितीय एव तृतीय वर्ष के छात्रों की फाइनल परीक्षाएं 16 दिसम्बर से प्रारंभ हो रही है जो 26 दिसम्बर तक चलेगी। यह परीक्षा दो पालियों में आयोजित की जाएगी। महाविद्यालय के प्रो. धीरेन्द्र कुमार सिंह ने परीक्षा आयोजन से सम्बंधित सभी तैयारियों का जायजा लिया। विश्व विद्यालय द्वारा निर्धारित परीक्षा कार्यक्रम के अनुसार कृषि स्नातक की प्रथम वर्ष की मिड टर्म परीक्षा भी 20 दिसम्बर से 31 दिसम्बर तक निर्धारित की गई है। इसकी जानकारी महाविद्यालय की सहायक डॉ.रेनू गंगवार ने दी।

### लड़की भगाने वाला चढ़ा पुलिस के हत्थे

**आजमगढ़।** पुलिस अधीक्षक द्वारा अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए चलाये जा रहे अभियान के क्रम में कार्रवाई करते हुए थाना बिलरियागंज पुलिस ने नाबालिक लड़की को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने वाले अभियुक्त को गिरफ्तार कर संबंधित धाराओं में चालान कर दिया। गिरफ्तार अभियुक्त निरंजन यादव निवासी महाजी सिंगवारा टेढ़वा थाना महराजगंज बताया जा रहा है।

## नगर पंचायत की भूमि पर हो रहा मदरसा का संचालन

**मनमानी**

### डीएम के आदेश पर जीयनपुर कस्बे में हुई पोखरी की पैमाइश

### पूर्व में मदरसा व नगर पंचायत अध्यक्ष के पिता को जारी की जा चुकी है नोटिस

**जनसंदेश न्यूज**

**अंजानशहीद (आजमगढ़)।** सगड़ी तहसील क्षेत्र के जीयनपुर नगर पंचायत में कोतवाली मार्ग पर नगर पंचायत की भूमि पर मदरसा का संचालन किया जा रहा है। जिला अधिकारी के आदेश पर नगर पंचायत की भूमि की पैमाइश करायी गयी। इसके पूर्व में सगड़ी तहसीलदार बृजेन्द्र उपाध्याय के द्वारा मदरसा व नगर पंचायत अध्यक्ष के पिता को नोटिस जारी की जा चुकी है।


नगर पंचायत के आदर्श नगर निवासी शिवदान चौरसिया पुत्र सरयू प्रसाद ने जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज को 5 नवंबर को प्रार्थना पत्र देकर अपनी कृषि भूमि पर नगर पंचायत के गंदे नाले के पानी विगत 3 वर्षों से बहाने और नगर पंचायत अध्यक्ष के द्वारा पोखरी व सौरहन की भूमि पर कब्जा करने का आरोप लगाया गया था जिस पर जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज के निर्देश पर उप जिलाधिकारी राजीव रतन सिंह ने टीम गठित कर बुधवार को पैमाइश कराई जिसमें गाटा संख्या 45 पर 281 एयर पोखरी स्थित है वहीं गाटा संख्या 46 पर सौरहन, व गाटा संख्या 43 पर 192 एयर सड़क खाम स्थित है राजस्व निरीक्षक अनिल सिंह के नेतृत्व में लेखपाल कैलाश यादव व राजदेव राम आदि के द्वारा मैमाइश की गई वही पोखरी की भूमि पर कोई पक्का निर्माण नहीं पाया गया सड़क किनारे जामेतुल बनात इस्लामिया स्कूल का संचालन किया जा रहा है जो नगर पंचायत की सौरहन व सड़क खाम की भूमि पर मदरसा का निर्माण कर संचालन किया जा रहा है।


मौके की पैमाइश करने पहुची राजस्व विभाग की टीम।

जिस पर राजस्व टीम के द्वारा रिपोर्ट तैयार कर उप जिलाधिकारी को दी गई वही पूर्व में सगड़ी तहसीलदार बृजेंद्र उपाध्याय के द्वारा पैमाइश के उपरांत मदरसा व नगर पंचायत अध्यक्ष के पिता हरिश्चंद्र यादव के विरुद्ध नोटिस जारी की जा चुकी है।

## अघोषित कटौती से किसान त्रस्त

**फूलपुर (आजमगढ़)।** घर परिवार खेत खलिहान में सुबह शाम बिद्युत आपूर्ति की जरूरत होती है। इन दिनों अघोषित कटौती से किसान परेशान हैं। सिंचाई के लिए पर्याप्त बिजली नहीं मिल रही है। वर्तमान समय में बिद्युत सब स्टेशन फूलपुर से फूलपुर नगर और ग्रामीण क्षेत्र में तीन फीडरों से बिद्युत आपूर्ति होती है जिसमे टाउन फीडर तहसील फीडर और कनेरी फीडर चल रहा है।



टाउन और तहसील फीडर के अंतर्गत किसान आम बिद्युत उपभोक्तावो को तो कहीं न कहीं राहत मिल जा रही है वहीं ग्रामीण अंचल की बिद्युत आपूर्ति कनेरी फीडर से की जाती है जिसमें शाम के समय आठ बजे आपूर्ति घण्टो बन्द हो जा रही है जिससे खाना पीना करने में जहा ग्रामीणों को परेशानी हो रही है वहीं सुबह साढ़े चार बजे के करीब बिद्युत आपूर्ति बंद हो जाती है जिससे किसानों की फसलों की सिंचाई बाधित हो जा रही है। किसान रामराज, गुलाब, दिनेश, बिनोद यादव, राम सिंगार आदि का कहना है कि रात्रि में सोते समय बिद्युत की क्या आवश्यकता है रात्रि में कटौती पूरी कर ली जाय। दिन में बारह बजे के बाद घण्टा दो घण्टा कर लिया जाय तो खेती किसानी के कार्य में बाधा नहीं होगी। कटौती बेसमय होने से समस्या हो रही है। इस सम्बंध में उपखण्ड अधिकारी बिद्युत फूलपुर बिनोद कुमार ने बताया रोस्टिंग ऊपर से होती है। सबस्टेशन स्तर से कोई कटौती नहीं होती है। बिजली प्राप्त होने पर बिद्युत स्टेशन से बिभिन्न फीडरों को आपूर्ति दी जाती है।

# ऑनलाइन ठगी कर सामान क्रय विक्रय करने वाले दो गिरफ्तार

## दूसरे के नाम पर खाता खोल अपना मोबाइल नम्बर देकर खुद करते थे खाता ऑपरेट

**मीरजापुर।** जनपद पुलिस ने लोगों के ऑनलाइन खाते से पैसो की ठगी कर घरेलू सामाग्री खरीद और बेंचकर धन बटोरने वाले गैंग का का एसपी संतोष मिश्र ने पुलिस लाइन में खुलासा किया। पकड़े गए 2 अभियुक्त राजू कुमार पुत्र सुभाष महतो औरंगाबाद बिहार का निवासी हैं जो इन दिनों उत्तम नगर नई दिल्ली में रहता है। जबकि दूसरा आरोपी नवीन पुत्र रामबाबू मित्तल उत्तम नगर नई दिल्ली का रहने वाला दुकानदार हैं। पुलिस ने दोनों को चुनार क्षेत्र से गिरफ्तार किया हैं।

गैंग के अन्य सदस्यों की तलाश जारी है। जनसुनवाई के दौरान एसपी संतोष मिश्र को एक शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुआ। जिसमें चुनार की शिप्रा सिंह पुत्री अरुण कुमार सिंह ने अज्ञात के विरुद्ध शिकायत की थी। बताया था कि मेरे दो बैंक खातों से ऑनलाइन धोखाधड़ी वाली कर धनराशि निकाली गई है। जिस पर करीब दो माह पूर्व पुलिस ने काम आरम्भ किया। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर चुनार क्षेत्राधिकारी मंजरी राव के नेतृत्व में थाना प्रभारी चुनार त्रिवेणीलाल सेन ने विवेचना व इलेक्ट्रानिक साक्ष्य संकलन के आधार पर राजू कुमार पुत्र सुभाष महतो एवं नवीन पुत्र रामबाबू मित्तल को गिरफ्तार किया। राजू के कब्जे से एक मोटरसाइकिल फर्जी नम्बर प्लेट युक्त व ऑनलाइन फ्राड से अर्जित धन से खरीदा गया घरेलू सामान बरामद किया गया। दोनो अभियुक्तो के कब्जे से ऑनलाइन फ्राड करने में प्रयुक्त एक-एक अदद मोबाइल भी बरामद की गई। अभियुक्तों ने बताया कि इनका एक संगठित गैंग है। जिसके कुछ सदस्य लोगों को गुमराह कर बैंक खाता खोलवाते है। जिसमें अपने गैंग के सदस्यों का मोबाइल नम्बर रजिस्टर्ड कराकर बैंक खाते को स्वयं प्रयोग करते हैं। इन खातों में गैंग के सदस्य लोगों से ऑनलाइन ठगी कर पैसा जमा करवाते हैं। जिन पैसों को एक खाते से दूसरे खाते में ट्रासपर करते हुए ऑनलाइन शॉपिंग कर घरेलू उपयोगी सामान मंगाया जाता हैं।

जिसे गैंग से सम्बन्धित दुकानदार के पास बेचकर कैश के रूप में अथवा अपने व्यक्तिगत खातों में पैसा मंगाकर फ्राड से अर्जित धनराशि को आपस में बाट लेते है। लिहाजा पुलिस गैंग के अन्य सदस्यों की टोह में लगी है।

## बच्चों के विवाद में हुई मारपीट, कई घायल

**चील्ह।** स्थानीय थाना क्षेत्र के चिन्दलिख पटेहरा गांव में गुरुवार की सुबह बच्चों के पतंग उड़ाने को लेकर हुए विवाद में हुए मारपीट में आधा दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए। जानकारी के अनुसार चिदलिख पटेहरा गांव निवासी जनरैल सिंह के घर के बच्चे पतंग उड़ा रहे थे। पतंग कट करके शंभू सिंह के खेत में जाकर गिरी जिसको लेने के लिए बच्चे खेत में चले गए और खेत रौंद गया। जिस पर खेत मालिक ने आकर के खेत में पतंग न उड़ाने की बात करते हुए दोनों पक्ष में वाद विवाद हो गया और देखते ही देखते लाठी डंडा निकालकर लोग एक दूसरे पर टूट पड़े।

मारपीट में एक तरफ से धर्मेन्द्र, विशाल, आदर्श, विकास व दुसरे पक्ष से सुधीर सतीश घायल हो गए। मारपीट की सूचना पर मौके पर पहुंचे चेतगंज चौकी इंचार्ज हरकेश सिंह ने मारपीट में हुए घायलों का प्राथमिक उपचार प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र चील्ह में कराया। पुलिस ने दोनो पक्षों से जनरैल, राजा, शंभू, संदीप, सतीश को हिरासत मे लेकर जेल भेज दिया।

# पुलिस ने छापेमारी कर 215 लीटर शराब किया बरामद



खुलासा करते एसपी

कार्रवाई

### चार आरोपियों को भेजा जेल

**मीरजापुर।** लालगंज थाना क्षेत्र में शराब एवं मादक पदार्थ को रोकने के लिए बुधवार देर रात्रि अपर पुलिस अधीक्षक ऑपरेशन व क्षेत्राधिकारी लालगंज दीक्षांत राज के कुशल नेतृत्व में थाना प्रभारी निरीक्षक लालगंज ज्ञानू प्रिया मय पुलिस बल द्वारा मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर थाना लालगंज क्षेत्र में अवैध, अपमिश्रित शराब बनाने वाले ठिकाने पर दबिश देकर 04 आरोपियों निखिल सिंह पुत्र श्याम नन्दन, धर्मेन्द्र सिंह पुत्र ईसान सिंह, छोटेलाल पुत्र हरिलाल, अजय पुत्र स्व. पचई को गिरफ्तार किया गया तथा मौके से 215 लीटर अवैध, अपमिश्रित कच्ची देशी शराब, 03 किग्रा यूरिया सहित भट्ठी से शराब निर्माण करने में प्रयुक्त पात्रों को बरामद किया गया।

उक्त गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना लालगंज पर संबंधित धारा में मुकदमा दर्ज है। एसपी ने पुलिस लाईन में खुलासा कर जानकारी दिया। बताया कि आगे भी इस तरह का अभियान चलाया जायेगा।

## संक्षेप

### ऑपरेशन कायाकल्प में सीडीओ ने जारी किया प्रशस्ति पत्र



**मड़िहान।** विकास खण्ड के ककरद ग्राम पंचायत में मंत्री समूह के भ्रमण में अच्छा कार्य किए जाने तथा कम्पोजिट विद्यालय ककरद में ऑपरेशन कायाकल्प के तहत सराहनीय कार्य कराने पर प्रधान ककरद पवन कुमार व ग्राम सचिव नसरुद्दीन को मुख्य विकास अधिकारी श्रीलक्ष्मी वीएस द्वारा प्रशस्तिपत्र जारी कर प्रशंसा की है। सीडीओ ने कहा प्रधान ककरद पवन कुमार व ग्राम सचिव नसरुद्दीन से लोगों को सीख लेकर सम्मान ऊंचा रखना चाहिए। ककरद गांव में जिस तरह से ग्राम प्रधान व सचिव ने काम किया है वह सराहनीय रहा।

### कुएं में गिरने से वृद्ध किसान की हुई मौत

**हलिया।** स्थानीय थाना क्षेत्र के बेदऊर गांव में बुधवार की देर शाम घर से एक किलोमीटर दूर खेत पर जाते समय बिना जगत के बने कुएं में गिरने से वृद्ध की मौत हो गई। क्षेत्र के बेदऊर गांव निवासी सोहनलाल 68 वर्ष घर से एक किलोमीटर दूर खेत की जुताई कर रहे बड़ा बेटे कमलेश के पास बुधवार को देर शाम घर से जा रहे थे कि अचानक गांव के ही सुबाव मजरा में विजय तिवारी के खेत के पास बने बिना जगत के कूप में गिर गये। विजय तिवारी अपने खेत में गेहूं की बुवाई करने के बाद घर वापस जाते समय कुएं में गिरा देखा। जिसकी सूचना परिजनों को दी। आनन फानन में मौके पर पहुंचकर परिजनों ने पुलिस को सूचना दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने बृहस्पतिवार को सुबह पंचनामा के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक को 4 लड़के थे। परिजनों के अनुसार दो लड़कों की मौत पूर्व में हो गई हैं। बड़ा लड़का कमलेश खेत की बुआई में था। छोटा लड़का राजेश मवई कलां में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम में गया था। शाम को घर पहुंचने पर यह जानकारी मिली तो हक्का-बक्का रह गए। अचानक कूप में गिरने से पिता की हुई मौत के बाद परिजनों में कोहराम मच गया।

### शिविर लगाकर किया गया मरीजों का उपचार

**लालगंज।** सामुदायिक स्वास्थ केंद्र लालगंज में शिविर लगाकर मरीजों का उपचार किया गया। चिकित्सकों की टीम ने स्वास्थ्य केंद्र पर पहुंचे मरीजों में से स्वास्थ्य का परीक्षण बलगम, सूगर और एचआईवी के चिन्हित मरीजों का परीक्षण कराया। शासन के निर्देश पर लगाए गए शिविर में चिकित्सक डा रिचा सिंह, डा0 छैल बिहारी द्विवेदी, वरिष्ठ उपचार पर्यवेक्षक शमीम अहमद मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। इसमें से चिन्हित 12 मरीजों की एचआईवी और बलगम की जांच के लिए निर्देशित किया। जांच के बाद चिकित्सकों की सलाह से मरीजों का उपचार किया जाएगा। अधीक्षक डॉ संजय सिंह चिन्हित किए गए मरीजों के बलगम का परीक्षण के बाद उपचार में किसी प्रकार की कमी नहीं आने देने का निर्देश दिया। वरिष्ठ उपचार पर्यवेक्षक समीम अहमद ने बताया कि प्रत्येक मरीज का नियमित उपचार किया जाएगा। इसके लिए रोग से संबंधित के तैयार किया गया है। इस मौके पर डॉ राजेश सिंह, फार्मासिस्ट अभिषेक त्रिपाठी, सरोज, भोला गुप्ता, अशोक पांडे, सुशील दुबे, राजेश श्रीवास्तव मुकेश सिंह आदि मौजूद रहे।

### गैर इरादन हत्या के आरोप में चार को 8 साल की सजा

**मीरजापुर।** गैर इरादतन हत्या के 03 आरोपियों को 08-08 वर्षों का कारावास व 07-07 हजार के अर्थदण्ड तथा 01 अभियुक्त को 07 वर्ष कारावास व 07 हजार के अर्थदण्ड की सजा न्यायालय ने दिया है। 18.08.2013 को थाना हलिया पर वादी मोकीम पुत्र अब्दुल अहमद निवासी हलिया कस्बा थाना हलिया मीरजापुर द्वारा नामजद अभियुक्त के विरूद्ध अपने (वादी के) पिता की मारपीट कर हत्या कर देने के सम्बन्ध में लिखित तहरीर दी गई थी जिसके आधार पर थाना हलिया पर मु0अ0सं0-198/2013 धारा 302, 452, 323 भादवि पंजीकृत कर तत्काल नामजद अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था। पुलिस अधीक्षक द्वारा अपराध को प्राथमिकता देते हुए थाना हलिया पुलिस एवं मॉनीटरिंग, पैरवी सेल को निर्देशित करते हुए प्रवाभी एवं सशक्त पैरवी कराया गया। जिसके फलस्वरूप न्यायालय जनपद सत्र न्यायाधीश, मीरजापुर द्वारा महिला सम्बन्धित उपरोक्त अपराध में धारा 304, 452, 323,34 भादवि के तहत दोषी पायें जाने पर 03 अभियुक्तों वाहिद, वसीम व अनीस पुत्रगण युसुफ को 08-08 वर्ष का कारावास एवं 07-07 हजार के अर्थदण्ड तथा अन्य 01 अभियुक्त युसुफ पुत्र सत्तार को 07 वर्ष का कारावास एवं 07 हजार के अर्थदण्ड की सजा सुनायी गयी तथा अर्थदण्ड अदा न करने की दशा में अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा।

### डीएम को पत्रक देकर माले कार्यकर्ताओं ने जताया विरोध

**मीरजापुर।** जिला कलेक्ट्रेट में गुरुवार को माले कार्यकर्ताओं ने डीएम को पत्रक देकर विरोध जताया और अपनी मांगों का पत्रक डीएम को सौंपा। जिसमें बताया कि दलितों, पिछड़ों, आदिवासियों व अन्य समाज के दबे कुचले तबकों के लिए सरकारी नौकरियों में संवैधानिक अधिकारों को भी छीना जा रहा है। सार्वजनिक सम्पत्तियों का निजीकरण बारी-बारी से किया जा रहा है। जनपद में मनरेगा के तहत किये हुये कार्यों का भुगतान कई महीनों के बाद भी नहीं मिल रहा है। मजदूर ग्राम पंचायत से लेकर खण्ड विकास तक का चक्कर काट रहे हैं जिसमें वन में बसे वनवासी, आदिवासी अन्य भूमिहीनों को वनाधिकार व बंजर के तहत पट्टा दें। गरीबों को एक बल्ब जलाने पर एक वर्ष के अन्दर 25 हजार का बिल आया है। उसे सुधार किया जाय। सिरसी बांध के डूब में पट्टेदारों को सिंचाई विभाग व अन्य विभागों द्वारा फर्जी मुकदमा में फंसाकर उत्पीड़न कर रही है।

### 2024 में जातीय गणना बनेगा मुद्दा : बाल्मिकी सिंह

**अदलहाट।** सरदार बल्लभ भाई पटेल के परिनिर्वाण दिवस पर रसूलपुर में सरदार सेना के बैनर तले आयोजित कार्यक्रम में जातीय जनगणना पर बोलते हुए मुख्य अतिथि पूर्व एमएलसी जदयू बिहार बाल्मिकी सिंह ने कहा कि संविधान राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के इशारे पर चलाया जा रहा है। दलितों और पिछड़ों को उनके आबादी के अनुसार आरक्षण मिलना चाहिए। पूरे देश में जातीय जनगणना कराने की जरूरत है। आप सभी जातीय जनगणना के लिए समाज में एक माहौल बनाइए। 2024 में भाजपा को देश से बाहर करने के लिए हम सभी को एकजुट होने की जरूरत है। सरदार सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष डा आर एस पटेल ने कहा कि इस देश को वास्तविक लोकतंत्र देने वाले लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल को नमन करता हूं। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने निजी क्षेत्र में आरक्षण लागू कर दिया है।

### युवतियों को भगाने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

**मीरजापुर।** एसपी के निर्देश के क्रम में युवतियों के साथ हुई उक्त घटना को गंभीरता पूर्वक लेते हुए उ0नि0 कुमार सन्तोष चौकी प्रभारी नटवां थाना को0कटरा मय पुलिस बल द्वारा प्राप्त मुखबिर सूचना के आधार पर अलाउद्दीन उर्फ गुड्डु पुत्र गुलाब खाँ निवासी मिल्लतनगर नटवाँ थाना को0कटरा, तारिक खाँ पुत्र मोईनुद्दीन खा उर्फ मन्नु निवासी रनतगंज को0कटरा जनपद मीरजापुर को गिरफ्तार कर नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए जेल भेजा गया।

### नाबालिग बालक के साथ किया दुराचार दो आरोपी गिरफ्तार

**मीरजापुर।** थाना को0कटरा पर 02 नवम्बर को थाना को0कटरा क्षेत्रान्तर्गत निवासी व्यक्ति द्वारा नामजद आरोपियों के विरुद्ध अपने नाबालिग पुत्र को अपने घर ले जाकर मारपीट कर उसके साथ दुराचार करने के सम्बन्ध में लिखित तहरीर दी गई। जिसके आधार पर थाना को0कटरा पर मुकदमा पंजीकृत कर विवेचना प्रारम्भ की गई। जहां एसपी के निर्देश के क्रम में गुरुवार को उ0नि0 राजेश कुमार त्रिपाठी मय पुलिस बल द्वारा प्राप्त मुखबिर सूचना के आधार पर थाना को0कटरा पर मुकदमा पंजीकृत नामजद आरोपी करन पुत्र गोपाल निवासी सबरी चुंगी थाना को0कटरा प्रदीप पुत्र राजेश निवासी भैसहिया टोला थाना को0कटरा मीरजापुर को गिरफ्तार कर कार्यवाही करते हुए जेल भेजा गया।

### गांजा के साथ आरोपी गिरफ्तार

**मीरजापुर।** एसपी के निर्देशन पर गुरुवार को उ0नि0 परमात्मानन्द यादव थाना चील्ह मय पुलिस बल द्वारा मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर चील्ह थाना क्षेत्र से एक आरोपी बनारसी बिन्द पुत्र जवाहिर बिन्द निवासी बलुआ थाना चील्ह मीरजापुर को गिरफ्तार कर कब्जे से 510 ग्राम अवैध गांजा बरामद किया गया। उक्त गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना चील्ह पर मुकदमा पंजीकृत कर कार्यवाही करते हुए जेल भेजा गया।

### प्रशिक्षण 18 को

**मीरजापुर।** तहसील मड़िहान प्रागंण में स्थित ग्राम न्यायालय मडिहान में अधिवक्तागण और अधिवक्तागण के लिपिकगण (मुंशी) को 18 दिसम्बर 2022 को सुबह 10.30 बजे से ई-कोर्ट परियोजना का प्रशिक्षण दिया जायेगा। जनपद न्यायाधीश अनमोल पाल के आदेशानुसार पर किया जायेगा।

# जमीन के विवाद में चली लाठियां, आधा दर्जन जख्मी



घटना स्थल पर पहुंचे एसडीएम सदर।

**जिगना।** बुधवार को जिगना थाना के अंतर्गत परमानपुर गांव जमीन जोतने के विवाद में दो पक्षों के बीच चली लाठियां चटक गई जिसमें एक पक्ष के संजय पांडेय, अरविंद पांडेय, अनूप पांडेय, मनीष पांडेय, संतोष पांडेय, को गंभीर चोटें आई हैं। जिसमें 3 लोगों को गंभीर चोट होने पर वाराणसी रिफर कर दिया गया है।

प्राप्त सूचना के अनुसार सुरेंद्र पांडे और संजय पांडे के बीच काफी समय से जमीनी विवाद चल रहा था। बुधवार को संजय पक्ष के लोगों ने खेत की जुताई कर बाहर निकल रहे थे। तभी दोनों पक्षों में लाठियां चलने लगी। जिसमें द्वितीय पक्ष को गंभीर चोटें आई हैं। तहरीर दोनों तरफ से दी गई है। पुलिस घटना स्थल पर पहुंचकर मामले को शांत कराया। घायलों को हॉस्पिटल भिजवाया गया। बृहस्पतिवार को इसी मामले को लेकर एसडीएम सदर चंद्रभान सिंह रेवेन्यू विभाग की टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचे।

विवाद

### घटना की जानकारी के बाद मौके पर पहुंचे एसडीएम सदर

इस दौरान साथ कानूनगो नंदलाल सिंह, लेखपाल प्रेम प्रकाश, सज्जन लाल और पुलिस बल के मौजूदगी में विवादित जमीन को यथा स्थिति रखने का आदेश दिया।

## मानक के विपरीत चल रहे खाद्य तेल के कारखाने

**मीरजापुर।** नगर में इन दिनों खाद्य तेल का काला कारोबार अपनी चरम पर चल रहा परंतु खाद विभाग के द्वारा इन पर किसी भी तरह से शिकंजा नहीं कसा जा रहा जिससे आम जनमानस का जीवन खतरे में दिखाई दे रहा है मिजार्पुर नगर क्षेत्र के पैरिया टोला, पुरानी अंजही, बसही क्षेत्र में मानक के विपरीत खाद्य तेल की पैकिंग का कार्य किया जा रहा है। एक ही ब्रांड के खुले तेल को अलग अलग ब्रांड के कंटेनरों में भर कर बाजार में सफ्लाई किया जा रहा है। वही शिकायतकर्ता के द्वारा आरोप लगाया गया कि जगहों पर गंदगी एवं बिना किसी सुरक्षा संसाधन एवं स्वस्थ गुणवत्ता को ध्यान में रखते हुए खाद्य तेल सरसों की पैकिंग की जाती है इसकी जांच करना अति आवश्यक है स्थानीय मोहल्ला वासियों ने भी इसकी शिकायत कई बार की है परंतु कोई भी उचित कार्यवाही नहीं हुई उत्तर प्रदेश की कर्मठ योगी सरकार में जहां मिलावटखोरों पर सख्त कार्रवाई करने का निर्देश है और ऐसे मिलावट खोर जो जनता की सेहत के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं उन पर बुलडोजर चलाने का निर्देश है पर जिला प्रशासन इन पर कोई भी कार्यवाही नहीं कर रहा।

# सिविल निर्माण, मशीनों व उपकरणों के क्रय के संबन्ध में की गयी समीक्षा

**मीरजापुर।** जिलाधिकारी दिव्या मित्तल के निर्देश के अनुपालन में अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 शिव प्रताप शुक्ल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में स्वच्छ भारत मिशन नगरीय अन्तर्गत मैटेरियल रिकवरी फैसेलिटी के सिविल निर्माण कार्य पूर्ण होने के उपरान्त मशीनों एवं उपकरणों के क्रय हेतु ठोस अपशिष्ट प्रबन्धन मद में प्राप्त धनराशि के उपयोग के लिये नगर पालिका परिषद मीरजापुर प्रस्तुत कार्ययोजना पर विचार हेतु गठित समिति की बैठक की गयी। बैठक में स्वच्छ भारत मिशन नगरीय के अन्तर्गत मैटेरियल रिकवरी फैसेलिटी के सिविल निर्माण कार्य पूर्ण होने के उपरान्त मशीनों एवं उपकरणों हेतु ठोस अपशिष्ट प्रबन्धन क्रय हेतु अनुमति के सम्बन्ध में समीक्षा की गयी। बैठक में उप जिलाधिकारी चुनार नीरज पटेल, नगर मजिस्ट्रेट विनय कुमार सिंह, मुख्य कोषाधिकारी अर्चना त्रिपाठी, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद अंगद गुप्ता सहित सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहें।



बैठक को संबोधित करते एडीएम वित्त

### आगजनी से क्षतिपूर्ति का चेक पाकर किसानों के खिले चेहरे

**मड़िहान।** विकास खण्ड क्षेत्र अंतर्गत सुगापांख में आदर्श इंटर कालेज में गुरुवार को पूर्व मंत्री व क्षेत्रीय विधायक रमाशंकर सिंह पटेल के द्वारा किसानों को चेक वितरण किया गया। चेक पाकर किसानों के चेहरे खिल उठे। मुख्यमंत्री खेत खलिहान अग्निकांड दुर्घटना सहायता योजना के तहत किसानों के फसल आग से नष्ट हो जाने के कारण फसल क्षतिपूर्ति मंडी परिषद मीरजापुर के नेतृत्व में बभनी थपनवा, शेरुआ, रैकल, मलुआ के किसानों को चेक क्षेत्रीय विधायक रमाशंकर सिंह द्वारा वितरित किया गया। अपने फसल की क्षतिपूर्ति के रूप में चेक पाकर किसानों के चेहरे खिल उठे। विधायक ने कहा प्रदेश के मुखिया योगी आदित्यनाथ किसानों के प्रति काफी संवेदनशील है जहाँ भी किसानों का क्षति होता है सरकार द्वारा क्षतिपूर्ति दिलाने में कोर कसर बाकी नही रखा जाता।

# बैंक आधारित योजनाओं में स्वीकृति ऋण का करें वितरण : जिलाधिकारी

**मीरजापुर।** डीएम दिव्या मित्तल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला सलाहकार एवं समीक्षा समिति की बैठक कर बैंकों के ऋण जमा अनुपात, वार्षिक ऋण योजना की प्रगति किसान क्रेडिट कार्ड, बैंक ऋण पर आधारित विभिन्न स्वारोजगार योजनाओं के प्रगति की समीक्षा की गयी। बैंकों के ऋण जमा अनुपात की समीक्षा के दौरान 40 प्रतिशत के औसत से भी कम एवं कतिपय बैंकों की प्रगति 40 प्रतिशत से भी कम होने पर पर असंतोष प्रकट करते हुये निर्देशित किया कि सभी बैंक अपना ऋण जमा अनुपात को बढ़ाते हुये लक्ष्य की प्राप्ति सुनिश्चित करें। वार्षिक ऋण योजनान्तर्गत वार्षिक लक्ष्य मार्च 2023 रू0 1592.03 करोड़ के सापेक्ष 372.20 करोड़ की उपलब्धि प्राप्त की गयी। जो लक्ष्य के सापेक्ष 23.38 प्रतिशत हैं।

उद्योग क्षेत्र में रू0 633.60 करोड़ के सापेक्ष रू0 129.74 करोड़ उपलब्धि जो लक्ष्य का 20.48 प्रतिशत हैं। बैठक में कृषकों के केसीसी ऋण संवितरण कर लक्ष्य प्राप्त करने का निर्देश दिया गया। जिला उद्योग केन्द्र द्वारा संचालित विभिन्न स्वारोजगार परक योजनाओं यथा एमवाईएसवाई, ओडीओपी एवं पीईजीपी के स्वीकृति एवं वितरण में अपेक्षित प्रगति न होने पर भी असंतोष प्रकट करते हुये निर्देशित किया गया कि प्राप्त आवेदनो के सापेक्ष ऋण स्वीकृति के साथ-साथ वितरण भी सुनिश्चित किया जाय। डीएम ने कहा कि जो आवेदन पात्र अस्वीकृत करने से पूर्व कारण सहित उल्लेख करते हुये अस्वीकृत किया जाय। उत्तर प्रदेश ग्रामीण अजिविका मिशन की समीक्षा में डीएम ने कहा कि कतिपय बैंकों के द्वारा लक्ष्य खाता नही खोला जा रहा है, जिस पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुये कहा कि लम्बित खातों को स्पष्ट करें। फसल बीमा कराया जाना पूर्णता स्वैच्छिक है। डीएम ने संभाव्यता युक्त ऋण योजना 2023-24 नामक पुस्तक का विमोचन भी किया। डीएम ने स्वानिधि योजना के लक्ष्य प्राप्ति पर बल देते हुये कहा कि भारत सरकार के महत्वपूर्ण योजना जिसे केन्द्र सरकार द्वारा मानिटरिंग की जा रही है को प्राथमिकता पर प्राप्त आवेदनों पर ऋण वितरण सुनिश्चित करायें। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी श्रीलक्ष्मी अधिकारी, जिला विकस अधिकारी श्रवण कुमार राय, उपायुक्त उद्योग अशोक कुमार, खादी ग्रामोद्योग अधिकारी, एल0डी0एम0 सहित सभी बैंकों के पदाधिकारी उपस्थित रहें।



पुस्तक का बिमोचन करतीं डीएम।

## सहायक शिक्षा अधिकारी के निरीक्षण में गायब मिले शिक्षक

**कलवारी।** स्थानीय विकासखंड राजगढ़ के ग्राम सभा कलवारी माफी स्थित प्राथमिक विद्यालय का औचक निरीक्षण सहायक शिक्षा अधिकारी प्रकाश चंद्र यादव ने किया। औचक निरीक्षण के दौरान शिक्षामित्र अध्यापिका जमुना देवी अनुपस्थित पायी गई, अध्यापिका का 1 दिन का वेतन रोकने का आदेश खण्ड शिक्षा अधिकारी ने दिया। निरीक्षण के दौरान प्रधानाध्यापक व अन्य अध्यापकगण उपस्थित मिले। बच्चों की उपस्थिति पंजिका रजिस्टर का मिलान किया। मिड डे मील के बारे में प्रधानाध्यापक धनेश से जानकारी ली। खण्ड शिक्षा अधिकारी के औचक निरीक्षण से विद्यालय में खलबली मच गई। प्राथमिक विद्यालय गुरुदेव नगर व मधईमार प्राथमिक विद्यालय का निरीक्षण किया। क्षेत्र में संचालित हो रहे प्राथमिक विद्यालय की स्थिति दयनीय है। अध्यापकों के तैनाती के अनुपात में बच्चे कम है फिर भी नौनिहालों के पठन-पाठन का स्तर गिरता जा रहा है। कई गाँव में ग्रामीणों की शिकायत है कि अध्यापक विद्यालय समय पर नही आते है।

# टीम के आने से पूर्व ग्राम पंचायतों में तेजी से कराए जा रहे कार्य

भगदड़

### ग्राम प्रधान एवं सचिवों की देखरेख में अधूरे कार्य में आई तेजी

### दर्जनों की संख्या में मजदूर व ब्लॉक कर्मचारी रातों दिन अमृत उद्यान का रंग रोशन कर उसे सजाने में लगे

**राजगढ़।** विकास कार्यों की मॉनिटरिंग के लिए भारत सरकार की टीम आने की सूचना पर राजगढ़ विकासखंड के चयनित ग्राम पंचायतों में ब्लाक कर्मचारी तथा ग्राम प्रधान द्वारा सुंदरीकरण का कार्य बड़े ही तेजी के साथ कराया जा रहा है।

मनरेगा योजना के तहत ग्राम पंचायतों में भारी भरकम बजट से विकास कार्य कराए जा रहे हैं तथा अमृत सरोवर व अमृत उद्यान भारत सरकार की अति महत्वपूर्ण योजनाओं शुमार है। जिससे ग्राम पंचायतों में अमृत सरोवर व अमृत उद्यान का मानिटरिंग करने भारत सरकार की टीम आ रही है।

जिसकी सूचना पर मुख्य विकास अधिकारी श्री लक्ष्मी बीएस ने राजगढ़ विकासखंड के आधा दर्जन ग्राम पंचायतों का दौरा कर विकास का जायजा लिया तथा भारत सरकार की टीम को आने से पहले ग्राम पंचायतों में आवश्यक तैयारियों को परखते हए उसे पूर्ण करने का निर्देश दिया। जिससे राजगढ़ विकासखंड के धनसरिया ग्राम पंचायत में अमृत उद्यान का कार्य बड़े तेजी के साथ कराया जा रहा है।

दर्जनों की संख्या में मजदूर व ब्लॉक कर्मचारी रातों दिन अमृत उद्यान का रंग रोशन कर उसे सजाने में लगे हुए हैं। ताकि भारत सरकार की ओर से आ रही मॉनिटरिंग टीम को किसी प्रकार की कमियां दिखाई ना दे। वहीं ग्राम पंचायतों में विकास कार्यों की हकीकत जानने पहुंची टीम के दबाव में जल्दबाजी दिखाई दे रही है।

# हर 15 तारीख को टीबी के रोगियों को करेंगे जागरूक

**मीरजापुर।** राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम के तहत प्रत्येक माह की हर 15 तारीख को टीबी के रोगियों के हित में निःक्षय दिवस का आयोजन करने का निर्णय लिया गया है। जनपद के क्षय विभाग द्वारा शहर में रैली निकालकर लोगों को जागरूक करने का प्रयास किया गया।



रैली में शामिल अधिकारी।

उक्त क्रम में जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ यूएन सिंह द्वारा बताया गया कि अब प्रत्येक माह के हर 15 तारीख को पूरे जनपद के हर सीएचसी एवं पीएससी तथा एचडब्लूसी सेंटरों पर दो हफ्ते से अधिक समय से आ रहे खासी एवं खांसी के साथ बलगम या खून आने या लगातार बुखार बने रहने, भूख न लगने, वजन में कमी, रात को पसीना आने की स्थिति में ऐसे संदिग्ध मरीजों को निःशुल्क जांच इलाज की सुविधा प्रदान करने के साथ-साथ जांचोपरांत मिले मरीजों को शासन स्तर से मिलने वाले अन्य हर लाभों से लाभान्वित करने का प्रयास प्रारंभ कर दिया गया है। उपरोक्त कार्यक्रम में क्षय विभाग के दुर्गेश कुमार रावत, सतीश शंकर यादव, संध्या गुप्ता, अवनीश कुमार, अखिलेश पांडे, अवध बिहारी कुशवाहा, सावित्री देवी, अंशुमान, आशीष द्विवेदी, रामजीत निषाद, प्रदीप कुमार पंकज, अंबिकेश तिवारी, एके चतुर्वेदी आदि उपस्थित रहे।

आयोजन

### टीबी रोगियों को जागरूक करने के लिए निकाली गई रैली

# वज्रपात जागरूकता रथ को डीएम ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

कार्यक्रम

### वज्रपात पर कार्यशाला का किया गया आयोजन

**मीरजापुर।** जिलाधिकारी दिव्या मित्तल की अध्यक्षता में सिटी क्लब में वज्रपात के कारण होने वाली हानियों के सम्बन्ध में कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में बताया गया कि वज्रपात के कारण होने वाली हानियों में उत्तर प्रदेश का तीसरा स्थान, वज्रपात के कारण होने वाली जनहानियों में मीरजापुर तीसरे स्थान पर है। आकाशीय विद्युत के कारण प्रति वर्ष 70 प्रतिशत से अधिक जनहानि इसलिये होती है क्योंकि लोग वर्षा संभावित वज्रपात के मौसम में पेड़ कि शरण में चले जाते हैं और इन पेडों पर सबसे अधिक वज्रपात गिरता है। प्रशिक्षण केंद्रित कार्यशाला के अतिरिक्त जनपद स्तर से चारों तहसीलों में जागरूकता फैलाने हेतु 2 वज्रपात जागरूकता रथ को जिलाधिकारी द्वारा हरी झंडी दिखा कर रवाना किया। उन्होने कहा कि इस जागरूकता रथ को नेहरू युवा केंद्र संगठन के स्वयंसेवकों द्वारा जनपद के समस्त आबादी वाले क्षेत्रों में घुमाया जायेगा एवं रथ को रोक कर समय समय पर भीड़ से वार्ता कर भीड़ को जागरूक किया जायेगा।



वाहन को हरी झण्डी दिखाकर रवाना करतीं डीएम व अन्य अधिकारी।

कार्यशाला को सम्बोधित करते हुये जिलाधिकारी ने कहा कि वज्रपात से बचने के के लिये वज्रपात के समय पक्की छत के नीचे चले जाये, खिड़की के कांच टीन की छत, गीले सामान और लोहे के हैंडलों से दूर रहे, वज्रपात के समय यदि पानी है तत्काल पानी के बाहर आ जाए, खुली जगह पर हो तो कान पर हाथ रखकर एड़ियों को आपस में मिलाकर जमीन पर बैठ जाये।

अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) शिव प्रताप शुक्ल एवं ज्वाइंट मजिस्ट्रेट (उपजिलाधिकारी लालगंज) नवनीत सेहारा द्वारा तैयार कि गयी रूपरेखा के अनुसार राष्ट्रीय स्तर के विशेषज्ञों के सहयोग से मीरजापुर पर आकाशीय विद्युत के परिप्रेक्ष्य में शोध किया गया।

### डीएम की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में

**मीरजापुर।** डीएम दिव्या मित्तल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में इण्डियन बैंक स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान की जिला स्तरीय आरसेटी सलाहकार समिति की बैठक की गयी। बैठक में अग्रणी जिला प्रबन्धक ने डीएम को जानकारी देते हुये बताया कि प्रस्तावित कुल 18 प्रशिक्षण कार्यक्रमों के विरूद्ध 24 प्रशिक्षण तथा निर्धारित लक्ष्य 540 के अभ्यर्थी के सापेक्ष 604 को प्रशिक्षण दिया गया। ब्यूटी पार्लर प्रबन्धन महिला सिलाई तथा डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी रूबर्न कलस्टर अन्तर्गत डेयरी एवं वर्मी कम्पोस्ट बनाना, मशरूम की खेती, तथा पेंपर कवर लिफाफा एवं फाइल बनाने का प्रशिक्षण कार्यक्रम सम्पन्न कराया गया। आरसेटी भवन निर्माण पूर्ण एवं नव निनिर्मित भवन में ही कार्यक्रम संचालित कराया जा रहा हैं। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी श्रीलक्ष्मी वीएस, जिला विकास अधिकारी श्रवण कुमार राय सहित अन्य उपस्थित रहें।

# राष्ट्र सेवा से ऊपर कुछ भी नहीं: आदित्य



दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ करते मुख्य अतिथि लेफ्टिनेंट आदित्य

**चोपन।** नगर स्थित केंद्रीय विद्यालय ने अपने पूर्व छात्र लेफ्टिनेंट आदित्य राज तिवारी का अभिनन्दन करते हुए विभिन्न कार्यक्रमों के साथ गुरुवार को अपना स्थापना दिवस मनाया। मुख्य अतिथि लेफ्टिनेंट तिवारी ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए केंद्रीय विद्यालय गीत के साथ विद्यालय का शपथ भी दुहराया। प्रधानाचार्य सहित सभी शिक्षकों ने लेफ्टिनेंट तिवारी को अंगवस्त्रम के साथ स्मृति चिन्ह देकर उनका अभिनन्दन किया। इस अवसर पर छात्र छात्राओं द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया। अपनी पुरानी यादों को साझा करते हुए श्री तिवारी ने कहा कि हमें केंद्रीय विद्यालय का छात्र होने पर गर्व है, जहां शिक्षा के साथ सर्वांगीण विकास का अवसर मिलता है। छात्रों को मोटिवेशन देते हुए उन्होंने कहा कि आप जिस क्षेत्र में भी जाना चाहते हों, उसके लिए दृढ़ संकल्प और ईमानदारी से मेहनत ही आपको मुकाम हासिल कराएगी। कहा कि राष्ट्र सेवा सर्वोपरि है, इसके आगे कुछ भी नही, क्योंकि यह देश, हमारी माटी हमें सब कुछ देती है तो हमें भी कुछ देने का संकल्प लेना चाहिए। इस मौके पर विद्यालय के समस्त अध्यापक समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

# बीजेपी सरकार में बढ़ा व्यापारियों का उत्पीड़न: अविनाश कुशवाहा

**खास मुलाकात**

### सपा मजबूती से लड़ेगी निकाय चुनाव, टिकाऊ व जिताऊ प्रत्याशी पर दांव लगाएगी पार्टी

जनसंदेश न्यूज

**सोनभद्र।** समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता व पूर्व सदर विधायक अविनाश कुशवाहा ने कहा कि नगर निकाय चुनाव पार्टी मजबूती के साथ लड़ेगी। टिकाऊ और जिताऊ प्रत्याशी पर को पार्टी टिकट देगी।

प्रदेश में बीजेपी सरकार आने के बाद व्यापारियों का जिस तरह से शोषण उत्पीड़न किया जा रहा है। इससे सरकार के प्रति भारी आक्रोश है। इसका खामियाजा बीजेपी को निकाय चुनाव में उठाना पड़ेगा। जनसंदेश टाइम्स कार्यालय में गुरुवार को खास मुलाकात के दौरान सपा नेता ने योगी सरकार पर जमकर हमला बोला। कहा कि बीजेपी नफरत की राजनीति करने में माहिर है। इनके पास विकास का कोई विजन नहीं है। धर्म का उन्माद फैला कर समाज को बांटने का काम कर रहे है जबकि प्रदेश की जनता बेरोजगारी, महंगाई से त्रस्त है। किसानों, व्यापारियों का उत्पीड़न बढ़ा है।

सपा बीजेपी के कुशासन के खिलाफ निकाय चुनाव में जाएगी। निकाय चुनाव शहरी क्षेत्र का है जिसमें सर्वाधिक मतदाता व्यापारी वर्ग से आता है। बीजेपी का कोर वोट व्यापारी ही माना जाता है लेकिन सरकार बनने के बाद सबसे ज्यादा परेशान व्यापारी ही हुआ है। नोट बंदी, कोरोना, आर्थिक मंदी की मार के बाद जीएसटी की छापेमारी ने व्यापारियों की कमर तोड़ कर रख दी है। व्यापारी अर्थव्यवस्था का केंद्र बिंदु



जनसंदेश टाइम्स कार्यालय में खास मुलाकात पर चर्चा करते पूर्व सदर विधायक अविनाश कुशवाहा

है बावजूद सरकार व्यापारियों का ही शोषण उत्पीड़न कर रही है। जीएसटी की छापेमारी का सबसे पहले सपा ने ही विरोध किया तो सरकार को बैकफुट पर आना पड़ा। पूर्व विधायक ने व्यापारियों से बीजेपी के छलावे में न आने और अपने हित को ध्यान में रखते हुए आगामी निकाय चुनाव में बीजेपी को सबक सिखाने की अपील किया। कहा कि जिले के विकास की बात की जाए तो वर्ष 2017 में सपा के शासन में रावर्ट्सगंज धंधरौल पेयजल परियोजना की आधारशिला रखी गई थी और 2018 में पानी की आपूर्ति शुरू होनी थी लेकिन 2022 बितने वाला है पानी आपूर्ति कौन कहे परियोजना का निर्माण ही अधूरा पड़ा हुआ है। टीबी अस्पताल शो पीस बना हुआ है इसी तरह विकास की कई परियोजनाएं अटकी हुई हैं। प्रदेश की कानून व्यवस्था बद से बदतर है। एनसीआरबी के आकड़े बता रहे है कि बीजेपी सरकार आने के बाद अपराध का ग्राफ बढ़ा है। हत्यारोपी आईपीएस फरार है।

# पॉक्सो एक्ट के दोषियों को 10-10 वर्ष की कैद, 40 हजार जुर्माना

**सजा**

### आठ वर्ष पूर्व 16 वर्षीय नाबालिग लड़की का अपहरण कर उसके साथ हुए दुष्कर्म का मामला

**सोनभद्र।** आठ वर्ष पूर्व 16 वर्षीय नाबालिग लड़की का अपहरण कर उसके साथ हुए दुष्कर्म के मामले में अपर सत्र न्यायाधीश/ विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट सोनभद्र निहारिका चौहान की अदालत ने वृहस्पतिवार को सुनवाई करते हुए दोषसिद्ध पाकर दोषियों राजेंद्र उर्फ राजेंदर व रमेश को 10-10 वर्ष की कैद एवं 40-40 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई।

अर्थदंड न देने पर 6-6 माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी पड़ेगी। वहीं अर्थदंड की समूची धनराशि 80 हजार रुपये पीड़िता को मिलेगी। अभियोजन पक्ष के मुताबिक चोपन थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी 16 वर्षीय नाबालिग लड़की के पिता ने एक सितंबर 2014 को ओबरा सीओ को दी तहरीर में आरोप लगाया था कि उसकी 16 वर्षीय नाबालिग बेटी 24 अगस्त 2014 को शाम 6-7 बजे से गायब है। उसे पूरा यकीन है कि बेटी को बहला फुसलाकर गलत काम करने के लिए ले जाया गया है। जब से बेटी गायब है तभी से विंढमगंज थाना क्षेत्र के फुलवार गांव निवासी राजेंद्र उर्फ राजेंदर भी घर से गायब है। इस तहरीर पर चोपन पुलिस ने अपहरण, दुष्कर्म व पॉक्सो एक्ट में एफआईआर दर्ज कर मामले की विवेचना शुरू कर दिया। विवेचक ने पर्याप्त सबूत मिलने पर न्यायालय में राजेंद्र व रमेश के विरुद्ध चार्जशीट दाखिल किया था।

मामले की सुनवाई करते हुए अदालत ने दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं के तर्कों को सुनने, गवाहों के बयान एवं पत्रावली का अवलोकन करने पर दोषसिद्ध पाकर दोषियों राजेंद्र उर्फ राजेंदर व रमेश को सजा सुनाई। अभियोजन पक्ष की तरफ से सरकारी वकील दिनेश प्रसाद अग्रहरि,सत्य प्रकाश त्रिपाठी एवं नीरज कुमार सिंह एडवोकेट ने बहस की।

## संक्षेप

### असिस्टेंट डायरेक्टर इग्नू ने परीक्षा केंद्र का किया निरीक्षण



परीक्षा केंद्र का निरीक्षण करते असिस्टेंट डायरेक्टर

**दुद्धी।** स्थानीय भाउराव देवरस राजकीय पीजी कॉलेज के इग्नू सेंटर का असिस्टेंट डायरेक्टर इग्नू डॉक्टर एस के पांडे ने बृहस्पतिवार को निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने परीक्षा केंद्र की व्यवस्था को देखकर संतोष व्यक्त किया। उन्होंने इग्नू स्टडी सेंटर कोड-48043 राजकीय महाविद्यालय को कोड भी प्रदान किया तथा अन्य कागजातों की जांच कर संतोष व्यक्त किया। डॉक्टर पांडे ने महाविद्यालय स्थित इग्नू सेंटर के काउंसलरों के साथ एनईपी व अन्य विषयों पर चर्चा की। डॉक्टर पांडे ने महाविद्यालय के छात्रों व अन्य क्षेत्रीय लोगों में भी इग्नू द्वारा चलाए जा रहे कोर्सों की जानकारी भी ली।

### फंदे से लटकता मिला युवक का शव

**दुद्धी।** स्थानीय कस्बे से सटे मल्देवा गांव में एक युवक ने अपने घर के बरेड से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुंचे कस्बा इंचार्ज संजय सिंह ने शव ग्रामीणों की मदद से नीचे उतरवाकर पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक के पिता ने चार वर्ष पूर्व फांसी लगाकर आत्महत्या की थी, जो शिक्षा विभाग में चपरासी थे। बताया गया कि 26 वर्षीय प्रीतम मसीह पुत्र स्व. पंकज मसीह इधर पैसे के लेन देन को लेकर मानसिक तनाव में था। इस बीच गुरुवार की दोपहर घर के बरेड़ से फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। घरवालों को जब इसकी जानकारी हुई तो परिजन दहाड़े मार कर रोने लगे। घटना के वक्त मृतक की मां बीरा मसीह घर के बाहर थी, जब घर में आने लगी तो दरवाजा बंद पाया तो उसे अनहोनी की आशंका हुई।

### रैन बसेरा निर्माण का विरोध

**रेणुकूट।** पिपरी नगर पंचायत द्वारा रावण दहन स्थल पर रैन बसेरा बनाए जाने का लोगों ने विरोध किया। रामलीला रासलीला समिति पिपरी अध्यक्ष सुशील कुमार ने मंडलायुक्त विंध्याचल मंडल, जिलाधिकारी सहित अन्य उच्चाधिकारियों को पत्र लिखकर नगर पंचायत द्वारा जबरन कराए जा रहे रैन बसेरा के निर्माण पर तत्काल रोक लगाने की मांग की है। पत्र में लिखा कि सन् 1960 से श्रीरामलीला रासलीला मंचन समिति द्वारा रामलीला मंचन का आयोजन होता आ रहा है। तुर्रा चौराहे के समीप रावण दहन स्थल बना हुआ है। जहां लगातार 62 वर्षों से पुतला दहन हो रहा है। उसी जगह पर नगर पंचायत द्वारा रैन बसेरा बनाने का प्रयास किया जा रहा है। यदि उस स्थल पर रैन बसेरा का निर्माण होता है तो स्थानीय जन समुदाय की धार्मिक भावनाएं आहत होंगी। जबरिया या अवैध रूप से उक्त जमीन पर कब्जा किया जाता है तो वर्षों से चली आ रही रामलीला मंचन की परंपरा भी समाप्त हो जाएगी। गुरुवार को स्थानीय बीजेपी नेताओं एवं रामलीला रासलीला समिति के सदस्यों ने उपजिलाधिकारी दुद्धी शैलेंद्र मिश्रा को ज्ञापन देकर तत्काल रैन बसेरा निर्माण रोके जाने की मांग की। एसडीएम ने लोगों को आश्वस्त किया कि कोई भी कार्य नियम विरुद्ध या जन भावनाओं के खिलाफ नहीं किया जाएगा। उन्होंने रैन बसेरा निर्माण पर यथास्थिति बनाए रखने का आदेश दिया।

### तीन निरीक्षक, छह उप निरीक्षकों का तबादला

**सोनभद्र।** अपराध व कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिए गुरुवार को पुलिस अधीक्षक डा. यशवीर सिंह ने तीन निरीक्षक, छह उप निरीक्षकों सहित कई पुलिसकर्मियों के कार्यक्षेत्र में तबादला किया है। एसपी ने निरीक्षक राजेश कुमार सिंह को प्रभारी महिला सेल/जन सूचना सेल, निरीक्षक प्रणय प्रसून श्रीवास्तव को निरीक्षक अपराध थाना कोन व निरीक्षक विश्वनाथ प्रताप सिंह को क्राइम ब्रांच में तैनात किया। इसके अलावा उप निरीक्षक चुर्क चौकी इंचार्ज जितेंद्र कुमार को चौकी प्रभारी सुकृत बनाया। उप निरीक्षक राजेश प्रताप सिंह को थाना कोन, उप निरीक्षक आशीष कुमार सिंह को चौकी प्रभारी चुर्क, वरिष्ठ उप निरीक्षक अफरोज आलम को थाना रावर्ट्सगंज, उप निरीक्षक बृजेश कुमार दूबे को चुनाव सेल, उप निरीक्षक सरोजमा सिंह को महिला थाना के कार्यों के साथ-साथ प्रभारी महिला सुरक्षा विशेष दल के कार्यों का पर्यवेक्षण किया जायेगा।

### हाईमास्ट लाइट लगाने की मांग

**रेणुकूट।** रेणुकूट-बीजपुर मार्ग पर रनटोला गांव के समीप दुद्धी जाने वाले कटौली मोड़ पर हाईमास्ट लाइट लगाने की मांग ग्रामीणों ने की है। स्थानीय निवासी बबई सिंह खरवार, राजबली खरवार, राधेश्याम, विफल, हरिनाथ आदि ने जिलाधिकारी को पत्र भेजकर उक्त स्थल पर सौर ऊर्जा लाइट या हाईमास्ट लाइट लगवाने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि उक्त स्थान से झारखंड, बिहार, छत्तीसगढ़ और मध्यप्रदेश जाने वाले लोग निकलते हैं और रात्रि के समय उन्हें काफी परेशानी होती है, जिससे लोग भटक जाते हैं, इसके साथ ही स्थानीय लोगों को भी अंधेरा होने से काफी परेशानी होती है। ग्रामीणों ने जल्द से जल्द प्रकाश की व्यवस्था किए जाने की मांग की है।

### स्वर्ण पदक विजेता को मिला भूमि का पट्टा

**सोनभद्र।** जिलाधिकारी चन्द्र विजय सिंह ने कैम्प कार्यालय में राष्ट्रीय खेलों में एथलेटिक्स प्रतियोगिता में 35 किलोमीटर पैदल चाल में स्वर्ण पदक जीतने वाले रामबाबू की मां को दस बिस्वा जमीन खेती हेतु व एक बिस्वा जमीन मकान निर्माण के लिए पट्टा स्वीकृति प्रमाण-पत्र प्रदान किया। इस दौरान डीएम ने रामबाबू की मां को मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत आवास देने के लिए सम्बन्धित को निर्देशित करते हुए कहा कि जनपद में खेल प्रतिभाओं को निखारने के लिए ऐसे प्रतिभागियों को बढ़ावा देने के लिए आवश्यक सहयोग प्रदान किया जायेगा, जिससे जनपद का नाम रौशन होता रहे।

### गैंगस्टर एक्ट का वांछित गिरफ्तार

**विंढमगंज।** पुलिस अधीक्षक डा. यशवीर सिंह के निर्देशन में जनपद में अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में गुरुवार को पुलिस द्वारा गैंगेस्टर एक्ट से सम्बन्धित वांछित गनेश बैगा पुत्र स्व. मन्धारी, निवासी ग्राम पलसो, ओबरा को उसके गांव से गिरफ्तार कर अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी।

### महिला कांग्रेस को मजबूत करना प्राथमिकता: ऊषा चौबे

**सोनभद्र।** महिला कांग्रेस की नवनियुक्त जिलाध्यक्ष ऊषा चौबे ने गुरुवार को रॉबर्ट्सगंज स्थित पीडब्ल्यूडी डाक बंगला में पत्रकार वार्ता करते हुए कहा कि मेरी प्रथम प्राथमिकता महिला कांग्रेस को मजबूती देना है। उन्होंने कहा कि महिलाओं की समस्याओं को लेकर महिला कांग्रेस पूरी तरह से लड़ाई लड़ने को तैयार है। उन्होंने बीजेपी सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि इस सरकार में महिलाएं सुरक्षित नही हैं। महिलाओं पर अत्याचार चरम पर है। कानून व्यवस्था पूरी तरीके से ध्वस्त है। हत्या, बलात्कार और लूट की घटनाएं आये दिन घटित हो रही हैं। महंगाई आसमान छू रही है। डीजल, पेट्रोल, गैस सिलेंडर और खाद्य पदार्थों के दामों में कई गुना वृद्धि से आम जनता त्रस्त है। जिससे महिलाओं को घर संभालना मुश्किल हो गया है। कहा कि राहुल गांधी आमजनता की समस्याओं को लेकर संघर्ष कर रहे हैं। उनका त्याग और संघर्ष कांग्रेस पार्टी को मजबूती प्रदान करेगा। उन्होंने कहा कि भारत जोड़ो यात्रा यूपी कांग्रेस के प्रान्तीय अध्यक्ष अजय राय के नेतृत्व में 19 दिसम्बर को सोनभद्र आ रही है। इस मौके पर अरविन्द सिंह, शत्रुंजय मिश्रा, रेणु शुक्ला, कबूतरी देवी, रीमा, राजकुमारी, नीलम, सीमा सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# तेज रफ्तार बस से कुचलकर किशोर की मौत, चक्का जाम

**हादसा**

### खरुआंव गांव के समीप रावट्र्सगंज-घोरावल मार्ग पर हुआ हादसा, परिजनों में कोहराम

जनसंदेश न्यूज

**घोरावल।** स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के खरुआव गांव में गुरुवार की शाम एक निजी बस की चपेट में आने से एक किशोर की दर्दनाक मौत हो गई। हादसे के बाद कोहराम मच गया। हादसे से नाराज लोगों ने किशोर का शव सड़क पर रखकर चक्का जाम कर दिया।

जाम की सूचना मिलने पर पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे एसडीएम व सीओ ने लोगों को समझा-बुघाकर जाम खुलवाने के साथ ही शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजवाया। बताया गया कि कक्ष छह में पढ़ने वाला भूपेंद्र यादव 13 पुत्र नागेंद्र यादव निवासी खरुआव अपने घर के पास पटरी पर था। बताया जा रहा है कि उसी दौरान तेज रफ्तार घोरावल से रॉबर्ट्सगंज की ओर जा रही बस की चपेट में आ गया। दुर्घटना में उसका सिर बुरी तरह कुचल गया जिससे घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई। बस वाला वहां से फरार हो चुका था। कुछ लोगों ने उसका पीछा किया लेकिन बस निकल चुकी थी। घटनास्थल पर भीड़ लग गई।

हादसे की सूचना पर कोतवाली निरीक्षक गोपाल जी गुप्ता घटनास्थल पर पहुंचे। ग्रामीणों ने भारी संख्या में एकजुट होकर सड़क पर कुछ घन्टे जाम लगाया। मृतक सोनांचल इंटरमीडिएट कॉलेज घोरावल में पढ़ता था। एसडीएम व सीओं ने लोगों को समझा कर जाम समाप्त होने के बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा और विधिक कार्यवाही में जुट गई।

## विद्युत पोल से टकराकर बाइक सवार की मौत

**ओबरा/चोपन।** जुगैल थाना क्षेत्र अन्तर्गत चोपन-भरहरी मार्ग पर स्थित ग्राम अगोरीखास के टोला दूपटिया स्कूल के पास गुरुवार को विद्युत पोल से टकराकर बाइक सवार व्यक्ति की मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार बाइक सवार हरिप्रसाद 40 पुत्र सुखलाल निवासी ग्राम पंचायत जुगैल के टोला बहेराडांड़ किसी काम से चोपन आया था। वापस घर जाते समय उसकी बाईक अनियंत्रित होकर बिजली पोल से टकरा गई, जिससे उसकी दर्दनाक मौत हो गई। वहीं घटना की जानकारी होते ही अगोरीखास ग्राम प्रधान राम प्रताप साहनी द्वारा पुलिस को सूचना दी गयी। सूचना मिलते ही उपनिरीक्षक अभय सिंह यादव मय फोर्स पहुंचकर शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु जिला अस्पताल भेज दिया। उधर मौत की सूचना पाते ही परिजनों में कोहराम मच गया।

### धान क्रय में धांधली का आरोप

**सोनभद्र।** खाद्य एवं रसद विभाग द्वारा किसानों के धान क्रय में व्यापक स्तर पर धांधली की जा रही है। किसानों से सुविधा शुल्क लेकर धान क्रय करने की बात कही जा रही है। जो किसान सुविधा शुल्क नहीं दे रहे हैं। उनके धान की क्वालिटी खराब बताकर क्रय न करते हुए वापस कर दिया जा रहा है। जिससे वे अपना धान औने पौने दाम पर बेचने को विवश हैं। इतना ही नहीं किसानों का धान तौल करने के नाम पर 25रूपये प्रति कुंतल मजदूरी ली जा रही है। अब सवाल यह उठता है कि मजदूरी के नाम पर आने वाला धन कहां जा रहा है। क्रय केंद्रों पर पिछले वर्ष से हाब्रिड धान खरीद सरकार ने बंद कर दिया है। जबकि रमाकांत त्रिपाठी द्वारा मांगी गयी जनसूचना में गत वर्ष 25 हजार मिट्रिक टन धान खरीद की गयी है। जब क्रय केंद्रों पर हाईब्रिड धान खरीद नहीं की गयी तो इतना धान कहां से खरीदा गया। अकेले चतरा क्रय केंद्र पर दो हजार टन हाईब्रिड धान खरीद दिखाया गया है। जिले में खाद्य व रसद विभाग के 27 केंद्र संचालित हैं। क्षेत्रिय लोगों ने बीते वर्ष हुई धान खरीद की जांच कराने की मांग किया है।

# एनटीपीसी सिंगरौली में ऊर्जा संरक्षण सप्ताह का शुभारंभ

**शक्तिनगर।** राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस के तहत ऊर्जा संरक्षण को बढ़ावा देने हेतु एनटीपीसी सिंगरौली में आजादी के 75वें अमृत महोत्सव के तहत ऊर्जा संरक्षण सप्ताह का शुभारंभ मुख्य अतिथि बसुराज गोस्वामी, कार्यकारी निदेशक, एनटीपीसी सिंगरौली द्वारा किया गया। इस अवसर पर एनटीपीसी सिंगरौली टाउनशिप में जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। रैली में एनटीपीसी आवासीय परिसर स्थित सेंट जोसेफ स्कूल, अंबेडकर स्कूल, केंद्रीय विद्यालय के छात्रों एवं शिक्षकों द्वारा प्रतिभागिता की गई। कार्यकारी निदेशक ने कहा कि ऊर्जा संरक्षण को हमें निरंतर अपने जीवन में अपनाना है, क्योंकि ऊर्जा संरक्षण ही ऊर्जा उत्पादन है। हमें अन्य लोगों को ऊर्जा संरक्षण के लिए प्रेरित भी करते रहना है। उन्होंने ऊर्जा संरक्षण के सभी प्रतिभागियों को बधाई दी एवं उन्हें जनहित में ऊर्जा सैनिक के रूप में कार्य करने के लिए प्रेरित किया। ऊर्जा संरक्षण सप्ताह के तहत स्कूली विध्यार्थियों,महिलाओं, कर्मचारियों एवं स्थानीय लोगों हेतु विभिन्न प्रतियोगिताओं जैसेपेंटिंग, निबंध, कहानी लेखन, भाषण, प्रश्नोत्तरी, ऊर्जा संरक्षण व्याख्यान का आयोजन किया गया जा रहा है। इस अवसर पर एस के गुजरानिया, एके. सिंह, विभास घटक, डा. एसके खरे, जोसेफ बास्टियन, प्रबोध कुमार, बी के सिकंदर समेत तमाम लोग मौजूद रहे।



कार्यक्रम को संबोधित करते कार्यकारी निदेशक

### ऊर्जा संरक्षण के प्रति ग्रामीणों को किया गया जागरूक

**रेणुकूट।** हिण्डाल्को में इण्डस्ट्रीयल इन्जीनियरिंग एवं टेक्निकल सेल द्वारा आयोजित किए जा रहे ऊर्जा संरक्षण सप्ताह के अंतर्गत ग्रामीणें को ऊर्जा संरक्षण एवं उसके सदुपयोग हेतु जागरुक करने के उद्देश्य म्योरपुर स्थित आदित्य बिड़ला रूरल टेक्नोलॉजी पार्क में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में हिण्डाल्को एनर्जी सेल के राजीव सिंह ने ग्रामीणों को ऊर्जा संरक्षण हेतु बिजली, ईंधन एवं गैस इत्यादि के बचत के लिए अपनाई जाने वाली विधियों को बहुत ही सरल एवं सुगमता से बताया। कहा कि ऊर्जा बचत के जो भी तरीके बताये जा रहे है उन्हें अपने गांव में घर-घर तक पहुंचाये जिससे कि अधिक से अधिक लोग इस मुहिम से जुड़ कर ऊर्जा संरक्षण में अपनी सक्रिय भागीदारी निभाकर समाज व राष्ट्र हित में अपना योगदान सुनिश्चित कर सकें। इस अवसर पर लोगों के मध्य ऊर्जा बचत से सम्बन्धित पम्फलेट भी बांटे गए। कार्यक्रम में लगभग 80 ग्रामीण पुरुष एवं महिलाओं ने भाग लिया। ग्रामीणों के लिए ऊर्जा बचत पर आधारित क्विज कार्यक्रम का भी आयोजन हुआ, जिसमें सही उत्तर देने वाले ग्रामीणों को पुरस्कृत कर उन्हें ऊर्जा बचत हेतु प्रोत्साहित किया गया। अंत में हिण्डाल्को एनर्जी सेल के रजनीश सिंह ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

# अधिकारियों पर लगाया मनमानी का आरोप

**ओबरा।** तहसील निर्माण को लेकर धरना प्रदर्शन के 45 वें दिन गुरुवार को एड उमेश कुमार चौबे व सुरेंद्र जौहरी का माल्यार्पण एड देवेंद्र जौहरी तथा मनीष मिश्रा द्वारा करके अनशन पर बैठाया गया। सभा में अध्यक्ष रमेश मिश्रा ने कहा कि सरकारी गजट माननीय राज्यपाल के शासनादेश के अनुसार ओबरा तहसील मुख्यालय हेतु बिल्ली मारकुंडी में भूमि का चयन नहीं करके प्रशासन द्वारा बिल्ली मारकुंडी क्षेत्र से बाहर खनन तथा प्रदूषित क्षेत्र में मानक विपरीत भूमि का चयन ओबरा तहसील मुख्यालय हेतु किया गया। इसे लेकर अधिवक्ताओं द्वारा 45 दिन से जारी धरना प्रदर्शन एवं 9 दिन से अनवरत चौबीस घंटे की भूख हड़ताल को अनदेखा करते हुए अभी तक उक्त विवादित तथा मानक के विपरीत जमीन का चयन रद्द नहीं किया गया। यह निंदनीय है।

सभा में कपूरचंद पांडे, राम पाल शास्त्री, रमा शंकर यादव, अनिल मिश्रा, अनिल चौधरी, दिनेश दुबे, नसीम खान, एड पुष्पराज पांडे, अवधेश अग्रवाल, हरि ओम सेठ, त्रिपुरारी शंकर पांडे, सुशील पांडे, राजेश गौतम, राजू पाठक, राम नगीना यादव, नूर अहमद खान, मनोज सोलंकी, अजय यादव, नीरज सिंह पटेल, कौशल पांडे आदि उपस्थित रहे। संचालन एड उमेश शुक्ला ने किया।

## तहसील भवन निर्माण मामले पर सुनवाई आज

**ओबरा।** ओबरा तहसील का निर्माण ओबरा में किए जाने को लेकर उच्च न्यायालय में पीआईएल स्वीकार किए जाने से अधिवक्ताओं में हर्ष है। उक्त मामले में एड. नसीम अहमद खान तथा एड. आरिफ इकबाल द्वारा संयुक्त रूप से पीआईएल दाखिल किया गया है। वहीं एड. श्री खान ने बताया कि 4 सितंबर 2020 को जारी हुए सरकारी गजट के अनुसार ओबरा विधानसभा क्षेत्र की आदिवासी, बनवासी तथा गरीब जनता की सुविधा को ध्यान में रखते हुए ओबरा तहसील ओबरा विधानसभा क्षेत्र में बनाए जाने का आदेश किया गया था। बावजूद इसके अधिकारियों के मनमानी रवैये के चलते उक्त तहसील को ओबरा विधानसभा क्षेत्र से बाहर बनाने का प्रयास किया जा रहा है। यह कहीं से न्याय संगत नहीं है। बताया कि इसे ध्यान में रखते हुए उक्त पीआईएल में प्रमुख सचिव राजस्व, कमिश्नर, डीएम, एसडीएम, तहसीलदार, तथा परियोजना के जिम्मेदार अधिकारी को पार्टी बनाया गया है। जिसकी पहली सुनवाई 16 दिसंबर को होनी है। कहा कि पीआईएल दाखिल करने का मूल उद्देश्य है कि ओबरा के रहवासियों को उच्च न्यायालय के माध्यम से न्याय मिलते हुए ओबरा तहसील का निर्माण ओबरा में सुनिश्चित हो सके। सूत्रों की मानें तो सुनवाई को लेकर कई अधिकारी अपनी रिपोर्ट तैयार करने में जुटे हुए हैं।

# कलश यात्रा संग श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ

**कलश यात्रा**

### सिर पर कलश और हाथों में भगवा ध्वज लिए यात्रा में शामिल हुई महिलाएं

जनसंदेश न्यूज

**सोनभद्र।** राबट्र्सगंज स्थित आर्य समाज मंदिर में सप्त दिवसीय संगीतमय श्रीमद्भागवत पुराण कथा का शुभारंभ गुरुवार को सुबह 10:00 बजे से नगर में भव्य कलश एवं निशान यात्रा से हुआ। जिसका नेतृत्व यज्ञाचार्य सौरभ कुमार भारद्वाज ने किया। शोभायात्रा में भागवत कथा के मुख्य यजमान उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के जिलाध्यक्ष रतनलाल गर्ग एवं उनकी धर्मपत्नी अनारकली देवी भगवान लड्डू गोपाल को अपने सिर पर लिए हुए शामिल हुए।

कलश यात्रा पूरा नगर भ्रमण करते हुए पुनः आर्य समाज मंदिर में पहुंचा। जहां पर अयोध्या से आयी प्रवचन कर्ता विष्णु प्रिया शास्त्री ने भगवान कृष्ण और भागवत कथा की महिमा का वर्णन करते हुए कहा कि भारत धर्म का देश



कलश यात्रा में शामिल महिलाएं

है और यहां धार्मिक आयोजनों की परंपरा सदियों से बनी रही है। भागवत कथा का श्रवण करना मानव के लिए पुण्यकारी है और इसे हर व्यक्ति को सुनना चाहिए तथा हमें अपने भावी पीढ़ियों को धर्म और अध्यात्म की शिक्षा देनी चाहिए, ताकि स्वस्थ्य और शिक्षित समाज का निर्माण हो सके। मुख्य यजमान रतन लाल गर्ग ने बताया कि कथा 15 से 21 दिसंबर तक शाम 5:00 बजे से 9:00 बजे तक आयोजित की जाएगी, जिसमें हर दिन के कथा के अनुसार भगवान के विभिन्न स्वरूप एवं लीलाओं का दर्शन भव्य झांकी व्यास ज्ञानेश द्वारा आयोजित की जाएगी। अंत में विष्णु प्रिया शास्त्री एवं भागवत कथा के मुख्य यजमान रतन लाल गर्ग द्वारा पत्रकारों को स्मृति चिन्ह अंगवस्त्रम देकर सम्मानित किया गया। कलश यात्रा में संयोजक नरेंद्र गर्ग, कृष्ण कुमार, विनोद गर्ग, मंजू, अनीता गर्ग, रेनू उषा, ऊर्जा गर्ग, मीनू, साक्षी गर्ग, निधि, तनीषा, संगम गुप्ता, सुशील पाठक, शिशु तिवारी, महेश, मनोज सोनकर, दीपक कुमार केसरवानी, हर्षवर्धन सहित तमाम लोग शामिल रहे।

# निकाय चुनाव को लेकर रैपिड एक्शन फोर्स ने किया रुट मार्च



दुद्धी में पैदल गश्त करती फोर्स

**दुद्धी/विंढमगंज।** आगामी नगर पंचायत चुनाव को निष्पक्ष सकुशल सम्पन्न कराने के लिए स्थानीय पुलिस ने गुरुवार को आरएएफ जवानों के साथ समूचे कस्बे का एरिया डोमिनेशन किया। प्रभारी निरीक्षक श्रीकांत राय की अगुवाई में जवानों की टुकड़ी ने स्थानीय कस्बा स्थित चौकी से निकल कर पैदल रूट मार्च करते हुए मां काली मंदिर तिराहा, अमवार रोड, इंडियन बैंक के पास से हरिजन मोहाल से गुजरते हुए स्थानीय शिवाजी तालाब पहुंची, जहां से वापस होकर तहसील तिराहा होते हुए म्योरपुर तिराहा पहुंचा। वहां से चौकी पर आकर पैदल मार्च समाप्त हुआ। प्रभारी निरीक्षक ने नगर वासियों को भयमुक्त माहौल का एहसास कराते हुए अपील किया कि चुनाव में भयमुक्त होकर बेझिझक मतदान करें, किसी के प्रलोभन में ना आयें। अगर कोई मतदान हेतु धमकाता है, तो इसकी सूचना पुलिस को दें। इस मौके पर संजय सिंह, एसआई एनामुल हक सहित तमाम जवान मौजूद रहे। वहीं विंढमगंज में पुलिस ने रैपिड एक्शन फोर्स के साथ पैदल गश्त कर संदिग्ध व्यक्तियों/वाहनों एवं वस्तुओं की सघन चेकिंग की। इस दौरान सड़क किनारे अवैध अतिक्रमण के सम्बंध में सम्बंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। आमजन से संवाद स्थापित कर सुरक्षा के दृष्टिगत दुकान मालिकों से वार्ता की गयी।

# अगलगी से 60 बीघा फसल जलकर राख

जनसंदेश न्यूज


आगलगी से खेत में जलती फसल।

**कंदवा।** थाना क्षेत्र के बरहनी गांव के सिवान में गुरुवार को करीब एक बजे अज्ञात कारणों से धान की खड़ी फसल में आग लग गई, जिससे करीब 60 बीघा धान लगभग पन्द्रह एकड खड़ी फसल जल कर राख हो गई। मौके पर जुटे ग्रामीणों ने काफी मशक्कत के बाद किसी तरह आग पर काबू पाया वरना आस पास के खेतों में खड़ी सैकड़ों एकड़ धान की फसल भी आग की भेंट चढ़ गई होती। गुरुवार की दोपहर बाद करीब एक बजे बरहनी गांव के दक्षिण तरफ सिवान में अज्ञात कारणों से धान की खड़ी फसल में अचानक आग लग गई। आस पास मौजूद कुछ लोगों ने आग देख शोर मचाया तो शोर सुनकर सैकड़ों की संख्या में मौके पर जुटे ग्रामीणों ने काफी मेहनत कर आग पर काबू पाया। लेकिन तब तक पूर्व प्रधान अखिलेश सिंह गुड्डू का 12 बीघा, अनिल सिंह बबलू का 12 बीघा, अशोक वर्मा का 4 बीघा, श्रीधर का 4 बीघा, भूमिधर पासवान का 4 बीघा, शगुन राम का 7 बीघा, नरेंद्र सिंह का 7 बीघा, भुल्लन यादव 4 बीघा, बंगा सिंह 2 बीघा आदि किसानों की 60 बीघा धान की खड़ी फसल आग की भेंट चढ़ गई। अगर समय रहते ग्रामीणों ने आग पर काबू नहीं पाया होता तो आस पास के खेतों में खड़ी सैकड़ों एकड़ धान की फसल भी आग की जद में आ जाती।

# लापता युवक की खोजबीन में जुटी बलुआ व चौबेपुर पुलिस

जनसंदेश न्यूज

**चहनियां।** बलुआ थाना क्षेत्र के चहनियां व प्रभुपुर के रहने वाले तीन युवक पिछले शनिवार को मार्कण्डेय महादेव स्नान व दर्शन करने गए गायब हो गये थे। उनमें से एक युवक नीतीश रस्तोगी का कपड़ा मार्कण्डेय महादेव गंगा किनारे मिला। साथ में गये लड़के डूबने के डर से बिहार फरार हो गये। बुधवार की देर शाम को बलुआ पुलिस दोनों प्रभुपुर के रहने वाले युवकों को बिहार से पकड़कर ले आयी। परिजनों ने बुधवार को चौबेपुर पुलिस को भी तहरीर दिया है। दोनों थानों की पुलिस ने खोजबीन तेज किया।

चहनियां कस्बा अंतर्गत खण्डवारी के रहने वाले सुनील रस्तोगी का भतीजा नीतीश रस्तोगी पुत्र स्वर्गीय सन्तोष 10 दिसम्बर को चहनियां में एक मिष्ठान की दुकान पर काम करने वाले प्रिंस खरवार उर्फ गोलू पुत्र महेंद्र प्रताप व प्रिंस कुमार पुत्र बिगड़ू ग्राम प्रभुपुर के साथ शनिवार को बाइक से मार्कण्डेय महादेव स्नान व दर्शन पूजन को गये थे। तीन दिन बीतने के बाद भी तीनों का पता नहीं पाया चल पाया था। परिजन रिश्तेदार व सगे सम्बन्धियों के यहाँ पता कर चुके है। काफी तलाश के बाद थकहार कर मंगलवार को बलुआ थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट चाचा सुनील रस्तोगी ने दर्ज करायी। पांचवें दिन परिजनों ने चौबेपुर पुलिस को तहरीर दिया। उधर बुधवार की देर शाम को बलुआ पुलिस ने बिहार के मोहनिया व नौबतपुर से दोनों युवकों को उठाकर थाने लायी। पूछताछ किया तो बताया कि मार्कण्डेय महादेव में गंगा किनारे लगा जेट्टी पर स्नान करने के लिए कूदा था। हम लोग वहीं पास स्नान कर रहे थे। जब 15 मिनट बाद वह नहीं दिखा तो हम लोग डरकर रिश्तेदारी में भाग गये थे। फिलहाल दोनों थानों बलुआ व चौबेपुर की पुलिस ने तलाश तेज कर दिया है। साथ ही चहनियां कस्बा के प्रधान पति सहित अन्य लोग भी नाव से तलाश कर रहे है। इस संदर्भ में बलुआ इंस्पेक्टर विनय प्रकाश सिंह ने बताया कि बलुआ थाने से नाव से पुलिस ,गोताखोर व एनडीआरएफ की टीम खोजबीन कर रही है।

# समाज में हर किसी को करना चाहिए नारी का सम्मान


रामगढ़ में जागरूकता रैली निकालती बाबा कीनाराम इंटर कालेज की छात्राएं।

**चहनियां।** बाबा कीनाराम इंटर कॉलेज रामगढ़ में गुरुवार को नारी सुरक्षा एवं नारी सशक्तिकरण अभियान का आरंभ प्रार्थना स्थल पर प्रधानाचार्य बिपिन कुमार सिंह द्वारा सभी छात्राओं, अध्यापकों एवं कर्मचारियों की उपस्थिति में आरंभ किया गया। तत्पश्चात छात्र-छात्राओं ने एक जागरूकता रैली निकाली गयी, जो रामगढ़, दरियापुर, बाबा कीनाराम मठ आदि जगहों का भ्रमण कर महिलाओं को जागरूक किया। जागरूकता रैली का नेतृत्व प्रधानाचार्य अपने सहयोगी अध्यापकों के साथ किया।

इस दौरान प्रधानाचार्य विपिन सिंह ने कहा कि नारी की सुरक्षा तथा नारी का सम्मान समाज के प्रत्येक स्तर पर किया जाना चाहिए। इसके लिए सर्वप्रथम महिलाओं में शिक्षा की अलख जगाकर उन्हें अपने अधिकार और अपने कर्तव्य के प्रति जागरूक किया जाना आवश्यक है। जब महिला शिक्षित होगी, अपने अधिकारों के लिए सजग रहेंगी तो उनका समाज सम्मान भी करेगा। आज नारी देश की सुरक्षा से लेकर बैंकिंग, शैक्षणिक, राजनैतिक आदि क्षेत्रों में बढ़-चढ़कर हिस्सेदारी निभा रही है। कार्यक्रम में शमीम अहमद, सुनील कुमार पांडेय, राम शंकर तिवारी ने संबोधित किया। कार्यक्रम में विद्यालय के अध्यापक अरविंद सिंह, विनोद सिंह, राकेश सिंह, संतोष सिंह, आलोक कुमार, उपेंद्र नाथ भारती, सुरेंद्र कुमार, कमलेश मिश्रा, नवीन सिंह, गणेश सिंह आदि लोग उपस्थित रहे। संचालन प्रमोद सिंह द्वारा किया गया।

## संक्षेप

### ग्राम प्रधान की पहल पर विवाद का हुआ पटाक्षेप


विवाद के मामले में समझौता कराते प्रधान।

चहनियां। बलुआ थाना क्षेत्र के हुदहुदीपुर गांव में दो पक्षों में विवाद का मामला बलुआ थाने पर पहुँचा। इस मामले को ग्राम प्रधान आशुतोष कुमार सिंह ने गांव के मन्दिर पर बैठकर संभ्रांत नागरिकों के साथ सुलह समझौता कराकर हल कराया। प्रधान के पहल पर लोगों ने प्रसंशा की। बताते हैं कि हुदहुदीपुर गांव में दो पक्षो प्रताप नारायण मिश्र सेवड़ी व सुदामा पाण्डेय सेवड़ी जो किसी बात को लेकर विवाद व नोकझोक हो गया, जो थाने पहुंच गया। जब इस बात का पता प्रधान आशुतोष कुमार सिंह को हुई तो बलुआ इंस्पेक्टर विनय प्रकाश सिंह व मोहरगंज चौकी इंचार्ज शिवमणी त्रिपाठी से सुलह की बात कर एक मौका मांगा। हुदहुदीपुर शिव मंदिर पर संभ्रांत नागरिकों संग दोनों पक्षों को बैठाकर आपसी सुलह समझौता कराकर मामला शांत कराया। दोनों पक्षों को गले मिलाकर मामला थाने से वापस कराया। इस संदर्भ में बलुआ थाना इंस्पेक्टर विनय प्रकाश सिंह ने कहा कि ये अच्छी बात है। छोटे मोटे मामले यदि गांवो में ही सुलह समझौता से हो जाये तो मुकदमेबाजी से निजात मिलेगी।

### सरदार वल्लभ भाई पटेल की मनाई पुण्यतिथि

**डीडीयू नगर।** शहर कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान मे गुरुवार को कार्यकताओं ने सरदार वल्लभ भाई पटेल की पुण्यतिथि पर पटेल नगर स्थित उनके प्रतिमा पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजली दिया। तत्पश्चात एक गोष्ठी का आयोजन किया। इस मौके पर शहर अध्यक्ष रामजी गुप्ता ने कहा किया। सरदार पटेल एक महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी थे व कांग्रेस के अध्यक्ष भी रहे। पटेल जी स्वतंत्रता संग्राम मे अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हुए देश के प्रथम गृहमंत्री पद पर रहे। उन्होंने छोटे-छोटे रियासतो का एकीकरण कर बैंको का राष्ट्रीयकरण करने मे महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, उन्हे लौहपुरुष भी कहा जाता है। उनके दृढ़ संकल्प स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के स्वरूप के कारण राष्ट्रपिता बापू ने उनको सरदार के उपाधि से नवाजा। कार्यक्रम में शहर अध्यक्ष रामजी गुप्ता,आनन्द शुक्ल, बृजेश गुप्ता,दशरथ चौहान, विजय कुमार गुप्ता,प्रमोद मौर्या, तरनदीप सिंह, दीपक गुप्ता, रामसेवक सिंह पटेल, काशी नाथ गुप्ता, प्रमोद दुबे, संतोष चौहान आदि उपस्थित रहे।

### आयुर्वेद से होने वाले लाभ की आमजन को दी जानकारी

**चंदौली।** कृषि विज्ञान केंद्र के परिसर में ह्लहर दिन हर घर आयुर्वेदह्व कार्यक्रम का दीप प्रज्वलित कर जिलाधिकारी ईशा दुहन द्वारा शुभारंभ किया गया। हर दिन हर घर आयुर्वेद कार्यक्रम के अंतर्गत ह्लमेरे दैनिक जीवन में आयुर्वेद की उपयोगिता परह्व प्रतियोगिता में विजेता को पुरस्कार वितरित व सम्मानित जिलाधिकारी द्वारा किया गया। उन्होंने कहा ह्लहर दिन हर घर आयुर्वेदह्व के आयोजन के अवसर पर आयुष के प्रति जागरुकता एवं जन भागीदारी सुनिश्चित करने और इसे जन आन्दोलन का रूप देने के लिए विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किया जाय। कहा कि इस कार्यक्रम के तहत हर दिन हर घर आयुर्वेद से होने वाले लाभ को लोगों तक पहुंचाने की कोशिश की जाएगी। उपस्थित चिकित्सक द्वारा कार्यक्रम के दौरान लोगों को स्वस्थ जीवन शैली अपनाने के बारे में जानकारी दी जायेगी। इसके अतिरिक्त वृद्धावस्था के दौरान होने वाले रोगों का आयुर्वेदिक उपचार, मानसिक आरोग्य में आयुर्वेद की भूमिकाएं एवं महत्ता की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में निःशुल्क आयुर्वेद चिकित्सा शिविर के साथ योग शिविर, पंचकर्म, सुवर्णप्राशन, पोषक मोदक इत्यादि स्टाल लगाए गए थे। इस दौरान डा.पुष्पांजलि, डा.युगल किशोर पांडेय, डा.दिनेश यादव, डा.अर्चना सहित अन्य चिकित्सक उपस्थित रहे।

### बिल्डिंग मैटेरियल कारोबारी को दबंगों ने पीटा, मुकदमा दर्ज

**सकलडीहा।** डेढ़ माह पूर्व दुगार्पुर तिराहे पर बाइक सवार बदमाशों ने बिल्डिंग कारोबारी को गोली मारकर बाइक लूट लिया था। अभी उस मामले के आरोपी पकड़ा नहीं गया कि पुनः दूसरे बिल्डिंग कारोबारी को दंबगों ने मारपीट कर घायल कर दिया। घटना को लेकर व्यापारी ने कोतवाली में तहरीर दिया है। कोतवाली पुलिस मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई में जुट गयी है। व्यापारियों पर आये दिन हो रहे हमले को लेकर व्यापारियों में आक्रोश है। तेन्दुईपुर गांव निवासी विरेन्द्र चौहान की सकलडीहा राजवाहा मार्ग पर शक्ति बिल्डिंग मटेरियल की दुकान है। बीते 12 दिसम्बर को देर शाम साढ़े आठ बजे कुछ मनबढ़ दुकान के पास खड़े थे। दुकानदार को कुछ आभास होने पर पूछने पर दबंग मारने लगे और ग्रामीणों के जुटने पर गाली गलौज व धमकी देते हुए बुलेट से भाग गये। घटना को लेकर व्यापारी सहमा हुआ है। दूसरे दिन पहुंचकर कोतवाली में दो लोगों के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज कराया है। जबकि डेढ़ माह पूर्व तेन्दुईपुर गांव निवासी लालब्रत चौहान बिल्डिंग कारोबारी को बदमाशों ने गोली मारकर बाइक लूटकर भाग गये थे। लगातार व्यापारी के साथ हो रही घटना को लेकर व्यापारियों में आक्रोश है। उधर कोतवाल अनिल कुमार पांडेय ने बताया कि दो लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। शीघ्र ही सख्त कार्रवाई की जायेगी।

### अज्ञात पिकअप के धक्के से बाइक सवार घायल

**कन्दवा।** सैयदराजा जमानिया राष्ट्रीय राजमार्ग पर गुरुवार की दोपहर भदखरी गांव के पास पिकअप से धक्का लगने से वाइक सवार युवक घायल हो गये।जिसे पास के ग्रामीणों ने उसे उठाकर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बरहनी पर भर्ती कराया गया। रामपुर गांव निवासी देवरंजन कुमार 17 पुत्र ओमप्रकाश गुरुवार को अपने गांव रामपुर से सैयदराजा जमानिया मार्ग होते बरहनी जा रहा था की भदखरी गांव के सामने जमनिया की तरफ से आ रही पिकअप से धक्का लग जाने से बाइक सवार मार्ग पर गिर गये।पिकअप सवार वाहन लेकर सैयदराजा की तरफ भाग निकला। वहीं घायल को ग्रामीणों ने इलाज के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बरहनी पर भर्ती कराया गया। जहां डाक्टर सीरियस देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

### पेंशनर्स दिवस 17 दिसंबर को

**चंदौली।** मुख्य कोषाधिकारी पवन कुमार द्विवेदी ने बताया कि 17 दिसंबर को कलेक्ट्रेट सभागार में पेंशनर्स दिवस का आयोजन किया गया है। इस दौरान जनपद के समस्त कार्यालयाध्यक्षों के साथ कोषागार से पेंशन पाने वाले समस्त पेंशनर्स व पारिवारिक पेंशनर्स उपस्थित होकर अपनी बातों व समस्याओं को बैठक के पटल पर रख सकते हैं।

# नेताजी की कुटिया का निर्माण शुरू

**बोले मनोज डब्लू**

**नेताजी पर आधारित पुस्तकें व जीवन से जुड़ी स्मृतियों को सहेजने का होगा काम**


माधोपुर गांव में नेताजी के कुटिया का निर्माण कार्य कराते मनोज सिंह डब्लू

**कमालपुर।** सपा के राष्ट्रीय सचिव व सैयदराजा के पूर्व विधायक मनोज सिंह डब्लू ने सपा संरक्षक की स्मृति व याद में माधोपुर में नेताजी की कुटिया के निर्माण कार्य शुरू करा दिया है। खुद की निगरानी में उन्होंने एक्सपर्ट की टीम तैयार ड्राफ्टिंग के मुताबिक निर्माण की नींव रखने की तैयारियां शुरू हो गई है। इस क्रम में गुरुवार को मिट्टी डालने के साथ ही नींव खुदाई के काम की औपचारिक तौर पर शुरू किया गया। विदित हो कि माधोपुर में मुलायम सिंह यादव की स्मृतियों को सहेजने के लिए ऑडिटोरियम, स्टडी हाल व गेस्ट हाउस का निर्माण कराया जाएगा।

इस दौरान मनोज सिंह डब्लू ने कहा कि माधोपुर में मुलायम सिंह यादव की कुटिया दो एकड़ में बनाने की योजना है। इसके अंतर्गत व्यायामशाला, अखाड़ा और उनकी यादों को संजोने के लिए संग्रहालय के साथ ही गेस्ट हाउस का निर्माण कराया जाएगा। संग्रहालय में देश-विदेश में मुलायम सिंह के ऊपर लिखी सभी पुस्तकों का कलेक्शन होगा, ताकि उन्हें जानने-समझने व पढ़ने वाले लोग यहां आएं और उनकी स्मृतियों व उनके जीवन एवं संघर्ष को करीब से देखे और जाने। ऐसे अतिथियों के ठहरने के लिए ही गेस्ट हाउस का निर्माण होगा। कहा कि मुलायम सिंह यादव का राजनीतिक सफर अखाड़े से शुरू हुआ है, लिहाजा उनकी याद में अखाड़ा व व्यायामशाला का निर्माण कराया जा रहा है ताकि नेताजी की यादों को जीवंत रखने के साथ ही देश के परंपरागत खेल का अस्तित्व भी कायम रखा जा सके।

कहा कि वर्ष 2023 में नेताजी के जयंती अवसर पर कुटिया बनकर तैयार हो जाएगी, जिसे नेताजी की यादों को समर्पित कर दिया जाएगा। इसे ऐसा तरह बनाया जा रहा है, ताकि मुलायम सिंह यादव को जानने व उनके जीवन, योगदान व संघर्ष को समझने वाले लोग स्वतः माधोपुर खींचे चले आए।। मनोज सिंह ने बताया कि अपने पैतृक गांव माधोपुर में नेताजी की कुटिया का निर्माण नेताजी की कुटिया बनाने के लिए उनके मन में काफी दिनों इच्छा थी। ऐसे में राजस्व में उनके मां के नाम से दर्ज भूमि में निर्माण कराने का फैसला किया।

इसके लिए माता और पिता से भी आशीर्वाद मिला है। कुटिया बनने के बाद परिसर में बेहतरीन पार्क और व्यायामशाला का भी निर्माण होगा। इस अवसर पर रमेश यादव, अंजनी सिंह, रामधनी यादव, मंसूर अंसारी, दया राम यादव,लल्लन बिन्द, नन्दकुमार राय, रामविलाश यादव, इबरार खान, राजेश त्यागी, लालमुनि पाल, राजेश कुमार, बृजेश यादव, जियुत पाल, शिवभूरिक यादव, ओमबीर सिंह, जयमवन्त त्रिपाठी, हरिनारायण यादव, रिंकज सिंह, चिंटू सिंह उपस्थित रहे।

# महिला टीम को मेडल पहनाकर किया पुरस्कृत

जनसंदेश न्यूज

**प्रतियोगिता**

**एम ए बनाम बीए सेकंड सेमेस्टर के मध्य खेला गया फाइनल मैच**

**धानापुर।** शारीरिक शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित अंतर क्लास क्रिकेट प्रतियोगिता का आज फाइनल मैच एम ए बनाम बीए सेकंड सेमेस्टर के मध्य खेला गया। शुरू से ही बीए सेकंड सेमेस्टर ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते एमए को हराकर ट्राफी पर अपना कब्जा कर लिया फाइनल मैच में दोनों टीम ने अपने शानदार प्रतिभा का प्रदर्शन किया राहुल यादव ने अच्छे रन के साथ-साथ 2 विकेट भी लिए फिर भी अपनी टीम को फाइनल में जीता नहीं पाए।

इस अवसर पर इस प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक के रीजनल मैनेजर गजय तिवारी ने विजेता और उपविजेता टीम को मेडल पहनाया और ट्राफी प्रदान की रूपेश सिंह ने महिला टीम के उपविजेता और विजेता टीम को मेडल पहनाकर पुरस्कृत किया और ट्राफी प्रदान की इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर रामनरेश शर्मा ने निर्णायक अभिषेक, विवेक को पुरस्कृत किया और साथ ही साथ नेहा ,श्वेता, जूही, संध्या, निधि, सोनू, अफसाना, तनु अर्चना खुशी अनन्या अनुराधा आयुषी दीपाली सभी को पुरस्कृत किया इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रोफेसर सुभाष राम डॉक्टर प्रदीप कुमार यादव डॉक्टर अंकित पटेल प्रवेश कुमार डॉ संदीप कुमार यादव, डा. ललन भारती मौजूद थे। आयोजन सचिव डॉ नौशाद अहमद ने सभी का धन्यवाद ज्ञापन किया।

# देश सेवा के लिए आगे आयी बेटी का हुआ सम्मान


रानेपुर स्थित सेन्ट जोसेफ विद्यालय पर मिठाई खिलाकर सम्मानित करते प्रिंसिपल अनिल जोसेफ।

**चहनियां।** क्षेत्र की बेटी देश सेवा के लिए सीआईएसएफ में जगन्नाथपुर की आंचल सिंह का चयन होने पर प्रिंसिपल अनिल जोसेफ ने विद्यालय में मिठाई खिलाकर सम्मानित किया।

आंचल की प्रारंभिक शिक्षा सेंट जोसेफ स्कूल चहनियां, ग्रेजुएशन लल्लल आर तिवारी बीएड कॉलेज महुअर से हुई। आंचल सिंह का गोरखपुर में मदन मोहन यूनिवर्सिटी बीटेक में भी चयन हुआ था, लेकिन आंचल ने देश सेवा को चुना। वही रमौली की संध्या मौर्या का भी चयन साथ ही हुआ था। आंचल की प्रारंभिक शिक्षा रानेपुर चहनियां स्थित सेंट जोसेफ विद्यालय में लम्बे समय तक होने पर और बेटी के इस कामयाबी पर प्रिंसिपल अनिल जोसेफ ने बच्ची को मिष्ठान खिलाकर व सम्मानित करके बधाई दी। इस दौरान उन्होंने कहा कि बेटियां किसी बेटों से कम नहीं होती है। यदि अच्छे संस्कार मिल जाय तो कामयाबी कदम चूमेगी। आज हर क्षेत्र में बेटियां आगे है। इस दौरान अनिल कुमार सिंह, अरविंद कुमार, अभिनव चतुवेर्दी, विनय चौबे, खुशबू सिंह, प्रिंस पाठक, दीपक तिवारी ,उमेश सिंह यादव आदि उपस्थित थे।

### नए बिजली कार्यालय पर समस्याओं का होगा निदानः जनमेजय

**धानापुर।** बिजली बिल व अन्य समस्याओं से निजात दिलाने के लिए कस्बा स्थित बिजली उपकेंद्र के समीप नए उपखंड कार्यालय का निर्माण कराया गया है। अब कमालपुर, धानापुर, रमौली, आवाजापुर उपकेंद्र से जुड़े बिजली उपभोक्ता किसी समस्या के निदान के लिए कार्यालय आकर संपर्क कर सकते है। उक्त बातें गुरुवार को एसडीओ जनमेजय साहू ने नए कार्यालय पर पत्रकार वार्ता के दौरान कही। उन्होंने कहा कि बिजली बिल में त्रुटि के कारण उपभोक्ताओं को हो रहे समस्याओं, खराब विद्युत मीटर या मीटर का सही न होने जैसी समस्याओं एवं अन्य बिजली समस्याओं का निराकरण किया जाएगा।उपभोक्ता कार्यालय दिवस में धानापुर स्थित बिजली उपकेंद्र के समीप नए कार्यालय पर आकर हमसे संपर्क कर अपनी समस्याओं का निवारण करा सकते हैं। कमालपुर व आवाजापुर उपकेंद्र पर अवर अभियंता डालचंद व रमौली व धानापुर उपकेंद्र पर अवर अभियंता घनश्याम से उपभोक्ता बिजली समस्या से अवगत करा सकते है। इस मौके पर मुन्नालाल, बजरंगी, बाबू भाई, संदीप कुमार, राजनाथ, सद्दाम, रंजीत कुमार, गुड्डु आदि रहे।

# नक्सल क्षेत्र के लिए मील का पत्थर साबित हो रहा एसआरबीएस

**खेल**

**एसआरबीएस में उड़ान स्पोर्ट्स लिटरेरी फेस्ट के तहत कार्यक्रम**


खेलकूद प्रतियोगिता में अपना दमखम दिखाते छात्र।

**चकिया।** एसआरबीएस स्कूल सिकंदरपुर में गुरुवार को उड़ान के तहत तीन दिवसीय स्पोर्ट्स लिटरेरी फेस्ट कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ बतौर मुख्य अतिथि सीआरपीएफ के डीआईजी राकेश कुमार और विशिष्ट अतिथि उपजिलाधिकारी ज्वाला प्रसाद ने मशाल जलाकर किया।

कार्यक्रम में एसआरबीएस इंस्टिट्यूशन की पचफेड़वा अहरौरा सिकंदरपुर की तीनों शाखाओं के बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम और खेलकूद प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़कर अपनी सहभागिता दर्ज कराई।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सीआरपीएफ के डीआईजी राकेश कुमार ने कहा कि एसआरबीएस विद्यालय नक्सल क्षेत्र के लिए मील का पत्थर साबित हो रही है छात्र-छात्राओं को खेल जगत में बढ़ावा देने और प्रतिभावान तथा कुशल खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने का विद्यालय एक प्रमुख साधन है जिस पर एसआरबीएस विद्यालय पूरी तरह खरा उतर रहा है और अच्छे खिलाड़ियों को राज्य तथा राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचाने में मुझे पूर्ण आशा है कि इस विद्यालय के बच्चे मान बढ़ाएंगे और देश का नाम रोशन करेंगे।

विशिष्ट अतिथि उपजिलाधिकारी ज्वाला प्रसाद ने कहा की खेलकूद से छात्र-छात्राओं का सर्वांगीण विकास होता है छात्र जीवन का खेल अभिन्न अंग होता है। उन्होंने तीनों स्कूलों के बच्चों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। उड़ान कार्यक्रम के तहत विद्यालय के बच्चों द्वारा मार्च पास्ट, चक दे एसआरबीएस, ओथ, एरोबिक्स, थीम सॉन्ग के अलावा फील्ड इवेंट्स में कबड्डी, खो-खो, टॉर्च रिले सहित तमाम प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया था। इस दौरान अतिथियों ने सफेद कबूतर और सफेद गुब्बारे उड़ाकर शांति का संदेश देते हुए कार्यक्रम की सार्थकता को प्रदर्शित किया। इस दौरान पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष छत्रबली सिंह, सरिता सिंह, प्रीति, श्यामजी सिंह, नागेश पांडेय, मनीष कुमार, प्रभात कुमार मौजूद रहे।

# जनपद स्तरीय कहानी प्रतियोगिता में रक्षा रानी और प्रिया प्रथम


डायट पर प्रतियोगी प्रशिक्षुओं को प्रमाण पत्र देते हुए डायट प्राचार्य संगीता चौधरी

**सकलडीहा।** निदेशक राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद लखनऊ के निर्देश पर गुरुवार को डायट पर भारती लोक कथाएं थीम पर कहानी सुनाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें जनपद के दर्जनों उच्च प्राथमिक और प्राथमिक स्तर के विद्यालय के प्रशिक्षु शिक्षकों ने प्रतिभाग किया। जिसमें उच्च प्राथमिक श्रेणी स्तर पर रक्षा रानी सिंह और प्राथमिक श्रेणी में प्रिया रघुवंशी सहित अन्य प्रशिक्षुओं ने स्थान हासिल किया। डायट प्राचार्य संगीता चौधरी द्वारा प्रशिक्षुओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

डायट प्राचार्य संगीता चौधरी के नेतृत्व में भारतीय लोक कथाओं के थीम पर जनपद स्तरीय षष्ठम् कहानी सुनाने की प्रतियोगिता जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान पर कराया गया। नोडल प्रवक्ता डॉ. रामानंद कुमार के संयोजन में प्रतिभागियों ने विभिन्न कहानियों के माध्यम से अपनी प्रस्तुति दी। निर्णायक मंडल डॉ. बैजनाथ पांडेय, प्रवीण कुमार राय, मो० अजहर सईद द्वारा स्क्रीनिंग कर चयनित प्रतिभागियों की सूची आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित किया गया। जिसमें उच्च प्राथमिक श्रेणी स्तर पर रक्षा रानी सिंह कम्पोजिट विद्यालय टांडाकला और प्राथमिक श्रेणी में प्रिया रघुवंशी कम्पोजिट विद्यालय चंदौली को प्रथम स्थान हासिल हुआ। इसके अलावा अन्य प्रशिक्षुओं को पुरस्कृत किया गया। इस मौके पर डा. रोशन कुमार सिंह, राजश्री सिंह,जयंत कुमार सिंह, डॉ. जितेन्द्र सिंह, बिजेन्द्र भारती, राजेश सिंह, कमर अयूब सहित डीएलएड प्रशिक्षु उपस्थित रहे।

### कमरे में बंद कर चोरों ने की लाखों की चोरी

**नियामताबाद।** अलीनगर थाना क्षेत्र के ग्राम मवाई खुर्द वार्ड नंबर 11 में मोहम्मद अकरम रजा खान के घर में बुधवार की भोर में चोरों ने छत के रास्ते घुसकर अलमारी में रखे लाखों रुपए के जेवर तथा नगद लेकर चोर फरार हो गए। अलीनगर थाना क्षेत्र के ग्राम मवाई खुर्द वार्ड नंबर 11 निवासी मोहम्मद अकरम रजा खान बीमार चल रहे थे। उनकी पत्नी नाहिद अख्तर वाराणसी के एपैक्स हॉस्पिटल में इलाज के लिए भर्ती कराया था। जहां उनकी देखरेख के लिए खुद नाहिद अख्तर और पुत्री हॉस्पिटल में थी। उनके घर पर उनकी बहन रूबी सास आसमा बेगम घर में सो रही थी। चोरों ने छत के रास्ते आकर उन लोगों के कमरे को बाहर से बंद कर दिया और बाहर से बिजली का फ्यूज भी निकाल दिया। उसके बाद चोरों ने अलमारी में रखे गले का दो हार सोने का, कान का बाला, टॉप्स, झुमका, झाला, व हाथ की अंगूठी दो सोने की, चूड़ी 8 आदत टीका, नाक का नथिया, मांग का टीका, झपका सोने का, चांदी का जेवर 6 किलो का तथा 60 हजार नगद चुरा ले गए। चोरी की लिखित तहरीर नाहिद अख्तर ने अलीनगर थाने में दी।

# रोवर्स रेंजर्स ने प्राथमिक चिकित्सा और उपचार का सीखा गुण



**सकलडीहा।** सकलडीहा पीजी कॉलेज में गुरुवार को भारत स्काउट गाइड उत्तर प्रदेश की जिला ईकाई के तत्वाधान में प्रगतिशील प्रवेश रोवर रेंजर को तीसरे दिन विभिन्न प्रकार का प्रशिक्षण दिया गया।

इस दौरान महाविद्यालय की ओर से सभी प्रशिक्षु रोवर्स रेंजर्स को माला फूल पहनाकर स्वागत किया गया। शिविर प्रशिक्षण के तीसरे दिन रोवर्स रेंजर्स को गांठ फास, बंधन व प्राथमिक चिकित्सा व उपचार के बारे में विस्तार से जानकारी दी गयी । साथ ही साथ बिना बर्तन के भोजन बनाने की प्रक्रिया को भी बताया गया। अंत में रोवर्स रेंजर्स को दीक्षा भी कराया गया । प्रशिक्षण शिविर को सम्बोधित करते हुए प्राचार्य प्रो.प्रदीप कुमार पांडेय ने कहा कि दीक्षा संस्कार से समाज और देश का विकास होता है। रोवर्स प्रभारी डॉ इंद्रजीत सिंह ने दीक्षा व गांठ फास बंदन से देश सेवा के लिए आत्मनिर्भर बनाता है।

वही रेंजर्स प्रभारी डॉ प्रीतम उपाध्याय रोवर्स रेंजर्स को प्राथमिक चिकित्सा से स्वयं की रक्षा के बारे में बताया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रो.शमीम राईन,डॉ राजेश कुमार यादव,डॉ अजय सिंह यादव,बृजेश यादव,धर्मेन्द्र कुमार यादव,स्काउट गाइड ट्रेनर पूजा कुमारी कार्यक्रम का संचालन जिला ट्रेनिंग काउंसलर स्काउट महेंद्र कुमार ने किया।

## दुनिया के पूर्व नंबर 1 खिलाड़ी बोरिस जेल से रिहा, वापस भेजे जाएंगे जर्मनी

**लंदन।** ब्रिटिश समाचार एजेंसी प्रेस एसोसिएशन की खबर के अनुसार जर्मनी के दिग्गज टेनिस खिलाड़ी बोरिस बेकर को आठ महीने की सजा काटने के बाद जेल से रिहा कर दिया गया है ओर अब उन पर ब्रिटेन से निर्वासित किए जाने का खतरा मंडरा रहा है। प्रेस एसोसिएशन ने सूत्रों का हवाला दिए बगैर कहा कि 2012 से ब्रिटेन में रह रहे 55 साल के जर्मनी के बेकर को निर्वासित किए जाने से पूर्व गुरुवार सुबह रिहा किया गया। तीन बार के विंबलडन विजेता बेकर को अप्रैल में 30 महीने की जेल की सजा सुनाई गई थी। उन्होंने 31 लाख डॉलर की राशि छिपाई जिससे कि उन्हें उधार नहीं चुकाना पड़े। दुनिया के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी बेकर को जून 2017 में दिवालिया घोषित किया गया था।



# कुलदीप व सिराज की शानदार गेंदबाजी से भारतीय टीम ने कसा शिकंजा

## भारतीय टीम ने यहां मेजबान बांग्लादेश के खिलाफ पहले क्रिकेट टेस्ट मैच के दूसरे दिन मैच में अपना दबदबा बना लिया

**चटोग्राम।** स्पिनर कुलदीप यादव और मोहम्मद सिराज की अच्छी गेंदबाजी से भारतीय टीम ने यहां मेजबान बांग्लादेश के खिलाफ पहले क्रिकेट टेस्ट मैच के दूसरे दिन मैच में अपना दबदबा बना लिया। भारतीय टीम के पहली पारी के 404 रनों के जवाब में बांग्लादेश टीम ने अपनी पहली पारी में 133 रनों पर ही आठ विकेट खो दिये।

दूसरे दिन का खेल समाप्त होने के समय मेहंदी मिराज हासन 16 और इबादत हुसैन 13 रनों पर खेल रहे थे। पहली पारी के आधार पर मेजबान टीम अब भी 271 रनों से पीछे है और इस प्रकार मैच पर भारतीय टीम ने शिकंजा कस दिया है। भारत की ओर से कुलदीप ने 33 रन देकर 4 जबकि सिराज ने 14 रन देकर 3 विकेट लिए।

### बांग्लादेश ने 133 रनों पर गंवाये आठ विकेट

वहीं एक विकेट उमेश यादव को मिला। वहीं आज सुबह भारतीय टीम ने 278 रनों से आगे खेलना शुरू किया।

भारतीय टीम के बल्लेबाज श्रेयस अय्यर 86 रन पर ही आऊट हो गए। इसके बाद आर अश्विन और कुलदीप ने पारी संभाली। अश्विन ने 58 जबकि कुलदीप ने 40 रन बनाए। वहीं उमेश ने 15 रन बनाये। इस प्रकार भारतीय टीम 404 रनों के अच्छे स्कोर तक पहुंच गयी। बांग्लादेश की ओर से तैजुल इस्लाम ने 133 रन देकर 4



जबकि मेहंदी ने 112 रन देकर 4 विकेट लिए। 404 रनों के बड़े लक्ष्य का पीदा करते हुए मेजबान बांग्लादेश की शुरूआत खराब रही। पहली ही गेंद पर नजमुल शंटो सिराज की गेंद पर पेवेलियन लौट गये। इसके बाद चौथे ही ओवर में उमेश यादव ने यासिर अली को भी आउट कर दिया। जाकिर हसन और लिटन दास ने अच्छे शॉट लगाकर पारी को पटरी पर लाने का प्रयास किया पर वह भी सिराज का शिकार हो गये। हसन ने 20 जबकि लिटन ने 24 रन बनाए। इसके बाद मुशफिकुर रहीम 28 और कप्तान शाकिब अल हसन 3 रन बनाकर ही पेवेलियन लौट गये। दोनों को कुलदीप ने आऊट किया। नरुल हसन ने 15 रन बनाए। दूसरे दिन का खेल समाप्त होने तक मेहंदी मिराज 16 तो इबादत हुसैन 14 रन बनाकर खेल रहे थे।

बंगलादेश के लिये हालांकि यह ज्यादा नुकसानदायक साबित नहीं हुआ और इबादत ने अय्यर को 86 रन के स्कोर पर बोल्ड कर दिया। अय्यर ने 192 गेंदों की अपनी पारी में 10 चौके जड़े। दिन का पहला विकेट जल्दी गिरने के बाद रविचंद्रन अश्विन और कुलदीप ने भारतीय पारी संभाल ली। दोनों ने



आठवें विकेट के लिये 92 रन की साझेदारी करके भारत को 400 रन के करीब पहुंचा दिया। अश्विन ने 113 गेंदों पर दो चौकों और दो छक्कों की बदौलत 58 रन बनाये, जबकि कुलदीप ने 114 गेंदें खेलकर पांच चौकों के साथ 40 रन का योगदान दिया। तैजुल इस्लाम (133/4) ने कुलदीप का विकेट लिया, जबकि मेहदी हसन मिराज (112/4) ने अश्विन और सिराज को आउट करके भारत की पारी 404 रन पर समेट दी।

## भारत को आयरलैंड के खिलाफ सेमीफाइनल में आत्ममुग्धता से बचना होगा



**वालेंशिया।** लगातार तीन जीत दर्ज करने के बाद आत्मविश्वास से भरी भारतीय महिला हॉकी टीम शुक्रवार को यहां एफआईएच नेशन्स कप के सेमीफाइनल में निचली रैंकिंग की आयरलैंड के सामने होगी, जिसमें उसकी कोशिश आत्ममुग्धता से बचने की होगी। सविता पूनिया की अगुआई वाली टीम को अभी तक टूनार्मेंट में हार का सामना नहीं करना पड़ा है, उसने पूल बी में चिली (3-1), जापान (2-1) और दक्षिण अफ्रीका (2-0) पर जीत दर्ज कर शीर्ष स्थान हासिल किया। यानेके शॉपमैन की कोचिंग वाली टीम इस प्रदर्शन के बावजूद पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलने के मामले में इतनी प्रभावशाली नहीं दिखी जो अब भी टीम के लिये बड़ी चिंता बनी हुई है। विश्व रैंकिंग के आधार पर आठवें नंबर की भारतीय टीम आयरलैंड (विश्व रैंकिंग में 13वें स्थान पर) के खिलाफ प्रबल दावेदार के तौर पर शुरूआत करेगी लेकिन यूरोपीय टीम को हराना इतना आसान भी नहीं होगा जो पूल ए में दूसरे स्थान पर रही। मिडफील्ड और फॉरवर्ड लाइन में भारतीयों ने प्रभावित किया है जिसमें सलीमा टेटे, सोनिका, नवनीत कौर, नवजोत कौर, वंदना कटारिया और युवा ब्यूटी डुंगडुंग उम्मीदों पर खरा उतर रही हैं। लेकिन रक्षात्मक पंक्ति कई मौकों थोड़ी ढीली दिखी है जिसमें दीप ग्रेस एक्का और गुरजीत कौर दबाव में इतना अच्छा नहीं कर पाई हैं। अनुभवी गोलकीपर सविता कई मौकों पर टीम का बचाव करने में सफल रही हैं।

# विराट कोहली जानते हैं कि कब आक्रामक होना है और कब खेल पर दबदबा बनाना : राहुल द्रविड़

## कोहली ट्रेनिंग के दौरान भी इसी मजबूत जज्बे को बरकरार रखते हैं

**चटगांव।** मुख्य कोच राहुल द्रविड़ का कहना है कि खेल की इतनी बेहतरीन समझ रखने वाले विराट कोहली आसानी से मैच के दौरान जान सकते हैं कि कब आक्रामक होना है और कब खेल पर नियंत्रण करना है। द्रविड़ इस बात से भी प्रभावित दिखे कि कोहली ट्रेनिंग के दौरान भी इसी मजबूत जज्बे को बरकरार रखते हैं। कोहली ने लंबे समय तक खराब फॉर्म के बाद इस साल के शुरू में संयुक्त अरब अमीरात में एशिया कप के दौरान फॉर्म में वापसी की। उन्होंने आस्ट्रेलिया में टी20 विश्व कप में भी यही शानदार लय जारी रखी। पिछले हफ्ते पूर्व भारतीय कप्तान ने अपना 44वां वनडे शतक पूरा किया। द्रविड़ ने बीसीसीआई (भारतीय क्रिकेट



बोर्ड) द्वारा अपनी वेबसाइट पर एक वीडियो विज्ञप्ति में कहा, 'वह (विराट) जानता है कि कब आक्रामक होना है और कब खेल पर नियंत्रण करना है, उन्हें देखना शानदार है और अगर वह पारी को बढ़ा सकते हैं तो यह हमारे लिए अच्छा संकेत है। उन्होंने कहा, विराट का 50 ओवर के क्रिकेट में शानदार रिकॉर्ड है, उन्होंने जितने मैच खेले हैं, वह अद्भुत है। द्रविड़ ने कहा कि भले ही द्रविड़ फॉर्म में हो या नहीं, ट्रेनिंग में उनका जज्बा जरा भी कम नहीं होता और टीम के युवा इससे सीख ले सकते हैं। उन्होंने कहा, जब से मैंने उसे देखा है, वह इसी तरह कड़ी ट्रेनिंग जारी रखते हैं। वह फॉर्म में है या नहीं, वह इसमें जरा भी बदलाव नहीं करते। टीम के युवा खिलाड़ियों के लिये यह एक शानदार सबक है।

पूर्व भारतीय बल्लेबाज को लगता है कि विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप के फाइनल स्थान की दौड़ अब तेज हो गयी है जिससे टीमें नतीजा हासिल करने के लिये ज्यादा आक्रामक हो गयी हैं। उन्होंने कहा, 'टीमें पिछले कुछ समय से काफी आक्रामक खेल दिखा रही हैं। हमने काफी नतीजे देखे हैं। टीमें अब पहले से कहीं ज्यादा नतीजे के लिये खेल रही हैं क्योंकि विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप अंक दाव पर लगे हैं।

## मेसी विश्कप फाइनल के बाद खेल से संन्यास लेंगे



**दोहा।** अर्जेंटीना के कप्तान लियोनेल मेसी ने कहा है कि वह विश्वकप फुटबॉल फाइनल के बाद खेल से संन्यास ले लेंगे। मेसी ने सेमीफाइनल में क्रोएशिया पर मिली जीत के बाद ही संन्यास की घोषणा की। मेसी ने विश्वकप में अब तक अपनी कप्तानी में शानदार प्रदर्शन के साथ ही अपनी टीम को फाइनल तक पहुंचाया है। अर्जेंटीना की टीम ने पहले सेमीफाइनल में पिछली बार की उप-विजेता रही क्रोएशिया की टीम को 3-0 से हराया। इस दौरान मेसी ने एक गोल किया जबकि एक गोल करने में सहायता की। अब रविवार को अर्जेंटीना का खिताबी मुकाबला फ्रांस से होगा। मेसी ने संन्यास को लेकर कहा मैंने जो कुछ भी हासिल किया उसे पाकर बहुत ही ज्यादा खुश हूं। मैं खिताबी जीत के साथ ही अपने विश्व कप के सफर का अंत करना चाहूंगा। साथ ही कहा कि अगले विश्व कप को आने में अभी काफी साल है और मुझे नहीं लगता है कि मैं तब खेल पाउंगा। इसलिए जिस तरह से मैं इस विश्व कप को समाप्त करने जा रहा हूं इससे अच्छा तो शायद मेरे लिए कुछ हो ही नहीं सकता था।

# आईपीएल नीलामी में खिलाड़ियों को खरीदने के लिए बोली लगाएंगी दस टीमें, 405 खिलाड़ी शामिल

**मुम्बई।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 16वें सत्र के लिए कोच्ची में 23 दिसंबर को होने वाली नीलामी में सभी दस टीमें बेहतर खिलाड़ियों को शामिल करने के लिए बोली लगाएंगी। साल 2023 की नीलामी एक मिनी ऑक्शन है इसलिए कई फ्रेंचाइजियों ने खिलाड़ियों को पहले से ही अपनी टीम में रखा है। अभी सभी टीमों के पास 10 से 16 खिलाड़ी हैं। इस नीलामी में हर टीम अपने लिए ज्यादा से ज्यादा 25 खिलाड़ी खरीद सकती है। इसे लिए सभी टीमों के पास करोड़ों की राशि बची है। सबसे अधिक राशि 42.25 करोड़ रुपये सनराइजर्स हैदराबाद के पास बची है। वहीं सबसे कम 7.05 करोड़ रुपये कोलकाता नाइट राइडर्स के पास है। इसे देखा जाये तो सनराइजर्स सबसे महंगे खिलाड़ियों को खरीद सकती है। खिलाड़ियों का सबसे अधिक



आधारमूल्य दो करोड़ जबकि सबसे कम 20 लाख रुपये रखा गया है। आईपीएल 2023 के अंतिम नीलामी पूल में 405 खिलाड़ी शामिल हैं। इन 405 खिलाड़ियों में से 273 भारतीय और 132 अन्य देशों के खिलाड़ी हैं। इसमें चार सहयोगी देशों के खिलाड़ी भी शामिल हैं। नीलमी में 119 कैप्ड (अनुभवी) खिलाड़ी 282 अनकैप्ड (गैर) अनुभवी खिलाड़ी और सहयोगी देशों के 4 खिलाड़ी हैं। अभी कुल 87 स्लॉट हैं जिनमें से 30 विदेशी खिलाड़ियों के लिए बुक हैं।

नीलामी दोपहर 2:30 बजे शुरू होगी।

### सनराइजर्स हैदराबाद के पास है सबसे अधिक जबकि केकेआर के पास सबसे कम रकम

नीलामी को दर्शक स्टार स्पोर्ट्स चैनल्स पर देख सकेंगे। .

आईपीएल 2023 नीलामी के लिए आधार मूल्य :

2 करोड़ रुपयेः नाथन कूल्टर-नाइल कैमरन ग्रीन ट्रैविस हेड क्रिस लिन टॉम बैंटन सैम करेन क्रिस जॉर्डन टाइमल मिल्स जेमी ओवरटन क्रेग ओवरटन आदिल राशिद फिल सॉल्ट बेन स्टोक्स एडम मिल्ने जिम्मी नीशम केन विलियमसन रिले राउसी रासी वैन डेर डूसेन एंजेलो मैथ्यूज निकोलस पूरन जेसन होल्डर.

1.5 करोड़ रुपयेः सीन एबॉट रिले मेरेडिथ झाय रिचर्डसन एडम जाम्पा शाकिब अल हसन हैरी ब्रूक विल जैक्स डेविड मलान जेसन रॉय शेरफेन रदरफोर्ड. 1 करोड़ रुपयेः मयंक अग्रवाल केदार जाधव मनीष पांडे मोहम्मद नबी मुजीब उर रहमान मोइसेस हेनरिक्स एंड्रयू टाय जो रूट ल्यूक वुड माइकल ब्रेसवेल मार्क चैपमैन मार्टिन गप्टिल काइल जैमीसन मैट हेनरी टॉम लैथम डेरिल मिचेल हेनरिक क्लासेन तबरेज शम्सी कुसल परेरा रोस्टन चेज रहकीम कॉर्नवाल शाई होप अकील हुसैन डेविड विसे.

75 लाख रुपयेः रीस टॉपले वेन पार्नेल डैनियल सैम्स जोशुआ फिलिप ईश सोढ़ी टॉम करन डी आर्सी शॉर्ट डेविड पायने कार्लोस ब्रैथवेट. 50 लाख रुपयेः अजिंक्य रहाणे सिकंदर रजा ओडियन स्मिथ लिटन दास कुसल मेंडिस इशांत शर्मा जयदेव उनादकट मयंक मारकंडे मनदीप सिंह पॉल स्टर्लिंग दासुन शनाका रोमारियो शेफर्ड तस्कीन अहमद दुष्मंता चमीरा ब्लेसिंग मुजरबानी संदीप शर्मा जॉनसन चार्ल्स आंद्रे फ्लेचर बेन मैकडरमॉट लोरकन टकर पीयूष चावला अमित मिश्रा शाहबाज नदीम रीजा हेंड्रिक्स क्रिस्टियान जोंकर ब्रैंडन किंग करुण नायर पथुम निस्संका गुरकीरत सिंह हैरी टेक्टर नजीबुल्लाह जादरान कैस अहमद चरित असलंका डोमिनिक ड्रेक्स जॉर्ज गार्टन चमिका करुणारत्ने संदीप वारियर बेन ड्वार्शुइस रिचर्ड ग्लीसन नवीन उल हक लाहिरू कुमारा जोशुआ लिटिल दिलशान मदुशंका मोहित शर्मा बिली स्टानलेक अफीफ हुसैन गेलेइजन सिसंडा मगाला धनंजय सिल्वा डुनिथ वेलालेज वरुण आरोन शेल्डन कॉटरेल डेरिन डुपाविलन धवल कुलकर्णी बरिंदर सरां ग्लेंटन स्टुअरमैन फैबियन एलेन करीम जनत केशव महाराज पवन नेगी कीमो पॉल.

40 लाख रुपयेः शिवम मावी विल स्मिड रेहान अहमद जॉर्डन थॉम्पसन थॉमस हेल्म जेम्स फुलर बेनी हॉवेल.

30 लाख रुपयेः केएम आसिफ लांस मौरिस अपूर्व वानखेड़े अनिकेत चौधरी.।

20 लाख रुपयेः शुभम खजूरिया रोहन कुन्नुमल चेतन एल.आर. शेख रशीद अनमोलप्रीत सिंह हिम्मत सिंह कॉर्बिन बॉश प्रियम गर्ग सौरभ कुमार विवरांत शर्मा निशांत सिंधु संवीर सिंह शशांक सिंह समर्थ व्यास के.एस. भरत मोहम्मद अजहरुद्दीन दिनेश बाना अभिमन्यु ईश्वरन एन जगदीशन सुमित कुमार ।

## रणजी में मावी की शानदार गेंदबाजी से उप्र ने बंगाल को दिया करार जवाब



**कोलकाता।** उत्तर प्रदेश के तेज गेंदबाज शिवम मावी ने यहां रणजी ट्रॉफी के नए सत्र में बंगाल के खिलाफ शानदार गेंदबाली करते हुए छह विकेट लिए हैं। मावी ने 18.3 ओवर में 55 रन देकर 6 विकेट लिए। इससे बांग्ला की टीम अपनी पहली पारी में 43.3 ओवर में ही 169 रन पर सिमट गयी। कोलकाता के ईडन गार्डेंस मैदान में हो रहे एलीट ग्रुप-ए के इस मैच में टीमों के गेंदबाज हावी रहे। बंगाल ने इस मैच में टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया था। बंगाल टीम ने उत्तर प्रदेश को पहली पारी में 198 रन पर ही आउट कर दिया। ईशान पोरेल ने 5 और प्रीतम चक्रवर्ती ने तीन विकेट लिए। इसके बाद बंगाल की भी बल्लेबाजी के दौरान विफल रही। बंगाल की ओर से मावी ने 55 रन देकर 6 विकेट लिए थे। मावी ने बंगाल के शीर्ष क्रम को पूरी तर ध्वस्त कर दिया। इस तेज गेंदबाज ने प्रीतम चक्रवर्ती सुदीप कुमार अभिषेक दास शाहबाज अहमद कप्तान मनोज तिवारी और आकाशदीप को आउट किया। मावी को आईपीएल 2022 की मेगा ऑक्शन में केकेआर ने 7.25 करोड़ रुपये में खरीदा था पर आईपीएल 2022 में उनका प्रदर्शन बहुत अच्छा नहीं रहा। मावी ने आईपीएल 2022 के 6 मैच में केवल पांच विकेट ही लिए थे। इससे पहले आईपीएल 2021 में भी वो केकेआर की तरफ से खेलते हुए 9 मैच में 11 विकेट ही ले पाये। इस प्रकार पिछले दो सत्र में मावी के औसत प्रदर्शन को देखते हुए केकेआर ने आईपीएल 2023 की मिनी निलामी से पहले इस गेंदबाज को रिलीज कर दिया।

# घायल शिक्षामित्र के सहयोग के लिए आगे आया टीचर वेलफेयर संघ

**सकलडीहा।** धानापुर विकास खण्ड के सोनहुली प्राथमिक विद्यालय पर तैनात शिक्षामित्र राम जियावन राम चार दिन पूर्व वाराणसी से बाइक द्वारा वापस घर लौट रहे थे। इसी दौरान चौबेपुर थाना के भगतुआ में अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दिया। जिसकी वजह से सिर मे गंभीर चोट लग गई। गुरुवार को एससी एसटी टीचर वेलफेयर संघ के पदाधिकारी शिक्षामित्र के इलाज के लिये परिजनों को आर्थिक सहयोग प्रदान किया। विदित हो कि शिक्षामित्र रामजीयावन राम चोट लगने के कारण वाराणसी हॉस्पिटल में भर्ती है।

डॉक्टरों ने ऑपरेशन करने की बात परिजनों को बताया है। पैसे को लेकर परिवार के लोग परेशान है। इसकी जानकारी होने पर एससी एसटी बेसिक टीचर्स वेलफेयर एसोसिएशन संघ ने सहयोग के लिए आगे आया।



घायल शिक्षामित्र रामजीयावन राम से मिलते संघ के पदाधिकारी।

परिजनों से मिलकर आर्थिक सहयोग प्रदान करने के बाद इलाज शुरू हो सका। इस मौके पर वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष अरूण रत्नाकर, महामंत्री ज्ञानचंद, निठोहर सत्यार्थी, गिरिजेश दादा, संरक्षक फाफा साहब भारती, लल्लन कुमार, सत्यप्रकाश, पीपी त्यागी, ओमप्रकाश भारती ,ज्ञानी, ओमप्रकाश, संजीव कुमार, अरविंद कौशल, रंजीत, शैलेंद्र आदि शिक्षकों के सहयोग से शिक्षामित्र का इलाज संभव हो पाया है।

# गरीबों व मजलूमों की सेवा ही सच्ची सेवा: अली अनवर

**मुगलसराय।** मानव सेवा ही सच्ची सेवा है। विगत 2 वर्षों से समाज में पिछड़ा वर्ग अति पिछड़ा वर्ग भुखमरी के हालात पर पहुंच गया है कोरोना जैसी प्राकृतिक आपदा के बाद हालात और बदतर हो जाते है। ऐसे में अगर समाज के समृद्ध लोग इन गरीबों, मजदूर और मजलूमों की सेवा करें तो धीरे-धीरे समाज का उत्थान हो जाएगा। उक्त बातें क्षेत्र के दुल्हीपुर में गुरुवार को एक कंबल वितरण कार्यक्रम में ऑल इंडिया पसमांदा मुस्लिम महाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष मुख्य अतिथि पूर्व राज्यसभा सांसद राष्ट्रीय अध्यक्ष अली अनवर अंसारी ने कही।

बताया कि आज हम सभी को मानव धर्म का पालन करते हुए समाज में पिछड़ी हुई गरीब तबके के लोगों की सदैव मदद करनी चाहिए। मानवता तभी कायम रह सकती है। अति विशिष्ट अतिथि राष्ट्रीय उपाध्यक्ष जनाब हाजी निसार अहमद ने अपने वक्तव्य में कहा कि पसमांदा समाज कोरोना काल में असहाय व लाचार हो गया है जरूरत है इनको रोजगार और सम्मान दिया जाए। विदित हो कि गुरुवार को अल मजीदून निशा हाजी जलालुद्दीन एजुकेशनल एवं हेल्थ वेलफेयर ट्रस्ट के तत्वावधान में जे.डी हॉस्पिटल दुल्हीपुर द्वारा कंबल वितरण का आयोजन किया गया, जिसमें क्षेत्र के असहाय गरीब व्यक्तियों को कंबल वितरित किया गया। उक्त अवसर पर हाजी जलालुद्दीन, आफताब आलम, रफीक अंसारी, क्यामुद्दीन, जमालु, मसूर आलम, अफरोज, मुन्ना सिंह, अनिल पांडेय, दिनेश, मुकेश, साहिल, तौफीक, तनवीर, राहुल आदि लोग उपस्थित रहे। संचालन इम्तियाज अहमद ने किया। धन्यवाद ज्ञापन हाजी डा. जलालउद्दीन ने किया।

## फ्रांस की जीत के बाद बवाल, मोरक्को के फैंस का सड़कों पर तांडव...एक्शन में पुलिस



**पेरिस।** फीफा वर्ल्ड कप के सेमीफाइनल में मैच में फ्रांस ने मोरक्को को 2-0 से हरा दिया। इसके बाद फ्रांस से लेकर ब्रसेल्स की सड़कों तक मोरक्को के फैंस का गुस्सा देखने को मिला। जहां, फ्रांस में कई जगहों पर मोरक्को के फैंस जश्न मना रहे फ्रांस के फैंस से भिड़ गए, तो ब्रसेल्स में मोरक्को फैन्स ने सड़कों पर जमकर तांडव मचाया और आगजनी की। इस दौरान पुलिस के साथ भी उनकी हिंसक झड़प हुई। पुलिस ने जवाब देने के लिए आंसू गैस और पानी के फव्वारों का इस्तेमाल किया। पुलिस ने कुछ मोरक्को फैंस को गिरफ्तार भी किया है। अब सोशल मीडिया पर वीडियोज वायरल हो रहे हैं, जिसमें शहर के ढ्ी ी ˝ उड्ढक्व्री में फैंस के बीच हिंसक झड़प देखी गईं। उन्होंने एक दूसरे पर आतिशबाजी की। इसके बाद पुलिस को आंसू गैस का इस्तेमाल करना पड़ा। बता दें कि फ्रांस मोरक्को का एक पूर्व औपनिवेशिक शासक है और यहां 10 लाख मोरक्को प्रवासी रहते हैं। फुटेज में पुरुष फ्रांस के झंडे लहराते हुए फर्श से कुर्सियां उठाते हुए दिखाई दे रहे हैं। झड़प के बाद फ्रांस के अधिकारियों ने पूरे देश में 10000 पुलिसकर्मियों को तैनात किया है। इनमें से 5000 को पेरिस में तैनात किया गया है।

# कल्पना को जमीन पर उतारने वाले कर्मयोगी थे लौह पुरुष : कुलपति

**जौनपुर।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय में सरदार वल्लभ भाई पटेल की पुण्यतिथि के अवसर पर सरस्वती सदन में स्थापित सरदार पटेल की प्रतिमा पर गुरुवार को कुलपति प्रो. निर्मला एस. मौर्य ने पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर कुलसचिव, शिक्षक और कर्मचारियों ने भी प्रतिमा पर श्रद्धासुमन अर्पित किया।

**कार्यक्रम**

**पीयू में सरदार पटेल को पुण्यतिथि पर किया गया नमन**

कुलपति प्रो. निर्मला एस. मौर्य ने कहा कि देश को एकता के सूत्र में बांधने का श्रेय लौह पुरुष को ही जाता है। वह सिर्फ कल्पना करने वाले व्यक्ति नहीं, बल्कि कल्पना को जमीन पर उतारने वाले कर्मयोगी थे। हिमालय जैसी दृढ़ इच्छा शक्ति और नेतृत्व क्षमता के कारण ही देश ने उन्हें सरदार माना। वह हमेशा कहते थे कि आम प्रयास से हम देश को एक नई दिशा दी जा सकती है जबकि एकता की कमी हमें नई आपदाओं में डाल देगी। कुलसचिव महेंद्र कुमार ने कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल को नए भारत का निर्माता भी कहा जाता है और उनके साहसिक कार्यों की वजह से ही उन्हें 'लौह पुरुष' और 'सरदार' जैसी उपाधियों से नवाजा गया था। उनके योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। इस अवसर पर प्रो. मानस पांडेय, प्रो. अविनाश पाथर्डीकर, प्रो. राजेश शर्मा, प्रो. अशोक श्रीवास्तव, प्रो. राकेश यादव, डा. मनोज मिश्र, डा. सुनील कुमार, डा. दिग्विजय सिंह राठौर, डा. मंगला प्रसाद यादव, डा. विनय वर्मा, डा. अमित वत्स, डा. पीके कौशिक, डा. लक्ष्मी प्रसाद मौर्य, डा. स्वतंत्र कुमार, सुबोध पांडेय, संतोष मौर्य, रामगोपाल आदि उपस्थित थे।



# पीयू के कर्मचारी संघ को कुलपति ने दिलाई पद व गोपनीयता की शपथ

जनसंदेश न्यूज

**करंजाकला।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के नवनिर्वाचित शिक्षणेत्तर कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों को कुलपति ने पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई और उन्हें अच्छे कार्य में सहयोग देने की जोर दिया।

**आयोजन**

**आर्यभट्ट सभागार में आयोजित हुआ शपथ ग्रहण समारोह**

विश्वविद्यालय के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को कुलपति प्रो. निर्मला एस. मौर्य ने पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई और उन्हें विश्वविद्यालय के विकास में सहयोग देने का जोर दिया और कहा कि विश्वविद्यालय परिवार की तरह काम करें किसी तरह का कोई भेदभाव किसी के साथ नहीं होगा।

इस दौरान कुलपति ने शिक्षणेत्तर कर्मचारी संघ के अध्यक्ष नंदकिशोर सिंह, उपाध्यक्ष स्वामीनाथ, महामंत्री रमेश यादव, संयुक्त मंत्री सुरेंद्र बहादुर सिंह, जियालाल यादव, कोषाध्यक्ष शमशाद अली समेत सभी सदस्यों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई।

इस दौरान अध्यक्ष नंदकिशोर सिंह व महामंत्री रमेश चंद यादव ने कर्मचारी समस्याओं के निस्तारण के लिए हर संभव कदम उठाने का भरोसा दिया और कहा कि कर्मचारियों के सभी समस्याओं का निस्तारण के साथ उनके हित में काम किया जाएगा। इस दौरान सभी कर्मचारियों ने कुलपति प्रो. निर्मला एस. मौर्य, कुलसचिव महेंद्र कुमार, परीक्षा नियंत्रक वीएन सिंह, वित्त अधिकारी रवि प्रकाश को पुष्पगुच्छ भेंटकर स्वागत किया।

इस मौके पर सहायक कुलसचिव अजीत सिंह, बबीता सिंह, अमृतलाल पटेल, प्रो. बीबी तिवारी, प्रो. बीडी शर्मा, प्रो. अजय द्विवेदी, डा. मनोज मिश्र, डा. आशुतोष सिंह, प्रो. सौरभ पाल, डॉ. विजय प्रताप सिंह, डॉ. राहुल सिंह, पूर्व समन्वयक प्रो. राकेश कुमार यादव, समन्वयक राज बहादुर यादव, पूर्व अध्यक्ष जगदंबा मिश्रा, केशव यादव, रामजी सिंह, डॉ. स्वतंत्र कुमार, राधेश्याम सिंह मुन्ना, अरविंद सिंह, अशोक सिंह, रंजनीश सिंह मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. राजेश सिंह ने किया।



शपथ ग्रहण समारोह में नवनिर्वाचित पदाधिकारीगण व कुलपति

# शाकिर नूर मेरठ व सतपाल चंदौली की बराबरी पर छूटी कुश्ती

**चंदवक।** श्री गणेश राय पीजी कॉलेज डोभी के सामने स्थित ग्राउंड पर आयोजित अखिल भारतीय कुश्ती दंगल मुकाबले में 51 हजार की इनामिया कुश्ती शाकिर नूर मेरठ व सतपाल सिंह चंदौली की बराबरी पर छूटी। 22 मिनट का कड़ा मुकाबला काफी रोमांचक रहा। कड़े मुकाबले को देख दर्शक रोमांचित हो उठे। दूसरे दौर की 31 हजार की इनामिया कुश्ती मोनू पहलवान पंजाब व गोपी वाराणसी के बीच हुई। 20 मिनट तक चले दांव पेंच के बीच मुकाबला भी बराबरी पर छूटा। कड़ा संघर्ष देख रोमांचित हुए दर्शक उत्साहवर्धन करते रहे। 21 हजार की इनामिया कुश्ती में सुनील पहलवान ने विक्की पहलवान पंजाब को कड़े मुकाबले में चित्त कर जीत हासिल की। सुनील के जीतते ही पूरा पंडाल तालियों की गड़गड़ाहट से गुज उठा। इनामों की बरसात होने लगीं।



इसके अलावा गजराज पहलवान गोबरा ने गोलू पतरही को आसमान दिखाया। दंगल में प्रीतम भुजाड़ी व किशन नरायनपुर में, धीरज पतरही व अंकित नरायनपुर, सुजीत केराकत नदीम सहारनपुर सहित कुश्ती दंगल में सैतीस जोड़ी पहलवानों ने जोर आजमाइश की। कुश्ती दंगल का शुभारंभ प्रमुख प्रतिनिधि प्रवीण कुमार सिंह बबलू व आलोक सिंह ने पहलवानों का हाथ मिलाकर कराया। बतौर मुख्यातिथि श्री सिंह ने कहाकि कुश्ती देश की अनमोल धरोहर है। इसे सहेजने संवारने की जिम्मेदारी हम सबकी है। संचालन सपा विधानसभा अध्यक्ष नीरज पहलवान ने किया। आयोजक मंगला पहलवान ने आगंतुकों के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर जय प्रकाश सिंह, रामजीत पहलवान, राजेश विश्वकर्मा, मुकेश सिंह राजपूत, ओमप्रकाश सिंह पप्पू सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## सांसद और विधायक की खबरों के बहिष्कार का निर्णय

**मड़ियाहूँ।** पत्रकारों के विभिन्न संगठनों की एक बैठक गुरुवार को तहसील परिसर में राहुल यादव पत्रकार पर हुए हमले को लेकर बैठक आयोजित की गयी जिसमें पत्रकारों ने अपने-अपने विचार व्यक्त करते हुए घटना की निंदा करते हुए दोषियों पर कार्रवाई की मांग प्रशासन से की है।

**मामला पत्रकार की पिटाई का**

पत्रकारों ने यह भी निर्णय लिया कि इस घटना के बाद क्षेत्रीय विधायक द्वारा दबंगों के समर्थन में अधिकारियों पर दबाव बनाया जिससे आक्रोशित पत्रकार क्षेत्रीय विधायक आरके पटेल व सांसद बीपी सरोज तथा उप जिलाधिकारी की खबरों का बहिष्कार करने का निर्णय लिया। इसके साथ ही पत्रकारों ने निर्णय लिया कि वह क्षेत्र में जाकर विकास कार्यों एवं अन्य चल रहे सरकारी योजनाओं की गहनता से भौतिक सत्यापन करेंगे। पत्रकारों ने कहा कि हम जांच अधिकारी नहीं हैं किंतु सच को उजागर करने का हमारा मौलिक अधिकार है। इस अवसर पर कपिल देव सिंह, राजेश कुमार पांडे, जेडी सिंह, शिवम सिंह, आनंद तिवारी, चंदन केसरी, आरिफ खान, नसीम अहमद सहित दर्जनों की संख्या में पत्रकारगण मौजूद रहे।

# निक्षय दिवस : स्वास्थ्य परीक्षण 46 लोगों का लिया गया सैंपल

जनसंदेश न्यूज

**करंजाकला।** प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र करंजाकला पर वृहस्पतिवार को निक्षय दिवस मनाया गया। चिकित्सकों की टीम ने लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया और 46 लोगों के टीबी जांच के लिए सैंपल इकट्ठा किए।

सिद्दीकपुर स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र करंजाकला पर निःक्षय दिवस के अवसर पर स्वास्थ्य केंद्र से सटे दर्जनों गांव से लोगों ने पहुंचकर स्वास्थ्य परीक्षण कराया। इस दौरान कई लोगों के सांस फूलने, बुखार आने जैसी बीमारियों पर उन्हें सुझाव और बचाव के रास्ते भी बताए गए। लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण कर रहे डॉ. विवेक ने बताया कि सांस फूलने, बुखार, भूख ना लगना जैसी तमाम समस्या को लेकर लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया और लोगों को बीमारियों से बचने और नियमित आहार लेने के बारे में जानकारी दी गई। प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. अरुण कुमार यादव ने बताया कि निःक्षय दिवस के अवसर पर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र करंजाकला के साथ-साथ कुल 16 अन्य हेल्थ सेंटरों पर भी कैंप लगाया गया था और लोगों का वहां पर भी स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। यह दिवस प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत जा रहा है। सरकार का यही मंशा है कि आने वाले सालों में इस गंभीर बीमारी को जड़ से खत्म कर लोगों को स्वस्थ किया जाए। स्वास्थ्य परीक्षण के दौरान डॉक्टर शबीना, फार्मासिस्ट सत्यलाल यादव, धीरज देव मिश्रा, वार्ड बॉय शिवम मौर्य, रजनी, प्रमोद यादव, रविकांत, अमित वर्मा, गौरव यादव समेत अन्य मेडिकल स्टाफ मौजूद रहे।



मरीज का स्वास्थ्य परीक्षण करते चिकित्सक

## संक्षेप

### मंत्री के बयान से नाराज शिक्षकों ने किया प्रदर्शन

**गौराबादशाहपुर।** कस्बा स्थित ग्रामोदय इंटर कालेज पर गुरुवार को शिक्षकों व कर्मचारियों ने बांह में काली पट्टी बांधकर नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। यह प्रदर्शन पुरानी पेंशन बहाली को लेकर केंद्रीय मंत्री के दिये बयान पर रोष व्यक्त करते हुए सरकार को चेतावनी दी गयी। माध्यमिक शिक्षक संघ सेवारत के प्रांतीय निर्देश पर हुए इस विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व संघ के प्रदेश अध्यक्ष रमेश सिंह ने करते हुए कहा कि विगत दिनों लोकसभा में केंद्रीय वित्त राज्यमंत्री ने बयान दिया था कि पुरानी पेंशन योजना बहाल करने की सरकार की कोई योजना नहीं है। एनपीएस में जमा धनराशि भी वापस नहीं की जायेगी। उनका यह बयान तानाशाही का प्रतीक है। प्रदर्शन करने वालों में प्रधानाचार्य विनोद कुमार राय, गुलाब चंद उपाध्याय, ज्ञान प्रकाश सिंह, जयकृष्ण राय, सर्वेश राय, मनोज राय आदि रहे।



बांह में काली पट्टी बांध प्रदर्शन करते शिक्षक

### वांछित दुष्कर्मी को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**सरकी।** केराकत क्षेत्र के ग्राम बराई निवासी वांछित दुष्कर्मी अवनीश कुमार पुत्र पुद्दूर राम को बेहड़ा गेट से गिरफ्तार कर पुलिस ने जेल भेज दिया। गौरतलब है कि 323, 376 के मुकदमे में वांछित दुष्कर्मी कहीं भागने की फिराक में वाहन का इंतजार कर रहा था। मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर प्रभारी निरीक्षक संजय वर्मा ने अपने हमराहियों के साथ सूचना को संज्ञान में लेकर तत्परता दिखाते हुए मौके से गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया। गिरफ्तार टीम में हेड कांस्टेबल रामजी यादव और अनूप यादव शामिल रहे।



### गैर जमानती वारंटी गिरफ्तार

**पवांरा।** अपराध की रोकथाम अपराधियों की धरपकड़ व गैरजमानती वारंटियों की धरपकड़ अभियान के तहत गैरजमानती वारंटी राम अजोर पुत्र रामलाल निवासी करौंदा थाना को थानाध्यक्ष राज नरायन चौरसिया ने पुलिस टीम के साथ गुरुवार की सुबह उसके घर से गिरफ्तार कर चालान हेतु न्यायालय भेज दिया।

### प्रतिदिन 300 कुंतल हो धान की खरीद : डीएम

**जौनपुर।** जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने विकास खंड मड़ियाहूं की ग्राम पंचायत मेहंदी में बने धान क्रय केंद्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पाया की गुरूवार को धान की खरीद नहीं हो पाई है जिस पर नाराजगी व्यक्त करते हुए पीसीयू के मैनेजर का स्पष्टीकरण लेने के निर्देश जिलाधिकारी के द्वारा दिए गए। अभी तक कुल 16 किसानों के धान का क्रय किया गया है। जिलाधिकारी ने केंद्र प्रभारी चंद्रशेखर को निर्देशित किया कि प्रतिदिन 300 कुंटल धान खरीदा जाए। नियमित रूप से उठान कराया जाए। उप जिलाधिकारी मड़ियाहू लाल बहादुर को निर्देशित किया कि समय-समय पर केंद्रों का भौतिक सत्यापन किया जाए। इस अवसर पर उपायुक्त मनरेगा भूपेंद्र सिंह, खंड विकास अधिकारी मड़ियाहूं, क्षेत्राधिकारी सहित अन्य उपस्थित रहे।



धान क्रय केंद्र का निरीक्षण करते डीएम

# महिला क्रिकेट, बैडमिंटन खिलाड़ियों का कॉलेज में स्वागत

जनसंदेश न्यूज

**जौनपुर।** मोहम्मद हसन पीजी कॉलेज अंतर महाविद्यालय महिला क्रिकेट चैंपियनशिप की विजेता बनने के बाद खिलाड़ियों का जोरदार स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। सभी छात्रों में खिलाड़ियों के प्रति सम्मान के साथ एक साथ आगे बढ़ने का जोश भी नजर आया जिसमें अंतर महाविद्यालय बैडमिंटन नेशनल प्रतियोगिता की खिलाड़ी रुद्रानी जायसवाल का भी सम्मान हुआ।

**सम्मान**

**मोहम्मद हसन पीजी कॉलेज में सम्मान समारोह का हुआ आयोजन**

क्रिकेट कैप्टन सबरीना रशीद ने कहा कि आज के समय में हम सबको मिलकर शिक्षा के साथ-साथ खेल में भी जोड़ना चाहिए। हम सब जम्मू एंड कश्मीर से चलकर आज इस कॉलेज के लिए खेल रहे हैं क्योंकि यह कॉलेज सभी खिलाड़ियों की खेल सुविधा के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा भी देता है। मैं शुक्रगुजार हूं प्राचार्य डॉ. अब्दुल कादिर खान का की जिन्होंने मुझे हौंसला दिया और हमारे खिलाड़ियों ने मेहनत करके आज इस चैंपियनशिप की ट्रॉफी हासिल की और कालेज का नाम रौशन किया। प्राचार्य डॉ. अब्दुल कादिर खान ने कहा कि हर बालिकाओं को निडर होकर हर खेल में प्रतिभाग करना चाहिए क्योंकि आज महिलाओं का हर क्षेत्र में योगदान है। महिलाओं की हर क्षेत्र में भागीदारी देश को एक नई ऊंचाई तक ले जाने के लिए अग्रसर है। इस मौके पर खेलकूद कोच मोहम्मद शफीक उर्फ किरमानी, डॉ. जीवन यादव, डॉ. अजय विक्रम सिंह, अहमद अब्बास खान इत्यादि महाविद्यालय परिवार एवं छात्र छात्राएं मौजूद रहे।



महिला खिलाड़ियों को सम्मानित करते प्राचार्य डा. अब्दुल कादिर

## गिट्टी लदा डम्पर पलटा चालक समेत तीन घायल

**शाहगंज।** कोतवाली क्षेत्र अन्तर्गत इमरानगंज बाजार में गिट्टी लदा डम्फर ई-रिक्शा को बचाने में अनियंत्रित होकर पलट गया जिसमें चालक समेत तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर मौजूद लोगों ने घायलों को इलाज हेतु राजकीय चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। क्षेत्र के जौनपुर मार्ग स्थित इमरानगंज बाजार में गुरुवार को मालगोदाम से गिट्टी लादकर डम्फर आजाद रेलवे क्रासिंग पर जा रहा था कि अचानक सामने आये ईरिक्शा को बचाने के चक्कर में डम्फर अनियंत्रित होकर पलट गया जिसकी चपेट में आने से वाराणसी के सारनाथ निवासी 50 वर्षीय मालती पत्नी रवि व मथुरा के शेरगढ़ निवासी चालक 45 वर्षीय जगत सिंह पुत्र लेखराज खलासी आजमगढ़ के बलरामपुर निवासी 27 वर्षीय कृष्ण कुमार यादव पुत्र मनोज यादव गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर मौजूद स्थानीय लोगों ने आनन-फानन में सभी घायलों को इलाज हेतु राजकीय चिकित्सालय में भर्ती कराया जहां चिकित्सकों ने घायलों का प्राथमिक उपचार के बाद महिला की हालत गंभीर देख जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया।

# अभियान चलाकर हर हाल में करा लें पैमाइश

**जौनपुर।** जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने विकास खंड मड़ियाहूं के शहजीपुर गांव में चल रही धारा 24 के पैमाइश कार्य का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी मड़ियाहूं लाल बहादुर को निर्देशित किया कि अभियान चलाकर शत-प्रतिशत पैमाइश करा लें। पैमाइश क्रमवार होनी चाहिए जिसका आवेदन प्रथम आया है उसी की क्रमवार होने चाहिए। इसी क्रम में उन्होंने सभी उप जिलाधिकारियों को भी निर्देशित किया कि अपनी-अपनी तहसीलों धारा 24 की पैमाइश के लंबित मामले अभियान चलाकर खत्म करें। इस अवसर पर कानूनगो ओम प्रकाश तिवारी, लेखपाल दिनेश चंद्र पटेल, अशोक कुमार उपस्थित रहे।

इसी क्रम में जिलाधिकारी ने मोकलपुर गांव में चल रहे हर घर नल जल योजना कार्य का भी निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पाया कि

**आदेश**

**डीएम ने हर घर नल-जल योजना कार्य का भी किया निरीक्षण**

ट्यूबवेल बोरवेल का कार्य पूर्ण हो गया है। ओवरहेड टैंक फाउंडेशन का कार्य चलता हुआ पाया गया। जिलाधिकारी ने वेलस्पन के मैनेजर केके तिवारी को निर्देशित किया कि जो भी कार्य कराए जा रहे हैं गुणवत्तापूर्ण हो, गुणवत्ता में किसी प्रकार का समझौता नहीं किया जाए। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि कार्य में तेजी लाते हुए मार्च 2023 तक कार्य पूर्ण कराएं। इस अवसर पर उपायुक्त मनरेगा भूपेंद्र सिंह, उप जिलाधिकारी मड़ियाहू लाल बहादुर, खंड विकास अधिकारी मड़ियाहूं, अधिशासी अभियंता जल निगम राजेश गुप्ता, सहायक इंजीनियर मणि भूषण, विकास सिंह सहित अन्य उपस्थित रहे।

# डिपो पर धमके आरएम, मिलीं कई खामियां



रोडवेज परिसर में निरीक्षण करते आरएम गौरव वर्मा



सीट विहीन बस

**जौनपुर।** गुरुवार को वाराणसी मंडल के क्षेत्रीय प्रबंधक गौरव वर्मा ने रोडवेज डिपो का अचानक दौरा किया। पहुंचने पर उन्होंने रोडवेज परिसर का गहनता से निरीक्षण किया। इस दौरान बसों के बाहरी और आंतरिक रख-रखाव को देखकर फोरमैन पर बिफर पड़े और उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी कर दिया।

**लिया जायजा**

**फोरमैन को जमकर लगायी फटकार कारण बताओ नोटिस जारी**

बताते चले कि वर्तमान समय में डिपो की व्यवस्था बद से बदतर होती जा रही है। यात्रियों से जुड़ी सुविधा को लेकर बात करे तो मामला शून्य ही रहता है। यहां के जिम्मेदार अधिकारी लापरवाही में कीर्तिमान हासिल कर चुके हैं। यहां न तो बसों में बैठने के लिए सीट दुरुस्त है और न ही फर्स्ट एड बॉक्स ही है। ठंड के इस मौसम में कई खिड़कियों से बस के शीशे तक गायब हैं। कोहरे से निबटने के लिए फॉग लाइट तक कि व्यवस्था नहीं हैं। यात्रियों के सफर की सुविधा दुरुस्त हो इसलिए आरएम गौरव वर्मा समय-समय पर रोडवेज का दौरा करते रहते है और संबंधित सभी कमियों को पूरा करने के लिए हिदायत भी देते रहते हैं लेकिन जिम्मेदारान के सिर पर जूं तक नहीं रेंगती दिखाई दे रही हैं। जिसको लेकर गुरुवार डिपो में पुनः वे आ धमके। यहां बसों के रख रखाव का गहन निरीक्षण किया और अंदर व बाहर की खामियों को लेकर फोरमैन को जमकर फटकार लगायी और जल्द से जल्द खामियों को दुरूस्त करने का निर्देश देते हुए फोरमैन को कारण बताओ नोटिस जारी की। टेलीफोनिक वार्ता में आरएम श्री वर्मा ने बताया कि 22 दिसम्बर को केराकत में रोजगार मेले के तहत स्थानीय लोगों को डिपो में रोजगार दिया जायेगा। यह प्रक्रिया 48 घण्टे के भीतर पूरी कर ली जायेगी। प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री की दूरदृष्टि को साकार करने के लिए त्वरित कार्रवाई की जाएगी। ज्यादा से ज्यादा लोगों तक रोजगार मुहैया कराने की योजना है जिससे युवाओं का भविष्य उज्जवल बनाया जा सके। आगे उन्होंने कहाकि जौनपुर डिपो को सुधारने के लिए हर स्तर पर प्रयास किया जायेगा। जरूरत पड़ी तो उच्चाधिकारियों को भी इस समस्या से अवगत कराकर बड़ा फेर-बदल किया जायेगा।

## रेस्क्यू करने पहुंची वन विभाग की टीम बैरंग वापस

**सुइथाकला।** जुड़वे अजगर मामले में रेस्क्यू के लिए सप्ताह भर पूर्व सूचना के बावजूद मौके पर नहीं पहुँचने वाली वन विभाग की रेस्क्यू टीम गुरूवार को महज खानापूर्ति करने वाली टीम बनकर रह गई। मौके पर पहुँची टीम समय गँवाने के बाद खाली हाथ बैरंग वापस लौट गई। अपनी कार्यशैली से वह हँसी के पात्र बनकर रह गए।

**वन अधिकारी ने बताया माँद में चले गए अजगर**

बता दें कि सप्ताह भर पूर्व राजकीय पशु चिकित्सालय अढ़नपुर परिसर में निकले जुड़वे अजगर लोगों के लिए कौतुहल का विषय बन गए थे। सप्ताह भर बाद मामले में रेस्क्यू करने पहुँची वन विभाग की टीम के हाथ अथक प्रयास के बावजूद भी अजगर हाथ नहीं लगे। वन अधिकारी तेज बहादुर ने बताया कि माँद में चले जाने के कारण अजगर नहीं पकड़े जा सके। टीम में विभाग के वाचर विजय प्रताप मिश्रा व एक अन्य और थे। फिलहाल टीम द्वारा अजगर का न पकड़ा जाना लोगों में चर्चा का विषय बन गया।

# छह माह के बच्चों का हुआ अन्नप्राशन संस्कार

**जौनपुर।** पोषण के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से जनपद के आंगनबाड़ी केंद्रों पर पोषण अभियान के तहत अन्नप्राशन संस्कार का आयोजन हुआ। इसके माध्यम से छह माह पूरे कर चुके बच्चों को ऊपरी आहार देने की शुरूआत की गई।

जिला कार्यक्रम अधिकारी डॉ. आरबी सिंह ने बताया कि जनपद के 5,321 आंगनबाड़ी केंद्रों पर अन्नप्राशन कराया गया। इसके माध्यम से बड़ी संख्या में महिलाओं को पोषक भोजन के बारे में जागरूक किया गया। बाल विकास परियोजना अधिकारी मनोज कुमार वर्मा ने बताया कि नगर क्षेत्र के 200 आंगनबाड़ी केन्द्रों पर 343 बच्चों तथा सिरकोनी विकासखंड के 226 आंगनबाड़ी केंद्रों 371 बच्चों सहित पूरे जनपद में कुल 6,220 बच्चों को अन्नप्राशन कराया गया। नगर के भंडारी वार्ड की आंगनबाड़ी कार्यकत्री गुलशन आरा ने सुरेन्द्र की बेटी सानवी का अन्नप्राशन कराया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाएं शामिल हुईं।

**आयोजन**

**जनपद के 5,321 आंगनबाड़ी केंद्रों पर हुआ आयोजन, छह हजार से अधिक बच्चों का हुआ अन्नप्राशन**

**बच्चों के भोजन के लिए सही समय, मात्रा और प्रकार का ध्यान रखना जरूरी**

इसी तरह राशीपुर गांव में आंगनबाड़ी कार्यकत्री अभिराजी ने अकबर की बेटी आफरीन का अन्नप्राशन कराया। इस दौरान उन्होंने बच्चों को स्तनपान कराने का सही तरीका बताया। उन्होंने स्तनपान कराते समय महिलाओं को सपोर्ट लेकर बैठने सलाह दी। साथ ही स्तनपान कराते समय बच्चों को भी हाथ से सपोर्ट देना जरूरी बताया। अमदहां गांव में आंगनबाड़ी कार्यकत्री गीता यादव ने महिलाओं को पांच वर्ष में बच्चों को सात टीके लगवाने की सलाह दी। उन्होंने बच्चों को खसरा, टिटनेस, पोलियो, क्षयरोग, गलाघोंटू, कालीखांसी और हेपेटाइटिस का टीका लगवाना जरूरी बताया।



बच्चे को अन्नप्राशन कराती आंगनबाड़ी कार्यकत्री

# तालाब के किनारे झाड़ियों में मिला आठ वर्षीय बच्ची का शव

## चौरी थाना क्षेत्र के मुकुंदीपुर बहुतरा गांव की घटना

जनसंदेश न्यूज

**सनसनी**

**परिजनों ने जताई रेप के बाद हत्या की आशंका**

**पुलिस अधीक्षक ने किया घटनास्थल का निरीक्षण**

**टीमें गठित कर घटना के शीघ्र अनावरण हेतु दिए निर्देश**

**भदोही।** चौरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत मुकुंदीपुर बहुतरा गांव के 800 मीटर पूर्व तालाब के पास झाड़ियों में एक आठ वर्षीय बच्ची का शव मिलने की सूचना से सनसनी फैल गई। ग्रामीणों की सूचना पर स्थानीय पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर कार्यवाही में जुट गई। पुलिस अधीक्षक डॉ. अनिल कुमार ने घटनास्थल का निरीक्षण किया व टीम गठित कर शीघ्र घटना के अनावरण व दोषियों की गिरफ्तारी का आदेश दिया। घटना के सम्बन्ध में बताया जाता हैं कि बच्ची के घर पर एक दिन पूर्व शादी का कार्यक्रम था। कार्यक्रम के उपरांत विगत रात्रि में भोज का आयोजन किया गया था, जिसमें इनके रिश्तेदार व गांव के कुछ लोग सम्मिलित हुए थे। विगत रात्रि में बच्ची दस बजे तक परिजनों के साथ ही थी। रात्रि 10:00 बजे के बाद बच्ची गायब हो गई। परिजनों ने आशंका जताई कि कहीं पर सो गई होगी, किंतु सुबह तालाब के किनारे झाड़ियों से बच्ची के शव मिलने की सूचना से परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना मिलते ही घटनास्थल पर स्थानीय पुलिस सहित फॉरेंसिक टीम व फील्ड यूनिट टीम मौके पर पहुँच कर छानबीन में जुट गई। इस मामले में बातचीत करने पर पुलिस अधीक्षक डॉ. अनिल कुमार ने बताया कि घटना के हर पहलू की जांच की जा रही है, शीघ्र ही मामले का खुलासा कर दोषियों के खिलाफ कड़ी वैधानिक कार्यवाही की जाएगी।

### सुरियावां के युवक की प्रयागराज में सड़क हादसे में मौत

**सुरियावां।** स्थानीय क्षेत्र के बेला ग्राम निवासी एक युवक की प्रयागराज के हनुमान गंज में बुधवार की रात सड़क हादसे में मौत हो गयी। सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। घटना के सम्बन्ध में बताया जाता हैं कि बेला गाँव के विशाल प्रजापति 21 वर्ष पुत्र नंदलाल अपने मित्र की बारात में शामिल होने के लिए प्रयागराज गया था। हनुमानगंज बाइक व चार पहिया वाहन में एक्सीडेंट से मौत हो गयी। पोस्टमार्टम की कार्यवाही के बाद विशाल का शव परिजनों को सुपर्द किया गया।

### वेंडिंग जोन के आसपास किया गया पौधरोपण

**ज्ञानपुर।** जिलाधिकारी गौरांग राठी के निर्देश के क्रम में नगर पंचायत ज्ञानपुर के विभिन्न स्थलों पर अधिशाषी अधिकारी राजेंद्र कुमार दुबे के नेतृत्व में साफ सफाई, स्वच्छता कार्यक्रम सहित वृक्षारोपण कर ट्री कार्ड लगाने का कार्यक्रम जारी है। अधिशाषी अधिकारी ने बताया कि नगर पंचायत के वेंडिंग जोन के आसपास के क्षेत्रों में जन सहभागिता को जागरूक करते हुए नीम आदि औषधि व जनउपयोगी वृक्षों को लगाया गया तथा उनके सुरक्षा हेतु ट्री गार्ड से उनको कवर भी किया गया।

उन्होंने बताया कि नगर पंचायत क्षेत्र को साफ सुथरा, स्वच्छ व सुंदर बनाने का प्रयास अनवरत जारी है। उन्होंने उपस्थित जनता जनार्दन को स्वच्छता, साफ-सफाई, वृक्षारोपण हेतु जागरूक करते हुए उन्हें प्रेरित किया। उन्होंने नगर को स्वच्छ बनाए रखने में नगर वासियों से सहयोग की अपील की है। उन्होंने कहा कि नगर वासी घरों व दुकानों से निकलने वाले कूड़े कचरे को निर्धारित कूड़ेदान व कूड़े गाड़ी में ही डालें।

# एक बटन क्लिक करते ही दिखेंगे रजिस्ट्रार कार्यालय के सभी पंजीकृत दस्तावेज

**परेशानी होगी दूर**

**पंजीकृत दस्तावेजों को ऑनलाइन फीडिंग करने का चल रहा काम**

**पहले चरण में 2002 से अब तक का रिकार्ड होगा अपलोड**



चल रहे फीडिंग कार्य को अपनी देख रेख में पूर्ण कराते उप निबन्धक यादवेंद्र द्विवेदी

**भदोही।** आज के डिजिटल युग में किसी नए भूमि की रजिस्ट्री कराने के लिए उसके नकल निकालने से लेकर उसका मुआयना करने के साथ नकल व तलाश करने के लिए अब ज्यादा परेशानियां नहीं होगी न ही कार्यालय का चक्कर ही लगाना पड़ेगा अब एक बटन क्लिक करते ही सारा डेटा आँखों के सामने होगा। राजस्व विभाग की तरह अब रजिस्ट्रार कार्यालय में सभी पंजीकृत दस्तावेजों को ऑनलाइन फीडिंग करने का काम किया जा रहा हैं। ऑनलाइन फीडिंग हो जाने के बाद आम लोग भी अपने सभी दस्तावेज को एक क्लिक पर घर बैठे मोबाइल पर भी देख सकेंगे। इस क्रम में उप निबन्धक यादवेंद्र द्विवेदी ने बताया कि शासन के निर्देश पर यह कार्य कराया जा रहा है। जिससे कि आम जन को ज्यादा दिक्कतों का सामना ना करना पड़े और उनका काम आसानी से हो जाये। उन्होंने बताया कि पहले चरण में 2002 से अब तक का सभी रजिस्ट्री, मुआयना, नकल, तलाश सहित जो भी पंजीकृत दस्तावेज कार्यालय उप निबन्धक से सम्बंधित होगा उसको ऑन लाइन फिड कराया जा रहा है। दूसरे चरण में 1990 से 2002 तक के पंजीकृत दस्तावेज को फिड कराया जा रहा है। इसी के साथ तीसरे चरण में 1968 से 1990 तक के पंजीकृत दस्तावेज को फिड कराया जायगा। इसको पक्षकार घर बैठे सिर्फ एक क्लिक पर देख सकते हैं। उपनिबंधक भदोही यादवेंद्र द्विवेदी ने बताया कि पाँच लोगों को पंजीकृत दस्तावेज के फीडिंग करने के लिए लगाया गया है। बताया कि अब तक लगभग 25 हजार पंजीकृत दस्तावेज स्कैन हो चुके हैं, जबकि 15 हजार पंजीकृत दस्तावेज वेबसाइड पर अपलोड हो चुके हैं। जल्द ही सभी रिकार्ड वेबसाइड पर अपलोड कर दिए जाएंगे।

# मशरूम में पोषण तत्व के साथ खनिज व लवण भी है मौजूद: डॉ. हेमलता

**कार्यक्रम**

**मशरूम उत्पादन पर प्रसार व्याख्यान का हुआ आयोजन**

जनसंदेश न्यूज



मशरूम कल्टीवेशन पर व्याख्यान देतीं डॉ. हेमलता पंत असिस्टेंट प्रोफेसर सीएमपी डिग्री कॉलेज प्रयागराज

**भदोही।** केशव प्रसाद मिश्र राजकीय महिला महाविद्यालय औराई भदोही में गुरुवार को जंतु विज्ञान विभाग के तत्वावधान में ₹मशरूम उत्पादन₹ पर प्रसार व्याख्यान का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य वक्ता डॉ. हेमलता पंत असिस्टेंट प्रोफेसर जंतु विज्ञान विभाग सी.एम.पी डिग्री कॉलेज प्रयागराज रहीं। उन्होंने ₹व्यवसाय एवं खुशी के लिए मशरूम उत्पादन₹ विषय पर बहुत ही ज्ञानवर्धक व्याख्यान दिया। कार्यक्रम की शुरूआत में जंतु विज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ. लक्ष्मी यादव ने मुख्य वक्ता का स्वागत विषय प्रतिपादन करते हुए किया। मुख्य वक्ता ने अपने व्याख्यान में छात्राओं को मशरूम से जुड़ी जानकारियां देते हुए कहा कि मशरूम में पोषण तत्व की बहुत अधिकता होती है, उसमें प्रोटीन की पर्याप्त मात्रा पाई जाती है, साथ ही साथ अनेक प्रकार के खनिज एवं लवण भी मौजूद होते हैं। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. वृजकिशोर त्रिपाठी ने इस व्याख्यान को बहुत ही उपयोगी बताया और कहा कि हमें इससे जुड़ी भ्रांतियों को बाहर निकालना चाहिए एवं इसके सेवन एवं इसके उत्पादन को प्रोत्साहित करना चाहिए, उन्होंने इसके कल्चर को छात्राओं को अपनाने के लिए कहा और व्यावसायिक नहीं तो घरेलू उपयोग के लिए ही उगाने की सलाह दी। इस अवसर पर महाविद्यालय की आइ.क्यू.ए.सी कोऑर्डिनेटर डॉ. रीना सिंह, डॉ. विनोद कुमार मिश्र, प्रकाश चंद्र गुप्त, ज्योत्सना जायसवाल, डॉ. श्वेता सिंह सहित समस्त प्राध्यापक गण एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# उच्च अधिकारियों के नाम पर हफ्ता लेकर विद्युत चोरी करा रहे बिजलीकर्मी

**यह है हाल**

**जो लोग पैसे देने में असमर्थ होते हैं उनके विरुद्ध कर दी जाती है कार्यवाही**

**भदोही।** मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ सरकार की छवि को साफ सुथरा रखने के क्रम में उच्च अधिकारियों को समय समय पर निर्देशित करते रहते हैं, परंतु भदोही के बिजली विभाग की टीम को इस बात से कोई लेना देना नही है, कई स्थानों पर बिजली कर्मी सेंटिग करके उपभोक्ताओं को बाईपास कनेक्शन देकर बिजली चोरी करवाते हैं और बदले में अपनी जेबें हर महीने गर्म करते हैं, जब चेकिंग अभियान चलाया जाता हैं तो अनियमित्ता में लिप्त बिजली कर्मी सेटिंग वाले उपभोक्ताओं को सूचना देकर एलर्ट कर देते हैं।

उच्च अधिकारियों के नाम पर पैसा लेकर बिजली चोरी करने का ताजा मामला घमहापुर मोहल्ले से सांमने आया है। बुधवार को कारपेट सिटी के जेई मनोज कुमार सिंह की अगुवाई में एक टीम कटियामार, बकाया वसूली व बिजली चोरी को रोकने के लिए भदोही क्षेत्र के घमहापुर व आसपास के क्षेत्रों में अभियान चलाया था। जिसमे जेई मनोज कुमार सिंह ने बताया था कि कुल 17 उपभोक्ताओं के यहां चेक किया गया था इस दौरान एक लाख रुपये की बकाया वसूली व 8 की बत्ती गुल किया गया था। परंतु घमहापुर मोहल्ले वालों ने बताया कि बहुत सारे उपभोक्ता व बकायेदार ऐसे थे जिन्होंने बाईपास के द्वारा बिजली इस्तेमाल कर रहे थे और जेई मनोज कुमार द्वारा रंगे हाथों पकड़ा भी गया था परंतु उन लोगों से क्षेत्र के लाइनमैन द्वारा कार्यवाही न करने के लिए दस दस हजार रुपए उच्चाधिकारियों के नाम पर लिया गया व वापस कनेक्शन भी कर दिया गया और जो लोग पैसे देने में असमर्थ थे उनके विरुद्ध कार्यवाही किया गया। मोहल्ले वालों ने इसकी शिकायत उच्च अधिकारियों व मुख्यमंत्री से करने की बात कही है।

# स्वार्थ रहित समाज सेवा करने की मिलती है प्रेरणा: डॉ. मुरलीधर

**शिविर**

**पांच दिवसीय रोवर्स-रेंजर्स शिविर का शुभारंभ**

जनसंदेश न्यूज



रोवर्स-रेंजर्स शिविर के शुभारंभ के अवसर पर विचारों को रखते प्राचार्य प्रो. डॉ. मुरलीधर राम

**भदोही।** डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, भदोही में रोवर्स-रेंजर्स के द्वारा पांच दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ हुआ। शिविर का उद्घाटन प्राचार्य प्रो. डॉ. मुरलीधर राम के कर कमलों से हुआ। प्राचार्य ने अपने उद्बोधन में छात्रों को रोवर्स-रेंजर्स के महत्व के बारे में बताया और उन्हें स्वार्थ रहित समाज सेवा करने के लिए प्रेरित किया। रोवर्स रेंजर्स के माध्यम से छात्रों में अनुशासन, मेहनत, देश प्रेम, समाज प्रेम, जागरूकता और मानवीय गुणों का विकास होता है। देश को जरूरत के समय प्रशिक्षण के कारण ही रोवर्स-रेंजर्स अपना योगदान देने में सबसे पहले होते हैं। मुख्य शास्ता डॉ. गौतम गुप्ता ने बताया कि रोवर्स-रेंजर्स के माध्यम से सीखा गया कौशल जीवनपर्यंत काम आता है। उद्घाटन सत्र का संचालन रोवर्स प्रभारी डॉ. रुस्तम अली और धन्यवाद ज्ञापन रेंजर्स प्रभारी डॉ भावना सिंह ने दिया। प्रशिक्षण जिला प्रशिक्षण आयुक्त चंद्रेश राय और प्रशिक्षण सहायक नागेश्वर प्रजापति ने दिया। शिविर के पहले दिन छात्रों को रोवर्स-रेंजर्स के इतिहास, महत्व, नियम आदि से परिचित कराया गया। इस अवसर पर नैक प्रभारी डॉ. अनुराग सिंह, राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. श्वेता सिंह और डॉ. अनीश कुमार मिश्र, डॉ रणजीत सिंह, क्रीड़ा प्रभारी बृजेश कुमार, पूनम द्विवेदी, डॉ. शिखा तिवारी, डॉ. अंकिता तिवारी, आशीष जायसवाल, डॉ. अमित तिवारी आदि प्राध्यापक गण ने अपने विचारों के माध्यम से छात्र-छात्राओं का उत्साह वर्धन किया।

# दिव्यांग बच्चों को मुख्यधारा से जोड़ने का करें काम : बीईओ



**मुफ्तीगंज।** गुरुवार को खण्ड शिक्षाधिकारी नीरज श्रीवास्तव ने ब्लॉक के सभी प्रथमिक एवं पूर्व माध्यमिक विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों की एक आवश्यक बैठक बीआरसी मुर्तजाबाद हाल में किया गया जिसमें एबीएसए ने बताया कि विद्यालय की स्वच्छता एवं शिक्षा पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है क्योंकि छात्रों को संस्कारित शिक्षा देने से उसका असर देश व समाज पर पड़ता है और यह भी निर्देश दिया कि दिसम्बर माह तक कम्पोजिट का पैसा निकालकर मदवार व्यय करें एवं दिव्यांग बच्चों की उपस्थिति सामर्थ ऐप पर लगाई जाय और उन्हें शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ा जाय। दिव्यांग अध्यापक कमलेश यादव ने सभी प्रधानाध्यापकों के मोबाइल सामर्थ ऐप पर सभी दिव्यांग बच्चों की उपस्थिति का तरीका बताया। प्रशिक्षण देने वालों में प्रकाश सोनी एवं कमलेश खटवानी रहे। इस अवसर पर ब्लॉक अध्यक्ष रामदुलार यादव, सतीश पाठक आदि रहे।

### अधिवक्ताओं ने एसडीएम न्यायालय का किया बहिष्कार

**मड़ियाहूँ।** स्थानीय तहसील बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं की एक बैठक बार के अध्यक्ष कंसराज यादव की अध्यक्षता में संपन्न हुई जिसमें अधिवक्ताओं ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहाकि उप जिलाधिकारी के न्यायालय में पत्रावलियों का रखरखाव ठीक नहीं है। यदि कोई अधिवक्ता तत्काल किसी फाइल का मुआयना करना चाहता है वह मिलती नहीं है। नोटिस सम्मन पत्रावली में लगाया जाता है उसे समय से चपरासी के पास नहीं भेजा जाता है जिससे तामिला होने में 6 महीने भी लग जाते हैं। नकल भी समय से नहीं मिलती है। अधिवक्ता और वादकारी दोनों परेशान होते हैं। उप जिलाधिकारी के न्यायालय का कब तक बहिष्कार किया जाएगा जब तक की पत्रावली का रखरखाव और सारी व्यवस्था ठीक नहीं हो जाती है। इस मौके पर बार के महामंत्री देवेंद्र कुमार त्रिपाठी, पूर्व अध्यक्ष सुरेंद्र प्रताप सिंह, कृष्ण कुमार सिंह, पूर्व महामंत्री बीएल यादव और चंद्रेश यादव, अशोक कुमार उपाध्याय, हरीश चंद्र तिवारी, दीनानाथ मिश्र, अखिलेश श्रीवास्तव, अशोक कुमार गुप्ता सहित अनेक अधिवक्ता गण उपस्थित रहे।

# बदलापुर की समस्याओं को लेकर सीएम से मिले विधायक



**गभिरन।** विधानसभा बदलापुर के विधायक रमेश चंद्र मिश्र ने गुरुवार को लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से औपचारिक मुलाकात की तथा उन्हें बदलापुर विधानसभा की समस्याओं से अवगत कराया। बदलापुर विधानसभा में पिछले 5 वर्षों में हुए मुख्य विकास कार्यों की विवरण पत्रिका ₹स्मारिका₹ तथा जनपद का विश्व प्रसिद्ध इत्र व दरी भेंट किया। बातचीत के दौरान विधायक श्री मिश्रा ने विधानसभा क्षेत्र की विभिन्न मुख्य समस्याओं को जल्द पूर्ण कराने की मांग भी किया। उन्होंने मुख्यमंत्री से लोक निर्माण विभाग के ठेकेदारों द्वारा 30% तक बिलों पर टेंडर लेकर गुणवत्ता विहीन व समय से कार्य न पूर्ण करने की शिकायत भी की। विधानसभा में नियम समिति का सदस्य बनाए जाने पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को धन्यवाद ज्ञापित किया।

### पिकअप सवार पशु तस्कर उठा ले गये दो भैंस

**मुंगराबादशाहपुर।** क्षेत्र के बहोरिकपुर व चंदौकी गांव से पिकअप सवार पशु तस्कर दो भैंस उठा ले गये। दोनों भैसों की कीमत एक लाख रुपए से अधिक बताई जा रही है। पीड़ित परिजनों ने घटना की जानकारी पुलिस को दे दी है। बताते है कि बीती रात करीब दो बजे पिकअप सवार पशु तस्कर पहले बहोरिकपुर गांव पहुंचे वहां पर मनीष यादव के घर के सामने भैंस बंधी थी पशु तस्कर उसे लाद ले गये। घर वालों को कुछ जानकारी नहीं हो पाई। सुबह उठे तो भैंस गायब थी। घटना को अंजाम देने के बाद पशु तस्कर चंदौकी गांव पहुंचे वहां पर रामसूरत पटेल की भैंस भी घर के बाहर बंधी थी। पशु तस्कर पिकअप पर लाद कर फरार हो गये। दोनों परिजन सोकर उठे लेकिन तब तक वह गायब हो चुके थे। दोनों पीड़ितों ने थाने में घटना की सूचना दे दी है। पुलिस घटना की जांच कर रही है। चोरी गये दोनो भैंसो की कीमत लाखों रुपये से अधिक बताई जा रही है।

# मनरेगा में धीमी कार्य प्रगति और साइन बोर्ड न देख बीडीओ नाराज



स्थलीय निरीक्षण के दौरान हुए कार्यों का जायजा लेते बीडीओ

**गभिरन।** बीडीओ वीरभानु सिंह ने गुरुवार को मनरेगा से कराए जा रहे 6 गांव के पक्के कामों का स्थलीय निरीक्षण किया। कई गांवों में कार्य की प्रगति धीमी और कहीं काम पूरा होने के बाद भी साइन बोर्ड न देख उन्होंने नाराजगी जाहिर की और जिम्मेदारों को इसके लिए सख्त निर्देश दिया। निरीक्षण को खुटहन क्षेत्र के ईश्वरपुर गांव पहुंचे बीडीओ ने निर्माणाधीन सीसी रोड के काम की प्रगति धीमी देख नाराजगी जाहिर की। वहीं बगल नदौली गांव में सीसी रोड देख संतुष्टि जाहिर की। शेखपुर सुतौली गांव में निर्माणाधीन पक्के नाले के काम की गुणवत्ता परखी। मजदूरों से बात कर बालू सीमेंट के रेशियो की जानकारी ली। इसके अलावा उन्होंने छतौरा, धमौर, मुजुक्कीपुर और ताजूपुर का भी निरीक्षण किया। इन गांवों में पक्के कामों को लेकर बीडीओ संतुष्ट दिखे। उन्होंने सभी प्रधान और सचिवों को निर्देशित किया कि सभी को काम गुणवत्तापूर्ण और तय समय सीमा के भीतर पूर्ण अवश्य कराएं।

# उद्यान व खाद्य प्रसंस्करण विभाग ने आयोजित किया खाद्य उद्योग मेला



स्वरोजगार मेले को सम्बोधित करती जिला उद्यान अधिकारी ममता सिंह यादव

**जौनपुर।** आत्मनिर्भर भारत अभियान के अन्तर्गत प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना के तहत समाज के लोगों को खाद्य प्रसंस्करण से सम्बंधित उद्यमों को स्थापित करने एवं पहले से संचालित उद्यमों के उन्नयन के लिए जिला उद्यान अधिकारी ममता सिंह यादव एवं युवाओं के शिक्षा, स्वास्थ्य रोजगार के लिए कार्यरत सामाजिक संस्था रोट्रैक्ट क्लब जौनपुर के संयुक्त तत्वावधान में कृषि भवन परिसर स्थित लोहिया पर्यावरणीय पार्क में स्वरोजगार मेला का आयोजन किया गया, जिसमें शहर के दूर दराज क्षेत्र से किसान, प्रतिष्ठित उद्यमी, युवा सम्मिलित हुए। सचिव पीएमएफएमई ममता सिंह यादव द्वारा लोगों को संबोधित करते हुए बताया गया कि एक जिला एक उत्पाद के तहत जौनपुर को दुग्ध उद्योग के तहत चुना गया है। दुग्ध उद्योग लगाने वाले उद्यमियों को वरीयता भी दी जाएगी। उद्यमियों का मार्गदर्शन करते हुए डीएचओ ने विशेष तौर पर महिला उद्यमियों को आगे आने और व्यवसाय करने के लिए प्रेरित भी किया। उन्होने अपने संबोधन में कहा कि महिलाएं कुशल व्यवसायिक के साथ साथ मैनेजमेंट व्यवस्था में भी दक्ष होती हैं, उन्हें उद्योग स्थापित करके स्वयं को आत्मनिर्भर बनाना चाहिए। सफल उद्यमी एवं इंडियन इन्डस्ट्रियल एसोसिएशन के अध्यक्ष बृजेश यादव ने भी अपने अनुभव लोगों से साझा किया एवं लोगों को उद्यम लगाने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर आगंतुको को रोट्रैक्ट क्लब अध्यक्ष कुंवर शेखर गुप्ता, उपायुक्त स्वरोजगार रमाशंकर यादव, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. राजेश, सीबीओ डॉ. परमहंस राय का भी मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। कार्यक्रम का संचालन रोट्रैक्ट क्लब सचिव कुलदीप योगी द्वारा किया गया। इस अवसर पर अनन्या गुप्ता, दिव्या मौर्या, अरशद खान, शशिकांत, प्रतीक यादव, दिव्या पाल, राज सैनी, उद्यान निरीक्षक रविन्द्र सिंह, एचडीएफसी बैंक से आशीता गुप्ता, गुलाब मौर्या, अभय चौरसिया, एजाज अहमद समेत दर्जनों उद्यमी उपस्थित रहे।

जनसंदेश टाइम्स प्रा.लि.के लिए **प्रवीण कुमार कुशवाहा**, सी 28 /121, तेलियाबाग, प्रथम तल, वाराणसी से प्रकाशित एवं मीडिया टेक्स्ट (Media Text) प्रा.लि. प्रेस, रोहनिया, वाराणसी से मुद्रित।
**प्रधान सम्पादक - सुभाष राय**
**स्थानीय सम्पादक -प्रवीण कुमार कुशवाहा**
पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से सम्बन्धित विवादों का न्याय क्षेत्र वाराणसी होगा।
फोन नं. 8177008889
आरएनआई नं. UPHIN/2012/46221
डाक पंजीयन सं.: जीपीओएलडब्ल्यू / एनपी - 78/2011-13।

### सनातन धर्म और संस्कृति की रक्षा के लिए हिंदू राष्ट्र आवश्यक

**गभिरन।** अयोध्या के तपस्वी की छावनी के पीठाधीश्वर जगद्गुरु परमहंस महराज ने कहा कि सनातन धर्म और संस्कृति बचाने के लिए भारत को हिन्दू राष्ट्र घोषित करना अब नितांत आवश्यक हो गया है। देश? विरोधी शक्तियां तरह तरह के कुचक्र रचकर हमारी विरासत के साथ साथ पूरे हिंदुस्तान को खंडित करना चाह रही है। उक्त बातें उन्होंने गुरुवार को अयोध्या से वाराणसी जाते समय पिलकिछा गांव के गोमती नदी तट पर स्थित श्रीराम जानकी मंदिर में पत्रकारों से वार्ता के दौरान कही। उन्होंने कहा कि आज एक विशेष वर्ग के लोग हिन्दू को कमजोर करने में लगे हुए हैं। कहीं लव जिहाद के बहाने तो कहीं हिंसा के बल पर सीधे साधे हिंदुओं पर अत्याचार किया जा रहा है। खुलेआम विरोधी देश पाकिस्तान की जयकार की जा रही है। वालीवुड में भी हमारी संस्कृति और भगवा का अपमान किया जा रहा है। ऐसी हालत में देश को हिन्दू राष्ट्र घोषित किया जाना और भी आवश्यक हो गया है। इनके साथ अयोध्या के महंत रामसुमिरन दास और शनि बाबा भी मौजूद रहे।

# पुण्यतिथि पर लौह पुरुष को दी गयी श्रद्धांजलि



पुण्यतिथि पर लौह पुरुष को श्रद्धांजलि अर्पित करते सपाजन

**जौनपुर।** समाजवादी पार्टी कार्यालय पर लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की पुण्यतिथि के अवसर पर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गयी।

इस अवसर पर सपा जिलाध्यक्ष लाल बहादुर यादव ने उनके जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भारत के लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल का जन्म 31 अक्टूबर 1875 को नादिद ग्राम में हुआ था। उनके पिता झवेरभाई पटेल एक साधारण किसान माता लाडबाई एक साधारण महिला थीं। उन्होंने 1896 में अपनी हाईस्कूल परीक्षा पास की। स्कूल के दिनों से ही वे विद्वान थे। घर की आर्थिक स्थिति कमजोर होने के बावजूद उनके पिता ने उन्हें कालेज भेजने का निर्णय लिया था लेकिन वल्लभभाई ने कालेज जाने से इनकार कर दिया और घर पर ही रहकर अपनी कड़ी मेहनत से बैरिस्टर की उपाधि संपादन कर ली और साथ में देश सेवा में कार्य करने लगे। वल्लभ भाई पटेल देश के गृह मंत्री के रूप में पहले व्यक्ति थे जिन्होंने भारतीय नागरिक सेवाओं आईसीएस का भारतीयकरण कर इन्हें भारतीय प्रशासनिक सेवाएं आईएएस बनाया। सरदार पटेल देश का भारत की आजादी में महत्वपूर्ण योगदान है। उनके मरणोपरांत वर्ष 1991 भारत के सर्वोच्च सम्मान भारत रत्न से सम्मानित किया गया था। इस अवसर पर मुख्य रूप से उपाध्यक्ष श्याम बहादुर पाल, प्रवक्ता राहुल त्रिपाठी, शकील अहमद, आंनद मिश्रा, सुभाष पाल, कमाल आजमी, कौशल यादव, अमजद अली आदि लोग उपस्थित रहे।



# ऐसा हो मेयर काशी का

जन समस्याओं से रूबरू व जनता की समस्याओं का निराकरण करे

जो स्वस्थ व संतुलित विकास को रफ्तार दे सके

**राधेश्याम कमल**

**वाराणसी।** मेयर शहर का प्रथम नागरिक होता है। जिससे इस शहर की भव्यता व दिव्यता का ज्ञान होता है। मेयर यानि कि शहर का प्रथम नागरिक को लेकर लोगों के बीच सुगबुगाहट शुरू हो गई है। काशी के मेयर का चुनाव जल्द ही होने जा रहा है। काशी के प्रथम नागरिक को लेकर लोगों में चर्चाएं भी शुरू हो गई है। काशी का मेयर कैसा हो इस संदर्भ में जनसंदेश टाइम्स ने शहर के साहित्यकारों से उनकी राय जानने की कोशिश की। साहित्यकारों का मानना था कि काशी का मेयर ऐसा हो जो स्वस्थ व संतुलित विकास को रफ्तार दे सके। यही नहीं मेयर ऐसा हो जो जन समस्याओं से रूबरू हो। प्रस्तुत है साहित्यकारों की राय। वरिष्ठ साहित्यकार डा. जितेन्द्रनाथ मिश्र का कहना है कि प्रथम नागरिक के रूप में मेयर ऐसा होना चाहिए जो काशी की सभ्यता, संस्कृति, जीवन शैली, रीति-रिवाज, परम्पराओं और उनकी विशिष्टताओं से पूरी तरह परिचित हो। साथ ही दुनिया के तमाम विकसित व दर्शनीय नगरों के समानान्तर इसके विकास की योजनाओं को गति व प्रगति प्रदान कर सके। जो काशी के स्वस्थ व संतुलित विकास को रफ्तार दे सके। ऐसे मेयर की इस काशी को अपेक्षा है। वरिष्ठ साहित्यकार डा. रामसुधार सिंह का कहना है कि देश की सांस्कृतिक नगरी काशी का महत्व इधर पहले की अपेक्षा काफी बढ़ गया है। इसके विकास के लिए इधर कार्य भी किया गया है। काशी में सभी संकुचित घेरे से अलग हट कर कार्य किया गया है। काशी का मेयर ऐसा होना चाहिए जो मौलिक दृष्टि रखता हो। काशी के विकास के बारे में उसकी सोच हो। काशी की विरासत को कैसे संरक्षित हो इस पर कार्य करने वाला मेयर की जरूरत है। वरिष्ठ साहित्यकार डा. मुक्ता का कहना है कि काशी का प्रथम नागरिक यानि कि मेयर ऐसा हो जो जनता की मूलभूत समस्याओं की सुनवाई करे। शहर के सौंदर्यीकरण पर ध्यान देने वाला मेयर होना चाहिए। यही नहीं मेयर ऐसा हो जो जनता की परवाह कर सके। आजकल तो जगह-जगह कूड़े का अंबार दिखायी पड़ता है। गलियों में सर्वत्र गंदगी दिखायी पड़ती है। शहर पूरी तरह से स्वच्छ रखने वाला मेयर की जरूरत है। साहित्यकार व कवि सुरेन्द्र वाजयेपी का कहना है कि बनारस दुनिया की प्राचीन नगरी मानी जाती है। इस नगर के धरोहरों को संरक्षित करने की दिशा में यहां के सामाजिक व सांस्कृतिक तथा कलात्मक धरोहरों का ज्ञान होना भी मेयर के लिए जरूरी है। ऐसा मेयर हो जो काशी की भूमि में रचा-बसा हो। जनसमस्याओं से जो रूबरू हो। साथ ही जनता के बीच मूलभूत समस्याओं के हल के निराकरण के लिए पहल करे ऐसे मेयर की जरूरत है। साहित्यकार व कवि धर्मेन्द्र गुप्त साहिल का कहना है कि मेयर ऐसा हो जो शहर की सांस्कृतिक व सामाजिक सरोकारों से परिचित हो। काशी दुनिया की सबसे प्राचीन नगरी मानी जाती है। आज हमारी काशी काफी ऊंचाई पर पहुंच गई है। जो भी मेयर चुना जाये वह काशी की गरिमा को और भी ऊंचाई दे सके। इसके साथ ही शहर भी ऐसा बनाये जहां पर काशी दर्शन हो। हमारी अपेक्षा ऐसे मेयर से है जो साहित्य, कला व शिल्प के लिए महत्वपूर्ण कार्य कर सकें। साहित्यकार व कवि गणेश गंभीर का कहना है कि मेयर ऐसा होना चाहिए जो जनता की समस्याओं को समझने वाला हो तभी वह उसका निराकरण कर सकेगा। मेयर ऐसा हो जो जनता के बीच रहे और ईमानदारी से कार्य करे। मेयर ऐसा हो इस शहर की विरासत को संभाल कर रखे। काशी की विरासत को संभालना ही बहुत बड़ी बात है। मेयर को पूरे शहर के प्रति जवाबदेह होना चाहिए।

## काशी का मेयर कैसा हो... ?

निकाय चुनाव की तैयारियां तेज हैं। हालांकि अभी चुनाव की अधिसूचना जारी नहीं हुई है। लेकिन विभिन्न पार्टियों में संभावित प्रत्याशियों की दावेदारी की कवायद परवान चढ़ रही है। भारतीय लोकतंत्र में उम्मीदवारों का चयन पार्टियों द्वारा होता है। वो जिसे टिकट देती हैं, वही चुनावी जंग में ताल ठोकते हैं। पार्टियों के चयन का अपना पैमाना होता है, उनकी तवज्जो सिर्फ जिताऊ कैंडिडेट पर होती है। इस प्रक्रिया में मतदाता की राय कोई मायने नहीं रखती। मेयर प्रत्याशी के गुण दोष को लेकर लोग क्या सोचते हैं इसे सामने लाने के मकसद से जनसंदेश टाइम्स ने 'अपका मेयर कैसा हो' श्रंखला शुरू की है। इस कड़ी में हमारी ओर से समाज के विभिन्न तबके के अलग-अलग लोगों की राय लेने का क्रम शुरू किया गया है। कुछ लोगों तक हम खुद पहुंचेंगे और जिन तक हम नहीं पहुंच पायें, वो खुद भी हमें अपनी राय लिखकर दे सकते हैं, हम उसे भी सामने रखने का प्रयास करेंगे। आप संबंधित जानकारी हमारे ईमेल- jansandeshvaranasi@gmail.com और व्हाटसएप्प नंबर 9696126371 पर भेज सकते हैं।




डॉ. जितेन्द्रनाथ मिश्र



डॉ. राम सुधार सिंह



सुरेन्द्र वाजपेयी



डॉ. मुक्ता



धर्मेन्द्र गुप्त साहिल



गणेश गंभीर

# कानून न तो अंधा होता है, न ही बहरा

**रवि प्रकाश सिंह**

कहा जाता है कि कानून न तो अंधा होता है न ही बहरा। हां टाइम टेकिंग जरूर होता है। अगर अपराधियों की ये सोच है कि वो गुनाह कर बच जायेंगे तो ये उनकी खुशफहमी होती है। क्योंकि न्यायपालिका की नजर हर गतिविधियों पर होती है और मजबूत साक्ष्य और दलील पेश की जाय तो अपराधियों को कोई बचा नहीं सकता। ताजा उदाहरण सबके सामने है। कभी तुर्रम खां थे, तूती बोलती थी, सत्ता और बाहुबल के दम पर पूर्वांचल को जेब में रखते थे और अब जेल उन्हें अपनी जेब में रखे है। लंबी कहानी है, कभी सूबे के सीएम और उस समय गोरखपुर के सांसद को आंख तरेरने वाले माफिया को ये दिन भी देखने होंगे, इस बात की कल्पना शायद उन्होंने नहीं की होगी। खैर कानून का डंडा है गुरु चलता जरूर है। देखा नहीं, बाबा के सिपाही कैसे नकेल कस रहे हैं। माफिया का पैसा खटाखट जेब से निकल रहा है। जमीन पर सरकारी जेसीबी उछल कूद कर रही है। आधे इधर जा रहे है तो आधे उधर। इतना ही माफिया के अलावा अन्य दुर्दांतों की स्थिति भी पिछली सरकारों में यही थी। इधर उधर बचकर जान बचाते लेकिन काल चक्र के साथ ग्रह नक्षत्र इस वक्त ठीक बैठा है तो इधर जय-जय, बम-बम है। लेकिन धुक-धुकी बढ़ी है क्योंकि न्यायालय का चक्कर ये पार्टी भी लगा रही है और एक दो ऐसे मामले हैं, जिसमें फैसला आने वाला है।




### अच्छा होता कि कहीं और होते

असल में प्रशासनिक और विभागीय कार्य काशी में ही हो रहे हैं। नही तो सरकारी दफ्तरों की कुर्सियां केवल गलचौर में व्यस्त रहती थीं। लेकिन जब से काशी पीएम की हुई और पीएम काशी के, तब से कुर्सी और इस पर आसीन होने वालों को मानो काठ मार गया है। सुबह से लेकर शाम तक शाम से लेकर रात तक काम करो। अधिकारी भी यहां से जान बचाकर कहीं और पोस्टिंग चाहते हैं। कहतें हैं इतना वीवीआईपी मूवमेंट झेल पाना बस की बात नहीं। हमारी आदत नहीं और सच पूछिए तो किसी के वश में नहीं। लेकिन क्या करें पेट का सवाल है और नौकरी उसी से जुड़ी है।

### साहब से बड़े हैं दारोगा

अब कैंटोमेंट थाना क्षेत्र अंतर्गत एक दारोगा साहब हैं। उनके पास जमीन के मामले में एक भुक्तभोगी जब जाता है तो उसे देखते ही डंडा उठा लेते हैं। दुत्कारते तो ऐसे हैं जैसे आदमी नहीं कुत्ता हो। बेचारा ऊपर से नीचे तक अपनी गुहार लगा चुका है लेकिन सुनी नहीं गयी। दारोगा जी कहते हैं कि अगर एक भी ईंट उखाड़ी तो तुमको उखाड़ देंगे।

# सोमास्कंदन हैं काशी तमिल संगमम के जनक

## काशी के तमिलों के लिए रहा उनका महान योगदान

**वाराणसी।** वर्तमान में काशी में ₹काशी तमिल संगमम₹ की सर्वत्र चर्चा हो रही है। काशी और तमिल का सम्बन्ध तो अनादिकाल से रहा है। काशी के तमिल संगम स्वरुप सरस्वती नदी की भांति प्रयागराज के संगम के तट पर नब्बे वर्ष से रह रहे। सोमास्कंदन को स्मरण किए बिना कोई नहीं रह सकता। ये काशी तमिल संघ के प्रथम जनक थे, जो हिन्दू विश्वविद्यालय के पूर्व रजिस्ट्रार भी रहे, जिनका काशी में तमिलों के लिए महान योगदान रहा है।

उन्नीसवीं शताब्दी में सामी शास्त्री अपनी पत्नी लक्ष्मी के साथ तिरुनेलवेली से चलकर काशी आये। जहां सामी शास्त्री के चाचा श्रीकृष्ण शिवन काशी में 'शिव मठ' में रह रहे थे। सामी शास्त्री तमिल महाकवि सुब्रह्मण्य भारतियार के बुआ के पति थे। महाकवि भारतियार भी 1898 से 1902 तक उस मठ में रहे।

सामी शास्त्री प्रसिद्ध विद्वान थे। वे वेद, धर्मशास्त्र और कर्मकाण्ड के ज्ञाता थे। उनके ज्येष्ठ पुत्र के रूप में सोमस्कंदन का जन्म 1919 में हुआ था। उन्होंने सेंट्रल हिन्दू स्कूल, काशी से मैट्रिक की परीक्षा उत्तीर्ण की। पारिवारिक परिस्थितियों के कारण उन्होंने नौकरी करते हुए स्नातकोत्तर की पढ़ाई पूर्ण की। वे तमिल, अंग्रेजी और संस्कृत में प्रवीण थे। प्रारम्भ में उन्होंने लगभग दो साल तक बनारस हिंदू यूनिवर्सिटी में अवैतनिक कार्य किया। फिर 1941 में क्लर्क के रूप में चयनित हुए। अपनी बौद्धिक क्षमता, ईमानदारी और अथक परिश्रम के बल पर वे उच्च पद पर पहुंचे। बनारस हिंदू यूनिवर्सिटी के संस्थापक महामना पं. मदन मोहन मालवीय ने उनको पदोन्नत किया और सन् 1966 में वह उप कुलसचिव बनें। उन्हें महामना मदन मोहन मालवीय के प्रति अगाध श्रद्धा और सम्मान था। महामना की इच्छा के अनुसार ही उन्होंने अपने कर्तव्यों का निर्वहन किया। पुस्तक ₹बनारस हिंदू विश्वविद्यालय का इतिहास₹ लिखने के बाद, वह 1979 में सेवानिवृत्त हुए। मालवीय के प्रति सम्मान व्यक्त करते हुए उन्होंने दो पुस्तकें ₹महामना और महात्मा₹ तथा मालवीयजी एवं उनकी अमर कृति लिखीं।



एस. सोमास्कंदन

सोमस्कंदन इस मानव संसार में आजीवन एक कर्मयोगी के रूप में रहे। अपने सादगीपूर्ण व्यक्तित्व, धर्मपरायणता, निःस्वार्थ चरित्र और परोपकारी गुणों के कारण काशी के तमिल लोगों के मन में बस गए। 1939 में, काशी में ₹द साउथ इंडियन सोसाइटी₹ शुरू करने का श्रेय सोमस्कंदन को ही जाता है। वह शुरू से ही इसके सचिव थे। इसके लिए चंदा जुटाने का कार्य भी उन्होंने निष्ठा के साथ किया। उन्होंने संगीत प्रतिभाओं को आमंत्रित कर अनेक संगीत कार्यक्रम एवं प्रवचन, संगोष्ठी आदि आयोजित किए, हस्तलिखित वार्षिक स्मारिकायें निकालीं। साथ ही उन्होंने दक्षिण समाज की ओर से एक तमिल स्कूल भी प्रारम्भ किया। जिसमें लगभग 30 छात्र पढ़ते थे। उस विद्यालय में मात्र एक शिक्षक थे, जो तमिल लिखना और पढ़ना और तमिल में हिसाब-किताब जैसी जीवन-यापन की जानकारियाँ भी सिखाते थे। उनकी एक लंबी खूबसूरत सफेद दाढ़ी थी, जिससे लोग उन्हें सफेद दाढ़ी वाले भागवदर कहते थे। उस तमिल स्कूल में काशी के तमिल बच्चों को तमिल सीखाना एक दुरूह कार्य था।

1934 में कांची के पूर्व शंकराचार्य (महापेरियवा) काशी आए और 165 दिनों तक रहे। सोमास्कंदन को नित्य पेरियवा द्वारा किए गए पूजा और उपदेशों को देखने का सौभाग्य मिला। उन्होंने महापेरियवा द्वारा बताए गए जीवन शैली के अनुरूप ही साधक जीवन का निर्वाह किया। उन्होंने हिंदी में ₹शंकर ज्योति₹ नामक एक पुस्तक लिखी, जो पूर्व आदि शंकराचार्य से लेकर वर्तमान कांची के बाल पेरियवा तक सविस्तार वर्णित है, ताकि उत्तर के लोग कांची मठ के बारे में जान सकें। इस किताब में उन्होंने उस समय की संस्कृति और परंपराओं के बारे में भी लिखा है। हमारी दक्षिण संस्कृति और इतिहास को लोगों तक पहुंचाने के लिए नंदनार और अलवार कवियों ने भी तमिल में लिखा। काशी तमिल संगम के विकास के लिए सोमस्कंदन का निःस्वार्थ योगदान अत्यंत सराहनीय है।

# मतदाताओं को रिझाने का मंत्र

# जनसंवाद जनसम्पर्क सम्मेलन



### चुनाव के पहले कस लें नट-बोल्ट

पार्टी सूत्रों की मानें तो पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं से कहा गया है कि चुनाव के पहले एक बार फिर मंडल से लेकर बूथ स्तर तक संगठन के कील-कांटे दुरुस्त कर लें। सामाजिक व स्थानीय हिस्सेदारी का संतुलन जरूर हो। प्रदेश स्तर पर हुई बैठक में प्रदेश संगठन महामंत्री धर्मपाल सिंह ने कहा कि 2024 के लोकसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए हमें प्रदेश में अपनी संगठनात्मक संरचना को और अधिक मजबूत करना है। इसलिए, सशक्त मंडल, सक्रिय बूथ समिति, पन्ना प्रमुख व पन्ना समिति की संरचना को जांच लें। शहरी निकाय के चुनावों के लिए वॉर्ड समिति और बूथ समिति का गठन भी जल्द कर लें। जिससे संपर्क व संवाद के जरिए सरकार-संगठन की बात घर-घर तक पहुंचाई जा सके।

### टिकट मांगने वाले स्क्रीनिंग कमेटी का हिस्सा नहीं होंगे

पार्टी सूत्रों की मानें तो हर जिले में प्रत्याशियों के चयन के लिए स्क्रीनिंग कमेटी बनाई जा रहा है। जहां बन गयी है, वहां तो ठीक। लेकिन जहां अभी तक जाएगी। महापौर, नगरपालिका अध्यक्ष, नगर पंचायत अध्यक्ष व इन निकायों के पार्षद प्रत्याशी स्क्रीनिंग कमेटी की संस्तुति पर तय होंगे। कमेटी में जिलाध्यक्ष, जिला प्रभारी, वहां के रहने वाले प्रदेश पदाधिकारी, संबंधित निकाय से जुड़े सांसद, विधायक, पूर्व विधायक शामिल होंगे। हालांकि, बैठक में पदाधिकारियों से साफ कह दिया गया है कि अगर वह अपने लिए टिकट मांग रहे हैं तो वह स्क्रीनिंग कमेटी की बैठक का हिस्सा नहीं बनेंगे।

### अपने-पराये या खास-आम से करें परहेज

पार्टी सूत्रों की मानें तो निकाय चुनाव को लेकर प्रदेश कार्यालय पर पिछले दिनों हुई बैठक में प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी ने पदाधिकारियों से कहा कि पार्टी की प्राथमिकता जिताऊ प्रत्याशी है। इसलिए, अपने-पराए या खास-आम से ऊपर उठकर सही नाम ही आगे बढ़ाएं। किसी को भी टिकट के लिए कोई आश्वासन न दें। स्क्रीनिंग कमेटी से ही नाम तय कर प्रदेश को भेजे जाएं। संपर्क, संवाद, समन्वय, सामंजस्य एवं सामूहिकता की नीति पर पार्टी चुनाव लड़ेगी।

### 'मन की बात' की होगी लाइव मॉनिटरिंग

पीएम नरेंद्र मोदी की हर महीने होने वाली 'मन की बात' कार्यक्रम की बूथ स्तर तक मॉनिटरिंग और बेहतर होगी। इसके लिए एक ऐप लांच किया गया है। प्रदेश कार्यालय पर पिछले दिनों पदाधिकारियों की हुई बैठक में इसका प्रेजेंटेशन भी किया गया। 'मन की बात' कार्यक्रम को पार्टी के प्रदेश से बूथ स्तर तक पदाधिकारी आम जनता के साथ सुनते हैं। इसकी रिपोर्ट भी संगठन को उच्च स्तर पर भेजी जाती है। अब इसकी ऑनलाइन मॉनिटरिंग होगी। कार्यक्रम के समय बूथ अध्यक्ष ऐप से लॉग इन करेंगे और उस पर 'मन की बात' सुनते हुए लाइव फोटो अपलोड करेंगे।

**जितेंद्र श्रीवास्तव**

नगरीय निकाय चुनाव को लेकर हाईकोर्ट में भले ही वार्डों के ओबीसी आरक्षण को लेकर सुनवाई चल रही है और हाईकोर्ट ने चुनाव की अधिसूचना पर 20 दिसम्बर तक रोक लगा रखी है। बावजूद इसके शहरी निकाय चुनाव के लिए भाजपा ने पूरी तरह कमर कस ली है और तैयारियों को अंतिम रूप देना शुरू कर दिया है। शहरी निकाय चुनाव फतह करने के लिए पार्टी ने नयी रणनीति बनायी है। भाजपा ने प्रबुद्ध सम्मेलन

### भाजपा ने निकाय चुनाव फतह करने के लिए तैयार की नयी रणनीति

के बहाने इसकी शुरूआत भी कर दी है। निकाय चुनाव के बहाने पार्टी की नजर पूरी नजर 2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव पर लगी हुई है। यहीं वजह है कि पार्टी निकाय चुनाव को सेमीफाइनल के रूप में लेकर किसी प्रकार का कोई जोखिम उठाना नहीं चाहती। पार्टी के शीर्ष नेतृत्व ने निकाय

### चुनाव के पहले कील-कांटे दुरुस्त करने का कार्यकर्ताओं को निर्देश

चुनाव के मतदाताओं को रिझाने के लिए पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को जो मंत्र दिया है, उसके तहत जनसंवाद, जनसम्पर्क और नगर से लेकर मंडल, बूथवाइज सम्मेलन पर भी फोकस किया गया है। पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ता इसी मंत्र को आत्मसात कर अपने-अपने काम में जुट भी

### महापौर व पार्षदी की दावेदारी करने वाले नहीं होंगे स्क्रीनिंग कमेटी में

गए हैं। पार्टी सूत्रों की मानें तो प्रबुद्ध सम्मेलन के बाद पार्टी अब हर शहरी निकाय में कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित करेगी। जनसंपर्क और जनसंवाद पर भी पूरा फोकस होगा और इसके लिए व्यापक अभियान चलाया जाएगा। आगामी सप्ताह में हर क्षेत्र व जिलों में पार्टी की बैठकें शुरू होंगी, जिसमें



कार्ययोजना को जमीन पर उतारने की रणनीति तय होगी। भाजपा के प्रदेश कार्यालय पर पिछले दिनों हुई बैठक में निकाय चुनाव को लेकर चुनावी अभियान की रूपरेखा तय की गई। काशी में हुए विकास को मॉडल बनाकर प्रदेश के अन्य शहरी निकाय को मथने पर भी चर्चा हुई। अधिक से अधिक जनसंवाद, जनसम्पर्क और सम्मेलनों पर फोकस किया गया। चुनाव के पहले समस्त कील-कांटे को दुरुस्त करने को पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को निर्देश दिये गये। यह भी स्पष्ट कर दिया गया कि महापौर और पार्षदी की दावेदारी करने वालों को किसी कीमत पर स्क्रीनिंग कमेटी में न रखा जाए। पार्टी सूत्रों की मानें तो निकाय चुनाव के धुरंधर खिलाड़ियों को चुनावी जीत के टिप्स दिये गये और विपक्षियों के हरेक किले को भेंदने की रणनीति बनाई गई। इतना ही नहीं, विपक्षियों के हर शब्दबाण और रणनीति को काटने का भी मंत्र दिया गया।